Punjab Files
ਪੰਜਾਬੀ ਸਨਾਤਨੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼



# YEAR 1988




शनिवार को थाना ब्यास के गांव वडाला कलां में उग्रवादियों द्वारा मारे गए (1) दीवान चंद, (2) दीवान चंद का पोता पवन कुमार, (3) विकास कुमार और (4) राम दयाल के शव (इनसैट) और उनके पुराने चित्र । (5) दीवान चंद और पवन कुमार के परिवार की स्त्रियां विलाप करती हुई, (6) राम दयाल और विकास कुमार के परिवार की स्त्रियां विलाप करती हुई, (7) दीवान चंद के पड़ौसी शिंगारा सिंह का उग्रवादियों की ओर से मारा गया कुत्ता । (छाया : जसपाल)

# निवृत्त सूबेदार सहित उग्रवादियों द्वारा पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या

## साथियों की फायरिंग से घायल उग्रवादी का बाप भी दमतोड़ गया

# अमृतसर में सुरक्षा बलों ने 4 आतंकवादी पकड़े

चंडीगढ़, 1 फरवरी (ह.स., वि.प्र., वार्ता): उग्रवादियों ने पंजाब में 7 लोगों की हत्या कर दी । इनमें से 4 हत्याएं जिला अमृतसर तथा 3 हत्याएं जिला गुरदासपुर में की गईं । मृतकों में दुर्दांत उग्रवादी दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा का पिता भी शामिल है, जो गत रात्रि उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में घायल हो गया था जबकि उग्रवादी की दादी घटनास्थल पर ही मारी गई थी । अमृतसर में मारे गए व्यक्तियों में एक भूतपूर्व सैनिक सूबेदार भी शामिल है । जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों ने चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है ।

**उग्रवादी का बाप भी मर गया**

**गुरदासपुर (विनोद):** गत रात्रि काहनूवान थाने के गांव बख्तपुरा में आतंकवादियों ने प्रमुख आतंकवादी दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा के घर पर अंधाधुंध फायरिंग करके उसकी दादी स्वर्ण कौर की हत्या कर दी थी और उसके पिता दलबीर सिंह और बहन पिंकी को घायल कर दिया था । गुरदासपुर अस्पताल में बग्गा के पिता दलबीर सिंह की भी मृत्यु हो गई जबकि उग्रवादी की बहन पिंकी की हालत चिन्ताजनक होने के कारण उसे अमृतसर के अस्पताल भेज दिया गया है । इन हत्याओं की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है । घटना स्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का पंजाबी में लिखा एक पत्र मिला है जिसमें सुखदेव सिंह झामका के हस्ताक्षर हैं । इस परिवार पर पुलिस की मुखबरी का शक किया गया है । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कई खाली कारतूस मिले हैं । दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा इस समय पुलिस हिरासत में है ।

**एक अन्य व्यक्ति की हत्या**

उग्रवादियों ने आज प्रातः लगभग 6 बजे जिला गुरदासपुर में एक और व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

**कादियां में हत्या**

3 उग्रवादियों ने गत रात्रि कादियां के मुहल्ला भगतपुरा में एक युवक जनकराज की हत्या कर दी । उग्रवादी परस राम के घर में बलात् घुसे थे और उसके लड़के जनकराज की हत्या करके भाग गए ।

**'सुखा' मारा गया**

आज प्रातः साढ़े छः बजे थाना धारीवाल के गांव जफरवाल, जो पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह का गांव है, में भूतपूर्व उग्रवादी सुखविंद्र सिंह उर्फ सुखा की हत्या कर दी गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार तीन उग्रवादियों, जो स्टेनगन और रिवाल्वरों से लैस थे, उनका दरवाजा खटखटा कर खुलवाया । सुखा ने दरवाजा खोला । उग्रवादियों ने उससे पूछा कि सुखा कौन है ? उसने उत्तर दिया कि मैं हूं । यह सुनते ही उग्रवादियों ने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी और भाग गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार सुखा ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के बाद पाकिस्तान चला गया था और वहां शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण लेने के बाद उसने गुरदासपुर में आकर पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया था तथा घर वालों के साथ कृषि कार्य करने लगा था ।

**चार व्यक्तियों की हत्या**

**अमृतसर (वार्ता):** आतंकवादियों ने कल रात से जिले में अलग-अलग घटनाओं में चार व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी, जिनमें एक भूतपूर्व सैनिक भी शामिल है । आतंकवादियों ने गत रात्रि अमृतसर सदर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जहांगीर कलां गांव में एक भूतपूर्व सैनिक सूबेदार ज्ञान सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने रसूलपुर गांव में दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों में से एक का नाम शिव सिंह बताया गया है । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने उस पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया था । पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने बुंडाला गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी । उसका गोलियों से छलनी शव सुरक्षा बलों को मिला है ।

**चार उग्रवादी गिरफ्तार**

जिला अमृतसर में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है । इनके नाम दर्शन सिंह, हरि सिंह, हरबंस सिंह और रणजीत सिंह बताए गए हैं । इन्हें एक नाका पार्टी ने थाना घरिंडा में स्थित राजाताल पुल से गिरफ्तार किया है । अभियुक्तों ने पकड़े जाने पर आपत्तिजनक नारे लगाए ।

**श्रद्धालु की कार उड़ा ले गए**

आज सायं अमृतसर में दरबार साहब में अपने परिवार के साथ माथा टेकने आए एक श्रद्धालु की कुछ उग्रवादियों ने कार उड़ा ली । पुलिस ने कहा है कि उक्त श्रद्धालु श्री प्रितपाल सिंह ने दरबार साहब से लौटते समय चौक घंटाघर के पास खड़ी अपनी कार गायब पाई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**पिस्तौल समेत गिरफ्तार**

नगर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति मक्खन सिंह

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# उग्रवादियों द्वारा भिखीविंड के एस. एच. ओ. की जीप पर फायरिंग

अमृतसर, 2 फरवरी (अशोक सोनी): आज सायं लगभग 6.40 बजे जिला अमृतसर के थाना भिखीविंड के एस.एच.ओ. की जीप पर सुरसिंह गांव के पास आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर फायरिंग की गई । एस.एच.ओ. के सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से उग्रवादी भाग निकले । फायरिंग और जवाबी फायरिंग में किसी के घायल होने या मारे जाने का कोई समाचार नहीं है । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार भिखीविंड के एस.एच.ओ. जीप में सवार होकर जा रहे थे, जब उग्रवादियों ने उन पर हमला किया ।

पुलिस के अनुसार पुलिस पार्टी भिखीविंड के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में सुरसिंहवाला में छापा मारने गई थी । उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर ए.के. 47 चीनी एसाल्ट राइफलों से हमला किया ।

**एक मास में 207 व्यक्ति मारे गए**

चंडीगढ़ से 'वार्ता' के अनुसार एक जनवरी से एक फरवरी तक राज्य में हिंसा से 207 व्यक्ति मारे गए । इससे पूर्व एक मास की अवधि में सर्वाधिक 173 व्यक्ति गत वर्ष जुलाई में मारे गए थे । इसमें लालडू नरसंहार में मारे गए 42 व्यक्ति भी शामिल हैं ।

इस वर्ष जनवरी में आतंकवादियों ने 178 व्यक्तियों को गोलियों का निशाना बनाया, इनमें दस पुलिस कर्मी भी शामिल हैं । पिछले वर्ष इसी महीने में 9 पुलिस कर्मियों को मिलाकर 63 व्यक्ति मारे गए थे । पिछले महीने केवल 12 आतंकवादी और 8 पाकिस्तानी घुसपैठिए सुरक्षा बलों की गोलियों का निशाना बने जबकि गत वर्ष की इसी अवधि में मरने वाले आतंकवादियों की संख्या दस थी ।

आतंकवादियों ने नए वर्ष का पहला दिन धमाके के साथ शुरू किया था जबकि एक जनवरी को 18 व्यक्तियों को गोलियों से भून डाला था और इसके बाद औसतन पांच व्यक्ति प्रतिदिन मारे गए ।

पिछले महीने में आतंकवादियों ने कांग्रेस (इ) के तीन नेताओं की हत्या की । इनमें दो भूतपूर्व मंत्री चौ. जगत राम और त्रिलोचन सिंह रियासती शामिल हैं । इसी अवधि में आतंकवादियों ने भारतीय जनता पार्टी पंजाब के उपाध्यक्ष खुशी राम शर्मा को गोली चलाकर मार डाला जबकि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष और अकाली दल (लौंगोवाल) के नेता काबल सिंह की जान लेने का दूसरी बार विफल प्रयास किया । इस हमले में श्री सिंह सख्त घायल हुए । जनवरी के महीने में आतंकवादियों के आंतरिक संघर्ष में निर्दोष व्यक्तियों की जानें भी गईं ।

कई महीनों के अन्तराल के बाद आतंकवादियों ने सार्वजनिक रूप से अंधाधुंध गोलीबारी करके दस व्यक्तियों को बरनाला कस्बे में भून डाला । ये लोग योग क्रियाएं कर रहे थे । पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला इसी कस्बे के निवासी हैं ।

इस महीने में एक घटना ऐसी भी हुई जिसमें आपसी विवादों में आतंकवादियों को भाड़े पर लेकर एक परिवार के सात सदस्यों की हत्या करा दी गई । यह घटना फरीदकोट जिला के दीपसिंहवाला गांव में हुई । पिछले महीने में बारह महिलाओं की हत्या के अलावा आतंकवादियों ने तीन डकैतियां भी डालीं, इनमें से एक में 29 लाख रुपए से अधिक लूटे गए ।

आतंकवादियों ने 26 जनवरी को स्वर्ण मन्दिर परिसर के अनेक भवनों पर खालिस्तानी झंडे फहराए । सात दिन बीत जाने के बाद आज भी दो ध्वज नवनिर्मित अकाल तख्त और दो अन्य भवनों पर लहरा रहे हैं ।

**2 स्कूटर छिने**

जालन्धर (ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि जालन्धर नगर में दो अलग-अलग वारदातों में दो स्कूटर छीन लिए । दो उग्रवादियों ने एक स्कूटर पी.सी.यू. 6796 नवेश शर्मा से हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के निकट छीन लिया, जबकि भगत सिंह कालोनी के निकट केशव दत्त से उसका स्कूटर नं. पी.ए.यू. 088 छीन लिया । पुलिस ने दोनों केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

## ...नसभाओं के लिए 82 व
## : लगभग शांति रही

थाने पर दो बार और मतदान केंद्रों में तीन बार गोलियां चलाईं ।

यहां प्राप्त सरकारी सूचनाओं के अनुसार राज्य के विभिन्न स्थानों पर कुछ मामूली घटनाओं के अतिरिक्त मतदान लगभग शांतिपूर्ण रहा । ग्रामीण क्षेत्रों में सेना की टुकड़ियां तैनात की गई थीं, जबकि राजधानी में केंद्रीय सुरक्षा बलों की टुकड़ियां गश्त करती रहीं । मतदान प्रातः साढ़े सात बजे शुरू हुआ था । अन्य क्षेत्रों विशेषरूप से गड़बड़ग्रस्त सीमा क्षेत्रों में लोग प्रारंभ में मतदान करने से हिचकिचाए, लेकिन बाद में सेना और अन्य सुरक्षा बलों की गतिविधियां तेज होने के बाद लोग मतदान करने गए । कई मतदान केंद्रों पर महिलाएं अपने बच्चों को उठाए हुए मतदान करने के लिए आई देखी गईं । कई जगहों पर मतदाता अपनी पारी के लिए प्रतीक्षा करते हुए देखे गए ।

कांग्रेस (इ) के नेता प्रियरंजन दास मुंशी ने आरोप लगाया है कि इंका के मतदाताओं को मतदान करने से जाने से रोका गया ।

शिलांग (ह.स.): साठ सदस्यीय मेघालय विधानसभा के लिए आज हुए मतदान में करीब 75% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । राज्य में मतदान शांतिपूर्ण रहा । यहां शाम तक मिली सरकारी सूचनाओं में यह जानकारी दी गई । असम-मेघालय सीमा पर असम के करुप जिले के विवादास्पद दो मतदान केंद्रों पर मतदान नहीं हो सका । असम सरकार ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लगा दी थी ताकि मेघालय की पार्टियां वहां

# संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

होशियारपुर, 2 फरवरी (अश्विनी प्रद्युम्न): पुलिस थाना सदर ने कोटला गौंसपुर के सुखदेव सिंह उर्फ सुखराम उर्फ कश्मीरी बाबा को हिरासत में

# पंजाब में पुजारी सहित 3 की हत्या, सुरक्षा बलों ने कई उग्रवादी पकड़े

## बैंक गार्ड को घायल कर बंदूक छीनी : शरण देने पर सरपंच बंदी

## अमृतसर में 8.50 लाख मूल्य के अमरीकन डालर ज़ब्त

चंडीगढ़, 4 फरवरी (वा.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान उग्रवादियों ने एक पुजारी और पैट्रोल पम्प के एक कर्मचारी सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इसी दौरान सुरक्षा बलों ने कई उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया है ।

अमृतसर के छहर्टा पुलिस थाने के अन्तर्गत गांव कानूपर में उग्रवादियों ने गत रात्रि में एक मन्दिर के पुजारी लोहारी मल की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हमलावर उग्रवादियों ने श्री लोहारी मल पर अत्यन्त निकट से गोली चलाई । उग्रवादियों ने पुजारी के मृत शरीर पर मिट्टी का तेल छिड़का व आग लगा दी ।

**7 लुटेरे गिरफ्तार**

बाबा बकाला से 'मेहरा' के अनुसार पुलिस ने लूटेरों के एक गिरोह के सात मैंबरों को गिरफ्तार किया है । उनकी शिनाख्त बलधार सिंह, गुरमीत सिंह, मुक्खा निहंग, जीता, टाकू, पाला सिंह और जीत सिंह के रूप में की गई है । उनके कब्ज़े से 12 बोर की तीन बंदूकें, भारी मात्रा में अधचले कारतूस, कीमती ज़ेवर, स्टीरियो, टेप, विदेशी घड़ियां, कीमती कपड़ा और आधा किलो चांदी बरामद हुई है । ये सभी गांव कालेके और जसपाल के निवासी हैं । ये लोगों के घरों से दिन-दिहाड़े लूट मार करते थे ।

**8.50 लाख डालर बरामद**

'अशोक' के अनुसार अमृतसर में डिप्टी कलैक्टर कस्टम श्री अनन्तराम द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कस्टम व सैंट्रल एक्साइज़ विभाग ने प्राप्त सूचना के आधार पर 3-4 फरवरी की मध्य रात्रि में एक घर में छापा मारकर लगभग 8,54,094 लाख रुपए मूल्य के अमरीकन डालर बरामद किए । इसके अतिरिक्त 17,620 रुपए की विदेशी मुद्रा भी बरामद की गई ।

**अकाऊंटैंट को गोली मारकर घायल कर दिया**

अमृतसर में आज दोपहर में कटरा मोहर सिंह में उग्रवादियों ने एक अकाऊंटैंट सुभाष शर्मा को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी आज एक स्वर्णकार प्रवीन कुमार की दुकान पर आए तथा उन्होंने उससे अकाऊंटैंट के बारे में पूछा । जब सुभाष शर्मा सामने आया तो उन्होंने उस पर गोली चला दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे तत्काल सिविल अस्पताल भेजा गया ।

**शिरोमणि कमेटी द्वारा रोष व्यक्त**

अमृतसर (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने नजरबंद तीन मुख्यग्रंथियों को पठानकोट जेल से अज्ञात स्थान पर ले जाने पर रोष व्यक्त किया है । आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन मुख्यग्रंथियों की नजरबंदी का स्थान बताया जाए ।

**कक्षाओं का बहिष्कार**

जालन्धर (क): जिला जालन्धर के अध्यापकों के विभिन्न संगठनों द्वारा दी गई काल पर सरकारी हाई स्कूल काहना ढेसियां के बेगुनाह अध्यापकों व सेवादार की गत दिन उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या के विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिए आज कक्षाओं का बाइकाट किया गया, रैलियां आयोजित की गईं जिनमें प्रस्ताव पारित कर उक्त हत्याओं की घोर निंदा की ।

प्रस्ताव में अध्यापकों ने स्कूल समय के दौरान सुरक्षा यकीनी बनाने तथा शहीद अध्यापकों के परिवारों को पुलिस-समान राहत देने की मांग की ।

इस सिलसिले में संगठनों गवर्नमैंट टीचर्ज़ यूनियन, गवर्नमैंट सैकेंडरी व प्राइमरी टीचर्ज़ यूनियन, डैमोक्रेटिक टीचर्ज़ फ्रंट तथा वोकेशनल टीचर्ज़ यूनियन के प्रतिनिधियों ने डिप्टी कमिश्नर जालन्धर को मिलकर ज्ञापन दिया और अध्यापकों की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध करने की मांग की ।

**मृतकों का अन्तिम संस्कार**

गोराया से 'मेहरा' के अनुसार काहना ढेसियां में कल उग्रवादियों के हाथों मारे गए दो अध्यापकों और दो स्टाफ़ मैम्बरों का आज अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर फिल्लौर के एस.डी.एम., वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षक उपस्थित थे । देवेन्द्र कौर और हरभजन सिंह का संस्कार काहना ढेसियां में ही किया गया, जबकि परमजीत लाल, जिसकी आगामी मास शादी हो रही थी, का अन्तिम संस्कार निकटवर्ती गांव राज कमाल में और चौथे मृतक प्रेम कुमार का संस्कार गांव रुड़की में किया गया ।

इससे पूर्व सरकारी हाई स्कूल काहना ढेसियां में शिक्षकों और छात्रों ने एक शोक सभा की । मृतक शिक्षकों और स्टाफ़ मैम्बरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के अतिरिक्त एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें जिला भर के स्कूलों में 8 फरवरी को हड़ताल करने का फैसला किया गया । इस दिन तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन करके अधिकारियों को ज्ञापन दिए जाएंगे ।

जालन्धर जिले में भोगपुर पुलिस थानांतर्गत लांदरा गांव में स्थित एक कोआप्रेटिव सोसाइटी के गनमैन को दो युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया तथा उसकी 12 बोर की बंदूक छीन कर ले गए ।

एक अज्ञात व्यक्ति का शव जालन्धर-नकोदर मार्ग पर स्थित वडाला गांव में एक कुएं से प्राप्त हुआ है ।

**एस.डी.एम. के दफ़्तर के पास सशस्त्र युवक पकड़े गए**

जालन्धर पुलिस ने दो सशस्त्र युवकों को आज दोपहर में एस.डी.एम. जालन्धर के कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया है तथा उनसे एक रिवाल्वर बरामद किया । पुलिस को देखते ही उन्होंने अपना वह रिवाल्वर नीचे फैंक दिया था । पुलिस सूत्रों ने इनमें से एक युवक का नाम बलविंदर सिंह उर्फ़ घोगा बताया है । पुलिस ने बाद में सी.आर.पी. के सहयोग से उसके भाई को सैंट्रल टाऊन के निकट रियाज़पुरा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## शिमला के निकट बस खड्ड में गिरी : 6 मरे

शिमला, 4 फरवरी (खजूरिया): आज सायं यहां से 30 किलोमीटर दूर दानोघाट के निकट हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस खड्ड में गिर जाने से छः व्यक्तियों की मौत हो गई तथा 27 अन्य घायल हो गए । यह बस मनाली से शिमला आ रही थी ।

घायलों को स्थानीय स्नोडन अस्पताल में लाया गया है, जहां चार की दशा गम्भीर बताई जाती है ।




उग्रवादियों ने शुक्रवार की रात को थाना जंडियाला जिला अमृतसर के गांव खलहरा में अंधाधुंध फायरिंग करके एक ही परिवार के 8 सदस्यों की हत्या कर दी । (1) कुंदन सिंह, (2) उसकी पत्नी प्रकाश कौर, (3) उग्रवादी अवतार सिंह पाहड़ा की विधवा सुखविन्द्र कौर भूरां, (4) बलदेव सिंह, (5) बलदेव सिंह की पत्नी इंद्रजीत कौर, (6) कुंदन सिंह के बड़े लड़के का साला कुलविन्द्र सिंह, (7) ट्रक ड्राइवर रणजीत सिंह, (8) ट्रक के क्लीनर के शव पड़े दिखाई दे रहे हैं, (9) घटनास्थल पर मृतकों का रक्त बिखरा दिखाई दे रहा है, (10) घर के आंगन में लाशें बिखरी पड़ी और ट्रैक्टर जला हुआ दिखाई दे रहा है, (11) सी. आर. पी. एफ. के डी. आई. जी. श्री एस. एस. विर्क और जिला अमृतसर के पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दया सिंह से वारदात के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए, (12) उग्रवादियों ने यह ट्रैक्टर, (13) ट्रक भी जला दिया ।

(छाया : प्रेम मेहरा)

# उग्रवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्याएं कभी सहन नहीं होंगी : रे

चंडीगढ़, 6 फरवरी (संघी): पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक श्री एस. एस. रे. ने आज यहां कहा कि खालिस्तान की धारणा कभी स्वीकार नहीं की जाएगी और न ही उग्रवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्याएं सहन की जाएंगी । वह आज यहां रोटरी इंटरनैशनल कांफ्रैंस की अध्यक्षता कर रहे थे ।

श्री रे ने कहा कि पंजाब समस्या केवल कानून व्यवस्था की सनस्या नहीं है और केवल पुलिस कार्रवाई से ही सुलझ नहीं सकती । यह समस्या मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक, राजनीतिक और आर्थिक है तथा इससे हर पहलू से निपटना होगा । उन्होंने स्पष्ट किया कि उग्रवाद की समाप्ति के लिए पूर्ण शक्ति और दृढ़ निश्चय से काम करना होगा ताकि इस क्षेत्र में शांति व सम्पन्नता लाई जा सके ।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार न तो सिख विरोधी है और न ही पंथ विरोधी । जो कोई भी इनके विरुद्ध हो, वह भारतीय नहीं हो सकता । उन्होंने कहा कि निर्दोष व्यक्तियों, महिलाओं और बच्चों की हत्याएं करने वाले उग्रवादी पंथ के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# दूल्हे, 3 बारातियों सहित पंजाब में 6 व्यक्तियों की नृशंस हत्या

## लुधियाना में पुनः फ़ायरिंग : घायल युवक की मृत्यु : 3 शव मिले

## मानोचाहल द्वारा उग्रवादियों को पुलिस मुकाबले की तैयारी के निर्देश

चंडीगढ़, 7 फरवरी (ह.स., वार्ता): पंजाब में उग्रवादियों ने दूल्हे व 3 बारातियों सहित 6 लोगों की हत्या कर दी जबकि 5 अन्य को घायल कर दिया । आज लुधियाना में उग्रवादियों ने फिर फ़ायरिंग की जबकि कल रात उग्रवादियों की अंधाधुंध फ़ायरिंग से घायल एक नेपाली लड़के ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । उधर उग्रवादियों की पंथक कमेटी के चीफ़ गुरबचन सिंह मानोचाहल ने सभी उग्रवादी गुटों को दरबार साहब परिसर में पुलिस प्रवेश की आशंका के दृष्टिगत संगठित होकर मुकाबले की तैयारी के निर्देश दिए हैं । उग्रवादियों ने होशियारपुर जिले में एक पांच वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया जबकि जालन्धर, लुधियाना और होशियारपुर में 3 शव बरामद हुए हैं ।

### घर में घुस कर हत्या

अमृतसर से अशोक सोनी, ह.स., वार्ता आदि के अनुसार कल रात्रि जिले के खालड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बिममां पन्नीदास सिंह उर्फ़ भैनी मस्सा सिंह में एक घर में घुसकर मुख्तयार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल से पुलिस को एक मोटर साइकल व एक स्कूटर मिला है । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफल से गोलियां चलाकर मुख्तयार सिंह की हत्या की । वह फरीदकोट जिले के कोठीवाल ग्राम का रहने वाला था और अपने सम्बन्धी जोगेन्द्र सिंह से मिलने भैनी मस्सा सिंह आया था ।

### शराब ठेका लूटा

अमृतसर के सुल्तानविंड रोड क्षेत्र में दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके से 2700 रुपए लूट लिए ।

### मानोचाहल के निर्देश

पंथक कमेटी के चीफ़ व अकाल तख्त के कथित कार्यवाहक जत्थेदार गुरबचन सिंह मानोचाहल ने स्वर्ण मन्दिर परिसर में पुलिस प्रवेश की आशंका के दृष्टिगत सभी उग्रवादी गुटों से संगठित होकर पुलिस मुकाबले की तैयारी कर लेने के निर्देश दिए हैं । इस बारे में दर्शनी ड्योढ़ी में मानोचाहल की ओर से एक उग्रवादी मानोचाहल का हस्ताक्षरित वक्तव्य बांटा । वक्तव्य में मानोचाहल ने उग्रवादियों से कहा है कि राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे तथा पुलिस महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो के हाल ही के बयानों से यह स्पष्ट है कि सुरक्षा बल या पुलिस स्वर्ण मन्दिर परिसर में घुसने की तैयारी कर रही है । मानोचाहल भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स का चीफ़ भी है । उसने सभी उग्रवादी गिरोहों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो सरकारी एजेंट सिखों के वेश में घूम रहे हैं, उन्हें पकड़ कर उनका पर्दाफ़ाश किया जाए ।

विशेष प्रतिनिधि के अनुसार मानोचाहल का कहना है कि सरकार एक बार फिर दरबार साहब पर हमला करेगी, अतः उसने सिख संगठनों को आदेश दिया है कि वे सम्भावित हमले का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें । राजीव, रे, रिबैरो को हमले से पहले इंदिरा गांधी का अंजाम याद कर लेना चाहिए । ब्लू स्टार वाले दिन तो खालिस्तान की नींव पड़ गई थी और फिर हमला हुआ तो खालिस्तान के भवन के निर्माण में तेज़ी आ जाएगी । मानोचाहल ने जबरी पैसे वसूले जाने का विरोध किया ।

इसी प्रेस नोट में निरवैर सिंह दौलतपुर ने पंजाब से बाहर के सिखों को आश्वासन दिया कि वे किसी भी प्रकार से चिंतित न हों क्योंकि भारत के 96 प्रतिशत भू भाग के असल वारिस सिख हैं,हमारे शरीकों ने इस पर जबरदस्ती कब्ज़ा किया हुआ है । इस पर सिखों का पुनः कब्ज़ा होगा ।

दमदमा साहब के तथाकथित चीफ़ निरवैर सिंह ने इस आरोप का खंडन किया कि स्वर्ण मन्दिर परिसर के अन्दर उग्रवादियों ने किसी की हत्या की है । उसने कहा कि परिसर के बाहर जो शव मिलते हैं, उनकी हत्याएं पुलिस करती है । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के एक कर्मचारी का इन हत्याओं व अपहरणों के पीछे हाथ है क्योंकि उसे पुलिस का संरक्षण प्राप्त है और वह पुलिस का एजैंट है । सिख निर्दोषों, महिलाओं, बच्चों, निहत्थों की हत्याएं नहीं करते । स्वर्ण मन्दिर में जो उग्रवादी हैं वे तभी गोली चलाएंगे,जब पुलिस पहले उनपर गोली चलाएगी । सिखों को केन्द्र से सीधा टकराव लेना चाहिए और भारतीय संविधान मानने से इन्कार कर देना चाहिए, पंथक कमेटी के प्रवक्ता जागीर सिंह ने निरवैर सिंह के कथन का समर्थन किया ।

रैय्या (राजपाल): थाना जंडियाला के गांव खलैरा में हुई हत्या कांड में एक मृतक की शिनाख्त हुई थी, उस सम्बन्ध में पता चला है कि वह गांव जस्सोवाल ब्लाक जंडियाला गुरु का हरबंत सिंह उर्फ़ बिल्ला पुत्र नच्छत्तर सिंह था तथा कुंदन सिंह मृतक की लड़की कुलदीप कौर के साथ मंगनी हुई थी । उसके पिता नच्छत्तर सिंह ने बताया कि उसे किसी पागल कुत्ते ने काट खाया था तथा उसकी सास प्रकाश कौर उसे गांव जस्सोवाल से दवाई दिलाने के लिए खलैरा ले गई थी, जहां वह उसी रात आतंकवादियों के हाथों मारा गया ।

### मोटर साइकल छीना

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार 12 किलो मीटर दूर डेयरीवाला से खलचियां जाने वाली सड़क पर तीन आतंकवादियों ने स्टेनगन की नोक पर एक व्यक्ति हरि सिंह निवासी सिंहपुर से उसका राजदूत मोटर साइकल पी.जे.सी. 268 छीन लिया । वह उस समय रैय्या की ओर जा रहा था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।


### जालन्धर में शव मिला

जालन्धर के पुलिस डिवीज़न नम्बर 3 के बशीरपुरा के पास के एक कुएं से एक सड़ा हुआ शव बरामद हुआ, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । उसका शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

### शव बरामद

लुधियाना से महिन्द्रा, धीमान के अनुसार आज स्थानीय श्मशान घाट के पास से एक 30 वर्षीय

(शेष पृष्ठ 8 पर)




गत रात टैक्सटाइल कालोनी, लुधियाना में स्कूटर सवार उग्रवादियों की गोलियों से घायल हुए रघुवीर चंद और विमल चंद जो मोहनदेई ओसवाल अस्पताल में उपचाराधीन हैं, और (दाएं)संगीत सिनेमा के सामने वह ठेका-शराब जहां से उग्रवादियों ने 19 हज़ार रुपए लूटे । (छाया : कम्बोज)

Punjabi Sanatani

# अमृतसर के गांव में 2 बहनों की हत्या : जालन्धर में 2 उग्रवादी बंदी : खीरांवाली हत्याकांड के सम्बन्ध में 100 हिरासत में

चंडीगढ़, 9 फरवरी (ह.स.): उग्रवादियों ने आज जिला अमृतसर में 2 युवतियों की हत्या कर दी जबकि उनके पिता को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । अमृतसर से विदेशी मुद्रा का धंधा करने वाले से अढ़ाई हज़ार रुपए लूट लिये । थाना ब्यास में उग्रवादियों की गोली से घायल एक व्यक्ति ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । खीरांवाली हत्याकांड के संबंध में पूछताछ के लिये पुलिस ने 100 लोगों को हिरासत में ले लिया । जिला गुरदासपुर के सीमावर्ती गांवों में रात्रि कर्फ्यू की अवधि 13 मार्च तक बढ़ा दी गई । बाघा पुराना में एक स्कूटर छीन लिया गया । पुलिस ने जिला जालंधर में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

**दो युवतियों की हत्या**

अमृतसर (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने हत्याओं का सिलसिला जारी रखते हुए कल रात रमदास पुलिस थाना क्षेत्र के दयाल भड़ंग गांव में 25 वर्षीय गुरप्रीत कौर और उसकी 22 वर्षीय छोटी बहन अजीत कौर को गोली से उड़ा दिया तथा 55 वर्षीय पिता किरपाल सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि इस वारदात में तीन से चार आतंकवादी शामिल थे ।

पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 राइफल से लैस चार आतंकवादियों का एक गिरोह रात 11 बजे के आसपास किरपाल सिंह के मकान में घुसा और दोनों बहनों को निकट से गोली मार दी । पिता ने भागने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उन्हें अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

**खेतों से घर ले गए**

'वि.प्र.' के अनुसार थाना अजनाला के गांव दयाल भड़ंग में उग्रवादियों की गोली से घायल किरपाल सिंह को अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । अमृतसर जिला के ही थाना भिखीविंड के गांव ठठ्ठा के निवासी बलदेव सिंह को भी उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । उसे घायलावस्था में यहां सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

अमृतसर जिला मुख्यालय में पहुंची सूचनानुसार गत रात सात बजे चार आतंकवादी किरपाल सिंह के पास उसके खेतों में पहुंचे । उस समय वह अपने ट्यूबवैल वाले कमरे में सो रहा था । उग्रवादियों ने उसे घर चलने को कहा और वहां पहुंच कर अपनी लड़कियों से दरवाजा खोलने के लिए आवाज़ देने को कहा । बड़ी लड़की अजीत कौर के दरवाजा खोलते ही उग्रवादियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी ।

**अढ़ाई हजार लूटे**

आज प्रात: की एक घटना में दो आतंकवादियों ने यहां रेलवे स्टेशन के निकट एक दुकानदार को पिस्तौल दिखाकर अढ़ाई हजार रुपए लूट लिए । खबर है कि दुकानदार प्रबोध चन्द्र विदेशी मुद्रा को भारतीय मुद्रा में बदलने का धंधा करता है ।

**घायल चल बसा**

इस बीच ब्यास पुलिस थाना क्षेत्र के बल सराय गांव में आतंकवादियों की गोलीबारी की दो वारदातों में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई । पिता-पुत्र के अलावा 45 वर्षीय एक अन्य व्यक्ति श्री धीर सिंह ने भी कल रात अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

इस वारदात के आज सुबह उपलब्ध ब्यौरे के अनुसार गोलीबारी में मारा गया 32 वर्षीय सुखविंदर सिंह सेना की 18वीं सिख रैजीमैंट का जवान था और छुट्टियों पर घर आया था । इस वारदात में सुखदेव सिंह और अमरीक सिंह नामक दो अन्य व्यक्ति भी घायल हुए । सुखदेव सिंह की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

**हिरासत में लिए जाने की निंदा**

सिख छात्र संगठन (गुरजीत) ने गत दिवस रामगढ़िया पोलिटैक्निक होस्टल से कुछ छात्रों को हिरासत में लिए जाने की निंदा की है । संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति में हिरासत में लिए गए छात्रों को बिना शर्त रिहा किए जाने के लिए कहा गया है ।

**अंतिम संस्कार**

तरनतारन से पन्नू के अनुसार गत रात रेलवे रोड तरनतारन पर उग्रवादियों के हाथों मारे गए सरपंच मुख्तार सिंह का आज उनके पैतृक गांव घसीटपुरा में अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनके शव पर इंका पार्टी का झंडा डाला गया । इस अवसर पर भूतपूर्व इंका मंत्री श्री दिलबाग सिंह सहित सैंकड़ों इंका वर्कर उपस्थित थे ।

**दो उग्रवादी गिरफ्तार**

जालन्धर से प्राप्त समाचार के अनुसार सुरक्षा बलों ने बलबीर सिंह पुत्र गुलज़ार सिंह, निवासी गांव तलवन, थाना नूरमहल और कुलदीप सिंह पुत्र खेम सिंह, निवासी गांव मुध, थाना नकोदर, दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से क्रमश: 303 बोर के चार कारतूस और एक बोर का पिस्तौल व उसके दो कारतूस बरामद किए हैं ।

**खीरांवाली हत्या-कांड : 100 हिरासत में**

फगवाड़ा से प्राप्त समाचार के अनुसार पंजाब के जालन्धर और कपूरथला जिलों में धर-पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एक सौ से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है । (शेष पृष्ठ 6 पर)



उग्रवादियों के हाथों सोमवार की रात्रि को गांव सठियाला में मारे गए तीन व्यक्तियों (1) सुर्जन सिंह, (2) धीरा सिंह, (इन्सैट मृतकों के पुराने चित्र), (4) वह कमरा, जहां सुखविंद्र सिंह की हत्या की गई, के फर्श पर गिरा रक्त, (5) मृ
विलाप करते हुए ।

---


नेपाल): आज रात्रि लगभग 9 बजे स्थानीय चौड़ा बाजार में हुए एक भयंकर अग्निकांड में कई करोड़ रु. की सम्पत्ति जल कर नष्ट हो गई । आग चौड़ा बाजार के बसाती बाजार क्षेत्र में गुड़ मंडी के सामने के एक चार मंजिले भवन में लगी और देखते ही देखते क्षेत्र की दर्जनों दुकानें आग की लपेट में आ गई जिनमें हौजरी, ब्यूटी पार्लर आदि की कई दुकानें व अन्य वस्तुओं की दुकानें शामिल हैं । लुधियाना जिले भर से व आसपास के क्षेत्रों से दमकलें मंगाई गईं । उपायुक्त व एस.एस.पी. ने स्वयं बचाव कार्य की निगरानी की । एक सूचना के अनुसार एक भवन से 3 बच्चे आग में झुलसने से बचा लिए गए ।

एक सूचना के अनुसार यह चार मंजिला भवन बंता सिंह का था । सर्वाधिक नुक्सान यार्डले हौजरी को हुआ है । कुछ लोगों ने बिल्डिंग से छलांगें लगा कर अपनी जान बचाई । युवा कांग्रेस (इ) के नेता दलीप थापर ने बताया कि फायर ब्रिगेड वाले घटना की सूचना मिलने के आधे घंटे बाद घटनास्थल पर

ने बताया कि आग
रही है । आग से
बुझने के बाद ही
की छतें गिर गई
के स्थान पर बस

एक सूचना के
मूल्य की हौज़री
हौज़री दुकान के
उसे दुकान बंद
शाम को धुआं
दिया । हौज़री, म
हुई हैं । तीसरी
विकलांग वीरेंद्र कु
हलवाड़ा से भी दम
रखे जैनरेटर सैट
दुकानों को बिजल

बाद में मोगा,




उग्रवादियों के हाथों सोमवार की रात्रि को गांव सठियाला में मारे गए तीन व्यक्तियों (1) सुर्जन सिंह, (2) धीरा सिंह, (3) सुखविंद्र सिंह के शव (इन्सैट मृतकों के पुराने चित्र), (4) वह कमरा, जहां सुखविंद्र सिंह की हत्या की गई, के फर्श पर गिरा रक्त, (5) मृतकों के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए ।
(छाया : जसपाल)

Punjabi Sanatani

# पंजाब में दम्पति सहित 6 व्यक्तियों की हत्या : फ़ायरिंग में 4 घायल

## खीरांवाली हत्याकांड के लिए ज़गतार सिंह रामपुरा का गिरोह ज़िम्मेदार

## फरवरी के पहले 9 दिनों में 60 व्यक्ति मारे गये

चंडीगढ़, 10 फरवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक दम्पति सहित 6 व्यक्तियों की हत्या की गई, जबकि चार व्यक्ति घायल हुए । पुलिस ने खीरांवाली हत्या कांड में संलिप्त गिरोह की पहचान कर लेने का दावा किया है । सुरक्षा बलों ने लगभग आध दर्जन आतंकवादियों व उन्हें पनाह देने वालों को गिरफ्तार किया । इस तरह चालू मास के पहले 9 दिनों में 60 व्यक्ति आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो चुके हैं । आतंकवादियों ने गत वर्ष फरवरी में 54 लोगों की हत्या की थी जबकि इस वर्ष जनवरी के पहले 9 दिन में ही 62 व्यक्ति मारे गए ।

**4 की हत्या**

अमृतसर (वि. प्र.): आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिले में एक वृद्ध दम्पति सहित चार व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 राइफल से लैस 7 आतंकवादियों का एक गिरोह कल मध्य रात्रि में जंडियाला थाना के मुच्छल गांव में एक मकान में घुसा और 70 वर्षीय गोपाल सिंह तथा उसकी 68 वर्षीय पत्नी तेज कौर की हत्या कर दी ।

**तीन घंटे मुकाबला**

रैय्या से जसपाल के अनुसार मुच्छल गांव में आतंकवादियों ने पहले एक कमरे को आग लगा दी जिसमें गोपाल सिंह और उसका पोता सो रहे थे तथा फिर फ़ायरिंग शुरू कर दी । कमरे में से गोपाल सिंह व उसके पोते ने जवाबी फ़ायरिंग की । इन दोनों ने 70 के करीब गोलियां चलाई । गोपाल सिंह का लड़का सरदूल सिंह शिरोमणि अकाली दल जंडियाला क्षेत्र का उपप्रधान है । उसने भी अपने कमरे में से अपनी बंदूक व रिवाल्वर से जवाबी फ़ायरिंग की तथा लगभग 40 गोलियां चलाई । यह मुकाबला लगभग तीन घंटे जारी रहा । जब गोपाल सिंह के पास गोलियां खत्म हो गई तो उसका पोता जसविंदर सिंह तो किसी तरह बचकर निकल गया लेकिन आतंकवादियों ने गोपाल सिंह को कमरे से बाहर निकाल कर आंगन में ले जाकर गोलियां मारीं । गोपाल सिंह की पत्नी तेज कौर को अलग कमरे में गोलियां मारी गई, जहां वह सो रही थी । इसके बाद आतंकवादियों ने सरदूल सिंह के कमरे को भी आग लगाई, लेकिन आग लग न सकी । घर के लोगों ने आतंकवादियों का डटकर मुकाबला किया लेकिन गांव में से कोई भी उनकी सहायता को नहीं आया । घर की सभी दीवारों पर गोलियों के निशान हैं ।

**चार घायल**

एक अन्य वारदात में थाना लोपोके के गांव सारंगड़ा में आतंकवादियों ने बेअन्त सिंह के मकान के निकट फ़ायरिंग की जिससे बेअन्त सिंह की लड़की वीरो, राज सिंह की पत्नी गुरबिंदर कौर, सरपंच का लड़का बचन सिंह तथा सुलतान सिंह घायल हो गए । इन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

सारगंडा की फायरिंग में बेअन्त सिंह, बलवीर कौर, मुलतान सिंह व बलविंदर कौर भी घायल हुए । कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने तरनतारन के सदर पुलिस क्षेत्र में तेजा सिंह तथा लोपोके थाना क्षेत्र में महेन्द्र सिंह की हत्या कर दी ।

**ज़मीन का झगड़ा**

बताया जाता है कि जमींदार तेजा सिंह की हत्या उसके दो सगे भाइयों ने की तथा यह ज़मीन के झगड़े का परिणाम बताया जाता है ।

**गांवों में हालत खराब**

गांवों से अमृतसर आने वाले लोगों ने बताया है कि शहर की अपेक्षा गांवों में स्थिति बहुत ही खराब है और आतंकवाद का बोलबाला है । स्थिति यह है कि सूर्यास्त होते ही शाम 6 बजे लोग घरों में जाकर दुबक जाते हैं तथा रात 8-9 बजे घरों की बत्तियां बंद कर लेते हैं ।

**डकैती**

गत रात्रि भिक्खीविंड थाना क्षेत्र के ग्राम अत्तरपुरा में उग्रवादियों ने कई घरों से लाखों रुपए की सम्पत्ति लूट ली । अकेले दर्शन सिंह के घर से चालीस हजार की नकदी व आभूषण लूटे गए ।

सीमा सुरक्षा बल ने कल रात भारत-पाकिस्तान सीमा के खालड़ा क्षेत्र से एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार घुसपैठिया गूंगा और बहरा है । इस कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी । (शेष पृष्ठ 8 पर)

# सिंधिया की बेटी की 'शाह

भोपाल, 10 फरवरी (वार्ता, ह.स.): रेल राज्यमंत्री माधवराव सिंधिया की पुत्री की दो माह पूर्व ग्वालियर में हुई "शाही शादी" को लेकर मध्य प्रदेश विधानसभा में आज दो घंटे तक भारी शोर-शराबा होता रहा और सम्पूर्ण विपक्ष ने अपने स्थगन प्रस्ताव पर राज्य शासन के उत्तर पर असंतोष व्यक्त करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया । भारतीय जनता पार्टी के द्वारका प्रसाद गुप्ता और दस अन्य सदस्यों द्वारा रखे गए स्थगन प्रस्ताव में आरोप लगाया गया था कि इस शादी में जन, धन तथा शासन तंत्र का खुल कर दुरुपयोग किया गया ।

प्रस्ताव की प्रवेश्यता पर चर्चा शुरू कराने से

राव
ह है
कर
त्यां

ग्राम
रुपए
र से
।
तान
ठिए
ठिया
नहीं



जिला अमृतसर के गांव मुच्छल में मंगलवार की रात्रि को उग्रवादियों ने एक व्यक्ति गोपाल सिंह और उसकी पत्नी तेज कौर की फ़ायरिंग करके हत्या कर दी । (1) गोपाल सिंह का शव (इन्सैट) उसका पुराना चित्र । (2) तेज कौर का शव । (3) वह कमरा, जहां से बाहर निकाल कर गोपाल सिंह को गोली मारी गई और फिर उसे आग लगा दी गई । (4) गोपाल सिंह के परिवार के सदस्य एवं सम्बन्धी विलाप करते हुए । (छाया : जसपाल)

# चौक मेहता में उग्रवादियों द्वारा बाप और उसके 2 बेटों की हत्या, जालन्धर में खिलाड़ी का कत्ल

भटिंडा में 'बी' श्रेणी के उग्रवादी द्वारा भागने का प्रयास, सुरक्षा बलों ने पीछा करके उसे दबोच लिया

प्रदेश भर में कई गिरफ्तार : गेहूं के बोरे ले जा रहे ट्रक को चुरा ले गए : राइस शैलर से 5000 लूटे

## उग्रवादियों के लिये सीमा पार से चीनी राइफलों की तस्करी

चंडीगढ़, 11 फरवरी (वा. स.) : उग्रवादियों ने अपनी हिंसक गतिविधियां जारी रखते हुए जालंधर जिले में एक कबड्डी खिलाड़ी की, अमृतसर जिले में एक परिवार के तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा अन्य व्यक्ति को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । पिछले 24 घंटों में उग्रवादियों ने प्रदेश में 7 व्यक्तियों की हत्या की है । भटिंडा में स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक पुस्तक व समाचारपत्र विक्रेता तथा उसके नौकर को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था । एक अन्य समाचार के अनुसार भटिंडा में स्कूटर सवार उग्रवादियों ने जिस व्यक्ति रवीन्द्र कुमार को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, उसकी सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

भटिंडा में 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी ने भागने का प्रयास किया पर उसे सुरक्षा बलों ने दबोच लिया । सुरक्षा बलों ने प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी के दौरान कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उग्रवादी करतारपुर के निकट एक राइस शैलर से 5000 रुपए लूट ले गए । बटाला से लुधियाना को 30000 रुपए का गेहूं ले जा रहे एक ट्रक को उग्रवादी भगा ले गए ।

**अपहृत बच्चे का शव मिला**

पुलिस ने कल शाम होशियारपुर जिले के दसूहा थाने के गांव थिडा में एक सुनसान मकान से एक चार वर्षीय बच्चे हिताभिलाषी उर्फ रॉकी का शव बरामद किया है । उग्रवादियों ने इस बच्चे का गत दो फरवरी को अपहरण किया था । इस बच्चे के शरीर पर तेजधार वाले हथियारों के घाव थे । इस बच्चे का शव एक थैले में बंद किया हुआ मिला ।

**लापता अध्यापक मृत मिला**

भटिंडा पुलिस को उस अध्यापक का शव प्राप्त हुआ है जोकि पिछले एक माह से लापता था । इस मृत अध्यापक का नाम हरचंद सिह बताया गया है । वह बोरवाल में तैनात था । उसकी हत्या के सम्बन्ध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है ।

**पिता व दो पुत्रों की हत्या**

**अमृतसर (वि.प्र.):** अमृतसर जिले के थाना मेहता के क्षेत्र में स्थित गांव कोहाटविंड में गत रात्रि 11.30 बजे चार उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके एक 65 वर्षीय व्यक्ति श्री शंकर दास तथा उनके दो युवा पुत्रों धीरा लाल (32) तथा सुभाष चंद्र (24) की हत्या कर दी । इस सम्बन्ध में प्राप्त विवरणों के अनुसार चार उग्रवादी जो स्टेनगनों तथा चीनी असाल्ट राइफल ए.के.47 से लैस थे, ने शंकर दास के घर का दरवाजा खटखटाया । जब घर वालों ने दरवाजा नहीं खोला तो उग्रवादियों ने घर का दरवाजा तोड़ डाला तथा भीतर दाखिल हो गए । शंकर दास ने उग्रवादियों के आगे हाथ जोड़े लेकिन उग्रवादियों ने नृशंसता से गोलियां चला कर वृद्ध पिता व दोनों पुत्रों की हत्या कर दी । हत्यारे बाद में फरार हो गए ।

दूसरी घटना में सरहाली पुलिस थाना क्षेत्र के खारा गांव में आतंकवादियों ने गोली मार कर तिरलोक सिह नामक एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादी तिरलोक सिह के घर पर जबरन घुस गये और गोली चला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और भाग निकले । तिरलोक सिह को अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी दशा गंभीर बताई जाती है ।

**उग्रवादी गेहूं से भरा ट्रक चुरा ले गए**

संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के गेहूं के बोरे ले जा रहे एक ट्रक को जालंधर जिले में करतारपुर के निकट चुरा लिया । लुधियाना जा रहे इस ट्रक में तीस हजार रुपए का गेहूं भरा था । इस ट्रक का नम्बर पी.ए.टी. 4080 है ।

पुलिस ने बताया कि ट्रक बटाला से रवाना हुआ था और करतारपुर के निकट इसका टायर पंक्चर हो गया । ड्राइवर ट्रक का टायर बदलकर शौच के लिए चला गया । इसी बीच वहां संदिग्ध आतंकवादी आ गए और ट्रक को लेकर फरार हो गए ।

ट्रक बटाला के अजीत सिह नामक व्यक्ति का है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । जांच जारी है ।

**बंदूक छीन ले गए**

बटाला से प्राप्त समाचारों के अनुसार कादियां पुलिस थानांतर्गत गांव मुरादपुर में कल रात छः संदिग्ध उग्रवादी प्यारा सिंह नामक एक व्यक्ति के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## इंदिरा हत्या केस की तिहाड़ जेल में सुनवाई गैर-कानूनी थी : जेठमलानी

नई दिल्ली, 11 फरवरी (वार्ता): उच्चतम न्यायालय में आज इंदिरा गांधी हत्या कांड की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील रामजेठमलानी ने कहा कि इस हत्या कांड के तीनों अभियुक्तों की, जिन्हें फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है, सुनवाई तिहाड़ जेल में किया जाना गैर-कानूनी तथा असंवैधानिक था । उन्होंने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियुक्तों की सहमति के बगैर जेल के भीतर उनके मामले की सुनवाई संविधान की धारा 21 में दी गई गारंटी के भी विरुद्ध थी ।

उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 21 में मुकद्दमे की सार्वजनिक सुनवाई की व्यवस्था है । किन्तु अभियुक्तों को इस सुविधा से वंचित किया गया, अतः सतवन्त सिह, बलबीर सिह तथा केहर सिह को उच्च न्यायालय द्वारा दी गई फांसी की सजा रद्द कर दी जानी चाहिए ।

श्री जेठमलानी ने तीन न्यायाधीशों जी.एल. ओझा, बी.सी. राय तथा के.जी. शेट्टी की पीठ के समक्ष अपनी दलील पेश करते हुए कहा कि जहां तक उनके मुवक्किल केहर सिह तथा बलबीर सिह का प्रश्न है, उनके विरुद्ध कोई साक्ष्य नहीं है ।

श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले एक मात्र जीवित व्यक्ति सतवन्त सिह की वकालत आर.एस. सोढी कर रहे हैं । श्री जेठमलानी ने मुकद्दमे का संक्षिप्त विवरण देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय ने 10 मई 1985 को अधिसूचना जारी कर निर्देश दिया था कि मुकद्दमे की सुनवाई तिहाड़ जेल में की जाए । इससे अभियुक्त सैशन अदालत में अपना बचाव करने के अवसर से वंचित रह गए । श्री जेठमलानी ने उच्च न्यायालय की अधिसूचना की वैधता को भी चुनौती दी ।

श्री जेठमलानी ने कहा कि हालांकि किसी मुकद्दमे के स्थान का निर्धारण केवल प्रशासनिक

# चौक मेहता में उग्रवादियों द्वारा बाप और उसके 2 बेटों की हत्या, जालन्धर में खिलाड़ी का कत्ल

भटिंडा में 'बी' श्रेणी के उग्रवादी द्वारा भागने का प्रयास, सुरक्षा बलों ने पीछा करके उसे दबोच लिया

प्रदेश भर में कई गिरफ्तारें : गेहूं के बोरे ले जा रहे ट्रक को चुरा ले गए : राइस शैलर से 5000 लूटे

## उग्रवादियों के लिये सीमा पार से चीनी राइफलों की तस्करी

चंडीगढ़, 11 फरवरी (वा. स.) : उग्रवादियों ने अपनी हिंसक गतिविधियां जारी रखते हुए जालंधर जिले में एक कबड्डी खिलाड़ी की, अमृतसर जिले में एक परिवार के तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा अन्य व्यक्ति को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । पिछले 24 घंटों में उग्रवादियों ने प्रदेश में 7 व्यक्तियों की हत्या की है । भटिंडा में स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक पुस्तक व समाचारपत्र विक्रेता तथा उसके नौकर को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था । एक अन्य समाचार के अनुसार भटिंडा में स्कूटर सवार उग्रवादियों ने जिस व्यक्ति रवीन्द्र कुमार को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, उसकी सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

भटिंडा में 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी ने भागने का प्रयास किया पर उसे सुरक्षा बलों ने दबोच लिया । सुरक्षा बलों ने प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी के दौरान कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उग्रवादी करतारपुर के निकट एक राइस शैलर से 5000 रुपए लूट ले गए । बटाला से लुधियाना को 30000 रुपए का गेहूं ले जा रहे एक ट्रक को उग्रवादी भगा ले गए ।

**अपहृत बच्चे का शव मिला**

पुलिस ने कल शाम होशियारपुर जिले के दसूहा थाने के गांव थिडा में एक सुनसान मकान से एक चार वर्षीय बच्चे हिताभिलाषी उर्फ रॉकी का शव बरामद किया है । उग्रवादियों ने इस बच्चे का गत दो फरवरी को अपहरण किया था । इस बच्चे के शरीर पर तेजधार वाले हथियारों के घाव थे । इस बच्चे का शव एक थैले में बंद किया हुआ मिला ।

**लापता अध्यापक मृत मिला**

भटिंडा पुलिस को उस अध्यापक का शव प्राप्त हुआ है जोकि पिछले एक माह से लापता था । इस मृत अध्यापक का नाम हरचंद सिंह बताया गया है । वह बोरवाल में तैनात था । उसकी हत्या के सम्बन्ध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है ।

**पिता व दो पुत्रों की हत्या**

**अमृतसर (वि.प्र.):** अमृतसर जिले के थाना मेहता के क्षेत्र में स्थित गांव कोहाटविंड में गत रात्रि 11.30 बजे चार उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके एक 65 वर्षीय व्यक्ति श्री शंकर दास तथा उनके दो युवा पुत्रों धीरा लाल (32) तथा सुभाष चंद्र (24) की हत्या कर दी । इस सम्बन्ध में प्राप्त विवरणों के अनुसार चार उग्रवादी जो स्टेनगनों तथा चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से लैस थे, ने शंकर दास के घर का दरवाजा खटखटाया । जब घर वालों ने दरवाजा नहीं खोला तो उग्रवादियों ने घर का दरवाजा तोड़ डाला तथा भीतर दाखिल हो गए । शंकर दास ने उग्रवादियों के आगे हाथ जोड़े लेकिन उग्रवादियों ने नृशंसता से गोलियां चला कर वृद्ध पिता व दोनों पुत्रों की हत्या कर दी । हत्यारे बाद में फरार हो गए ।

दूसरी घटना में सरहाली पुलिस थाना क्षेत्र के खारा गांव में आतंकवादियों ने गोली मार कर तिरलोक सिंह नामक एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादी तिरलोक सिंह के घर पर जबरन घुस गये और गोली चला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और भाग निकले । तिरलोक सिंह को अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी दशा गंभीर बताई जाती है ।

**उग्रवादी गेहूं से भरा ट्रक चुरा ले गए**

संदिग्ध आतंकवादियों ने आज तड़के गेहूं के बोरे ले जा रहे एक ट्रक को जालंधर जिले में करतारपुर के निकट चुरा लिया । लुधियाना जा रहे इस ट्रक में तीस हजार रुपए का गेहूं भरा था । इस ट्रक का नम्बर पी.ए.टी. 4080 है ।

पुलिस ने बताया कि ट्रक बटाला से रवाना हुआ था और करतारपुर के निकट इसका टायर पंक्चर हो गया । ड्राइवर ट्रक का टायर बदलकर शौच के लिए चला गया । इसी बीच वहां संदिग्ध आतंकवादी आ गए और ट्रक को लेकर फरार हो गए ।

ट्रक बटाला के अजीत सिंह नामक व्यक्ति का है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । जांच जारी है ।

**बंदूक छीन ले गए**

बटाला से प्राप्त समाचारों के अनुसार कादियां पुलिस थानांतर्गत गांव मुरादपुर में कल रात छः संदिग्ध उग्रवादी प्यारा सिंह नामक एक व्यक्ति के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## इंदिरा हत्या केस की तिहाड़ जेल में सुनवाई गैर-कानूनी थी : जेठमलानी

नई दिल्ली, 11 फरवरी (वार्ता): उच्चतम न्यायालय में आज इंदिरा गांधी हत्या कांड की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील रामजेठमलानी ने कहा कि इस हत्या कांड के तीनों अभियुक्तों की, जिन्हें फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है, सुनवाई तिहाड़ जेल में किया जाना गैर-कानूनी तथा असंवैधानिक था । उन्होंने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियुक्तों की सहमति के बगैर जेल के भीतर उनके मामले की सुनवाई संविधान की धारा 21 में दी गई गारंटी के भी विरुद्ध थी ।

उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 21 में मुकद्दमे की सार्वजनिक सुनवाई की व्यवस्था है । किन्तु अभियुक्तों को इस सुविधा से वंचित किया गया, अतः सतवन्त सिंह, बलबीर सिंह तथा केहर सिंह को उच्च न्यायालय द्वारा दी गई फांसी की सजा रद्द कर दी जानी चाहिए।

श्री जेठमलानी ने तीन न्यायाधीशों जी.एल. ओझा, बी.सी. राय तथा के.जी. शेट्टी की पीठ के समक्ष अपनी दलील पेश करते हुए कहा कि जहां तक उनके मुवक्किल केहर सिंह तथा बलबीर सिंह का प्रश्न है, उनके विरुद्ध कोई साक्ष्य नहीं है ।

श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले एक मात्र जीवित व्यक्ति सतवन्त सिंह की वकालत आर.एस. सोढी कर रहे हैं । श्री जेठमलानी ने मुकद्दमे का संक्षिप्त विवरण देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय ने 10 मई 1985 को अधिसूचना जारी कर निर्देश दिया था कि मुकद्दमे की सुनवाई तिहाड़ जेल में की जाए । इससे अभियुक्त सैशन अदालत में अपना बचाव करने के अवसर से वंचित रह गए । श्री जेठमलानी ने उच्च न्यायालय की अधिसूचना की वैधता को भी चुनौती दी ।

श्री जेठमलानी ने कहा कि हालांकि किसी मुकद्दमे के स्थान का निर्धारण केवल प्रशासनिक



Punjabi Sanatam

बुधवार की रात को थाना मेहता के गांव नवाबपुरा में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) शंकर दास, (2) धारी राम तथा (3) सुभाष चंद्र के शव, (4) उस कमरे, जहां ये हत्याएं की गईं, में गिरा खून, (5) मृतकों के परिवार के लोग विलाप करते हुए । (छाया : जसपाल रैय्या)

# पंजाब में 8 लोगों की हत्या : मृतकों में 3 साधु व एक हैडमास्टर शामिल


## भलाईपुर में आतंकवादी पति के कफ़न के लिए विधवा को 500 रुपये दे गये

# फरीदकोट में 5 खतरनाक आतंकवादी, एक स्त्री गिरफ्तार

चंडीगढ़ 12 फरवरी (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में आठ निर्दोष व्यक्तियों की हत्या कर दी । जिला अमृतसर अभी भी उनकी गतिविधियों का मुख्य केंद्र बना हुआ है जहां पांच व्यक्तियों की हत्या की गई जबकि नवांशहर के निकट ताश खेल रहे दो व्यक्तियों को गोलियां मारी गईं । आदमपुर के निकट आतंकवादियों के आपसी झगड़े में एक व्यक्ति मारा गया । फरीदकोट पुलिस ने पांच खतरनाक आतंकवादियों को काबू करके एक बड़ा नरसंहार रोकने का दावा किया । दसूहा में बैंक डकैती की योजना विफल रही । पटियाला जिला में आठ आतंकवादी पकड़े गए ।

**पांच लोगों की हत्या**

**अमृतसर (अशोक सोनी):** अमृतसर जिला में आतंकवादियों की ओर से निरीह लोगों की हत्या का क्रम अभी भी जारी है, जबकि गत रात्रि पांच निर्दोष व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । जिला मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं के अनुसार थाना लोपोके के गांव माधोके के निकट आठ आतंकवादियों ने तीन 'बाबों' की, जोकि जादू-टोने आदि से रोगियों का इलाज करते थे, हत्या कर दी । मृतकों में बाबा सोम नाथ (45), बाबा जरसी राम (38) तथा बाबा मुख राम जोगी (20) शामिल हैं । बताया जाता है कि आतंकवादी रात लगभग 11 बजे बाबा सोमनाथ के डेरे में घुसे तथा अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे तीनों वहीं ढेर हो गए । इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक बाबे राजस्थान से सम्बन्धित थे तथा केवल तीन दिन पहले ही अपने डेरे में पहुंचे थे ।



उग्रवादियों द्वारा गत दिवस अमृतसर में दरबार साहब परिसर के पीछे स्थित एक गली में एक 25 वर्षीय दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी गई । इस युवक का पिता जो शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कर्मचारी है, अपने मृत पुत्र के शव के पास बैठा दिखाई दे रहा है । पुलिस अधिकारी भी निकट ही खड़े दिखाई दे रहे हैं । इससे पहले दिन भी दरबार साहब परिसर के बाहर एक सिख युवक का शव पड़ा हुआ मिला था । पुलिस को संदेह है कि इस युवक को दरबार साहब परिसर के भीतर परिक्रमा में यातनाएं देकर मार डाला गया तथा बाद में उसके शव को रात में बाहर फैंक दिया गया । (फोटो : टैलीग्राफ से साभार)

**हैडमास्टर की हत्या**

रैय्या से जसपाल के अनुसार थाना मेहता के गांव जसपाल भाइयां में आतंकवादियों ने हैडमास्टर चरण सिंह को ज़िंदा जला दिया । चरण सिंह गांव के बाहर खेतों में बने अपने मकान में रहता था । आतंकवादियों ने ज़बरदस्ती उसके घर में घुसकर उसको अपने शरीर पर डीज़ल मलने के लिए कहा । इसके बाद उन्होंने छत के पंखे को उतार कर उसके हुक के साथ चरण सिंह को उलटा लटका दिया तथा आग लगा दी । चरण सिंह के दो विवाह हुए थे । उसकी दोनों पत्नियों सुरेंद्र कौर तथा राजविंदर कौर ने हाथ जोड़कर आतंकवादियों की मिन्नतें कीं । उसकी जान बख्शाने के लिए उन्होंने नकदी तथा सारे ज़ेवर देने की भी पेशकश की, परन्तु आतंकवादियों ने उनकी एक न सुनी । हैडमास्टर इस समय गांव महसनपुर कलां के सरकारी मिडल स्कूल में तैनात था । जाते हुए आतंकवादी ज़ेवर और नकदी भी ले गए । वारदात वाले स्थान पर आतंकवादियों ने एक पर्चा फैंक दिया जोकि भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के लैटरपैड पर लिखा है । इसमें कहा गया हैकि वह (चरण सिंह) गुरु ग्रंथ साहब को एक किताब कहता है तथा दरबार साहब के सरोवर में धान बीजने की बातें करता है । इसी कारण उसकी हत्या की जा रही है । एक सूचना के अनुसार आतंकवादी घोड़ियों पर सवार होकर वहां आए ।

**भलाईपुर में हत्या**

थाना मेहता के ही एक अन्य गांव भलाईपुर में छः आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुरेंद्र कुमार उर्फ छिंदा पुत्र तीर्थ राम की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी बाहरी दीवार फांदकर अंदर आए तथा बंदूक के बट्ट मार कर सुरेंद्र कुमार के कमरे का दरवाज़ा तोड़ डाला । इसके बाद उन्होंने उसको बाहर निकाल कर गोलियां मार दीं । सुरेंद्र कुमार की पत्नी उषा रानी ने आतंकवादियों की बहुत मिन्नतें कीं कि वे बहुत गरीब लोग हैं तथा उनके पास तो लाश पर कफन डालने के लिए भी पैसे नहीं हैं । आतंकवादियों ने सुरेंद्र कुमार की जान तो नहीं बख्शी लेकिन उसकी पत्नी को 500 रुपए देकर कहा कि इनसे कफन खरीद लेना । सुरेंद्र कुमार की आयु 43 वर्ष बताई जाती है । घटनास्थल से विभिन्न बोरों के दस चले

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# पेप्सी द्वारा भारत के साथ में उदार शर्तों पर स

चंडीगढ़, 12 फरवरी (वि.प्र. स.): पंजाब कृषि उद्योग निगम, टाटा एवं अमरीकी बहुराष्ट्रीय कम्पनी पेप्सी कोला में प्रस्तावित सांझेदारी से देश को 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की विदेशी मुद्रा हासिल होगी । यह बात आज यहां पंजाब के वित्तीय आयुक्त (विकास) श्री मनोहर सिंह गिल तथा पंजाब कृषि उद्योग निगम के प्रबन्ध निदेशक श्री गोकुल पटनायक ने प्रैस क्लब में 'प्रैस से भेंट' कार्यक्रम में दी ।

दोनों अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित सांझेदारी के इस फल एवं सब्ज़ी उद्योग से पहले तय मात्रा से भी अधिक के निर्यात की सहमति हो गई है ।




अमृतसर जिले के थाना मेहता क्षेत्र में वीरवार की रात को आतंकवादियों ने दो गांवों भलाईपुर तथा जसपाल में दो व्यक्तियों, सुरेंद्र कुमार तथा हैडमास्टर चरण सिंह की हत्या कर दी । (1) भलाईपुर में मारे गए सुरेंद्र कुमार का शव, (2) उसका एक पुराना चित्र. (3) उसके परिवार के लोग विलाप करते हुए, (4) गांव जसवाल में मारे गए चरण सिंह के मकान का वह कमरा, जिसमें छत के पंखे की खूंटी से उलटा लटका कर उसे जीवित जला दिया गया, (इन्सैट-I). चरण सिंह का जला हुआ शव, (5) विलाप करती हुई मृतक की पत्नी व अन्य लोग, (इन्सैट-II) उसका एक पुराना चित्र ।

(छाया : जसपाल रैय्या)

Punjabi Sanatani

# फरीदकोट के निकट मुकाबले में उग्रवादी, सी. आर. पी. एफ. का जवान मारे गए

## गुरदासपुर के गांव में स्त्री की हत्या : उग्रवादियों द्वारा निहंगों की जीप पर फायरिंग

## खीरांवाली कांड का मुख्य अभियुक्त जगतार भी मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 13 फरवरी (ह.स., वि.प्र., वार्ता): गत रात्रि जिला कपूरथला में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में 'बी' श्रेणी का कुख्यात उग्रवादी जगतार सिंह मारा गया । वह तथाकथित भिंडरांवाला टाईगर फोर्स का एरिया कमांडर था जिसके सिर पर 30000 रुपए का ईनाम था । वह खीरांवाली कांड का मुख्य अभियुक्त था और भाजपा नेता श्री जितेंद्र पासी की हत्या में पुलिस को वांछित था । उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला गुरदासपुर में एक व्यक्ति और एक स्त्री की हत्या कर दी, जबकि दो अन्य व्यक्तियों को घायल कर दिया । जिला फरीदकोट में हुए मुकाबले में एक उग्रवादी और सी.आर.पी.एफ. का एक जवान मारे गए, जबकि दो अन्य जवान घायल हो गए । जिला फरीदकोट की पुलिस ने 24 समाज विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया है । स्वर्ण मंदिर परिसर से एक स्त्री रहस्यपूर्ण स्थितियों में गायब हो गई, जबकि निहंगों की जीप पर उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर हमला किए जाने से एक निहंग सिंह घायल हो गया । कई अन्य स्थानों से वाहन, शस्त्र और अन्य बहुमूल्य सामान लूट लिए जाने का समाचार मिला है ।

मलोट के निकट उग्रवादियों और सी.आर.पी.एफ. के जवानों में हुई मुठभेड़ में सी.आर.पी.एफ. के तीन जवान घायल हो गए ।

पटियाला में अमृतसर के एक कपड़ा व्यापारी से पिस्तौल की नोक पर 80000 रुपए लूट लिये गए ।

### जमींदार की हत्या : दो गंभीर घायल

बटाला से कोछड़ और गुरदासपुर से विनोद के अनुसार शुक्रवार की रात को जिला गुरदासपुर में थाना कादियां के गांव लीलकलां में चार अज्ञात युवकों ने एक डेरे पर फ़ायरिंग करके एक साठ वर्षीय जमींदार अजीत सिंह की हत्या कर दी और उसके भाई दलीप सिंह व बेटे जोगिन्द्र सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया । घायलों को अमृतसर अस्पताल भेजा गया है । स्थानीय अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद शव उसके वारिसों को सौंप दिया गया ।

फ़ायरिंग करने के पश्चात् हत्यारों ने तूफान सिंह खालसा के नाम से स्वयं थाना कादियां में टैलीफोन करके हत्याकांड की जानकारी दी और कहा कि जो भी सिख युवकों का विरोध या उन पर अत्याचार करेगा, उनका यही हश्र होगा ।

इस सम्बन्ध में घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद जिला गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने पत्रकारों को बताया कि घटनास्थल से पुलिस को ए.के. 47 असाल्ट राइफल व .12 बोर राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं और लगता है कि हत्याकांड किराए के हत्यारों से करवाया गया है क्योंकि और कोई कारण नहीं मिला । श्री विरदी ने कहा कि मृतक के बेटे जोगा सिंह का पहले विवाह गांव हरचोवाल में हुआ था । उसने वह पत्नी छोड़ दी और दुबई चला गया । वहां से आकर कुछ दिन पहले उसने गांव माड़ी पन्नुआं में दूसरी शादी कर ली । रात्रि आकर हत्यारों ने उसके बारे में पूछा और उसे घसीट कर बाहर ले आए लेकिन वह किसी तरह बच कर भाग गया । अज्ञात युवकों ने मृतक की पत्नी व बहू को कुछ नहीं कहा ।

श्री विरदी के अनुसार इसी गांव में कुछ दिन पूर्व ही स्थापित की गई 'स्पैशल पुलिस' ने जब गांव से



*जिला गुरदासपुर के कादियां थानांतर्गत गांव लीलकलां में एक डेरे पर शुक्रवार रात को उग्रवादियों की फायरिंग में मारे गए जमींदार अजीत सिंह का शव ।* *(छाया : कोछड़)*

काफी दूर स्थित डेरे पर फ़ायरिंग की आवाज़ सुनी तो वह तुरंत फ़ायर करते हुए उधर गए लेकिन अज्ञात युवक फ़रार होने में सफल हो गए । श्री विरदी के अनुसार कादियां पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के जगराज सिंह, जसबीर सिंह व कुलवंत सिंह भोलेवाल के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर लिया है । क्षेत्र सील कर खोजबीन का काम बी.एस.एफ. व पुलिस कर रही है ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादियों की शिनाख्त जोगा सिंह निवासी बीमा खुड्डी, जसबीर सिंह निवासी समराय, कुलवंत सिंह निवासी भोलेवाल के रूप में की गई है । चौथे आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

'चौधरी' के अनुसार पुलिस का विचार है कि इस वारदात में जोगा सिंह के पहले ससुराल वालों का हाथ हो सकता है ।

### महिला की हत्या

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार उग्रवादियों ने कल रात गुरदासपुर सदर के गांव चूगोंवाल में अमरवती नामक महिला की उस समय हत्या कर दी, जब वह अपने पति देवी लाल की दुकान पर बैठी थी । उसका पति घर पर खाना खाने गया हुआ था । गांव के लोगों ने उसकी सूचना सरपंच को रात को ही दे दी, मगर आतंक के कारण किसी ने भी इसकी रिपोर्ट पुलिस को नहीं दी । प्रातः बी.एस.एफ. सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और अमरवती के शव को सिविल अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां उसका पोस्टमार्टम करके लाश वारिसों के हवाले कर दी है ।

विलम्ब से प्राप्त एक अन्य समाचार के अनुसार थाना काहनूवान में कुछ लोगों ने एक गांव भैणी मीयां खान की एक कपड़े की दुकान को आग लगा दी, जिससे सारा कपड़ा जल कर राख हो गया ।

### बंदूक, नकदी छीन ली

उग्रवादियों ने वीरवार की रात्रि को जिला

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

# दो परिवारों के 7 सदस्यों समेत 10 की हत्या

## 5 मौतें दो उग्रवादी ग्रुपों की आपसी प्रतिद्वंद्विता का परिणाम, 13 उग्रवादी गिरफ्तार, एक उग्रवादी हिरासत से फरार

चंडीगढ़, 14 फरवरी (ह.स.): उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में थाना कत्थूनंगल के गांव खैहराबाला चक, फत्तूभीला और बब्बोवाल तथा थाना सरहाली के गांव थोथियां में 10 लोगों की हत्या कर दी और एक महिला को घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार इनमें से पांच की हत्या उग्रवादी गुटों की आपसी शत्रुता का परिणाम है। सुरक्षा बलों ने आज प्रात: थाना वैरोवाल क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद चार दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि थाना लोपोके क्षेत्र में एक उग्रवादी हथकड़ियों सहित पुलिस हिरासत से भाग निकला। पुलिस व



सुरक्षा बलों ने जिला फरीदकोट से 7 और जिला गुरदासपुर से भी दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

**अमृतसर (अशोक)** : जिला अमृतसर के थाना कत्थूनंगल के तीन विभिन्न गांवों में गत रात उग्रवादियों ने तीन परिवारों के सात सदस्यों, जिनमें एक चार वर्षीय बच्ची अमनदीप कौर और एक पैरोल पर रिहा होकर आया कैदी गज्जन सिंह भी शामिल है, की हत्या कर दी। सभी मृतकों का किसी न किसी तरह से उग्रवादी गिरोहों से सम्बन्ध रहा है।

### चार की हत्या

इन हत्याकांडों के सम्बन्ध में जो विवरण प्राप्त हुए हैं, उनके अनुसार यह तीनों वारदातें 'खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स' के चार सदस्यों द्वारा गत रात साढ़े सात बजे और साढ़े 8 बजे मध्य की गईं। चारों उग्रवादियों के पास ए. के. 47 असाल्ट राइफलें थीं। सबसे पहले उग्रवादी खैहरा बाला चक में भूतपूर्व सरपंच अजैब सिंह के घर में घुसे। चार उग्रवादियों में से एक घर के बाहर खड़ा था जबकि तीन घर के अन्दर गए।

ये उग्रवादी घर वालों के परिचित थे, इसलिए घर वालों ने इन्हें बैठने के लिए कहा। पुलिस के अनुसार जिस समय यह हत्या कांड हुए, उस समय अजैब सिंह और उसका छोटा लड़का सुरजीत सिंह आंगन में बैठे हुए थे, जबकि अजैब सिंह का बड़ा लड़का हरजीत सिंह पाठ कर रहा था। हरजीत शादीशुदा था। बताया जाता है कि एक उग्रवादी ने सुरजीत सिंह पर उस समय गोलियां बरसाईं, जब वह घर का मुख्य द्वार बंद करने को था और उसने अपनी नन्हीं भतीजी अमन दीप कौर को बांहों में उठाया हुआ था। गोलियां लगने से सुरजीत और अमनदीप की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

इसी दौरान ही दो अन्य उग्रवादियों ने हरजीत सिंह और अजैब सिंह पर गोलियां चलाईं और दोनों को वहीं ढेर कर दिया। मृतक अजैब सिंह 60 वर्ष का था, जबकि उसका बड़ा लड़का हरजीत 28 वर्ष का था जबकि उसका छोटा लड़का सुरजीत 22 वर्ष का था। यह परिवार अमृतधारी सिख है।

### तीन की हत्या, एक घायल

इस हत्याकांड के बाद उग्रवादियों का यह गिरोह थाना कत्थूनंगल के ही गांव फत्तूभीला में जरनैल सिंह के घर पहुंचा और घर में घुस कर 60 वर्षीय जरनैल सिंह, उसके लड़कों 25 वर्षीय गज्जन सिंह व 12 वर्षीय दर्शन सिंह और जरनैल सिंह की पत्नी भजन कौर पर गोलियां चलाईं, जिससे बाप और बेटे तो घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए। घायल भजन कौर को अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

55 वर्षीय भजन कौर की छाती में दाईं ओर गोली लगी है। इस परिवार के सदस्यों की हत्या का कारण पुलिस ने आपसी दुश्मनी बताया और कहा कि ये हत्याएं उग्रवादियों को पैसे देकर कराई गईं।

एस.पी. डिटैक्टिव ने बताया कि मृतक जरनैल सिंह और उसका लड़का दो अलग-अलग हत्या के केसों में उम्रकैदी थे। जरनैल सिंह तो अपने भतीजे दिलबाग सिंह की हत्या में उम्रकैद काट कर आया हुआ था, जबकि उसका लड़का गज्जन सिंह अपने दूसरे चाचा बख्शीश सिंह की हत्या के केस में उम्र कैद काट रहा था और दो मास की पैरोल पर रिहा हो कर आया हुआ था।

तीसरी घटना गांव बब्बोवाल की है, जहां इसी उग्रवादी गिरोह ने दिलबाग सिंह नामक एक युवक की गोलियां मार कर हत्या कर दी। मृतक की आयु 26 वर्ष बताई गई है।

### टक्कर खालसा के सदस्य की हत्या

एस.पी. डिटैक्टिव ने बताया कि मृतक दिलबाग सिंह गांव खैहरा बाला चक में मारे गए सुरजीत सिंह के उग्रवादी गिरोह 'टक्कर खालसा' का सदस्य था। उन्होंने बताया कि 'टक्कर खालसा' गिरोह का सरगना सुरजीत सिंह था और इस गिरोह के कुल 12 सदस्य थे जिनमें से 10 पुलिस द्वारा पहले ही पकड़े जा चुके हैं और दो सदस्य अब खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित उग्रवादियों ने मार दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने 10 डकैतियां और तीन हत्याएं की हैं।


एस.पी. डिटैक्टिव ने बताया कि पुलिस को जरनैल सिंह के घर से एक पत्र भी मिला है, जिसमें खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के जनरल सुरजीत सिंह झामके ने हत्याओं का कारण मृतकों का पुलिस के मुखबिर होना बताया।

'वार्ता' व 'हस' के अनुसार मृतक अजैब सिंह और उसके लड़कों की हत्या गांव शेरांवाली में हुई

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अमृतसर के थाना कत्थू नंगल के गांव खैहरा बाला चक में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । (चित्र 1 से 4) भूतपूर्व सरपंच अजैब सिंह, सुरजीत सिंह, हरजीत सिंह तथा तीन वर्षीय बच्ची अमनदीप के शव,(5, 6) कमरे के अंदर तथा बाहर फैला खून,(7, 8, 9) मृतकों की शोकग्रस्त विधवाएं और सम्बन्धी ।



(1) गांव बब्बोवाल के दिलबाग सिंह का शव और (2, 3, 4) गांव फत्तू भीला के गजन सिंह, 14 वर्ष के लड़के दर्शन और जरनैल के शव (5, 6) गिरा हुआ खून तथा गोली का निशान (7, 8) शोक ग्रस्त सम्बन्धी ।

# दो परिवारों के 7 सदस्यों समेत 10 की हत्या

## 5 मौतें दो उग्रवादी ग्रुपों की आपसी प्रतिद्वंद्विता का परिणाम, 13 उग्रवादी गिरफ्तार, एक उग्रवादी हिरासत से फरार

चंडीगढ़, 14 फरवरी (ह.स.): उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में थाना कत्थूनंगल के गांव खैहराबाला चक, फत्तूभीला और बब्बोवाल तथा

सुरक्षा बलों ने जिला फरीदकोट से 7 और जिला गुरदासपुर से भी दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की ।

सुरजीत सिंह पर उस समय गोलियां बरसाईं,जब वह घर का मुख्य द्वार बंद करने को था और उसने अपनी नन्हीं भतीजी अमन दीप कौर को बांहों में उठाया

दिलबाग सिंह की हत्या में उम्रकैद काट कर आया हुआ था,जबकि उसका लड़का गज्जन सिंह अपने चाचा बख्शीश सिंह की हत्या के केस में उम्र

है ।

**ऋषिकेश से अपहरण**

अन्तिम चार व्यक्तियों का उग्रवादी लाल रंग की मारुति वैन में ऋषिकेश से अपहरण करके यहां लाए थे । यहां उनकी हत्या की जानी थी । ये सभी टिहरी गढ़वाल के निवासी हैं । मारुति वैन का नम्बर डी.डी.वी. 4131 है ।

**फार्म हाउस का मालिक गिरफ्तार**

एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने फार्म हाउस के मालिक गुरमीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । जांच से पता चला है कि इन उग्रवादियों की गांव रमाना चक्क में एक ही समुदाय के लोगों की व्यापक स्तर पर हत्या करने की योजना थी ।

**बंदूक छीन कर ले गए**

बटाला से चौधरी के अनुसार डेरा बाबा नानक थाना गांव शाहपुर जाजन से कुछ उग्रवादी एक व्यक्ति अमर सिंह के मकान से पिस्तौल की नोक पर 12 बोर की एक नाली बंदूक और 2 कारतूस छीन कर ले गए ।

**8500 रुपए छीने**

**बटाला (कोछड़):** थाना काहनूवान के गांव भैणी मिलवां में तीन उग्रवादियों ने एक दुकानदार रत्न लाल से 8500 रुपए छीन लिए और जाते हुए उसे गोली मार कर घायल कर गए । उसे गुरदासपुर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

**पाक घुसपैठिया मारा गया**

**जलालाबाद (मलिक):** गत रात्रि जलालाबाद सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया मारा गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुये पाकिस्तान भाग गया । बताया जाता है कि गत रात्रि यहां से 35 किलोमीटर दूर भारत-पाकिस्तान सीमा पर पट्टी नं. 3 पर सीमा सुरक्षा बल की 28वीं बटालियन के जवानों ने नाकाबंदी कर रखी थी कि रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे 2 पाकिस्तानी घुसपैठिये भारत की सीमा में घुस आए । नाकापार्टी के जवानों ने यह देख कर उन्हें ललकारा । इस पर पाकिस्तानी घुसपैठियों ने फ़ायरिंग करनी शुरू कर दी । भारतीय सीमा सुरक्षा बल द्वारा की गई जवाबी फ़ायरिंग से एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया, मृत पाकिस्तानी की जेब से 10 रुपए का एक पाकिस्तानी नोट बरामद हुआ है । इस घटना के संबंध में थाना फाज़िल्का में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है और घुसपैठिये का पोस्टमार्टम करवाया गया है ।

**2 रिवाल्वर व स्कूटर छीना**

**भटिंडा (ग्रोवर, भुल्लर):** उग्रवादियों ने गत 48 घंटों के दौरान जिला भटिंडा में 32 बोर के दो रिवाल्वर और एक वेस्पा स्कूटर छीन लिया । यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गांव पक्काकलां और गांव जस्सी प बाली में 32 बोर के रिवाल्वर और गांव जलाल के निकट सुरिन्दर पाल नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

**दो ए. के.-47 असाल्ट राइफलें बरामद**

**फरीदकोट (गुप्ता, सर्व, आज़ाद):** गत दिवस मलोट पुलिस स्टेशन के गांव रानीवाला के निकट सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में हुई मुठभेड़ में सी.आर.पी. की 26 बटालियन के जवान मुहम्मद हनीफ खान की मृत्यु हो गई थी और तीन अन्य जवान घायल हो गए थे । इसी मुठभेड़ में जमा 'बी' श्रेणी का उग्रवादी हरजिन्दर सिंह उर्फ जगराज सिंह मारा गया था । वह हत्या के दो दर्जन केसों में वांछित था ।

भी समस्या बंदूक की नोक पर या काले कानून बना कर हल नहीं की जा सकती ।

इससे पूर्व एक पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि जब से आप जेल से रिहा होकर आए हैं, तब से पंजाब में हिंसा एवं रक्तपात बढ़ गया है । श्री बादल ने उत्तर दिया कि जबसे रे और रिबैरो आए हैं, उनकी शत्रुता के कारण पंजाब में उग्रवाद में वृद्धि हुई है ।

पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि आप अमृतसर जाकर भी दरबार साहब में माथा टेकने नहीं गए, क्या आप उग्रवादियों से डरते हैं ? श्री बादल हंस कर उत्तर टाल गए ।

## घीसिंग कल दिल्ली आएंगे

नई दिल्ली, 14 फरवरी : गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के अध्यक्ष सुभाष घीसिंग मंगलवार को यहां आने वाले हैं । मोर्चे के साथ बातचीत में गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रतिनिधि इंदरजीत ने आज कहा कि श्री घीसिंग ने इस समाचार को अफवाह बताया है कि वह नेपाल गये हैं ।

**पर्वतारोहण संस्था को आग**

**दार्जिलिंग :** गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के कार्यकर्त्ताओं ने आज यहां हिमालय पर्वतारोहण संस्थान के भवन में आग लगा दी । दार्जिलिंग के जिलाधिकारी डी.पी. पात्रे ने बताया कि इससे इमारत को कुछ नुक्सान पहुंचा है ।

उन्होंने बताया कि कल सिंगला बाज़ार के पास गोरखा मोर्चे और मार्क्सवादी कार्यकर्त्ताओं के बीच हुए संघर्ष में एक व्यक्ति घायल हो गया । मोर्चे द्वारा आहूत चालीस दिन के बंद का आज पांचवां दिन था । आज बंद का ज्यादा असर नहीं हुआ ।

गोरखा नैशनल लिबरेशन फ्रंट द्वारा आयोजित 40 दिन के बंद के आह्वान के 5वें दिन आज यहां सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच हुए सशस्त्र संघर्ष में फ्रंट के दो उग्रवादी मारे गए तथा 4 व्यक्ति घायल हो गए । घायलों में सुरक्षा बल के दो जवान भी शामिल हैं । इसके अलावा जिले के दो वरिष्ठ अधिकारी बाल-बाल बच गए । कुर्सियांग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रणजीत कुमार पचनन्द गयावाड़ी में और कालिम्पोंग के सब- डिवीजनल आफ़िसर संजीव चोपड़ा अल्गारह में उस समय बाल-बाल बच गए जब उग्रवादियों ने उनके वाहनों पर आग्नेयास्त्र और बमों से हमला किया ।

उग्रवादियों ने कालिम्पोंग और सिलीगुड़ी के बीच एक पुल को उड़ा कर यातायात में व्यवधान डाल दिया । उन्होंने कम से कम छः सरकारी भवनों को नष्ट कर दिया और दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और कुर्सियांग सब-डिवीजनों में एक सौ से अधिक बम विस्फोट किए ।

## हत्यारों के सिर कलम किए

रियाद, 14 फरवरी : हत्या के अपराधी पाए गए पांच व्यक्तियों के सऊदी अरब में सार्वजनिक तौर पर सिर कलम कर दिए गए । सऊदी अरब उन मुस्लिम देशों में एक है जहां शरीयत के अनुसार कठोर सजाएं दी जाती हैं जिनमें हत्यारों के सिर काटना, व्यभिचार करने वालों को पत्थर मार कर मार डालना तथा चोरों के हाथ काट देना शामिल है ।

## दो गुटों के झगड़े में 1 मरा

जालन्धर, 14 फरवरी : आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डरौली कलां में कल रात्रि दो गुटों में हुए संघर्ष में शिगारा सिंह नामक एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसकी बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

# उग्रवादियों द्वारा महिला सहित 6 की हत्या, राजपुरा में डाकघर से 2 लाख रुपए लूटे

**गुरदासपुर के गांव औलख बेरियां में खाकी वर्दीधारी आतंकवादियों ने घरों में घुसकर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, अमृतसर में पैट्रोल पंप पर फायरिंग, 2 घायल**

**डाकघर के कैशियर की हत्या : जालंधर में एक विधवा को मार डाला : पंजाब एंड सिंध बैंक के महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारियों को धमकी भरे पत्र**

चंडीगढ़, 31 दिसम्बर (वा.,. ह.स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि पंजाब में दो विभिन्न स्थानों में पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक डाक घर को लूट लिया । मृतकों में डाक घर का कैशियर भी शामिल है । एक सरकारी बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को उग्रवादियों की ओर से धमकी भरे पत्र मिले हैं ।

जालन्धर के निकटवर्ती गढ़ा गांव में गत रात्रि कुछ सशस्त्र लुटेरों ने एक विधवा की गला घोंटकर हत्या कर दी ।

### 4 व्यक्तियों की हत्या : बंदूक लूटी

गुरदासपुर (विनोद, कोछड़): बीती रात 6 अज्ञात आतंकवादियों ने काहनुवान थाने के अन्तर्गत गांव औलख बेरियां में चार व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक औरत को ज़ख्मी कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात लगभग 8.30 बजे 6 अज्ञात आतंकवादी, जो कि स्टेनगन, रिवाल्वर और बंदूकों से लैस थे, गांव औलख बेरियां में आए और उन्होंने गांव की एक गली, जहां अधिकतर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग रहते हैं, में स्थित घरों में घुस कर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, जिससे मेला राम (55), मुलखराज (45) दोनों भाई, अजीत लाल (28) और सरवन कुमार (22) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मृतक अजीत लाल की पत्नी शोभा रानी ज़ख्मी हो गई । श्रीमती शोभा रानी को हरचोवाल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सभी मृतक गरीब परिवारों से सम्बन्धित हैं । कुछ अन्य परिवार के लोगों ने दीवारें फांद कर भाग कर अपनी जान बचाई । आतंकवादियों ने घरों में घुस कर नाम ले लेकर हत्याएं कीं ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि कुछ गांव वालों के अनसार सभी आतंकवादियों ने सीमा सुरक्षा बल की वर्दियां पहन रखी थीं । सभी आतंकवादियों की आयु 20 से 25 वर्ष थी ।

श्री बिरदी ने बताया कि खाकी वर्दियां पहनकर आतंकवादियों ने 29-30 दिसम्बर की रात को बटाला सदर के गांव कीड़ी-अफगाना में हरभजन सिंह नामक व्यक्ति से उसकी 315 बोर की बंदूक भी लूटी थी और यही बंदूक बीती रात हुए कांड में भी प्रयोग की गई । बंदूक लूटने वाले आतंकवादियों की संख्या भी छः ही थी ।

श्री बिरदी के अनुसार आतंकवादियों के एक विशेष ग्रुप ने सीमा सुरक्षा बल तथा पंजाब पुलिस की वर्दियां पहनकर वारदातें करनी शुरू की है । आतंकवादियों की खोज में पुलिस अधीक्षक श्री एच.एस. काहलों के नेतृत्व में सारे क्षेत्र में छापे मारे जा रहे हैं ।

गत रात्रि में 4-5 सशस्त्र उग्रवादियों ने डेरा बाबा नानक थाने के अन्तर्गत गांव अरली भानसिंह गांव में एक व्यक्ति बीरसिंह के घर से नकदी व सोने के आभूषण लूट लिए ।

### डाक घर लूटा : कैशियार की हत्या

राजपुरा (मासूम): आज प्रातः राजपुरा के मुख्य डाक घर में तीन उग्रवादियों ने डाक घर से दो लाख रुपए लूट लिए तथा जाते समय वे डाक खाने के खज़ान्ची की हत्या कर गए । बताया जाता है कि पिस्तौलों व स्टेनगनों से लैस उग्रवादी प्रातः 7.30 बजे डाक घर में घुसे । उन्होंने डाकखाने में उस समय उपस्थित तीन कर्मचारियों हरिसिंह, राधे श्याम तथा गुरनाम सिंह को एक ओर खड़े होने के

(शेष पृष्ठ 10 पर)



*ज़िला गुरदासपुर में काहनुवान थाने के अंतर्गत गांव औलख बेरिया में 6 अज्ञात आतंकवादियों की अंधाधुंध फायरिंग में मारे गए (1) मेला राम, (2) मुलख राज, (3) सरवन कुमार और (4) अजीत लाल, (5) घटनास्थल पर बिखरा खून जहां मेला राम और मुलख राज दोनों भाइयों की हत्या की गई, (6) शोकग्रस्त परिवार की महिलाएं ।* (छाया : विनोद)

## उग्रवादियों का मुख्य उद्देश्य धन लूटना, वे किसी सम्प्रदाय विशेष के विरुद्ध नहीं : आलम

अमृतसर, 31 दिसम्बर (ह.स.) जिला अमृतसर के पुलिस अधीक्षक श्री इज़हार आलम ने कहा है कि पंजाब में जारी उग्रवाद किसी विशेष समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि उग्रवादियों का मुख्य उद्देश्य धन लूटना या बलपूर्वक छीनना है । उन्होंने कहा कि गत वर्ष के दौरान जिला अमृतसर में हुए अपराधों के आंकड़े यह संकेत करते हैं ।


एक भेंट में श्री आलम ने कहा कि उग्रवादियों की गतिविधियों के बढ़ने के कारण अमृतसर जिला सारा वर्ष समाचारों में छाया रहा । लेकिन पंजाब से बाहर के राज्यों में बनी धारणा के विपरीत उग्रवादियों ने हत्याएं अंधाधुंध कीं । गए कुल 373 व्यक्तियों में से 273 अर्थात् 65% सिख थे, जबकि शेष दूसरे समुदायों के । गत वर्ष के दौरान उग्रवादियों ने जिले में कुल 281 व्यक्तियों की हत्या की ।

श्री आलम ने कहा कि निर्दोष सिखों की हत्याओं ने उग्रवादियों के असली चेहरे को अनावृत्त कर दिया है, जो स्वयं को सिख हितों का वास्तविक प्रतिनिधि कहते हैं । उग्रवादियों और डकैती की 80% घटनाएं सिखों के घरों में ही की गईं । गत वर्ष के दौरान जिले में उग्रवादियों द्वारा डकैती की 82 और लूटमार की 198 वारदातें की गईं । उग्रवादियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों की कारगुजारी पर टिप्पणी करते

# ज़िला अमृतसर में 2 व्यक्तियों की हत्या : 2 लापता युवकों की लाशें नहर से मिलीं

## दो खोखों को आग लगाई गई : झब्बाल के निकट सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला

## चीमा बाठ हत्याकांड की योजना दरबार साहब में बनी



उग्रवादियों द्वारा जिला अमृतसर के ब्यास थानांतर्गत गांव जोधे में शुक्रवार रात को मारे गए (1 से 3) तीन भाइयों केवल कृष्ण, कुलदीप राम और चरणजीत तथा एक अन्य व्यक्ति (4) अमरनाथ के शव (छाया : प्यारे), (इन्सैट मृतकों के पुराने चित्र), (5) मारे गए तीनों भाइयों के मां-बाप विलाप करते हुए । (छाया : जसपाल रैय्या)

चंडीगढ़, 2 जनवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से अब तक दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई । दोनों ही वारदातें जिला अमृतसर में हुई । बाबा बकाला के निकट कल अपहृत दो युवकों की लाशें नहर में से बरामद हुई । दो खोखों को आग लगा दी गई जबकि झब्बाल क्षेत्र में सुरक्षा बलों तथा उग्रवादियों के मध्य भिड़ंत हुई । अमृतसर पुलिस का कहना है कि चीमा बाठ हत्या कांड की योजना दरबार साहब में बनी । जींद के निकट 41375 रुपए लूटे गए ।

### वेतन लूट लिया

**नरवाना (जगदीश गुप्ता):** जींद से 6 किलो मीटर दूर गांव गोसाईं खेड़ा के निकट सामलो कलां स्कूल के एक अध्यापक तथा एक क्लर्क, जो कि अध्यापकों का वेतन लेकर आ रहे थे, से कार सवार चार व्यक्ति 41375 रुपए 5 पैसे लूट कर फरार हो गए । ज्ञात हुआ है कि अध्यापक महावीर तथा क्लर्क तेलू राम के स्कूटर को लुटेरों ने उस समय कार की टक्कर मार कर रास्ते में रोक लिया जबकि वे रुपए लेकर लौट रहे थे । पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि लुटेरों की कार पर आगे की ओर कोई नम्बर प्लेट नहीं थी जबकि कार के नीचे एच.वाईआर. 864 नम्बर लिखा था । लुटेरों की आयु 25-30 वर्ष के बीच थी । उन्होंने बताया कि ऐसी ही एक वारदात जिला रोहतक में होने की भी सूचना है ।

### संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार

**करतारपुर (साहनी):** आज स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति महिन्द्र सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह, जो कि गांव चीमा खुड्डी थाना श्रीहरगोबिन्दपुर जिला गुरदासपुर का रहने वाला बताया जाता है, को हिरासत में लिया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार अभियुक्त महिन्द्र सिंह ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने अपने दो साथियों जगराज सिंह तथा जसबीर सिंह निवासी गांव समराय जिला गुरदासपुर के साथ क्षेत्र करतारपुर में कई वारदातें की हैं जिनमें 13.9.87 को गांव सरमस्तपुर में नम्बरदार करतार सिंह की गोली मारकर हत्या तथा उसकी 12 बोर की दोनाली राइफल, नकदी तथा आभूषण लूटना, गांव रजब से रिवाल्वर छीनना आदि शामिल है । बताया जाता है कि इसके दोनों साथी अभी फरार हैं । पुलिस ने अभियुक्त महिन्द्र सिंह से एक दोनाली राइफल, थ्रीनाट थ्री की पिस्तौल, गोली सिक्का तथा 315 की राइफल बरामद की है । पुलिस द्वारा अभियुक्त का और पूछताछ के लिए अदालत से रिमांड प्राप्त कर लिया गया है ।

एक अन्य समाचार के अनुसार स्थानीय पुलिस ने गश्त के दौरान गांव अलीखेला के समीप एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा । जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक किलो अफीम बरामद हुई । इसका नाम भाग राम उर्फ भागू वासी गांव बड़ा पिंड थाना गोराया बताया जाता है ।

### स्कूल, कालेज बंद

**फगवाड़ा (खोसला) :** कपूरथला के जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला भर के स्कूल, कालेज, आई.टी.आई., पालीटैक्निक 4 जनवरी को बंद रखने का आदेश दिया है । यह निर्णय 4 जनवरी को कपूरथला में संयुक्त अकाली दल की ओर से दिए जा रहे धरने के दृष्टिगत किया गया है ।

### रात को बसें नहीं चलेंगी

**लुधियाना (महिन्द्रा):** जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने आज एक आदेश द्वारा टूरिस्ट व प्राइवेट बसों के चलने के समय निर्धारित किए हैं । आदेश के अनुसार लुधियाना में बसें रात्रि साढ़े सात बजे से छः बजे प्रातः तक नहीं चल सकेंगी । यह आदेश तत्काल लागू होगा तथा अगले आदेश की घोषणा तक जारी रहेगा ।

### मोटर साइकल छीना

**होशियारपुर (वार्ता):** गत सायं थाना बलाचौर के गांव गुलपुर के निकट तीन उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से बंदूक की नोक पर उसका मोटर साइकल छीन लिया । उक्त व्यक्ति रघुवीर सिंह गांव साधराम जा रहा था ।

### स्कूटर छीना

**जालन्धर (वार्ता):** आज बाद दोपहर जिला जालन्धर के थाना नूरमहल के गांव कंगनीवाल के करीब रामामंडी के निवासी मनजीत सिंह से दो युवकों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

### उग्रवादी स्कूटर छोड़ कर फरार

जालन्धर के आदर्शनगर बाजार में तीन उग्रवादियों ने एक सीमैंट विक्रेता को लूटने का प्रयास किया, पर अन्य दुकानदारों ने उन्हें भगा दिया । तीन उग्रवादियों ने सीमैंट विक्रेता की दुकान में घुस कर उससे नकदी मांगी, पर दुकानदार ने शोर मचा दिया । इस पर पड़ौसी दुकानदार आ गए तो उग्रवादी अपना स्कूटर वहीं छोड़ कर फरार हो गए ।

### गोली मार कर हत्या

**अमृतसर (वि.प्र.):** आतंकवादियों ने गत आधी रात को ख्यांलाखुर्द ग्राम में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । यह ग्राम लोपोके पुलिस थाना के तहत है । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी शमीर सिंह के मकान में जबरदस्ती घुस गए थे । मकान में घुसने के बाद उन्होंने शमीर सिंह को गोली मार दी ।

इसी बीच पुलिस का ख्याल है कि शमीर सिंह की हत्या खालिस्तान कमांडो फोर्स के उग्रवादियों ने की है । पुलिस ने बताया कि शमीर सिंह के.सी.एफ. के 'ए' श्रेणी उग्रवादी दिलबाग सिंह का बाप था ।

### बंदूक न देने पर हत्या

उग्रवादियों ने खालड़ा थाने के अन्तर्गत माढी गांव के तेजा सिंह के घर में घुस कर उससे बंदूक मांगी । तेजा सिंह के भाई द्वारा शोर मचा देने पर उन्होंने उसके भाई की हत्या कर दी ।

### दो खोखे जला दिए

पुलिस ने बताया कि थाना लोपोके के अन्तर्गत

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## बेटों के त्यागपत्र से देवी लाल की छवि सुधरने की अपेक्षा दाव पर लग गई

चंडीगढ़, 2 जनवरी (संघी): हरियाणा लोकदल (ब) के प्रधान श्री ओम प्रकाश चौटाला तथा श्री रणजीत सिंह विधायक के त्यागपत्र का मामला मुख्यमंत्री श्री देवी लाल की छवि में सुधार लाने की

कई मंत्री, विधायक व कार्यकर्त्ता श्री देवी लाल से ये त्यागपत्र स्वीकार न होने देने का अनुरोध कर चुके हैं । ज्ञात हुआ है कि गत वीरवार को यह मांग लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जब श्री देवी लाल के पास

## जिला अमृतसर में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कोहाली के बस स्टैंड पर गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने दो खोखे जला दिए । पुलिस के अनुसार कुछ युवकों ने नाई व मीट की दुकानों को मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी तथा भाग गए । दोनों खोखे भस्म हो गए ।

### घात लगाकर हमला

गत रात ही थाना झब्बाल के अन्तर्गत गुरुद्वारा बीर बाबा बुड्ढा साहब के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया । सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की । दस मिनट तक चले मुकाबले में दोनों ओर एक सौ से ज्यादा गोलियां चलीं लेकिन कोई घायल नहीं हुआ ।

### योजना दरबार साहब में बनी

गत रात्रि जिला अमृतसर के गांव चीमा बाठ थाना ब्यास में एक जमींदार भीरा सिंह के परिवार के 9 सदस्यों की उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या के बारे में जिला के पुलिस प्रमुख श्री हज़हार आलम द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस हत्या कांड की योजना दरबार साहब में तैयार की गई थी क्योंकि एक वर्ष पहले मारे गए आतंकवादी हीरा सिंह जो कि बब्बर खालसा से सम्बन्ध रखता था, की पत्नी कुलदीप कौर ने पुलिस को बताया कि उसकी सास घटना से एक दिन पहले दरबार साहब में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सरगना अवतार सिंह ब्रह्मा से मिली थी और उसकी ब्रह्मा से कुछ बातचीत हुई थी । श्री आलम ने बताया कि कुलदीप कौर के बयान के अनुसार उसकी सास अवतार सिंह ब्रह्मा ग्रुप के उग्रवादियों को अपने घर में पनाह भी देती रही है और ब्रह्मा ने बदले में उसकी सास को गांव पधारी में 'शामलात' से पांच एकड़ जमीन भी प्राप्त करके दी है ।

### हत्या कांड का विवरण

रैया से 'जसपाल' के अनुसार थाना ब्यास के गांव जोधे में उग्रवादियों द्वारा तीन भाइयों की हत्या का ब्यौरा मिला है । मारे गए तीन भाइयों में से एक केवल कृष्ण गांव जोधे से एक मील दूर गांव गाजीवाल में दुकान चलाता था । गत सायं उग्रवादियों ने सायं 6 बजे के लगभग उसकी दुकान पर जाकर उसकी हत्या कर दी । यह उग्रवादी पिस्तौलों व आटोमैटिक हथियारों से लैस थे । इसके बाद यह उग्रवादी गांव जोधे पहुंचे तथा गांव के बाहर सिविल अस्पताल के निकट केवल कृष्ण के भाई कुलदीप राज की गोलियां मारकर हत्या की । कुलदीप राज की निकटवर्ती गांव बुताला में दुकान थी । वारदात की रात वह अपनी दुकान बंद करके गांव वापस आ रहा था ।

इसके बाद यह उग्रवादी केवल कृष्ण व कुलदीप राज के भाई चरणजीत की दुकान पर पहुंचे तथा उसकी भी गोली मारकर हत्या कर दी । चरणजीत की मां ने बताया कि उसने अपने बेटे की ज़िंदगी बख्श देने के लिए हत्यारों की बहुत मिन्नत-समाजत की लेकिन उन्होंने उसकी एक न सुनी तथा उसके बेटे को उसकी आंखों के सामने ही मार डाला । इसके बाद यह उग्रवादी गांव जोधे के एक और ब्राह्मण परिवार लक्ष्मण दास के घर पहुंचे तथा उसके लड़के अमर नाथ की गोलियां मारकर हत्या कर दी । अमरनाथ की विधवा श्रीमती कमला ने बताया कि गांव में गोलियां चलने की आवाज सुनकर उसका पति दरवाजे बंद करके अन्दर जाकर बैठ गया लेकिन उग्रवादियों ने घर के दरवाजे तोड़ डाले तथा उसके पति को मार डाला । इस फायरिंग में अमरनाथ की 17 वर्षीय बहन सुरिन्दर देवी तथा 7 वर्षीय पुत्री गीता कुमारी गम्भीर रूप से घायल हो गई जिन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

गांव जोधे के जिन तीन सगे भाइयों की हत्या की गई है, उनका एक और भाई पवन कुमार है जो किसी तरह उग्रवादियों के हाथों बच गया । पवन कुमार अपाहिज है तथा उसका बायां बाज़ू कटा हुआ है । वारदात की सूचना मिलने पर सी.आर.पी. की सैंट्रल कमान के चीफ श्री भाटिया तथा डी.एस.पी. यादव मौका पर पहुंचे । पुलिस का कहना है कि इस हत्या कांड में शामिल उग्रवादियों की पहचान कर ली गई है जो कि इसी क्षेत्र के हैं तथा कई वारदातों में उनकी तलाश है ।

### अपहृत युवकों की लाशें मिलीं

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार उग्रवादियों के खतरनाक गिरोह की ओर से गत दिवस जिन दो युवकों राजेन्द्र कुमार पुत्र चमन लाल तथा डिम्पल मोहन का अपहरण किया गया था, उनकी लाशें थाना वैरोवाल के गांव खोजकीपुर के बाहर नहर में से मिल गई हैं । दोनों की गोलियां मारकर हत्या की गई है । इन उग्रवादियों की ओर से युवकों का अपहरण करने के लिए प्रयुक्त किए गए मोटर साइकल तथा स्कूटर भी मिल गए हैं । यह मोटर साइकल तथा स्कूटर चोरी के हैं ।

### वे आतंकवादी नहीं थे

आतंकवादियों ने झंडूपुर के राजिन्दर कुमार और खलचियां के नरिन्दर मोहन का अपहरण करके दोनों की हत्या कर दी । इन दोनों की हत्या को वैरोवाल थाने में पहले आतंकवादियों के गुटों की आपसी मुठभेड़ में दो आतंकवादियों की मौत माना जा रहा था । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने इन दोनों को अगवा करके इनकी हत्या कर दी । कल यह खबर दी गई थी कि अलग-अलग आतंकवादी गतिविधियों में दो आतंकवादियों सहित 19 व्यक्ति मारे गए ।

## गुमशुदा की तलाश

Punjabi Sanatani

मिनट तक चले मुकाबले में दोनों ओर एक सौ से ज्यादा गोलियां चलीं लेकिन कोई घायल नहीं हुआ ।

**योजना दरबार साहब में बनी**

गत रात्रि जिला अमृतसर के गांव चीमा बाठ थाना ब्यास में एक जमींदार भीरा सिंह के परिवार के 9 सदस्यों की उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या के बारे में जिला के पुलिस प्रमुख श्री इज़्हार आलम द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस हत्या कांड की योजना दरबार साहब में तैयार की गई थी क्योंकि एक वर्ष पहले मारे गए आतंकवादी हीरा सिंह जो कि बब्बर खालसा से सम्बन्ध रखता था, की पत्नी कुलदीप कौर ने पुलिस को बताया कि उसकी सास घटना से एक दिन पहले दरबार साहब में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सरगना अवतार सिंह ब्रह्मा से मिली थी और उसकी ब्रह्मा से कुछ बातचीत हुई थी । श्री आलम ने बताया कि कुलदीप कौर के बयान के अनुसार उसकी सास अवतार सिंह ब्रह्मा ग्रुप के उग्रवादियों को अपने घर में पनाह भी देती रही है और ब्रह्मा ने बदले में उसकी सास को गांव पधारी में 'शामलात' से पांच एकड़ जमीन भी प्राप्त करके दी है ।

**हत्या कांड का विवरण**

रैया से 'जसपाल' के अनुसार थाना ब्यास के गांव जोधे में उग्रवादियों द्वारा तीन भाइयों की हत्या का ब्यौरा मिला है । मारे गए तीन भाइयों में से एक केवल कृष्ण गांव जोधे से एक मील दूर गांव गाजीवाल में दुकान चलाता था । गत सायं उग्रवादियों ने सायं 6 बजे के लगभग उसकी दुकान पर जाकर उसकी हत्या कर दी । यह उग्रवादी पिस्तौलों व आटोमैटिक हथियारों से लैस थे । इसके बाद यह उग्रवादी गांव जोधे पहुंचे तथा गांव के बाहर सिविल अस्पताल के निकट केवल कृष्ण के भाई कुलदीप राज की गोलियां मारकर हत्या की । कुलदीप राज की निकटवर्ती गांव बहाला में दुकान थी । वारदात की रात वह अपनी दुकान बंद करके उसका पति दरवाजे बंद करके अन्दर जाकर बैठ गया लेकिन उग्रवादियों ने घर के दरवाजे तोड़ डाले तथा उसके पति को मार डाला । इस फायरिंग में अमरनाथ की 17 वर्षीय बहन सुरिन्दर देवी तथा 7 वर्षीय पुत्री गीता कुमारी गम्भीर रूप से घायल हो गई जिन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

गांव जोधे के जिन तीन सगे भाइयों की हत्या की गई है, उनका एक और भाई पवन कुमार है जो किसी तरह उग्रवादियों के हाथों बच गया । पवन कुमार अपाहिज है तथा उसका बायां बाजू कटा हुआ है । वारदात की सूचना मिलने पर सी.आर.पी. की सैंट्रल कमान के चीफ श्री भाटिया तथा डी.एस.पी. यादव मौका पर पहुंचे । पुलिस का कहना है कि इस हत्या कांड में शामिल उग्रवादियों की पहचान कर ली गई है जो कि इसी क्षेत्र के हैं तथा कई वारदातों में उनकी तलाश है ।

**अपहृत युवकों की लाशें मिलीं**

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार उग्रवादियों के खतरनाक गिरोह की ओर से गत दिवस जिन दो युवकों राजेन्द्र कुमार पुत्र चमन लाल तथा डिम्पल मोहन का अपहरण किया गया था, उनकी लाशें थाना वैरोवाल के गांव खोजकीपुर के बाहर नहर में से मिल गई हैं । दोनों की गोलियां मारकर हत्या की गई है । इन उग्रवादियों की ओर से युवकों का अपहरण करने के लिए प्रयुक्त किए गए मोटर साइकल तथा स्कूटर भी मिल गए हैं । यह मोटर साइकल तथा स्कूटर चोरी के हैं ।

**वे आतंकवादी नहीं थे**

आतंकवादियों ने झंडुपुर के राजिन्दर कुमार और खलचियां के नरिन्दर मोहन का अपहरण करके दोनों की हत्या कर दी । इन दोनों की हत्या को वैरोवाल थाने में पहले आतंकवादियों के गुटों की आपसी मुठभेड़ में दो आतंकवादियों की मौत माना जा रहा था । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने इन दोनों को अगवा करके इनकी हत्या कर दी । कल यह खबर दी गई थी कि अलग-अलग आतंकवादी गतिविधियों में दो आतंकवादियों सहित 19 व्यक्ति मारे गए ।

**पुलिस अधिकारियों की बैठक**

अमृतसर जिले में पिछले दो दिनों में हुई हिंसा की ताजा वारदातों के दृष्टिगत पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.) के वरिष्ठ अधिकारियों की आज यहां आपात बैठक बुलाई गई । 31 दिसम्बर की रात और एक जनवरी को जिले में हुई विभिन्न आतंकवादी वारदातों में कम से कम 17 व्यक्ति मारे गए । सी.आर.पी. के उपमहानिरीक्षक एस.एस. विर्क ने बताया कि पुलिस मुखबिरों के खिलाफ आतंकवादियों द्वारा अपनाए गए रुख को देखते हुए मुखबिरों की सुरक्षा के इन्तजाम किए जा रहे हैं ।

इस बीच जिले में सुरक्षा इन्तजाम कड़े कर दिए गए हैं और गश्त बढ़ा दी गई है । सी.आर.पी. के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा को और कड़ा करने के लिहाज से बल की कुछ और टुकड़ियां तैनात की जा रही हैं । अमृतसर में इस समय सी.आर.पी. की 72 टुकड़ियां और पंजाब भर में 232 टुकड़ियां तैनात हैं ।

**स्कूटर मिल गए**

संघी ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि पंचकूला में दो उग्रवादियों ने गत दो दिनों के दौरान एक आभूषणों


**गुमशुदा की तलाश**



मेरी माता श्रीमती जनक रानी उर्फ धन्नो, उम्र 65 साल, कद 4 फुट, रंग गंदमी, अनपढ़ है और पंजाबी बोलती है, 27.8.87 से गुम है । उनकी यादाशत कमज़ोर है । सभी घरवाले परेशान हैं । घर पहुंचाने वाले को 500/- शुक्राना और आने-जाने का किराया दिया जाएगा ।

**राजिन्द्र प्रसाद,**

कंडक्टर, पंजाब रोडवेज़, चंडीगढ़

मुहल्ला सिल्हियां, होशियारपुर ।


Punjabi Sanatani

# भिखीविंड के निकट ज़बरदस्त भिड़ंत, दो उग्रवादी मरे : दो सुरक्षा सैनिक भी शहीद

**पंजाब में रैड अलर्ट जारी : दरबार साहब से ग्रन्थी के अपहरण का प्रयास**

**एक व्यक्ति को जीवित जला दिया : ठेके के कर्मी को गोली मार कर घायल कर दिया**



(1) राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे और श्रीमती माया रे अमृतसर के जिले के गांव चीमा बाठ में, जहां एक ही परिवार के 9 सदस्यों की हत्या कर दी थी, संतप्त परिवार के बच रहे एक लड़के व लड़की से संवेदना प्रकट करते हुए । (2) राज्यपाल गांव जोधे भी गए जहां उग्रवादियों ने दो परिवारों के 4 सदस्यों की हत्या कर दी थी और संतप्त परिवारों से संवेदना प्रकट की । (3) श्रीमती रे शहीदों के बेसहारा बच्चों और शहीदों की विधवाओं से बातचीत करते हुए । (छाया : ओम भंडारी)

## तरनतारन के गांव पलासौर में मां–बेटी की हत्या

चंडीगढ़, 3 जनवरी (ह.स, वार्ता, वि.प्र.): जिला अमृतसर के गांव भलेर में आज दोपहर उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती पार्टी पर घात लगा कर हमला करके 2 जवानों की हत्या कर दी । सी.आर.पी.एफ. द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से 2 उग्रवादी भी मारे गए । उग्रवादियों ने गत रात्रि तरनतारन के गांव पलासौर में मां-बेटी की हत्या कर दी, जबकि एक अन्य गांव में एक व्यक्ति को मार डाला । जिला होशियारपुर के एक गांव में एक व्यक्ति को जीवित जला दिया गया जबकि सी.आर.पी.एफ. का एक जवान उग्रवादियों की गोली लगने से घायल हो गया । जिला गुरदासपुर में उग्रवादी एक डेरे से 3200 रुपए नगद और 35000 रुपए के स्वर्णाभूषण उड़ा कर ले गए । स्वर्ण मंदिर परिसर से दरबार साहब के एक ग्रंथी का अपहरण करने की कोशिश की गई । इसी मध्य राज्य में रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है । राज्य के विभिन्न स्थानों से 2 शव भी बरामद हुए हैं ।

**दो उग्रवादी, दो सी.आर.पी. के जवान मारे गए**

**अमृतसर (ह.स., वार्ता)**: अमृतसर पुलिस के अनसार आज दोपहर भिखीविंड क्षेत्र के गांव भलेर के निकट उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले से दो उग्रवादी और सी.आर.पी. एफ. के दो जवान मारे गए । उग्रवादियों की गोलियों के शिकार बने सी.आर.पी.एफ. के कर्मचारियों की हैड-कांस्टेबल वाल्टर गुरियन और कांस्टेबल जय सिंह के रूप में पहचान की गई है । मारे गए उग्रवादियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

पुलिस ने कहा है कि सुरक्षा बल सूचना मिलने पर जिला अमृतसर के थाना रैय्या के गांव चीमा बाठ में गत दिनों एक ही परिवार के नौ व्यक्तियों की हत्या के सम्बन्ध में उग्रवादियों के गांव भलेर में एक ठिकाने पर छापा मारने गए थे । जब ये उग्रवादियों के ठिकाने के निकट पहुंचे, अवतार सिंह ब्रह्मा गुट से सम्बद्ध लगभग 15 उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग करके सी.आर.पी.एफ. के दो कर्मचारियों की घटनास्थल पर हत्या कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की, जो लगभग पचास मिनट तक चली । उग्रवादियों ने फायरिंग में ए.के. 47 चीनी राइफलों का प्रयोग किया । जवाबी फायरिंग में यद्यपि दो उग्रवादी मारे गए लेकिन शेष अन्य भागने में सफल हो गए । पुलिस ने मारे गए उग्रवादियों के कब्जे से दो स्टेनगनें और कुछ गोली-सिक्का बरामद किया है । सुरक्षा बलों ने भाग गए उग्रवादियों की व्यापक तलाश शुरू कर दी है ।

**भैंस, घोड़ा भी मारे गए**

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार उग्रवादियों और सी.आर.पी.एफ. के मध्य हुई फायरिंग में एक घोड़ा और भैंस भी मारे गये । अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने बताया कि सुरक्षा बलों पर मोहन सिंह के फार्म हाउस से फायरिंग हुई ।

'वार्ता' के अनुसार सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी एक गुरुद्वारे के सामने से गुजर रही थी कि गुरुद्वारे के अंदर छिपे उग्रवादियों ने गश्ती पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी ।

**मां-बेटी की हत्या**

उग्रवादियों ने कल रात्रि तरनतारन जिला अमृतसर के गांव पलासौर में एक स्त्री और उसकी लड़की की हत्या कर दी । पुलिस ने आज यहां बताया कि मृतकों में 65 वर्षीय सुरजीत कौर और उसकी लड़की प्यार कौर (45) शामिल हैं । उग्रवादियों ने जबरदस्ती घर में घुस कर फायरिंग करके दोनों स्त्रियों की हत्या कर दी । गोलियां लगने से मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।


**गांव में हत्या**

पुलिस के अनुसार एक अन्य घटना में कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने धौला गांव में अजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी । यह गांव थाना वल्टोहा के अंतर्गत है ।

**ग्रंथी के अपहरण की कोशिश**

उग्रवादियों ने गत रात्रि स्वर्ण मंदिर परिसर से दरबार साहिब के एक ग्रंथी त्रिलोक सिंह का अपहरण करने की कोशिश की, लेकिन त्रिलोक सिंह ने उग्रवादियों की कोशिश सफल न होने दी । कोतवाली पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है । पुलिस ने कहा है कि त्रिलोक सिंह स्वर्ण मंदिर में जब अपने दैनिक कार्यों को निबटा कर परिसर से बाहर आ रहा था तो एक व्यक्ति भान सिंह ने पिस्तौल की नोक पर कथित रूप से उसका अपहरण कर लिया । भान सिंह उसे अकाल तख्त के निकट एक भूमिगत कमरे की ओर ले गया । अकाल तख्त की ओर जाते हुए जब उग्रवादी भान सिंह से बातें करने लगा तो त्रिलोक सिंह मुख्य दरवाजे

(शेष पृष्ठ 8 पर)




## जितनी देर तक ग्रामीण स्तर पर लोग आतंकवाद का मुकाबला करने नहीं उठेंगे, समस्या का समाधान नहीं होगा : रे

अमृतसर, 3 जनवरी (अशोक सोनी): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने पंजाबियों को आह्वान किया है कि वे ग्रामीण स्तर पर

चार महिलाएं, तीन नन्हें बच्चे और उसका एक रिश्तेदार युवक शामिल था, की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । श्री रे ने वह कमरा भी देखा

हिन्द परिवार हैं और सभी मिल कर शांतिपूर्वक रह रहे हैं । अकाली नेता श्री उमरानंगल ने श्री रे को बताया कि उस शाम लगभग आध-पौन घंटा तक




उग्रवादियों की गोलियों से फगवाड़ा में मारे गए (1) पंजाब कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ उपप्रधान चौ. जगत राम (इन्सैट पुराना चित्र) और (2) उनके उद्योगपति मित्र विजय चड्ढा के शव, (3) वह कार जिसमें सवार होते समय उन्हें गोलियां मारी गईं (इन्सैट कार का एक भीतरी दृश्य), (4) विजय चड्ढा का शोकाकुल परिवार, (5) चौ. जगत राम का शोकाकुल परिवार (छाया : अशोक कौड़ा, खोसला, प्यारे), (6) गुरदासपुर जिले के कादियां थानांतर्गत गांव कालू सोहल में मुठभेड़ के बाद 4 उग्रवादियों से पकड़े गए हथियार । (छाया : विनोद)

Punjabi Sahara

का था उसका कारण यह था कि उस पर शक था कि काफी समय पहले काबुल सिंह निवासी तुपई को इसने गिरफ्तार करवाया था । बाद में वह रिहा हो गया था और गत रात फिर पकड़ा गया । 1986 में भरथ निवासी सरदारी लाल और 19 मार्च 1986 को बटाला शूगर मिल के पास तरसेम लाल की हत्या, मार्च 1986 में ही सतकोहा में बी.एस.एफ. पार्टी पर हमला के अलावा डेरा बाबा नानक और बटाला सदर में दर्जन के करीब हत्याएं इस गिरोह ने की थीं ।

**घी का डिब्बा छीन लिया**

**करतारपुर (देवदत्त):** गत सायं दो व्यक्ति घनश्याम और सुखदेव जो कि सुभानपुर की ओर से करतारपुर की तरफ आ रहे थे तो सुभानपुर के निकट उनको पिस्तौलों से लैस दो आतंकवादियों ने घेर लिया और धमकी दी कि 'जो कुछ तुम्हारे पास है, निकाल कर रख दो । नहीं तो गोली से उड़ा देंगे ।' उसी समय कई ट्रक वहां से गुजरे, उनको देखकर दोनों व्यक्तियों ने शोर मचाया । ट्रक ड्राइवर उनकी मदद को आए तो आतंकवादी भाग गए । वे उनसे घी का डिब्बा छीन कर ले गए और भागते हुए अपना कम्बल वहां छोड़ गए ।

**स्कूटर छीना**

जालन्धर (ह.स.): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जालन्धर जिले के नवांशहर में राज कुमार नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर पी.सी.जे. 9536 छीन लिया । पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है ।

Punjabi Sanatani

**3 कट्टर आतंकवादी बंदी**

जालन्धर पुलिस ने गत रात विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर तीन कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । इनकी शिनाख्त प्रताप सिंह उर्फ अमली और सुखदीप सिंह उर्फ लाली दोनों थाना फगवाड़ा के गांव हदियाबाद निवासी तथा चूहड़ सिंह थाना बंगा के गांव कट्टा निवासी के रूप में की गई है । यह आतंकवादी गोराया में एक दुकान से 77500 रुपए तथा न्यु बैंक आफ इंडिया गोराया से 11300 रुपए लूटने की वारदातों में संलिप्त थे ।

**कृषि सोसायटी से रुपए लूटे**

थाना नवांशहर के अन्तर्गत गांव महमूदपुर में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कृषि सहकारी सोसायटी से 12,634 रुपए लूट लिए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।


**पैट्रोल पम्प लूटा**

**कपूरथला (शर्मा):** आज शाम 6 बजकर 40 मिनट पर यहां पुरानी अनाज मंडी के निकट मैसर्ज छज्जूराम चन्द्र मोहन के पैट्रोल पम्प से दो आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर 4735 रुपए लूटकर ले गए । पैट्रोल पम्प के मालिकों ने बताया कि शाम लगभग पांच बजे वे सारा कैश ले गए थे । 4735 रुपए की रकम बाद की बिक्री की थी । उन्होंने बताया कि दो युवक पैदल ही आए । एक ने चादर ओढ़ी हुई थी, दूसरे ने हाथ में बैग पकड़ रखा था । पम्प के कमरे में दाखिल होकर उन्होंने पिस्तौल की नोक पर टैलीफोन की तारें काट देने को कहा । उसके बाद उन्होंने कैश बाक्स से रुपए बैग में डालने को कहा । फिर वह रुपए लेकर मस्जिद के अहाते में चले गए तथा वहां से अंधेरे में लुप्त हो गए ।




पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के उपप्रधान एवं भूतपूर्व मंत्री चौधरी जगत राम, जिनकी सोमवार को उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, की मंगलवार को अंत्येष्टि कर दी गई । चित्र में (1) चौधरी जगत राम की वृद्धा बहन श्रीमती भागवंती अपने भाई को अंतिम प्रणाम करती हुई, (2) पंजाब कांग्रेस (इ) के नेता श्री राम लाल चिट्टी, श्री बेअंत सिंह आदि अर्थी को कंधा देते हुए। साथ में भाजपा विधायक ओम प्रकाश दत्त भी खड़े दिखाई दे रहे हैं, (3) केंद्रीय गृह मंत्री स. बूटा सिंह, (4) केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद, (5) पंजाब के राज्यपाल श्री एस. एस. रे, (6) विधायक श्री जोगेंद्र सिंह मान, (7) श्री हंसपाल चौधरी जगत राम के पार्थिव शरीर पर पुष्प मालाएं चढ़ाते हुए, (8) पंजाब पुलिस के जवान शस्त्र उल्टे करके अंतिम सलामी देते हुए ।

(छाया : कपूर)


Punjabi Sanatani

पटियाला के अरना-बरना चौक में उग्रवादियों द्वारा मारे गए (1) श्री निखिल प्रसाद उर्फ मीतू और घायल हिन्दू सुरक्षा समिति के वर्कर, (2) अशोक कुमार,(3) निखिल प्रसाद के परिवार के सदस्य, (4) अरना-बरना बाज़ार में हड़ताल का दृश्य, (5) एक नाले से मिला शव । (छाया : राजू)

राम की हत्या की निंदा की । समिति के संगठन सचिव अश्विनी कुमार ने नई दिल्ली में जारी एक वक्तव्य में कहा कि उनके निधन से पंजाब की जनता ने अपना एक कर्मठ योद्धा खो दिया । इस दुखद घटना से पंजाब कांग्रेस को अपूर्णीय क्षति हुई है । आतंकवाद और पृथकतावाद के मुकाबले का अपने दल का संकल्प दोहराते हुए उन्होंने कहा कि उनका दल राष्ट्रीय एकता की सुरक्षा का अपना प्रयास जारी रखेगा और आतंकवादियों की धमकियों के आगे नहीं झुकेगा ।

**हत्या की निंदा**

चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह, कांग्रेस (इ) के संसत्सदस्य श्री जगन्नाथ कौशल, चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के प्रधान दौलत राम शर्मा, महामंत्री प्रिंसीपल गुरबचन सिंह, भाजपा पंजाब के महामंत्री श्री हिताभिलाषी ने चौधरी जगत राम की हत्या की कड़ी निंदा की है ।

जिला पटियाला कांग्रेस कमेटी (इ) शहरी व ग्रामीण की श्री राम प्रसाद सेठ की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में चौधरी जगत राम और उनके सहयोगी श्री विजय कुमार चड्ढा की हत्या की कड़ी भर्त्सना की गई

**जयपुर (ह.स.)**: राजस्थान के मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री चौधरी जगत राम की हत्या पर गहरा शोक प्रकट किया है ।

**चार उग्रवादी गिरफ्तार**

नई दिल्ली से 'ह.स.' के अनुसार सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी ने चार खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं । बल के मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार चारों आतंकवादियों को पंजाब के कादियां क्षेत्र में छीना रायल वाला सड़क पर दबोचा गया । घटना के अनुसार तीन जनवरी की रात बल की एक नाकाबंदी टुकड़ी ने कुछ व्यक्तियों को संदिग्ध हालत में आते देखा । बल के जवानों ने इन्हें दबोचने का प्रयास किया । आतंकवादियों ने बच निकलने के प्रयास में गोली चलाई । कुछ देर की मुठभेड़ के बाद जवानों ने आतंकवादियों को दबोच लिया । तलाशी के दौरान आतंकवादियों के पास से एक बारह बोर की डी.बी.बी.एल. गन, बारह बोर की ही एस.बी.एल. गन, एक प्वाइंट 315 की राइफल, एक मसकर राइफल, एक प्वाइंट 303 की राइफल, दो देसी पिस्तौल और एक रिवाल्वर बरामद हुई ।

**उग्रवादी धड़ों में फायरिंग से आतंक**

**अमृतसर (ह.स.)**: गुरुद्वारा शहीदां के निकट भीड़ भरे क्षेत्र में आज दोपहर उग्रवादियों के दो धड़ों में फायरिंग होने से क्षेत्र में आतंक फैल गया । फायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ । पुलिस के अनुसार एक गुट ने ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल से इस राइफल के लगभग 24 खाली कारतूस बरामद हुए हैं । गैर सरकारी सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों का एक धड़ा एक पूजा स्थल के अंदर से फायरिंग कर रहा था । पुलिस ने बाद में सारे क्षेत्र को घेर लिया लेकिन वह किसी को भी गिरफ्तार करने में असफल रही ।

# उग्रवादियों द्वारा किसान की हत्या, ग्रन्थी घायल, पैट्रोल पम्प मालिक लूटा

## फैडरेशन के दो धड़ों में संघर्ष, मोगा में ट्रक, होशियारपुर में स्कूटर छीना

# जगत राम के हत्यारों की खोज में घर-घर तलाशी

चंडीगढ़, 6 जनवरी (ह.स., वि.प्र., वार्ता): गत रात्रि जिला गुरदासपुर के एक गांव में 2 उग्रवादियों ने एक किसान की हत्या कर दी, जबकि जिला कपूरथला के गांव में एक गुरुद्वारे के ग्रंथी को गोली मार कर घायल कर दिया। उग्रवादियों ने कल सायं मानसा में पैट्रोल पम्प के एक मालिक से 16300 रुपए लूट लिए। सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा के हदियाबाद क्षेत्र में घर-घर की तलाशी लेकर 7 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। मालेरकोटला में एक व्यक्ति को देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है। मोगा में ट्रक, होशियारपुर में स्कूटर छीने जाने का समाचार मिला है। अमृतसर में फैडरेशन के दो धड़ों में संघर्ष में 2 छात्र घायल हो गए।

**किसान की हत्या**

**बटाला (कोछड़)**: गत रात लगभग साढ़े 8 बजे थाना डेरा बाबा नानक के गांव तलवंडी गोराया में दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक 55 वर्षीय किसान बसन सिंह की हत्या कर दी। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रात को घर में टी.वी. देख रहा था कि दो अज्ञात युवकों ने आकर आग्नेय अस्त्र से उसकी हत्या कर दी। आरम्भिक जांच से लगता है कि यह हत्या निजी शत्रुता का परिणाम हो सकती है मगर इसके आतंकवादी घटना होने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। इस सम्बन्ध में चार संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

'हस' के अनुसार गोली चलने की आवाज़ सुन कर बसन सिंह का लड़का लखविंद्र सिंह बाहर आया, तो उसने देखा कि उसके पिता का गोलियों से बिंधा शव वहां पड़ा है। हत्यारे तब तक भाग चुके थे।

**ग्रंथी गोली लगने से घायल**

**कपूरथला (शर्मा)**: कल रात्रि थाना ढिलवां के गांव मर्डर बेट में वहां के गुरुद्वारे के ग्रंथी जगतार सिंह को दो सिख युवकों ने गोली मार कर घायल कर दिया। उग्रवादियों ने उसे घर से बाहर बुला कर यह कह कर गोली मारी कि उन्होंने अखंड पाठ करवाना है। ग्रंथी को कपूरथला के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है।

**ऐसे भी हैं गांव वाले**

'हस' के अनुसार घायल जगतार सिंह ने बताया कि पिस्तौलों से लैस आतंकवादियों ने उसके घर जाकर उसकी पत्नी से उसके बारे में पूछा। उस समय वह पड़ौस में दूरदर्शन कार्यक्रम देख रहा था। पत्नी के बुलाने पर वह जैसे ही लौटा, आतंकवादी उसे गोली मार कर भाग गए। गोलियां चलने की आवाज सुन कर गांव वालों ने अपने दरवाजे बंद करके बिजली बुझा दी।

**16300 रुपए लूट लिए**

**मानसा (स)**: कल सायं 5 बजे यहां एक अज्ञात व्यक्ति ने एक पैट्रोल पम्प के मालिक राम दयाल से 16300 रुपए लूट लिए। पुलिस समय पर घटनास्थल पर पहुंच गई लेकिन अभियुक्त भागने में सफल हो गए। बताया जाता है कि राम दयाल थैले में 16300 रुपए रख कर रिक्शा द्वारा घर लौट रहा था कि उग्रवादियों ने सुराज आयल मिल के निकट उससे थैला छीन लिया और संत निरंकारी भवन की ओर भाग गए, जहां से वह स्कूटर सवार अपने साथी के साथ भाग निकला। पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है।

**हदियाबाद में घर-घर की तलाशी : 7 संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में**

फगवाड़ा से खोसला और कौड़ा ने खबर दी है कि

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# ...वेज़ियन द्वारा रद्द

बम्बई के एक होटल में 'गुप्त रूप' से डेरा डाले हुये हैं। वे कल रात बेंगलूर से विमान द्वारा बम्बई पहुंचे। कल रात हवाई अड्डे से वे सीधे भोजन करने निकल गये। इस बीच उनके एक होटल में ठहरने का इंतजाम किया गया।

इन विधायकों ने होटल मालिक से अनुरोध किया है कि किसी भी आगंतुक से वे मिलना नहीं चाहते। अतः किसी को भी उनसे मिलने की अनुमति न दी जाए। होटल मालिक ने अपने होटल का नाम भी खबर में न उल्लेख करने का अनुरोध किया।

**जानकी का समर्थन**

फारवर्ड ब्लाक के दो विधायकों ने कल नई सरकार बनाने के अवसर पर श्रीमती जानकी रामचंद्रन का समर्थन करने का निर्णय लिया है।



*जिला अमृतसर के गांव चन्ननके में मारे गये भूतपूर्व सरपंच बुआ सिंह (इन्सैट) का शव।*
*(छाया : जसपाल रिया)*

# कुख्यात उग्रवादी कड़मा, उसके शरणदाता इंका विधायक के बेटे के अलावा एक घोड़ी की भी तलाश

कड़मा ममदोट (फिरोजपुर), 6 जनवरी।

यह भी पता चला है कि मोहिन्द्र सिंह कड़मा व

को उनके समर्थन के बदले मंत्री बनाए जाने के अश्वासन दिए गए हैं ।

दोनों में से किसी भी गुट ने अभी तक किसी को पार्टी से निष्कासित नहीं किया है । जय ललिता गुट में 34 विधायक ऐसे हैं जो विधान सभा में विश्वास के समय श्रीमती जानकी को समर्थन देंगे । श्रीमती जानकी को 28 जनवरी तक अपना बहुमत सिद्ध करना है और दोनों गुट अपनी-अपनी नीति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं ।

**जानकी की जन्म तिथि अज्ञात**

इन दिनों मद्रास में अन्नाद्रमक पार्टी के नियम और श्रीमती जानकी के जीवन बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है । सरकारी और गैरसरकारी तौर पर उनकी जन्म तिथि का कुछ पता नहीं । परन्तु फुटकल रूप से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार उनका जन्म लगभग 1923 में हुआ । इस हिसाब में वह अब 65 वर्ष की हैं । वैकोम के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में उनका जन्म हुआ । पिता की मृत्यु के बाद उनकी माता ने दूसरा विवाह कराया और एक पुत्र को जन्म दिया । परिवार को जानकी की ननिहाल आर्थिक सहायता देते ।

बाद में दोनों मां-बेटी नागापत्तिनम चली गईं । वहां श्रीमती जानकी ने नृत्य व संगीत सीखा । इसके कुछ समय पश्चात ही वह फिल्मों में आईं । 'मोहिनी' फिल्म में प्रथम बार उन्होंने श्री एम.जी.आर. की हीरोइन की भूमिका निभाई । 1950 में दोनों में प्रेम हुआ परन्तु उस समय श्रीमती जानकी भूतपूर्व डांस मास्टर और एक्टर गणपती भट्ट की पत्नी थी और एक बच्चे 'अप्पू' की मां । भट्ट दोनों में सम्बन्ध विच्छेद कराने में विफल रहा । भट्ट से तलाक लेने के बाद 1962 में श्री एम.जी.आर. की वह पत्नी बनी । भट्ट की मृत्यु के बाद श्री एम.जी.आर. ने 'अप्पू' को अपने बेटे के रूप में अपना लिया ।

**कभी स्टेज से नहीं बोलीं**

अच्छी घरेलू स्त्री के रूप में पहचानी जाने वाली श्रीमती जानकी जनता के सामने अक्तूबर 1984 से उस समय आनी शुरू हुईं जब श्री एम.जी.आर. अस्वस्थ हो गए । वह सदा श्री रामचन्द्रन के पास उनकी सेवा में रहतीं और 1985 में अमरीका से उनकी वापसी केबाद श्रीमती जानकी ने देखभाल के दृष्टिगत उनके साथ विभिन्न दौरों पर भी जाना शुरू कर दिया । श्रीमती जानकी ने अन्नाद्रमक पार्टी में कभी कोई पद नहीं लिया और न ही कभी किसी जनसभा को सम्बोधित किया जबकि सत्तारूढ़ पार्टी के सूत्रों का कहना है कि 1972 में श्री रामचन्द्रन ने अन्नाद्रमुक पार्टी बनाई और श्रीमती जानकी उसके प्रथम सदस्यों में से एक थीं ।

**दर्शन सिंह ...**

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिखों के बारे में सही तस्वीर पेश नहीं करते हैं । पंजाब में इंका उपाध्यक्ष सहित आतंकवादियों द्वारा 6 लोगों की हत्या के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह इसकी निंदा करते हैं । इन्सान का कत्ल भगवान का कत्ल होता है ।

ए.एस.आई. पुलिस मोहन सिंह के रहस्यपूर्ण ढंग से लापता हो जाने की सूचना मिली है । उसके लड़के के अनुसार दो सप्ताह पूर्व वह यहां से ड्यूटी पर नाभा गया था, वहां से 24 दिसम्बर को अपने गांव लक्सियां आया था । उसने बताया कि यह पता नहीं कि वह छुट्टी पर गांव आया या वैसे ही 30 दिसम्बर को डेढ़ दो बजे बाद दोपहर वह अपने स्कूटर पी.बी.ओ. 4014 पर बरास्ता पालदी कोट फतूही बस अड्डा पर गया था । वहां पूछताछ से मालूम हुआ कि उसने स्कूटर खाद की एक दुकान पर रख दिया था और एक व्यक्ति के साथ शराब पी थी । 6 बजे सायं पुनः उसने किसी व्यक्ति के साथ शराब पी । उक्त दुकानदार का कहना है कि वह नहीं जानता कि वह कब उसकी दुकान पर स्कूटर रख गया और कब ले गया । नाभा में भी पता करने से ए.एस.आई. का सुराग नहीं मिल सका । यहां पुलिस ने कहा है कि उसे कोई सूचना नहीं ।

**होमगार्ड या लुटेरा**

होशियारपुर से 30 किलोमीटर दूर टांडा-चावा रोड पर गत रात्रि तीन व्यक्तियों ने एक दुकानदार कमलजीत सिंह को घेर कर उससे 2000 रुपए नगद, दुकान की चाबियां और उसकी साइकल छीन ली । कमलजीत सिंह ने लिखित वक्तव्य में बताया है कि वह अपने गांव मेट पलकोट को लौट रहा था कि उसे घेर लिया गया । अभियुक्तों ने अपने चेहरे ढांपे हुये थे, जब इसने हस्तक्षेप किया तो एक के चेहरे से कपड़ा उतर गया और उसने उसे पहचान लिया । वह होमगार्ड का एक व्यक्ति था । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**पिस्तौल बरामद, एक गिरफ्तार**

**मालेरकोटला (अब्दुल):** स्थानीय पुलिस इंस्पैक्टर अजायब सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति बूटा सिंह को गिरफ्तार किया गया है, उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल व चार कारतूस बरामद किए गए हैं ।

**प्रतिबन्ध आदेशों का समय बढ़ा**

**फरीदकोट (बिंदल):** फरीदकोट के जिला मैजिस्ट्रेट श्री भूपेंद्र सिंह सिद्धू ने एक आदेश द्वारा सायं 7 बजे से प्रातः 6 बजे तक जिले में दो पहिया वाहनों पर दोहरी सवारी पर 1 फरवरी तक प्रतिबन्ध लगा दिया है । श्री सिद्धू ने आदेश दिया है कि सायं 7.30 बजे के बाद कोई दुकान न खुल सकेगी, ढाबे, शराब के ठेके रात्रि 9 बजे बंद होंगे जबकि अहाते, ढाबे, टी स्टाल, फलों की दुकानें और रेहड़ियां साढ़े 9 रात्रि तक खुली रह सकेंगी ।

**ट्रक छीन लिया**

**मोगा (सर्व):** गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पुराने मोगा में एक व्यक्ति शाम लाल से सम्बद्ध एक ट्रक छीन लिया । इस घटना की आज प्रातः यहां सूचना दी गई । एक अन्य घटना में कुछ व्यक्तियों ने मोगा के तारा सिंह के ट्रक नं. पी.यू.एल. 6076 के दो टायर उतार लिए । ट्रक जी.टी. रोड पर उसके घर के बाहर खड़ा था ।

**फैडरेशन के दो गुटों में संघर्ष : 2 घायल**

**अमृतसर (ह.स.):** गत रात्रि यहां खालसा कालेज के होस्टल में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स

Punjabi Sehajdhari

चेतक स्कूटर छीन लिया । जाते हुए वे चेतावनी दे गए कि यदि उन्होंने पुलिस के पास केस दर्ज करवाया तो सारे परिवार को जान से मार दिया जाएगा । बाद में पुलिस ने स्कूटर नवां पिंड के निकट से बरामद कर लिया ।

## दड़बे पर ठोकर लगने से मुर्गियों ने शोर मचाया था

गुरदासपुर (विनोद): काहनूवान थाने के अन्तर्गत गांव मल्लियां में मुर्गी चोर आतंकवादी को एक भूतपूर्व सैनिक ने बहादुरी से पकड़ लिया था, इस वारदात के सम्बन्ध में और बातों का पता चला है । गांव मल्लियां निवासी भूतपूर्व सैनिक अनूप सिंह जो इस घटना में बहादुरी दिखाते जख्मी हो गया था और उसे गुरदासपुर के अस्पताल दाखिल करवाया गया है, ने बताया कि 4-5 जनवरी की रात को लगभग 12 बजे तीन अज्ञात युवक जिनमें से एक के पास दोनाली बंदूक, एक के पास बरछा और एक के पास तलवार थी, उसके घर आए और आते ही उनकी अचानक मुर्गियों के दड़बे के दरवाजे को ठोकर लग जाने से मुर्गियों ने शोर मचा दिया । जब अनूप सिंह ने अज्ञात युवकों को देखा तो अनूप सिंह ने उन्हें ललकारा । इस पर उग्रवादी भाग खड़े हुए । अनूप सिंह ने शोर मचाते हुए आतंकवादियों का पीछा जारी रखा जिस पर आतंकवादियों ने दोनाली बंदूक से फायर करना चाहा परन्तु दोनाली के दोनों फायर न चल सके । उसी समय अनूप सिंह ने दोनाली वाले आतंकवादी को और कारतूस दोनाली में डालने का मौका न देकर उसे पकड़ लिया । इस पर दूसरे आतंकवादी ने बरछे से उस पर हमला कर दिया, जो उसकी पीठ पर लगा । इस पर पहले उग्रवादी ने छूट कर दोनाली के बट से उस पर प्रहार किया, जिस कारण दोनाली का बट टूट गया । तब तक एक आतंकवादी फरार हो चुका था । अचानक अनूप सिंह का चाचा मौके पर पहुंच गया और उसने एक आतंकवादी पर काबू पाया लेकिन दूसरा भी भागने में सफल हो गया ।

अनूप सिंह घर आकर जख्मी होने के बावजूद भी स्कूटर पर रात को ही सठियाली पुल पर बी.एस.एफ. को सूचना देने चल पड़ा और बी.एस.एफ. के आने पर गांव वालों ने पकड़े आतंकवादी को उनके हवाले कर दिया, जिसकी पहचान कुलदीप सिंह निवासी दिलोवाल के रूप में हुई । इस उग्रवादी से 12 बोर


# क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

### मैडीकल

**M.I.M.S** सर्टिफिकेट, M.R.S.H. (London), R.M.P. (बिहार), वैद्य विशारद, आयुर्वैदिक रत्न, मैडीकल की किताबों के लिये सम्पर्क करें : डा. अंबराय, फगवाड़ा रोड, होशियारपुर ।

### पोल्ट्री

**NECC Delhi** Egg rate for 7.1.88 Rs 50/- without trays. NECC Suggested Retal Price 6.80/- per Dozen.

### शिक्षा

**RMP** (पटना) 10 दिनों में । बिना आठवीं


उग्रवादी संगठनों भिंडरांवाले टाइगर फोर्स और बब्बर खालसा इंटरनैशनल ने ली है । फगवाड़ा से अशोक कौड़ा के अनुसार उन्हें डाक से एक हस्तलिखित पत्र मिला है, जिसके नीचे लिखा है, 'बब्बर खालसा गगनदीप सिंह बब्बर और सुखजीत सिंह बब्बर । पत्र में लिखा गया है– "जगते को सोध दिया गया ।" पंथ की जीत सरबत दा भला । बब्बर खालसा जिंदाबाद । जबकि उक्त हस्ताक्षरों के नीचे लिखा हुआ है, "वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह ।" जबकि एक सम्वाद समिति को मिले टैलीफोन में भिंडरांवाले टाइगर फोर्स ने चौधरी जगत राम की हत्या की जिम्मेदारी ली है और साथ ही चेतावनी दी है कि ऐसे सभी लोगों को सजा दी जाएगी, जिन्होंने उनके विरुद्ध अपने प्रचार को न रोका । एक अन्य संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स ने भी चौधरी जगत राम की हत्या की जिम्मेवारी ली है तथा एक वक्तव्य, जो तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर भाई जबरजंग सिंह और स्वयंभू चीफ जनरल भाई लाभ सिंह की ओर से जारी किया गया है, में कहा गया है कि यह दुष्ट गुमराह पूर्ण प्रचार कर रहा था तथा सिखी की शान को कलंक लगा रहा था । यह उस बैठक, जिसमें उग्रवादियों को शस्त्र फैंक देने के लिए कहा गया था, में भी शामिल था । वक्तव्य में सिखों की शान के विरुद्ध बोलने वालों का इससे भी बुरा हश्र करने की चेतावनी दी गई है तथा मुखबिरों को धमकी दी गई है कि यदि वे बाज न आए तो उनको परिवार सहित सोधा जाएगा ।

### फगवाड़ा में छापे

पंजाब पुलिस और सी.आर.पी. एफ. ने आज सायं फगवाड़ा के रामगढ़िया होस्टल में छापे मारे और तलाशियां लीं । सतनामपुरा क्षेत्र में भी कई स्थानों पर छापे मारे गए । ये छापे चौ. जगत राम के हत्यारों की तलाश के सम्बन्ध में मारे गए ।

## जगतराम हत्याकांड के महत्वपूर्ण सुराग मिल गए

फगवाड़ा (खोसला): कपूरथला के एस.एस.पी. श्री दास ने एक भेंट में बताया कि चौ. जगतराम की हत्या की जांच के लिए डी.एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री एस.एस. बाजवा को इंचार्ज नियुक्त किया गया है । जांच दल में तीन पुलिस इंस्पैक्टर, दो अर्ध-सैनिक डी.एस.पी. शामिल किए गए हैं । उन्होंने बताया कि इस हत्या के संबंध में 2 दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है । आज प्रातः खेड़ा रोड पर भी छापे मारे गए और एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । कल हिरासत में लिए गए कई लोगों को छोड़ दिया गया । श्री दास ने बताया कि इस हत्याकांड के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिल गए हैं । श्री दास ने आज स्थानीय रैस्ट हाउस में पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. के कई अधिकारियों से बातचीत की और उन्हें कई निर्देश दिए ।

## 11000 रुपया लूट लिया

फगवाड़ा से खोसला ने समाचार दिया है कि आज प्रातः साढ़े दस बजे यहां से पांच किलो मीटर दूर गांव गुनाचौर की सहकारी कृषि सेवा समिति से दो उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर ग्यारह हजार रुपए लूट कर फरार हो गए । उग्रवादी हरे रंग के स्कूटर

Punjabi Sahit

# पुलिस सब-इंस्पैक्टर सहित 4 की हत्या, अमृतसर के एक गांव में बस जला दी

## राज्य भर में उग्रवादियों, समाज विरोधी तत्वों की धर-पकड़ जारी

चंडीगढ़, 8 जनवरी (ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों ने पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर सहित चार लोगों की हत्या कर दी और जिला अमृतसर में एक बस को आग लगा दी । जिला गुरदासपुर से एक जासूस पकड़ा गया । इसके अतिरिक्त पुलिस ने राज्य के विभिन्न स्थानों से 40 उग्रवादियों और समाज विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया ।

**सब-इंस्पैक्टर की हत्या**

**लुधियाना (महेन्द्रा, आहूजा):** दिन के 12 बजे के लगभग लुधियाना के सब-इंस्पैक्टर मनजीत सिंह की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । सब-इंस्पैक्टर मनजीत सिंह, जो अपने सुरक्षा दस्ते के साथ एक जीप में सवार थे, को तुरंत सी.एम.सी. ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । श्री मनजीत सिंह आज महरवान गांव में आयोजित होने वाले अकाली सम्मेलन के संदर्भ में ड्यूटी पर थे । वह सरदार फ़िलिंग स्टेशन पर गए कि सफ़ेद मारुति में से उग्रवादियों ने उन पर फ़ायरिंग की और उन्हें गंभीर घायल करके भाग गए । श्री मनजीत सिंह की आयु 35 वर्ष है । वह एक साहसिक युवक थे और उग्रवादियों की हिटलिस्ट में थे । पुलिस को सावधान कर दिया गया । मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है । 'धीमान' के अनुसार मनजीत सिंह थानेवार रसूलपुर अमृतसर का रहने वाला था । उसे बब्बर खालसा की ओर से धमकीपूर्ण पत्र भी मिल चुके थे । बताया जाता है कि जब वह थाना ढिल्लों में तैनात था तो उसने खतरनाक उग्रवादी अनोख सिंह को पकड़ा था जो बाद में जेल से फ़रार होते वक्त पुलिस मुकाबले में मारा गया था । एक राहगीर ने बताया कि आक्रमणकारियों ने पहले पैप्सू रोडवेज़ की एक बस को रोका, मगर यह बस खड़ी नहीं हुई और आगे निकल गई । शायद वे बस के साथ कोई वारदात करना चाहते थे । पुलिस अधीक्षक अन्य अधिकारियों सहित घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । सारे क्षेत्र को घेर लिया गया है । कातिलों की तलाश जारी है ।

'ह.स.' के अनुसार श्री मनजीत सिंह जालंधर बाईपास से बस्ती जोधेवाल की ओर जा रहे थे कि कार सवार उग्रवादियों ने उन पर फ़ायरिंग की और इससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

**पुलिस सम्मान से अंतिम संस्कार**

लुधियाना में मारे गए थानेदार मनजीत सिंह के बारे 'मुसाफ़िर' ने विवरण देते हुए लिखा है कि शाम के समय मनजीत सिंह का पोस्टमार्टम हो गया । उसका अंतिम संस्कार कल उसके गांव रसूलपुर जिला अमृतसर, तरनतारन के निकट पूरे पुलिस सम्मान के साथ किया जाएगा । कहा जाता है कि जब उग्रवादियों ने उसे गोली मारी तो जीप में उसके साथ चार पुलिस कर्मचारी थे, मगर उनमें से किसी ने जवाबी फ़ायर न किया ।

**बस जला दी**

अमृतसर (ह.स.): यहां से पठानकोट जा रही एक प्राइवेट बस को 5-6 सशस्त्र उग्रवादियों ने यहां से लगभग बीस किलोमीटर दूर कत्थूनंगल पुलिस स्टेशन के गांव भूरेवाल के निकट आग लगा दी । पुलिस के अनुसार उन्होंने यात्रियों को बस से नीचे उतार दिया और बस को थोड़ा आगे ले जाकर आग लगा दी । सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । एक अन्य समाचार के अनुसार आग पंजाब रोडवेज़ की बस को लगाई गई ।

**वृद्ध की हत्या**

अजनाला पुलिस स्टेशन के गांव गुराला में गत रात उग्रवादियों ने एक वृद्ध की हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त तिरशा सिंह के रूप में की गई है ।

**स्कूटर चोर गिरफ्तार**

**गुरदासपुर (विनोद):** स्थानीय पुलिस ने स्कूटर और साइकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर दो स्कूटर और तेरह साइकिल बरामद किए हैं । पुलिस अधीक्षक (हैडक्वार्टर) श्री एच.एस. काहलों ने बताया कि शहर में प्रतिदिन साइकिल चोरी की घटनाएं हो रही थीं, जिस पर डी.एस.पी. (हैड क्वार्टर) श्री रजिन्द्र सिंह की इस गिरोह पर काबू पाने की ड्यूटी लगाई गई थी । श्री काहलों के एक गश्ती दल ने पठानकोट सड़क पर रेलवे फाटक के पास एक युवक को दो स्कूटरों के साथ संदिग्धावस्था में खड़ा पाया । जब पुलिस ने उससे बातचीत की तो वह घबरा गया और संतोषजनक जवाब न देने पर उसे पुलिस स्टेशन लाकर पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार कर लिया कि वहां खड़े दोनों स्कूटर चोरी के हैं और वह उन्हें गुरदासपुर में बेचने के लिए लाया है । उसकी

(शेष पृष्ठ 8 पर)



*ज़िला फिरोज़पुर के थाना मल्लांवाला के गांव कमाला मिट्ठू में उग्रवादियों के हाथों गत दिवस मारे गए एक ही परिवार के सदस्य (1) सेवा सिंह, (2) ममेरा भाई बलविन्दर सिंह, (3) माता मुख्त्यार कौर, (4) बच्चा स्वर्ण सिंह और (5) नौकर दारा सिंह । इनके अलावा जो घायल हुए (6) सेवा सिंह की पत्नी निर्मल कौर और (7) पड़ौसी लड़का नारायण सिंह उर्फ छिन्दा ।*

*(छाया : जीपू पायलट)*

# पुलिस सब-इंस्पैक्टर सहित 4 की हत्या, अमृतसर के एक गांव में बस जला दी

## राज्य भर में उग्रवादियों, समाज विरोधी तत्वों की धर-पकड़ जारी

चंडीगढ़, 8 जनवरी (ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में उग्रवादियों ने पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर सहित चार लोगों की हत्या कर दी और जिला अमृतसर में एक बस को आग लगा दी । जिला गुरदासपुर से एक जासूस पकड़ा गया । इसके अतिरिक्त पुलिस ने राज्य के विभिन्न स्थानों से 40 उग्रवादियों और समाज विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया ।

**सब-इंस्पैक्टर की हत्या**

**लुधियाना (महेन्द्रा, आहूजा):** दिन के 12 बजे के लगभग लुधियाना के सब-इंस्पैक्टर मनजीत सिंह की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । सब-इंस्पैक्टर मनजीत सिंह, जो अपने सुरक्षा दस्ते के साथ एक जीप में सवार थे, को तुरंत सी.एम.सी. ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । श्री मनजीत सिंह आज महरवान गांव में आयोजित होने वाले अकाली सम्मेलन के संदर्भ में ड्यूटी पर थे । वह सरदार फ़िलिंग स्टेशन पर गए कि सफ़ेद मारुति में से उग्रवादियों ने उन पर फ़ायरिंग की और उन्हें गंभीर घायल करके भाग गए । श्री मनजीत सिंह की आयु 35 वर्ष है । वह एक साहसिक युवक थे और उग्रवादियों की हिटलिस्ट में थे । पुलिस को सावधान कर दिया गया । मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है । 'धीमान' के अनुसार मनजीत सिंह थानेदार रसूलपुर अमृतसर का रहने वाला था । उसे बब्बर खालसा की ओर से धमकीपूर्ण पत्र भी मिल चुके थे । बताया जाता है कि जब वह थाना ढिल्लों में तैनात था तो उसने खतरनाक उग्रवादी अनोख सिंह को पकड़ा था जो बाद में जेल से फ़रार होते वक्त पुलिस मुकाबले में मारा गया था । एक राहगीर ने बताया कि आक्रमणकारियों ने पहले पैप्सू रोडवेज़ की एक बस को रोका, मगर यह बस खड़ी नहीं हुई और आगे निकल गई । शायद वे बस के साथ कोई वारदात करना चाहते थे । पुलिस अधीक्षक अन्य अधिकारियों सहित घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । सारे क्षेत्र को घेर लिया गया है । कातिलों की तलाश जारी है ।

'ह.स.' के अनुसार श्री मनजीत सिंह जालंधर बाईपास से बस्ती जोधेवाल की ओर जा रहे थे कि कार सवार उग्रवादियों ने उन पर फ़ायरिंग की और इससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

**पुलिस सम्मान से अंतिम संस्कार**

लुधियाना में मारे गए थानेदार मनजीत सिंह के बारे 'मुसाफ़िर' ने विवरण देते हुए लिखा है कि शाम के समय मनजीत सिंह का पोस्टमार्टम हो गया । उसका अंतिम संस्कार कल उसके गांव रसूलपुर जिला अमृतसर, तरनतारन के निकट पूरे पुलिस सम्मान के साथ किया जाएगा । कहा जाता है कि जब उग्रवादियों ने उसे गोली मारी तो जीप में उसके साथ चार पुलिस कर्मचारी थे, मगर उनमें से किसी ने जवाबी फ़ायर न किया ।

**बस जला दी**

अमृतसर (ह.स.): यहां से पठानकोट जा रही एक प्राइवेट बस को 5-6 सशस्त्र उग्रवादियों ने यहां से लगभग बीस किलोमीटर दूर कत्थूनंगल पुलिस स्टेशन के गांव भूरेवाल के निकट आग लगा दी । पुलिस के अनुसार उन्होंने यात्रियों को बस से नीचे उतार दिया और बस को थोड़ा आगे ले जाकर आग लगा दी । सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । एक अन्य समाचार के अनुसार आग पंजाब रोडवेज़ की बस को लगाई गई ।

**वृद्ध की हत्या**

अजनाला पुलिस स्टेशन के गांव गुराला में गत रात उग्रवादियों ने एक वृद्ध की हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त तिरशा सिंह के रूप में की गई है ।

**स्कूटर चोर गिरफ्तार**

**गुरदासपुर (विनोद):** स्थानीय पुलिस ने स्कूटर और साईकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर दो स्कूटर और तेरह साइकिल बरामद किए हैं । पुलिस अधीक्षक (हैडक्वार्टर) श्री एच.एस. काहलों ने बताया कि शहर में प्रतिदिन साइकिल चोरी की घटनाएं हो रही थीं, जिस पर डी.एस.पी. (हैड क्वार्टर) श्री रजिन्द्र सिंह की इस गिरोह पर काबू पाने की ड्यूटी लगाई गई थी । श्री काहलों के एक गश्ती दल ने पठानकोट सड़क पर रेलवे फाटक के पास एक युवक को दो स्कूटरों के साथ संदिग्धावस्था में खड़ा पाया । जब पुलिस ने उससे बातचीत की तो वह घबरा गया और संतोषजनक जवाब न देने पर उसे पुलिस स्टेशन लाकर पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार कर लिया कि वहां खड़े दोनों स्कूटर चोरी के हैं और वह उन्हें गुरदासपुर में बेचने के लिए लाया है । उसकी

(शेष पृष्ठ 8 पर)




ज़िला फिरोज़पुर के थाना मल्लांवाला के गांव कमाला मिट्ठू में उग्रवादियों के हाथों गत दिवस मारे गए एक ही परिवार के सदस्य (1) सेवा सिंह, (2) ममेरा भाई बलविन्दर सिंह, (3) माता मुख्तयार कौर, (4) बच्चा स्वर्ण सिंह और (5) नौकर दारा सिंह । इनके अलावा जो घायल हुए (6) सेवा सिंह की पत्नी निर्मल कौर और (7) पड़ौसी लड़का नारायण सिंह उर्फ छिन्दा । (छाया : जीपू पायलट)

# पंजाब में मुठभेड़ में 1 आतंकवादी मारा गया : पति-पत्नी की हत्या, थानेदार का शव मिला

## फरीदकोट ज़िला में 7 आतंकवादी गिरफ्तार, 2 खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्धित

## त्रिलोचन सिंह रियासती का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

चंडीगढ़, 10 जनवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल शाम से अब तक विभिन्न मुठभेड़ों में एक आतंकवादी मारा गया जबकि 3 अन्य भाग निकले । 9 आतंकवादियों सहित 16 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए जिनसे बड़ी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुए । थाना आदमपुर के गांव गडोला में नहर से एक थानेदार का शव मिला । गत रात्रि थाना अजनाला में गांव पंडोरी महमा में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन उग्रवादी फरार हो गए । भूतपूर्व मंत्री श्री त्रिलोचन सिंह रियासती का पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

जिला पटियाला में एक दम्पति की हत्या कर दी गई ।

**1 मारा गया, 2 पकड़े गए**

**गुरदासपुर (कोछड़, विनोद):** पुलिस सूत्रों के अनुसार कादियां थाने के अन्तर्गत गांव कोट टोडरमल के पास पुलिस और सीमा सुरक्षा बल द्वारा जहां नाकाबंदी की गई थी, वहां गत रात्रि 11 बजे के लगभग चार अज्ञात व्यक्ति आते दिखाई दिए । जब जवानों ने इन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने जवानों पर फ़ायरिंग शुरू कर दी जिसके जवाब में जवानों ने भी फ़ायरिंग की और शीघ्र ही दो उग्रवादियों को पकड़ लिया तथा दो अंधेरे में भाग गए । गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम शैलेन्द्र सिंह उर्फ़ मन्नां निवासी नंगल बगवाड़, सुरजीत सिंह उर्फ़ कुक्कू गांव तुंगलवाड़ बताए गए हैं और उनसे एक 9 एम.एम. व एक 30 बोर का रिवाल्वर तथा कारामद व चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

जब इनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने साथियों के नाम, पते बता दिए तथा बताया कि आज रात उनके अन्य साथी गांव कालवान के पास ईंटों के एक भट्ठे के पास बने एक कमरे में एकत्र हो रहे हैं । इस सूचना पर पुलिस व बी.एस.एफ. ने इस ईंटों के भट्ठे पर छापा मारा तो वहां एकत्र आतंकवादियों ने कमरे के अन्दर से फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवानों ने जवाबी फ़ायरिंग शुरू की और पुलिस ने रोशनी करने वाले 'फ़ायर' करके आतंकवादियों पर फ़ायरिंग की, जिससे एक आतंकवादी मारा गया व बाकी भागने में सफल हो गए ।

पहले पकड़े गए आतंकवादियों ने मृतक आतंकवादी की पहचान परमिन्दर सिंह उर्फ़ बिट्टू निवासी गांव सारचूल के रूप में की है । पुलिस ने ईंटों के भट्ठे से एक 30 बोर का रिवाल्वर व भिन्न-भिन्न प्रकार के कारतूस बड़ी मात्रा में बरामद किए हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों ने स्वीकार किया है कि मारे गए आतंकवादी परमिदर सिंह ने कल 9 जनवरी को बटाला शहर में सिनेमा रोड पर एक महिला हरभजन कौर की हत्या की थी । इन दिनों उनका मुख्य अड्डा बटाला में स्थित गुरुद्वारा सत करतारियां तथा डेरा साहब है और 26 जनवरी से पहले उनकी जिला गुरदासपुर में दो राजनीतिक नेताओं और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की हत्या की ड्यूटी लगाई गई थी । पुलिस के अनुसार इस गिरोह के लगभग सभी आतंकवादियों की पहचान हो गई है और पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल द्वारा गांव-गांव में छापे मारे जा रहे हैं ।

पकड़े गए आतंकवादियों ने यह भी बताया कि उन्होंने बटाला के कुलदीप सिंह तथा विकास कुमार डिम्पू नामक दो युवकों को अपना सहयोगी बना लिया था जिन्होंने प्रमुख व्यक्तियों की शिनाख्त करवानी थी और उन पर हमला करने के स्थान की जानकारी पहुंचानी थी । इन दोनों की गिरफ्तारी अभी नहीं की जा सकी है ।

**कार बरामद**

**धूरी (सतपाल सिंगला):** नैशनल टी कम्पनी धूरी की फ़िएट कार नम्बर डी.ई.बी. 3722 गत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# राजीव सरकार के दौर में समस्याएं उलझती जा रही हैं, इसे बदलना ही होगा : वाजपेयी

नई दिल्ली, 10 जनवरी : भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने केन्द्र में राजीव सरकार को उखाड़ने के लिए देश की सभी गैर वामपंथी राजनीतिक पार्टियों को आपस में तालमेल स्थापित करने का आह्वान किया है ताकि विभिन्न राज्यों की जनता को अपने-अपने क्षेत्र में सही पार्टी और सही उम्मीदवार को चुन कर कांग्रेस (इ) का विकल्प तैयार करने में मदद मिले ।

श्री वाजपेयी आज यहां अपने 61वें जन्म दिन पर आयोजित नागरिक अभिनन्दन और थैली भेंट समारोह में बोल रहे थे । इस अवसर पर श्री वाजपेयी को 74 लाख रुपए की थैली भेंट की गई ।

श्री वाजपेयी ने आशा प्रकट की कि केन्द्र सरकार में परिवर्तन के लिए देश में एक माहौल बन रहा है । इस सरकार को बदलना ही पड़ेगा । जनता इससे तंग आ चुकी है । सरकार जिस भी काम या समस्या में हाथ लगा रही है, वही समस्या उलझती जा रही है ।

उन्होंने बताया देश में एक लाख छत्तीस हजार औद्योगिक इकाइयां या तो बीमार हैं या बंद पड़ी हैं । अढ़ाई करोड़ लोग रोजगार दफ्तरों में दर्ज हैं । आर्थिक शोषण, साम्प्रदायिक तनाव, महंगाई, पंजाब समस्या दिनों-दिन जनता की कमर तोड़ती जा रही है । प्रधानमंत्री राजीव गांधी सैर-सपाटे में व्यस्त हैं । दूसरी ओर थोड़े से लोग सूखे की आड़ में आर्थिक लाभ उठा रहे हैं ।

श्री वाजपेयी ने बोफोर्स कांड का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी को साबित करना पड़ेगा कि वह निर्दोष हैं , केवल बयान देने से काम

# पैट्रोल के मूल्य बढ़ने से उद्योगपति चिंतित

लुधियाना, 10 जनवरी (धीमान): केंद्र द्वारा पैट्रोल के मूल्य बढ़ाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक प्रमुख उद्योगपति ने कहा कि स्टील व कोयले


वृद्धि करके सरकार ने देश की अर्थ-व्यवस्था के अपने कुप्रबन्ध को दिखा दिया है ।

वक्तव्य में कहा गया है कि इन सभी वस्तुओं की

# राजू भटनागर मुठभेड़ में मरा

लखनऊ, 10 जनवरी (वार्ता): कुख्यात अपराधी राजू भटनागर आज इलाहाबाद में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया । मुठभेड़ इलाहाबाद नगर के जार्ज टाउन क्षेत्र में आज दोपहर

Punjabi Sanatani



बटाला के घनी आबादी वाले क्षेत्र सिनेमा रोड में दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके पंजाब पुलिस की भू.पू. महिला कांस्टेबल हरभजन कौर की गत दिवस हत्या कर दी । मृतका का शव । (छाया : कोछड़)

## एक आतंकवादी मरा ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

खिस दोराहा मंडी के निकट खड़ी पाई गई । कार की पिछली सीट पर खून के धब्बे देखे गए । कार ड्राइवर का अभी तक पता नहीं चल सका । दोराहा पुलिस ने कार कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

### उग्रवादी ज़मानत पर रिहा

**पटियाला (भूषण):** नाभा जेल की अदालत के विशेष जज श्री एम.एल. सिंगल ने कपूरथला जेल से फरार होने वाले संदिग्ध उग्रवादी जगजीत सिंह को दस हजार रुपए की ज़मानत पर रिहा कर दिया है । 15 जुलाई, 1986 को कपूरथला जेल के संतरी योगिन्दर सिंह की कुछ अन्य उग्रवादियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गई थी तथा जगजीत सिंह, जो उस समय गेट के पास ही खड़ा था, एक वाहन में सवार होकर फरार हो गया था, परन्तु बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया ।

### पति-पत्नी की हत्या

गत रात्रि साढ़े 9 बजे के करीब ज़िला पटियाला के थाना बस्सी पठनां के गांव बुताली आला सिंह में चार अज्ञात व्यक्तियों ने एक सुनार जंग बहादुर तथा उसकी पत्नी राजेन्द्र कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि अभियुक्तों ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया । जब जंग बहादुर ने दरवाजा खोला तो उसे गोली मार दी गई । उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो अभियुक्तों ने उसको भी गोली मार दी । भागते हुए यह लोग 20 हजार रुपए नकद, 80 ग्राम सोना व 2 किलो चांदी भी ले गए ।

### बाबा के ठिकानों पर नज़र

**गाज़ियाबाद (वार्ता):** पंजाब की हिरासत से भागे खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह बाबा की तलाश के लिए नोएडा तथा गाज़ियाबाद जिले में उसके विभिन्न ठिकानों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है ।

जिला पुलिस अधीक्षक विभूति नारायण राय ने आज यहां बताया कि सतनाम सिंह बाबा गत अक्तूबर में दिल्ली में पकड़े जाने के समय नोएडा में अपने परिवार के साथ रह रहा था । उसके कुछ ठिकाने गाज़ियाबाद में भी थे, इसलिए उसके फ़रार होने पर उन ठिकानों पर छिपने की सम्भावना को देखते हुए पुलिस उस पर कड़ी निगरानी रखे हुए है । उन्होंने बताया कि दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है ।

### थानेदार का शव मिला

**जालन्धर (क) :** गत दिन थाना आदमपुर के गांव गडोला के निकट नहर के पुल के निकट एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता पाया गया जो बाद में एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर मोहन सिंह का निकला । इस शव का आज स्थानीय सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया और शव उनके सम्बन्धियों के हवाले कर दिया गया ।

मोहन सिंह जिला होशियारपुर के गांव लखशियां थाना माहलपुर का निवासी था और इस समय नाभा में तैनात था । वह कुछ दिन से छुट्टी पर आया हुआ था । लगभग एक सप्ताह पूर्व वह स्कूटर पर गांव से निकला था और तब से उसका कोई पता नहीं चल रहा था । कल उसका शव नहर से मिला है, उसके स्कूटर का अभी तक पता नहीं चल सका । स्कूटर के भी नहर में पड़े होने की आशंका से नहर का पानी पीछे से बंद करवाया गया है ।

### जांच पूर्ण

**लुधियाना (महिन्द्रा):** थानेदार मनजीत सिंह जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, के केस की जांच पूर्ण हो गई है । बताया जाता है कि मनजीत सिंह प्रातः साढ़े नौ बजे थाना सदर से जीप में दो सशस्त्र सिपाहियों के साथ मेहरबान गांव की ओर एक केस की जांच के लिए रवाना हुआ था । उनके आगे जा रही एक सफेद मारुति कार में सवार व्यक्तियों ने कार का पिछला शीशा उठाकर मनजीत सिंह पर गोलियां चलाईं । मनजीत सिंह जीप की अगली सीट पर ड्राइवर के साथ बैठा था । एक गोली मनजीत सिंह के दिल में लगकर आगे निकल गई तथा उसकी वहीं मृत्यु हो गई थी । सिपाहियों ने कुछ फायर कार की तरफ किए लेकिन मारुति कार बहुत आगे निकल चुकी थी । इतने में पीछे से एक अन्य मारुति कार आई जिसमें डालकर मनजीत सिंह को सी.एम.सी. अस्पताल में लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

### घर-घर की तलाशी

**होशियारपुर (अश्विनी):** पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से आज प्रातः स्थानीय मुहल्ला सुभाष नगर में घर-घर की तलाशी ली गई । तलाशियों का काम प्रातः चार बजे शुरू हुआ तथा लगभग तीन घंटे जारी रहा । पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया परन्तु पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया ।

### एक और मुठभेड़

**अमृतसर (ह.स.):** गत रात्रि थाना अजनाला के गांव पंडोरी महमा के निकट सुरक्षा बलों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन उग्रवादी फरार होने में सफल हो गए । फायरिंग में कोई भी घायल नहीं हुआ ।

### आतंकवादी गिरफ्तार

बाबा बकाला से 'मेहरा' के अनुसार पुलिस ने थाना जंडियाला क्षेत्र के एक आतंकवादी सुखराम सिंह उर्फ सुक्खा उर्फ सतनाम सिंह उर्फ रेशम सिंह पुत्र तेजिन्द्र सिंह वासी लोहारके को गिरफ्तार किया है । पुलिस को सूचना मिली थी कि वह अपने साथियों के साथ कोई वारदात करने की योजना बना रहा है । उसके साथी भागने में सफल हो गए ।

### कार जला दी

**फिल्लौर (भाखड़ी):** गत रात यहां के निकटवर्ती कस्बा अपरा के आर.एम.पी. डाक्टर सतपाल की फ़िएट कार नं. पी.ए.यू. 8889, जो कि रात को उसके घर के निकट ही खड़ी थी, को किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगा दी गई । कार जल कर राख हो गई । स्थानीय पुलिस सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची व घटनास्थल का निरीक्षण किया । पुलिस ने इस घटनाक्रम को उग्रवादी कार्रवाई मानने से इन्कार किया है व बताया है कि यह निजी दुश्मनी का मामला है ।

एक अन्य घटना में यहां के गांव ढकमजारा के सरपंच महिन्दर सिंह के घर से कुछ व्यक्ति उसके भतीजे पाल सिंह से उसकी लाइसैंसी बंदूक व 10 कारतूस छीन कर ले गए । पाल सिंह के अनुसार वह रात को घर में टी.वी. देख रहा था कि दो व्यक्ति अन्दर घुस आए व पिस्तौल तान कर बंदूक मांगी । जब बंदूक मिल गई तो वह बाहर खड़े स्कूटर पर सवार होकर भाग गए ।



## जगराओं (ज़िला लुधियाना) विधानसभा



किया । पुलिस ने इस घटनाक्रम को उग्रवादी कार्रवाई मानने से इन्कार किया है व बताया है कि यह निजी दुश्मनी का मामला है ।

एक अन्य घटना में यहां के गांव ढकमजारा के सरपंच महिन्दर सिंह के घर से कुछ व्यक्ति उसके भतीजे पाल सिंह से उसकी लाइसैंसी बंदूक व 10 कारतूस छीन कर ले गए । पाल सिंह के अनुसार वह रात को घर में टी.वी. देख रहा था कि दो व्यक्ति अन्दर घुस आए व पिस्तौल तान कर बंदूक मांगी । जब बंदूक मिल गई तो वह बाहर खड़े स्कूटर पर सवार होकर भाग गए ।

**7 आतंकवादी गिरफ्तार**

**फिरोजपुर (जिंदल):** फरीदकोट जिला के एस.पी. आप्रेशन श्री देसराज चोपड़ा ने बताया कि पुलिस ने सात आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक पाकिस्तान निर्मित राइफल, तीन पाकिस्तान निर्मित .38 बोर रिवाल्वर, देसी पिस्तौल व 50 कारतूस बरामद किए । उनकी पहचान हरफूल सिंह, करनैल सिंह, गुरदेव सिंह, मनजीत सिंह, हरदयाल सिंह, राजू तथा पवन के रूप में की गई है । श्री चोपड़ा ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान हरफूल सिंह तथा करनैल सिंह ने स्वीकार किया कि वे तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सदस्य हैं ।

**मां का आशीर्वाद लेने जा रहे थे**

श्री चोपड़ा ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादी कई डकैतियों तथा हत्या के प्रयास के मामलों में वांछित थे । आतंकवादियों ने यह भी स्वीकार किया कि उनकी बाघापुराना के एक प्रमुख नेता की हत्या करने की योजना थी । श्री चोपड़ा ने बताया कि आतंकवादी गुरदेव सिंह तथा मनजीत सिंह गांव रोडे के निकट गिरफ्तार किए गए, जहां वे मुक्तसर के माघी मेले में गड़बड़ पैदा करने की अपनी योजना के लिए अपनी मां का आशीर्वाद लेने जा रहे थे । आतंकवादी हरदयाल सिंह ने स्वीकार किया कि उसके साथी गत रात्रि मोगा में हुई फायरिंग की घटना में संलिप्त थे, जिसमें एक व्यक्ति प्रवीन कुमार घायल हो गया था । उसने व उसके साथियों ने 25 दिसम्बर को मोगा नगर में एक स्त्री से बंदूक की नोक पर सोने के ज़ेवर व नकदी छीनी थी ।

श्री चोपड़ा ने बताया कि गत रात्रि पुलिस ने अवैध शराब का धंधा करने वाले नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । इनके नाम जोगेन्द्र सिंह, काका सिंह, चानन सिंह, दलीप सिंह, निरंजन सिंह, पूर्ण सिंह, शेर सिंह आदि हैं ।

**रियासती की अंत्येष्टि**

**बठिंडा (ग्रोवर):** पंजाब के भूतपूर्व मंत्री तथा कांग्रेस (इ) के नेता श्री त्रिलोचन सिंह रियासती का आज उनके पैतृक गांव कासिम बट्टी में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार कर दिया गया । उनके अन्तिम संस्कार के समय पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरो, बड़ी संख्या में कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ता, श्री रियासती के प्रशंसक व नागरिक मौजूद थे । श्री रियासती के बेटे भीम सिंह द्वारा चिता को अग्नि दिखाए जाने के समय पुलिस के एक दस्ते ने अपने हथियार उल्टे कर दिए । इससे पूर्व जिलाधीश श्री जोगेन्द्र सिंह कौमी तथा एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने राज्य सरकार की ओर से श्री रियासती के शव पर फूलमाला चढ़ाई । श्री रियासती के अन्तिम संस्कार के समय कुछ लोग यह कहते सुने गए कि वह राज्य में शांति स्थापना के प्रयास करते हुए एक शहीद की मौत मरे हैं ।

**फायरिंग से 3 घायल**

पूछताछ के दौरान हरफूल सिंह तथा करनैल सिंह ने स्वीकार किया कि वे तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सदस्य हैं ।

**मां का आशीर्वाद लेने जा रहे थे**

श्री चोपड़ा ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादी कई डकैतियों तथा हत्या के प्रयास के मामलों में वांछित थे । आतंकवादियों ने यह भी स्वीकार किया कि उनकी बाघापुराना के एक प्रमुख नेता की हत्या करने की योजना थी । श्री चोपड़ा ने बताया कि आतंकवादी गुरदेव सिंह तथा मनजीत सिंह गांव रोडे के निकट गिरफ्तार किए गए जहां वे मुक्तसर के माघी मेले में गड़बड़ पैदा करने की अपनी योजना के लिए अपनी मां का आशीर्वाद लेने जा रहे थे । आतंकवादी हरदयाल सिंह ने स्वीकार किया कि उसके साथी गत रात्रि मोगा में हुई फ़ायरिंग की घटना में संलिप्त थे,जिसमें एक व्यक्ति प्रवीन कुमार घायल हो गया था । उसने व उसके साथियों ने 25 दिसम्बर को मोगा नगर में एक स्त्री से बंदूक की नोक पर सोने के ज़ेवर व नकदी छीनी थी ।

श्री चोपड़ा ने बताया कि गत रात्रि पुलिस ने अवैध शराब का धंधा करने वाले नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । इनके नाम जोगेन्द्र सिंह, करक सिंह, चानन सिंह, दलीप सिंह, निरंजन सिंह, पूर्ण सिंह, शेर सिंह आदि हैं ।

**रियासती की अंत्येष्टि**

**भटिंडा (ग्रोवर)**: पंजाब के भूतपूर्व मंत्री तथा कांग्रेस (इ) के नेता श्री त्रिलोचन सिंह रियासती का आज उनके पैतृक गांव कासिम बट्टी में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार कर दिया गया । उनके अन्तिम संस्कार के समय पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरो, बड़ी संख्या में कांग्रेस (इ) कार्यकर्ता, श्री रियासती के प्रशंसक व नागरिक मौजूद थे । श्री रियासती के बेटे भीम सिंह द्वारा चिता को अग्नि दिखाए जाने के समय पुलिस के एक दस्ते ने अपने हथियार उल्टे कर दिए । इससे पूर्व जिलाधीश श्री जोगेन्द्र सिंह कौमी तथा एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल ने राज्य सरकार की ओर से श्री रियासती के शव पर फूल माला चढ़ाई । श्री रियासती के अन्तिम संस्कार के समय कुछ लोग यह कहते सुने गए कि वह राज्य में शांति स्थापना के प्रयास करते हुए एक शहीद की मौत मरे हैं ।

**फायरिंग से 3 घायल**

जालन्धर से वार्ता के अनुसार आज सायं 6.30 बजे गोराया थाना क्षेत्र के ग्राम मसानिया के शराब के ठेके पर दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने फायरिंग करके सेल्समैन रोशन लाल तथा दो अन्य अर्जुन दास व रतना राम को घायल कर दिया और फरार हो गए ।

**धमकियां मिल रही थीं**

लुधियाना से धीमान के अनुसार श्री रियासती को कुछ अर्से से धमकी भरे पत्र व टैलीफोन मिल रहे थे । उन्होंने इस सम्बन्ध में राज्यपाल को पत्र लिखने की योजना बनाई थी । कहा जाता है कि उन्होंने पंजाब समस्या को हल करने के लिए फिर से प्रयास शुरू किए थे । राजनीतिक क्षेत्रों में यह अटकल लगाई जा रही है कि हो सकता है कि उग्रवादियों ने उनके शांति प्रयासों को विफल बनाने के लिए उनकी हत्या की हो । वह खालिस्तानी नेता गंगा सिंह ढिल्लों के निकट साथी थे । श्री रियासती जब अमरीका व अन्य देशों में गए थे तो उन्होंने पंजाब का गतिरोध समाप्त करने की कोशिश में गंगा सिंह ढिल्लों व अन्य खालिस्तान समर्थकों से बातचीत की थी ।

# मानोचाहल के साथी सहित दो उग्रवादी मारे गये, 3 लोगों की हत्यायें

**मसानिया क्षेत्र में शराब के ठेके पर फ़ायरिंग, सेल्ज़मैन व करिंदे सहित 3 घायल**

**होमगार्ड की बंदूक व कारतूस छीने गए, फगवाड़ा में 17 हज़ार रुपए लूटे**

चंडीगढ़, 11 जनवरी (वार्ता): सुरक्षा बलों ने पंजाब में दो उग्रवादी मार गिराए जबकि उग्रवादियों ने तरनतारन क्षेत्र में तीन लोगों की हत्या कर दी ।

**शव मिला**

आज रात्रि अमृतसर के तरनतारन क्षेत्र के शेरों ग्राम में एक अधेड़ व्यक्ति की उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

**कुख्यात आतंकवादी मारे गए**

**अमृतसर (अशोक सोनी):** आज बाद दोपहर अमृतसर के एस.एस.पी. मुहम्मद इज़हार आलम ने बताया कि अमृतसर के गांव वनछेड़ी थाना जंडियाला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो कुख्यात आतंकवादी मारे गए । मृतकों की शिनाख्त दया सिंह निवासी चोला साहब और बलबीर सिंह निवासी गांव वनछेड़ी के रूप में की गई है ।

इस सम्बन्ध में श्री इज़हार आलम ने विवरण देते हुए बताया कि पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि गांव वनेछड़ी थाना जंडियाला के एक निवासी पूर्ण सिंह के फ़ार्म हाउस में कुछ आतंकवादी छुपे हुए हैं । इस सूचना के आधार पर आज तड़के पुलिस व सुरक्षा बल जब पूर्ण सिंह के फ़ार्म हाउस को घेर रहे थे तो फ़ार्म हाउस के अन्दर छुपे आतंकवादियों ने पुलिस व सुरक्षा बलों पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । श्री आलम ने बताया कि इस फ़ायरिंग के दौरान आतंकवादियों ने भागने की कोशिश भी की, लेकिन फ़ायरिंग की लपेट में आकर दो आतंकवादी मारे गए । इनमें दया सिंह 'प्लस बी' श्रेणी का आतंकवादी था, जिस पर 25,000 रुपए का ईनाम घोषित है । श्री आलम ने बताया कि दूसरा मृतक बलबीर सिंह भी एक कुख्यात आतंकवादी था तथा उसका एक बाज़ू कटा हुआ था । वह पुलिस को कई मामलों में संलिप्त था । श्री आलम ने बताया कि दया सिंह उग्रवादियों द्वारा नियुक्त अकाल तख़्त के जत्थेदार तथा भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स के सरगना गुरबचन सिंह मानोचाहल का दायां हाथ था । मृत आतंकवादियों के कब्ज़े से एक विदेशी कार्बाइन तथा एच.ई. 36 हथगोले बरामद हुए ।

दया सिंह गत तीन महीनों में मारा जाने वाला मानोचाहल का दूसरा निकट साथी है । मानोचाहल का निजी अंगरक्षक बूटा सिंह कुछ महीने पहले एक मुठभेड़ में मारा गया । मानोचाहल भी उस मुठभेड़ में घायल हुआ था, लेकिन वह अंधेरे में फ़रार हो गया था ।

**उग्रवादियों द्वारा हत्या**

विलम्ब से प्राप्त एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने गत रात्रि अमृतसर जिले के थाना हरीके के गांव पिंगड़ी में एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

**महिला की हत्या**

अमृतसर के खपरखेरी ग्राम (छहरटा थाना क्षेत्र) में दो उग्रवादियों ने अमरीक कौर नामक महिला की आज रात्रि हत्या कर दी ।

**संदूक में राइफलें मिलीं**

**कालका (जग्गी):** जिला अम्बाला के रेलवे पुलिस अधीक्षक ने गत दिवस यहां एक भेंट में जानकारी दी कि विगत दिनों जगाधरी रेलवे स्टेशन पर एक यात्री रेल गाड़ी 49 अप में एक संदूक पड़ा मिला, जिसमें दो सर्विस राइफलें पड़ी हुई थीं तथा साथ में 35 कारतूस भी थे । संदेह होने पर एक व्यक्ति को वहीं पर हिरासत में ले लिया गया और उससे पूछताछ जारी है । पुलिस अधीक्षक के अनुसार राइफलों के बट और बैरल कटे हुए थे ।

**सात हज़ार रुपए छीने**

**फगवाड़ा (खोसला):** आज सायं चार बजे के लगभग यहां से दो किलो मीटर दूर जी.टी. रोड पर गांव चाचोकी के एक कारखाना से तीन उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर सात हज़ार रुपए छीन कर ले गए । तीनों उग्रवादी एक स्कूटर पर सवार होकर आए । दो उग्रवादी कारखाना के अन्दर चले गए तथा तीसरा बाहर स्कूटर के पास खड़ा रहा । अन्दर जाकर इन उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर ख़ज़ांची से कैश छीना और स्कूटर पर सवार होकर फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

**पैट्रोल पम्प लूट लिया**

ह.स. के अनुसार आज शाम जिला कपूरथला में फगवाड़ा के निकट एक पैट्रोल पम्प से तीन सशस्त्र आतंकवादी 10,000 रुपए लूटकर फरार हो गए ।

**स्कूटर छीना**

**लुधियाना (आहूजा):** कल शाम लगभग छः बजे मंगली गांव के निकट दो संदिग्ध व्यक्तियों ने हरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.ए.आई 1393 छीन लिया । हरदेव सिंह उस समय अपने ससुराल दूतगढ़ से लुधियाना की ओर आ रहा था ।


**ठेके पर फायरिंग**

**जालन्धर (ह.स.):** कल रात थाना गोराया के गांव मसानी में शराब के ठेके पर उग्रवादियों की फायरिंग में घायल होने वाले तीन व्यक्ति फिल्लौर सिविल अस्पताल में दाखिल हैं तथा उनकी दशा में सुधार हो रहा है । इनके नाम रोशन लाल, अर्जुन राम तथा रत्ना राम बताए गए हैं ।

**उग्रवादी व तस्कर गिरफ्तार**

जालन्धर पुलिस ने गत रात गश्त के दौरान एक उग्रवादी चूनी लाल तथा एक चरस तस्कर हरीचन्द

(शेष पृष्ठ 8 पर)





*जिला गुरदासपुर के कादियां थानांतर्गत गांव काहलवां के पास गत दिवस मुठभेड़ में मारे गये उग्रवादी परमिन्द्र सिंह का शव ।*
*(छाया : पंजाब केसरी)*

**मानोचाहल का साथी**

(पृष्ठ 3 का शेष)

को गिरफ्तार किया । पुलिस ने चूनी लाल से तीन कारामद कारतूस तथा 3180 मिली लिटर देसी शराब बरामद की । अन्य अपराधों में उसकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है । पुलिस की प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि हरी चन्द से चार किलो ग्राम चरस बरामद हुई । सुरक्षा बलों ने थाना नवांशहर के गांव सहोता में गुलजार सिंह, कर्मचन्द तथा कश्मीरी लाल के घरों पर भी छापे मारे तथा 630 किलो ग्राम पोस्त चूरा बरामद किया ।

**होमगार्ड की बंदूक छीनी**

**फिरोजपुर (वार्ता):** उग्रवादियों ने एक मोटर साइकल का पीछा करके होमगार्ड के एक जवान से उसकी बंदूक तथा कुछ कारतूस छीन लिए । प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस का एक ए.एस.आई. तथा एक होमगार्ड गश्ती ड्यूटी पर जा रहे थे, जबकि उग्रवादियों ने उन पर फ़ायरिंग की जिससे होमगार्ड नीचे गिर पड़ा और उग्रवादी उसकी बंदूक व कारतूस छीन कर ले गए । इस हमले में ए.एस.आई. बच गया ।

## इंका विधायक को गिरफ्तार करने की मांग

जलालाबाद, 11 जनवरी (मलिक): जिला फिरोजपुर अकाली दल की बैठक में इंका विधायक बालमुकन्द तथा उसके बेटे रजिन्द्र कुमार को गिरफ्तार करने की मांग की गई है, जिन पर फरार आतंकवादी मोहिन्दर सिंह कर्मा को शरण देने का आरोप है । ये दोनों आज-कल फरार हैं । उल्लेखनीय है कि अपनी पत्नी तथा बेटे तरनजीत सिंह के साथ फरार आतंकवादी कर्मा पर पाकिस्तान से ए.के. 47 चीनी मार्का वाली राइफलें, हथगोले, रिवाल्वर आदि की तस्करी का आरोप है तथा उसके विरुद्ध फिरोजपुर पुलिस थाना में केस भी दर्ज हैं ।

कार्यकारी प्रधान श्री राजवंत सिंह की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की यह बैठक गत शनिवार को गुरुद्वारा सिंह सभा में हुई । बैठक में पूर्व मंत्री हरि सिंह जीरा सहित 500 कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया

Punjabi Safarnama

# पंजाब में उग्रवादियों द्वारा रंधावा के सम्बंधी सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

## खेमकरण सीमा पर घुसपैठिया, रैय्या में तस्कर मारा गया

## होशियारपुर के निकट नहर से युवक की लाश मिली

# जालंधर जिला में कार छीनी, ट्रक का अपहरण

चंडीगढ़, 13 जनवरी (वार्ता, हस.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में प्रदेश कांग्रेस (इ) के भूतपूर्व प्रधान श्री संतोख सिंह रंधावा के एक निकट सम्बन्धी सहित 8 व्यक्ति मारे गए । इनमें एक कथित शराब तस्कर तथा एक घुसपैठिया शामिल है । जालन्धर जिले में एक ट्रक का अपहरण कर लिया गया, एक कार छीनी गई जबकि तीन उग्रवादी गिरफ्तार किए गए ।

**2 व्यक्तियों की हत्या**

**बटाला (कोछड़):** जिला गुरदासपुर के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के अंतर्गत गांव चौड़ा-मधरा में दो अज्ञात युवकों ने फ़ायरिंग करके पंजाब कांग्रेस (इ) के भू.पू. प्रधान श्री संतोख सिंह रंधावा के निकट सम्बन्धी व मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व चेयरमैन 45 वर्षीय श्री धर्म सिंह सोही तथा एक सरकारी अध्यापक जरनैल सिंह ढंड की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक धर्म सिंह सोही अपने भाई कर्म सिंह के साथ दूसरे मृतक जरनैल सिंह ढंड से मिलने जा रहा था कि दो युवकों ने उनकी हत्या कर दी । पुलिस, सी.आर.पी.एफ. तथा बी.एस.एफ. के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । पुलिस और सुरक्षा बलों ने आसपास के गांवों को घेरे में ले लिया है और हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जरनैल सिंह सैंटर हैड टीचर था और धर्म सिंह उसे मिलने के लिए आया हुआ था । बताया गया है कि 2 युवक आए और श्री धर्म सिंह से कहने लगे कि वह अपना रिवाल्वर उन्हें दे दें । श्री धर्म सिंह ने कहा कि मैं अपना रिवाल्वर आज साथ नहीं लाया । इस पर वह अपने कपड़े उन्हें दिखाने लगा, लेकिन उग्रवादियों ने दनादन गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । इस पर जरनैल सिंह ने शोर मचा दिया कि इन लड़कों को पकड़ो मगर उन्होंने जरनैल सिंह पर भी फ़ायरिंग शुरू कर दी तथा दोनों की हत्या करके फरार हो गए । पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी का कहना है कि घटनास्थल पर 315 बोर की बंदूक के 6 मृत और 2 जीवित कारतूस मिले हैं । वहां पर एक पत्र भी मिला है, जो खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के जनरल तूफ़ान सिंह का लिखा हुआ है । उसने लिखा है कि दोनों की हत्या इसलिए की गई है क्योंकि दोनों ही पुलिस के सूचक थे । जरनैल सिंह ब्लाक कांग्रेस कमेटी का प्रधान भी रह चुका है ।

**4 गिरफ्तार**

**गुरदासपुर (विनोद):** पुलिस द्वारा आम तलाशी के सिलसिले में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव दकोहा के निवासी गुरदेव सिंह और उसके तीन लड़कों महेन्द्र सिंह, जरनैल सिंह तथा करनैल से एक देसी पिस्तौल तथा दस ट्रेसर कारतूस बरामद करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है । इनसे पूछताछ जारी है । एक अन्य घटना में दो अज्ञात व्यक्तियों ने डेरा बाबा नानक निवासी हीरा लाल के घर से 2500 रु.नकद और 8000 रु. के आभूषण लूट लिए । लूटने वाले दोनों व्यक्ति क्लीन शेव्ड थे ।

**3 मरे**

**अमृतसर (वि.प्र.):** इस जिले में गत रात हुई विभिन्न घटनाओं में तीन व्यक्ति मारे गए । इनमें पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने वाला एक व्यक्ति शामिल है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि तरनतारन थानान्तर्गत झंडेर गांव में एक भूतपूर्व सैनिक गुरदीप सिंह द्वारा अपनी साइकल देने से इन्कार करने पर संदिग्ध आतंकवादियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी ।

**लैटर पैड छोड़ गए**

एक अन्य सूचना के अनुसार भूतपूर्व सैनिक गुरदीप सिंह की हत्या करने वाले घटनास्थल पर 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' का एक लैटर पैड छोड़ गए ।

**घुड़सवार मारा गया**

जी.टी. रोड के बाबा बकाला-रैय्या क्रासिंग पर कल शाम जब एक घुड़सवार हरजिंदर सिंह ने सुरक्षा बलों के इशारे पर रुकने से इन्कार कर दिया तो उसका पीछा किया गया । वह गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हुआ और बाद में बाबा बकाला अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई । प्राप्त सूचना के अनुसार उसका एक साथी भागने में सफल हो गया । एक अन्य सूचना के अनुसार मृतक व उसका साथी अवैध शराब निकालने का धंधा करते थे ।

पाकिस्तान से घुसपैठ करने वाला एक व्यक्ति गत रात भारत-पाक सीमा के खेमकरन क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में मारा गया । पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसे दो

(शेष पृष्ठ 6 पर)

---

# झा रहा है : भाजपा

प्रचार के लिए वह प्रचार माध्यमों का इस्तेमाल करें और कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में इस सरकार के विश्वस्त साथी हैं ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मांग की कि राज्य में सर्वदलीय सभाएं फिर शुरू की जाएं जैसा कि अकाली शासन के दौरान किया गया था । उसने सरकार से यह भी मांग की कि पंजाब समस्या को हल के लिए वह सभी पार्टियों को विश्वास में ले परन्तु साथ ही कहा कि पुलिस की ज्यादतियां बंद होनी चाहिएं ।

ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा ने अपने ज्ञापन में आरोप लगाया कि निचले वर्ग के अधिकांश पुलिस कर्मचारियों की आतंकवादियों के साथ सांठ-गांठ है

## पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

व्यक्तियों ने ललकारने पर गोली चला दी । सीमा सुरक्षा बल द्वारा जवाब में गोली चलाने पर उनमें से एक वापस पाकिस्तान भाग गया और दूसरा मारा गया । पाकिस्तान में बनी 30 बोर की एक पिस्तौल और दो चमड़े के कोट मौके से बरामद हुए ।

इस बीच दो व्यक्तियों ने पट्टी थानान्तर्गत सभरावां गांव में धर्मवीर के मकान से अढ़ाई हजार रुपए और कुछ स्वर्णाभूषण लूट लिए ।

**हत्या**

कल रात्रि अमृतसर के झब्बाल थाना क्षेत्र के जेयोवाला ग्राम में उग्रवादियों ने एक वृद्ध गोखा सिंह की हत्या कर दी ।

**परिसर में टार्चर**

अमृतसर पुलिस ने स्वर्ण मंदिर परिसर में वैरोवाल थाने के ग्राम नागोके निवासी साहब सिंह को टार्चर करने के आरोप में कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है । साहब सिंह ने बताया कि वह कल स्वर्ण मंदिर परिसर से बाहर आ रहा था, जब कुछ नकाबपोश उग्रवादियों ने उसे पकड़ लिया और परिक्रमा के कमरा नम्बर 47 में ले गए तथा इस आरोप में कि उसकी मुखबिरी की वजह से उसके ग्राम का एक उग्रवादी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था, उसकी पिटाई की और उसे टार्चर किया । आज प्रात: जब उसे दूसरे कमरे में ले जाया जा रहा था, वह भाग कर सी.आर.पी. की टुकड़ी के पास चला गया ।

अमृतसर के जंडियाला क्षेत्र के ग्राम वैरोवाल के पास उग्रवादियों ने रवीन्द्र जोशी को गोली मार कर घायल कर दिया ।

रवीन्द्र जोशी डी.ए.वी. कालेज बटाला में शिक्षक है और घटना के समय वह स्कूटर पर तरनतारन जा रहा था जब गोलेवाड़ ग्राम के पास यह घटना हुई ।

**लुटेरा गिरफ्तार**

**होशियारपुर (प्रद्युम्न):** एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पुलिस ने लूटमार करने वाले एक युवक चरणजीत सिंह आधर्मी निवासी कालेवाल फत्तू को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 15 बोर का पिस्तौल, 2 कारतूस और 1450 रुपए नकद मिले हैं । उसके कब्जे से एक स्कूटर नम्बर पी.बी.एच. 664 भी मिला है जो उसने 30 नवम्बर को एक व्यक्ति रमेश चन्द्र से टूटो मजारा के करीब छीना था । पुलिस ने एक और स्कूटर पी.बी.ओ. 514 भी बरामद करके एक व्यक्ति बूटा राम को गिरफ्तार कर लिया । यह स्कूटर मुकेरियां के गम्भीर सिंह का है, जो रविवार को चोरी हुआ था ।

**शव मिला**

अश्विनी के अनुसार पुलिस ने थाना होशियारपुर के गांव कोट फतही में नहर से एक युवक का शव बरामद किया जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

**भट्ठा मालिक की हत्या**

**मोगा (सर्वमित्र):** आज बाद दोपहर यहां से 15 किलो मीटर दूर बाघापुराना में एक ईंट भट्ठा मालिक वेद प्रकाश की दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे उसकी ... छीन कर फरार हो गए । बताया जाता है कि तीन आतंकवादियों ने शाहकोट से एक कार यू.पी.एम. 9626 किराया पर ली । जब कार मौजा ढड्डा दौलत पहुंची तो उन्होंने ड्राइवर को कार खड़ी करने को कहा । कार रुकने पर उन्होंने पिस्तौल की नोक पर ड्राइवर धर्मपाल को आदेश दिया कि वह कार से नीचे उतरे । उसे बाहर धकेल कर वे कार स्टार्ट करके फरार हो गए । यह वारदात लगभग साढ़े ग्यारह बजे सुबह हुई । आतंकवादियों ने कम्बल ओढ़ रखे थे तथा उनकी आयु 21-22 वर्ष थी ।

वारदात की सूचना मिलते ही डी.एस.पी. नकोदर जगदीश राज भारी पुलिस फोर्स लेकर मौका पर पहुंच गए । इस दौरान शाहकोट पुलिस ने भी कई जगह छापे मारे परन्तु अभी तक कार का कुछ पता नहीं चला ।

कल रात्रि जालन्धर के नूरमहल थाना क्षेत्र के गोसाई पीर ग्राम में तीन उग्रवादियों ने अमरीक सिंह के घर में घुस कर 3 हजार की नकदी और 10 हजार रु. के आभूषण लूट लिए ।

**सेंध लगाने की घटना**

**जलालाबाद (मलिक):** कल आधी रात को कुछ अज्ञात व्यक्ति अनेजा म्यूजिक सैंटर में सेंध लगाकर 32 टेप रिकार्डर व अन्य सामान लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**मकान मालिकों को निर्देश**

**भटिंडा (ग्रोवर):** जिला मैजिस्ट्रेट श्री जे.एस. कौमी ने धारा 144 के अन्तर्गत एक आदेश जारी करके मकान मालिकों से कहा है कि वे 15 दिनों के भीतर अपने थानों को अपने नए किरायादारों के बारे में सूचना दें । एक अन्य आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने घातक हथियार लेकर चलने पर रोक लगा दी है । यह आदेश कल से लागू होंगे और 13 मार्च तक प्रभावी रहेंगे ।

**दुकान लूटने आये पकड़े गए**

**रोपड़ (वार्ता):** विलम्ब से मिली सूचना के अनुसार 11 जनवरी को जिला रोपड़ में कुराली से पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी एक दुकान को लूटने आए थे लेकिन इसके मालिक ने शोर मचा दिया । परिणामस्वरूप लोग वहां इकट्ठे हो गए और उन्होंने आतंकवादियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

**ट्रक का अपहरण**

**जालन्धर (वार्ता):** गत रात्रि थाना सदर जालन्धर के गांव नंगल शामां में कुछ अज्ञात व्यक्ति एक ट्रक भगा ले गए । भट्ठा मालिक रणधीर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**3 उग्रवादी गिरफ्तार**

जालन्धर पुलिस ने विशेष नाकाबंदी के दौरान तीन संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके नाम चन्द्र मोहन, सुरजीत सिंह तथा गुरदयाल सिंह बताए गए हैं । पुलिस ने उनसे एक पिस्तौल, दो कारतूस तथा दो छीने हुए स्कूटर बरामद किए । यह स्कूटर गत वर्ष गरीब दास और जसबीर सिंह से छीने गए थे ।

## साइचिन पर पाक हमला विफल

Punjabi Sanatani

सभराँवा गाँव में धमवीर के मकान से अढ़ाई हजार रुपए और कुछ स्वर्णाभूषण लूट लिए ।

**हत्या**

कल रात्रि अमृतसर के झब्बाल थाना क्षेत्र के जेयोवाला ग्राम में उग्रवादियों ने एक वृद्ध गोखा सिंह की हत्या कर दी ।

**परिसर में टार्चर**

अमृतसर पुलिस ने स्वर्ण मंदिर परिसर में वैरोवाल थाने के ग्राम नागोके निवासी साहब सिंह को टार्चर करने के आरोप में कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है । साहब सिंह ने बताया कि वह कल स्वर्ण मंदिर परिसर से बाहर आ रहा था, जब कुछ नकाबपोश उग्रवादियों ने उसे पकड़ लिया और परिक्रमा के कमरा नम्बर 47 में ले गए तथा इस आरोप में कि उसकी मुखबिरी की वजह से उसके ग्राम का एक उग्रवादी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था, उसकी पिटाई की और उसे टार्चर किया । आज प्रातः जब उसे दूसरे कमरे में ले जाया जा रहा था, वह भाग कर सी.आर.पी. की टुकड़ी के पास चला गया ।

अमृतसर के जंडियाला क्षेत्र के ग्राम वैरोवाल के पास उग्रवादियों ने रवीन्द्र जोशी को गोली मार कर घायल कर दिया ।

रवीन्द्र जोशी डी.ए.वी. कालेज बटाला में शिक्षक है और घटना के समय वह स्कूटर पर तरनतारन जा रहा था जब गोलवाड़ ग्राम के पास यह घटना हुई ।

**लुटेरा गिरफ्तार**

**होशियारपुर (प्रद्युम्न):** एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पुलिस ने लूटमार करने वाले एक युवक चरणजीत सिंह आधर्मी निवासी कालेवाल फत्तू को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 15 बोर का पिस्तौल, 2 कारतूस और 1450 रुपए नकद मिले हैं । उसके कब्जे से एक स्कूटर नम्बर पी.बी.एच. 664 भी मिला है जो उसने 30 नवम्बर को एक व्यक्ति रमेश चन्द्र से बूटा मजारा के करीब छीना था । पुलिस ने एक और स्कूटर पी.बी.ओ. 514 भी बरामद करके एक व्यक्ति बूटा राम को गिरफ्तार कर लिया । यह स्कूटर मुकेरियां के गम्भीर सिंह का है, जो रविवार को चोरी हुआ था ।

**शव मिला**

अश्विनी के अनुसार पुलिस ने थाना होशियारपुर के गांव कोट फतूही में नहर से एक युवक का शव बरामद किया जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

**भट्ठा मालिक की हत्या**

**मोगा (सर्वमित्र):** आज बाद दोपहर यहां से 15 किलो मीटर दूर बाघापुराना में एक ईंट भट्ठा मालिक वेद प्रकाश की दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने हत्या कर दी । बताया जाता है कि सशस्त्र व्यक्ति उसके भट्ठे पर आए तथा उसे कहा कि जो कुछ भी उसके पास है, उनके हवाले कर दे । वह उनमें से एक व्यक्ति के साथ गुत्थम-गुत्था हो गया जिस पर दूसरे ने उसे गोली मार दी । अर्ध सैनिक बलों ने उसकी लाश बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दी । पुलिस जांच कर रही है ।

**कार छीन ली**

**शाहकोट (चोपड़ा):** तीन आतंकवादी आज यहां से थोड़ी दूर सफेद रंग की एक एम्बैसेडर कार


**क्लासीफाइड विज्ञापन**


ने कम्बल ओढ़ रखे थे तथा उनकी आयु 21-22 वर्ष थी ।

वारदात की सूचना मिलते ही डी.एस.पी. नकोदर जगदीश राज भारी पुलिस फोर्स लेकर मौका पर पहुंच गए । इस दौरान शाहकोट पुलिस ने भी कई जगह छापे मारे परन्तु अभी तक कार का कुछ पता नहीं चला ।

कल रात्रि जालन्धर के नूरमहल थाना क्षेत्र के गोसाईं पीर ग्राम में तीन उग्रवादियों ने अमरीक सिंह के घर में घुस कर 3 हजार की नकदी और 10 हजार रु. के आभूषण लूट लिए ।

**सेंध लगाने की घटना**

**जलालाबाद (मलिक):** कल आधी रात को कुछ अज्ञात व्यक्ति अनेजा म्यूजिक सैंटर में सेंध लगाकर 32 टेप रिकार्डर व अन्य सामान लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**मकान मालिकों को निर्देश**

**भटिंडा (ग्रोवर):** जिला मैजिस्ट्रेट श्री जे.एस. कौमी ने धारा 144 के अन्तर्गत एक आदेश जारी करके मकान मालिकों से कहा है कि वे 15 दिनों के भीतर अपने थानों को अपने नए किरायादारों के बारे में सूचना दें । एक अन्य आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने घातक हथियार लेकर चलने पर रोक लगा दी है । यह आदेश कल से लागू होंगे और 13 मार्च तक प्रभावी रहेंगे ।

**दुकान लूटने आये पकड़े गए**

**रोपड़ (वार्ता):** विलम्ब से मिली सूचना के अनुसार 11 जनवरी को जिला रोपड़ में कुराली से पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी एक दुकान को लूटने आए थे लेकिन इसके मालिक ने शोर मचा दिया । परिणामस्वरूप लोग वहां इकट्ठे हो गए और उन्होंने आतंकवादियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

**ट्रक का अपहरण**

**जालन्धर (वार्ता):** गत रात्रि थाना सदर जालन्धर के गांव नंगल शामां में कुछ अज्ञात व्यक्ति एक ट्रक भगा ले गए । भट्ठा मालिक रणधीर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**3 उग्रवादी गिरफ्तार**

जालन्धर पुलिस ने विशेष नाकाबंदी के दौरान तीन संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके नाम चन्द्र मोहन, सुरजीत सिंह तथा गुरदयाल सिंह बताए गए हैं । पुलिस ने उनसे एक पिस्तौल, दो कारतूस तथा दो छीने हुए स्कूटर बरामद किए । यह स्कूटर गत वर्ष गरीब दास और जसबीर सिंह से छीने गए थे ।

**साइचिन पर पाक हमला विफल**

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर कब्जा कर लिया था, जिसमें 12 पाकिस्तानी जवान मारे गये थे और इस चौकी का नाम सूबेदार बाना सिंह के नाम पर रखा गया । उन्होंने कहा कि यह चौकी पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा अप्रैल 1987 में भारतीय क्षेत्र में स्थापित की गई थी । इस चौकी का इस्तेमाल पाकिस्तानी जवान ग्लेशियर क्षेत्र में हमारे ठिकानों पर गोलीबारी के लिए करते थे और जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में काफी दिक्कत उठानी पड़ती थी । पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों को तंग करने और 76 किलोमीटर लम्बी पट्टी पर कब्जा करने की सुनियोजित योजना बनाई थी, लेकिन भारतीय जवानों ने क्षेत्र में लगातार नज़र रख कर

## लोहड़ी मना रहे लोगों पर ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

हुआ मिला था, आज उसकी शिनाख्त हो गई है । पुलिस के अनुसार मृतक उसी गांव का बलबीर सिंह उर्फ पप्पू था । उसके शरीर पर घावों के कई चिन्ह थे । पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद हत्या का केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

### शस्त्र छीन कर ले गए

होशियारपुर से 30 किलो मीटर दूर पिंडोरी गंगा सिंह के सरपंच परमजीत सिंह से उसका लाइसैंसी विदेशी पिस्तौल और एक 315 बोर की राइफल छीन लिए जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि आज प्रात: पांच बजे तीन संदिग्ध व्यक्ति, जिन्होंने कम्बल ओढ़ रखे थे, दरवाजा खुलते ही सरपंच के घर में घुस गए । तीनों के हाथों में पिस्तौल थे । उन्होंने सरपंच को आदेश दिया कि तुरन्त उक्त लाइसैंसी शस्त्र उनके हवाले कर दे अन्यथा गोली मार दी जाएगी । ये युवक पैदल ही आए तथा सरपंच से शस्त्र छीन कर पैदल ही फरार हो गए ।

### दो उग्रवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस ने खालिस्तान लिब्रेशन आर्म्ड फोर्स के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । एस.पी. मुख्यालय श्री एच.एस. काहलों ने बताया कि थाना सदर पुलिस ने नोनानंगल के चंचल सिंह और तुगलवाल के कुलदीप सिंह उर्फ बूटा को गिरफ्तार कर लिया है । ये दोनों जम्मू पुलिस द्वारा गिरफ्तार खालिस्तान लिब्रेशन आर्म्ड फोर्स के स्वयंभू जरनैल परमजीत सिंह उर्फ पम्मा के खास साथी थे और कई केसों में पुलिस को वांछित थे । श्री काहलों ने बताया कि इन्होंने 13 जुलाई 1987 को सोहोवाल में दो भाइयों की हत्या की थी और जुलाई 1987 में ही एक डकैती में इनका हाथ था और इसको इन्होंने स्वीकार किया है । पूछताछ अभी जारी है । इनकी गिरफ्तारी से लिब्रेशन फोर्स के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या नौ हो गई है और शेष की पहचान भी हो चुकी है जिनकी गिरफ्तारी शीघ्र सम्भावित है ।

### 2 घायल

जिला गुरदासपुर के एक गांव में उग्रवादियों की फायरिंग से दो व्यक्ति घायल हो गए ।

### चाकू मारकर हत्या

गुरदासपुर जिले के बटाला में कल रात वाल्मीकि मोहल्ले में कुछ व्यक्तियों ने प्रीतम दास बिल्ला नामक एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी । विभिन्न गुटों के बीच संघर्ष में छ: व्यक्ति घायल हो गए । इस सिलसिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है ।


## क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

### आवश्यकता

सीलिंग/टेबल फैन बनाने के लिये चाहिएं : मोटर वाईडर, फिटर व हैल्पर । मिलें : आनंद ब्रदर्ज़, 221-लाजपत नगर, जालंधर शहर ।

**Ex-Servicemen** Security Guards and JCO Security Supervisors. Apply Managing Director Ex-Servicemen


### लोहड़ी मना रहा व्यक्ति घायल

मोहाली (वार्ता): उग्रवादियों ने गत रात्रि मोहाली के फेस-I में एक व्यक्ति बजिंद्र सिंह नामक वायरलैस के एक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। उस समय बजिंद्र सिंह लोहड़ी मना रहा था। घायल को तत्काल अस्पताल में दाखिल करवाया गया ।

### लोहड़ी मना रहे लोगों पर फायरिंग

मोहाली के ही फेस-II में उन्हीं उग्रवादियों ने लोहड़ी मनाने वाले एक अन्य समूह पर भी गोली चलाई परन्तु सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ ।

### शव मिला

धूरी (जैन): यहां से लगभग 40 किलो मीटर दूर जस्सोवाल रेलवे स्टेशन के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है ।

### एक स्त्री, एक व्यक्ति की हत्या

जालन्धर (क) : गत रात्रि लोहड़ी की खुशियों के बीच जिला के गांव औजला थाना गोराया में दो गुटों में टकराव के परिणामस्वरूप एक महिला श्रीमती राजो पत्नी जगत राम की तेज धार हथियारों से हत्या कर दी गई जबकि दो अन्य व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए । एक अन्य घटना थाना सदर के गांव रंधावा मसंदां में हुई जहां कुछ व्यक्तियों ने घर के बाहर लोहड़ी मना रहे एक व्यक्ति बलदेव सिंह को उठा लिया और दूर जाकर उसकी हत्या कर दी । दोनों मामलों ने सम्बन्धित पुलिस ने केस रजिस्टर कर लिए ।

### 8000 रुपए का सामान लूट लिया

जालन्धर (ह.स.): थाना नूरमहल के गांव गोरसिया पीरा में गत रात्रि एक व्यक्ति अमरीक सिंह से तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने 8000 रुपए मूल्य की नगदी और बहुमूल्य वस्तुएं लूट लीं । इसमें तीन हजार रुपए नगद और सोने की बालियां शामिल हैं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

### चार लुटेरे गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने गत रात्रि जिला जालन्धर के विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर चोरों और लुटेरों के दो सदस्यों और दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे शस्त्रों और गोली सिक्का सहित कई मूल्यवान वस्तुएं, टी.वी., वीडियो कैसेट, स्टीरियो आदि बरामद किए हैं । पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन व्यक्तियों की गुरदयाल उर्फ गुरा और रामू (दोनों गिरोह के सदस्य) और हरगोविन्द सिंह उर्फ गैंदा व ध्यान सिंह के रूप में की गई है । पुलिस ने गिरोह के सदस्यों से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस, 10000 रुपए मूल्य का एक टी.वी., वीडियो कैसेट, 5000 रुपए मूल्य का स्टीरियो, एक चाकू और 3500 रुपए मूल्य के पांच टायर और रिम बरामद किए हैं जबकि दूसरों से पी.यू.जी. 9057 ट्रक और कुछ सीमैंट के थैले बरामद किए हैं । यह ट्रक 12 जनवरी को बाघापुराना थाने से चुराया गया था ।

### जीप पर फायरिंग

फरीदकोट (ह.स.): मोगा थाना सदर के गांव सूसन में उग्रवादियों ने गत रात्रि एक जीप पर फायरिंग की । फायरिंग में कोई भी घायल न हुआ, लेकिन उग्रवादियों ने जीप छीन ली और सुरक्षा बलों के घटनास्थल पर पहुंचने से पूर्व ही भाग गए ।

# पाक को प. जर्मनी से परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम मिला

वीजबेडन (पश्चिम जर्मनी), 15 जनवरी (ए.पी.): ऐसी सम्भावना व्यक्त की गई है कि पश्चिम जर्मनी की एक कम्पनी ने शस्त्र बनाने योग्य परमाणु सामग्री पाकिस्तान तथा लीबिया को भेजी है । हेस प्रांत के अधिकारियों ने कल यहां कहा कि सम्भव है कि पश्चिम जर्मनी की विवादास्पद ट्रांसन्यूक्लियर कम्पनी ने मोल (बैल्जियम) स्थित एटामिक रिसर्च सैंटर तथा स्विट्जरलैंड की कुछ अज्ञात कम्पनियों के जरिए दोनों देशों को यूरेनियम-235 की कई खेप भेजी हों ।

अधिकारियों ने घटना के संबंध में कहा कि ट्रांस न्यूक्लियर कम्पनी द्वारा यूरेनियम भेजे जाने के मामले पर प्रांत के पर्यावरण मंत्री कार्ले हैज़ बेभुर ने चिंता प्रकट की है और उन्होंने हाल ही में इस संबंध में एक रिपोर्ट प्रांतीय संसद में भी पेश की ।

सूत्रों के अनुसार ऐसा समझा जाता है कि यूरेनियम-235 पश्चिम जर्मनी में ही तैयार किया गया लेकिन यह ज्ञात नहीं हो सका कि कितनी मात्रा में भेजा गया या कब भेजा गया । यदि वास्तव में यूरेनियम-235 देश से बाहर भेजा गया है तो यह परमाणु अप्रसार संधि 1968 का उल्लंघन है । पश्चिम जर्मनी भी उन 100 से अधिक देशों में शामिल है जिन्होंने इस संधि पर हस्ताक्षर किए हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अमृतसर में शुक्रवार को उग्रवादियों की गोली से मारे गये (1) पुलिस इंस्पैक्टर प्रेम नाथ और (2) उनकी पत्नी निर्मला के शव (इनसैट में उनके पुराने फोटो) (छाया : ओम भंडारी)

# सी.आई.डी. इंस्पैक्टर, उसकी पत्

# परिवार के 8 सदस्यों सहित 11 लो

## पंजाब में उग्रवादी गतिविधियों में तेज़ी : खालिस्तान कमांडो

# पाक घुसपैठिया मारा गया, बैंक से 1.30

चंडीगढ़, 15 जनवरी (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां तेज़ करते हुए कल रात से अब तक पंजाब में 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया खालड़ा सैक्टर में सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया । जिला अमृतसर में एक बैंक से 1.30 लाख रुपए लूट लिए गए ।

आतंकवादियों के हाथों मारे गए लोगों में एक अमृतधारी परिवार के 8 सदस्य तथा एक सी.आई.डी. इंस्पैक्टर व उसकी पत्नी शामिल हैं । इन हत्याओं की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है ।

**8 व्यक्तियों की हत्या**

**बटाला (कोछड़, विनोद)**: आतंकवादियों ने गत रात्रि जिला गुरदासपुर के बटाला थाना सदर के गांव सक्खा चिड़ा में एक ही परिवार के 8 व्यक्तियों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अज्ञात संख्या में सशस्त्र आतंकवादी शंकर सिह नामक व्यक्ति के घर में दाखिल हुए तथा गोलीबारी शुरू कर दी । परिवार के आठों व्यक्ति घटनास्थल पर ही मारे गए । अन्य मृतकों के नाम हैं : शंकर सिह की पत्नी तथा मां क्रमशः सविंदर कौर और करतार कौर, उसके तीन लड़के गुरदीप सिह, गुरप्रीत सिह तथा साहब सिह और लड़की रानो । आठवां मृतक शंकर सिह का एक सम्बन्धी जगीर सिह था । इस लोमहर्षक हत्या कांड की जानकारी घटना के 12 घंटे बाद आज प्रातः 9 बजे मिली । आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया क्योंकि घटनास्थल से इन राइफलों के चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

घटनास्थल पर खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल सुखदेव सिह तथा 'जनरल' लाभ सिह झामका द्वारा हस्ताक्षरित पत्र मिला है जिसमें इस सामूहिक हत्या कांड की जिम्मेदारी लेते हुए आरोप लगाया गया कि शंकर सिह के परिवार के सदस्य पुलिस को सूचनाएं देते थे ।

**अन्तिम खाना**

किसान शंकर सिह के परिवार को इस बात का रत्ती भर भी ख्याल नहीं था कि रात नौ बजे के लगभग वे जब खाना खाकर बिस्तरों पर सोने के लिए गए तो यह उनका अन्तिम खाना था । आतंकवादियों द्वारा उनके दरवाजे पर दी गई दस्तक 'मौत की दस्तक' साबित हुई जबकि परिवार के लोग उस समय अर्ध निद्रा में थे । शंकर सिह उठकर 'मौत को दरवाजा' खोलने ही आया जबकि दरवाजा खुलते ही उस पर गोलियों की बरसात होने लगी । जगीर सिह की पत्नी सुखविंदर कौर गोलियां चलते देखकर अपने एक वर्ष के बच्चे के साथ एक चारपाई के नीचे छिप गई । पूरे घर में केवल यह मां और बच्चा ही जीवित बचे हैं । उसका पति 25 वर्षीय जगीर सिह भी आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गया । शंकर सिह की मां की आयु 80 वर्ष थी जबकि शंकर सिह के तीन लड़के 19 से 23 वर्ष के बीच आयु के थे । उसकी लड़की रानो 4 वर्ष की थी । एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों की संख्या दो थी ।

रजाइयों, बिस्तरों की चादरों तथा फर्श पर खून के निशान तथा दीवारों में गोलियों के सुराख कल रात के भीषण हत्या कांड की कहानी स्वयं ही बयान करते प्रतीत हो रहे थे ।

सूत्रों ने बताया कि शंकर सिह को दो महीने

पहले अ
गिरफ्ता
जमानत
एक नर्स
गिरफ्ता
कि शंक
मामले मे
करने की
'खालिस्त
धमकीपू
सिह की
आतंकवा


भया
सारी रात
के नीचे
आसपास
मीटर च
बताई ।
काला अ
कुछ दिन

उस
देखा जि
सुरक्षा ब
सुरक्षा ब
लाल तथ
के नेतृत्व
मृतकों के
अस्पताल

गुर
काहलों
अमृतधा
रहता था
मीटर दू
तक पुलि
लिए अ
मौजूद न
आया ।

**इंस्पैक्ट**

अमृ
क्षेत्र हरन
में चार स
सी.आई
श्रीमती
दी गई
एक पत्र
खालिस्त



जिला गुरदासपुर के बटाला सदर थानांतर्गत गांव टडियाला नजारा के निकटस्थ एक जमींदार शंकर सिह के डेरे पर वीरवार रात को उग्रवादियों ने उनके परिवार के 7 सदस्यों तथा एक रिश्तेदार की हत्या कर दी । (चित्रों में) (1) पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पड़ी लाशें, (2) शंकर सिह के बेटों गुरमीत सिह तथा (3) सुरजीत सिह, (4) बेटी रानो, (5) बेटे साहिब सिह, (6) पत्नी सविंदर कौर, (7) मां करतार कौर, (8) शंकर सिह, (9) रिश्तेदार जागीर सिह के शव, (10) अस्पताल में पोस्टमार्टम से पूर्व मैटाडोर में पड़ी लाशों को देख रहे लोग। (11) उग्रवादियों द्वारा बुधवार को इसी जिले के श्री हरगोबिंदपुर थानांतर्गत गांव चौड़ा मदरा में मारे गए जरनैल सिंह तथा (12) धर्म सिंह सोही के शव । (छाया : कोछड़)

# उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर ए.एस.आई. व सिपाही की हत्याएं : दो आतंकवादी पुलिस को चकमा देकर फरार

चंडीगढ़, 16 जनवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आज रात्रि उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला करके एक ए.एस.आई. व एक सिपाही की हत्या कर दी जबकि कल रात दो कुख्यात आतंकवादी पुलिस को चकमा देकर बच निकले, जबकि उनके दो साथी पकड़े गए । जालंधर में एक युवक की तेज़धार हथियार से हत्या कर दी गई । आतंकवादियों के हाथों मारे गए सी.आई.डी. इंस्पैक्टर प्रेम नाथ व उनकी पत्नी की पुलिस सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर दी गई ।

**ए.एस.आई., सिपाही की हत्या**

अमृतसर के मजीठा थाना क्षेत्र के ग्राम खत्तरां कलां के पास उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला करके मोटर साइकिल पर जा रहे ए.एस.आई. रमिन्दर कुमार और सिपाही कुलतार सिंह की हत्या कर दी । प्राथमिक सूचनाओं के अनुसार ए.एस.आई. रमिन्दर कुमार खत्तरां कलां पुलिस चौकी का इंचार्ज था और टेर्रा ग्राम में दो गुटों में संघर्ष की जांच करके लौट रहा था । पुलिस पार्टी के दो अन्य सिपाही बच गए ।

अजनाला थाना के डी.एस.पी. व अन्य पुलिस अधिकारी भी, जो झगड़े की जांच करने पहुंचे थे, दूसरे मार्ग से जाने के कारण बच गए । बाद में पुलिस ने आसपास के ग्रामों को घेर कर जांच शुरू कर दी ।

**युवक की हत्या**

जालन्धर (ह.स.): गत रात्रि यहां बस्ती शेख के निकट एक युवक राजेन्द्र कुमार की तेज धार हथियारों से हत्या कर दी गई । पुलिस ने बताया कि वह बाजार को गया था । जब वह वापस नहीं आया तो घर वालों ने तलाश शुरू की । उसका शव आधी रात के लगभग खून में लथपथ मिला । पुलिस ने मृतक के पिता कस्तूरी लाल की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया तथा शव का पोस्ट मार्टम कराने के बाद उसके घर वालों को सौंप दिया ।

**इंस्पैक्टर दम्पति की अंत्येष्टि**

अमृतसर (वि.प्र.): सी.आई.डी. इंस्पैक्टर श्री प्रेमनाथ और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती निर्मला देवी की आज सुलतानविंड श्मशान भूमि में पूरे पुलिस सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर दी गई । इन दोनों की कल कोट हरनामदास में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । अंत्येष्टि के समय वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे जिनमें डी.आई.जी. (सुरक्षा) चौधरी सूबे सिंह भी शामिल थे ।

**टोहरा, अजनाला फरार**

'खालिस्तान' कमांडो फोर्स' के दो कुख्यात आतंकवादी गुरचरण सिंह उर्फ टोहरा और मल्कीयत सिंह अजनाला कल रात लोपोके पुलिस थाने के चैनपुर गांव में पुलिस की आंख में धूल झोंक कर भाग निकले । पुलिस रिपोर्ट के अनुसार पुलिस और सुरक्षा बलों ने कल उनके छिपने के स्थान पर छापा मारा, लेकिन वे छापे से कुछ पहले ही भाग निकले ।

पुलिस ने इन आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों चनन सिंह और सुरिन्दर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है ।

**लड़की की हत्या**

अमृतसर के सरहाली थाने के लोखा गांव में कल रात चार आतंकवादियों ने एक लड़की की गला दबाकर हत्या कर दी । पुलिस जांच कर रही है ।

**नकदी, घड़ी छीनी**

तलवाड़ा (शास्त्री): आज प्रातः लगभग साढ़े पांच बजे यहां से दस कि. मी. दूर गांव दातारपुर के एक दुकानदार केहर सिंह से तीन अज्ञात लुटेरों ने 15000 रुपए और कलाई घड़ी छीन ली । बताया जाता है कि दुकानदार प्रातः दुकान का सामान खरीदने के लिए साइकल पर सवार होकर बस पकड़ने जा रहा था कि धीर की खुई के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसे दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई की जिससे वह बेहोश हो गया । लुटेरे उसे मरा जानकर 15000 रुपए की राशि और कलाई घड़ी उतार कर ले गए । हाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है ।

**चावलों का ट्रक ले गए**

करतारपुर (साहनी): गत रात्रि यहां से 13 कि.मी. दूर मौजा भुलत्थ में कुछ आतंकवादियों द्वारा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

**दिल्ली में जाने-माने न्यू भंडारी अस्पताल,**
**चौक मोनी, अमृतसर की नई ब्रांच कामयाबी के साथ चल रही है**
**पता : J-153, राजौरी गार्डन, पीछे पोस्ट एंड टैलीग्राफ आफिस नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110027, फोन-5454100.**

**स्वस्थ लड़का होगा या लड़की**

* 9 साल से सारे उत्तरी भारत में सबसे पहले क्रोमोसोमल स्टडी वाला टैस्ट न्यू भंडारी अस्पताल, चौक मोनी, अमृतसर ने ही पूरी कामयाबी के साथ शुरू किया था और अन्य किसी ने नहीं । यह सैंटर सबसे पुराना, सस्ता, तजुर्बेकार व सबसे सही नतीजे देने वाला (Poineer) सर्वोत्तम सैंटर है, जो अब भी सफलता के साथ संचालित है, इसके लिए 9 साल पुरानी रिपोर्ट देखें, जो केवल न्यू भंडारी अस्पताल, अमृतसर की होगी । इतना महत्वपूर्ण टैस्ट



शुक्रवार को उग्रवादियों द्वारा मारे गये पुलिस इंस्पैक्टर श्री प्रेम नाथ व उनकी पत्नी का अमृतसर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया । (ऊपर से) (1, 2) श्री प्रेम नाथ व उनकी पत्नी निर्मला के शव (3) विलाप करते हुए उनके बेटे व सम्बन्धी (मध्य में (4 से 11) श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सर्वश्री के.पी.एस. गिल, एडीशनल डी.जी. पंजाब, सरबजीत सिंह जिलाधीश अमृतसर, सूबे सिंह डी.आई.जी.सी.आई.डी., इज़हार आलम एस.एस.पी. अमृतसर, बलदेव सिंह एस.पी. सिटी, डा. बलदेव प्रकाश भाजपा के उपप्रधान, कृपाल सिंह जनता पार्टी, बृजभूषण, पूर्व विधानसभाध्यक्ष (नीचे), (12) सलामी देते हुए पुलिस की टुकड़ी, (13) श्री प्रेम नाथ का बेटा मां-बाप की चिताओं को अग्नि भेंट करता हुआ । (छाया : रवि भंडारी)

# जानकी सरकार को समर्थन देना इंका

उग्रवादियों द्वारा ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

ढिल्लों राइस मिल्ज के गोदाम से एक ट्रक चावलों का ले जाने के बारे में समाचार प्राप्त हुआ है । बताया जाता है कि लगभग आधी दर्जन लुटेरे जो कि शस्त्रों से लैस थे, ट्रक में आए तथा पहले चौकीदारों को मार देने की धमकी देकर कमरे में बंद कर दिया । इसके बाद गोदाम से एक सौ बोरी चावल लेकर चम्पत हो गए । इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

**कानून-व्यवस्था की समीक्षा**

रोपड़ (बैंस): पंजाब में उग्रवादियों की गतिविधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत गत दिवस यहां सी.आर.पी.एफ. के आई.जी.पी. श्री जोगेंद्र सिंह ने कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की । इस अवसर पर सी.आर.पी. के डी.आई.जी. जी.पी. श्री आर.के. मेहता, रोपड़ के उपायुक्त श्री जे.आर. कुंडल और एस.पी. श्री चंद्र शेखर भी उपस्थित थे । बैठक में अर्द्ध सैनिक बलों और स्थानीय पुलिस की गश्त बढ़ाने पर बल दिया गया और इस जिला में सैक्टर योजना की कार्य-प्रणाली पर भी विचार किया गया ।

**ठेके पर हत्या**

बटाला (कोछड़): गत रात्रि दो आतंकवादियों ने एक शराब के ठेके पर मोहन लाल नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

**पुलिस रिमांड बढ़ा**

नई दिल्ली (ह.स.): अतिरिक्त चीफ मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट भारत भूषण ने संसद भवन को उड़ाने के षड्यंत्र में संलिप्त पंजाब के दो उग्रवादियों का पुलिस रिमांड प्रथम फरवरी तक बढ़ा दिया । होशियारपुर के सेवा सिंह और फरीदकोट के दलीप सिंह का पुलिस रिमांड समाप्त होने पर उन्हें कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया ।

# एक ही परिवार के 5 सदस्यों, व्यापारी, उसके पुत्र, ड्राइवर सहित 9 की हत्या

## 'बी' श्रेणी उग्रवादी सहित कई गिरफ्तार : शस्त्रास्त्र भी बरामद

# सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में आतंकवादी मरा

चंडीगढ़, 17 जनवरी (वार्ता, ह.स., वि.प्र.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला गुरदासपुर के एक गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी, जबकि जिला अमृतसर के एक गांव में अमृतसर के एक पकड़ा व्यापारी, उस के पुत्र तथा कार ड्राइवर के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए हैं । गत रात्रि जिला अमृतसर में पुलिस पार्टी पर घात लगाकर खालिस्तान कमांडो फोर्स के मलकीयत सिंह के गिरोह ने हमला किया था, जिसमें एक ए.एस.आई. और एक हैडकांस्टेबल मारे गए थे । जिला गुरदासपुर के एक अन्य गांव में भी एक व्यक्ति की उग्रवादियों ने हत्या की है । जिला होशियारपुर में सुरक्षा बलों की गोली से एक उग्रवादी मारा गया । अमृतसर पुलिस ने 'बी' श्रेणी के दुर्दांत उग्रवादी सुखविंद्र सिंह समेत सात उग्रवादी, 5 उनके शरणदाताओं और एक तस्कर को गिरफ्तार किया है । ये उग्रवादी लूटमार और हत्या की कई घटनाओं में पुलिस को वांछित थे । जिला जालंधर और पटियाला में उग्रवादी 2 रिवाल्वर भी छीन कर ले गए ।

### एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या

बटाला (कोछड़, वार्ता, ह.स.): 4 उग्रवादियों ने गत रात्रि थाना सदर बटाला के गांव कोटली फस्सी में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि इस घटना की आज प्रात: सुरक्षा बलों को जानकारी मिली । मृतकों की तारा मसीह, उसकी पत्नी बच्चो मसीह और तीन पुत्रों लाली, निम्मा और जस्सा के रूप में शिनाख्त की गई है ।

### गिरोहों की आपसी लड़ाई का परिणाम

पुलिस द्वारा की गई प्रारम्भिक जांच से पता चला है कि इस हत्या कांड का कारण उग्रवादी गिरोहों की परस्पर लड़ाई है । सीमा सुरक्षा बल के उपमहानिरीक्षक चमन लाल और पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एच.एस. काहलों ने यहां सम्वाददाताओं को बताया कि मृतकों में एक जस्सा मसीह (23) एक आतंकवादी गिरोह का सदस्य था। गत वर्ष फरवरी में पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में जस्सा मसीह को गिरफ्तार किया गया था । उसके पास से एक रिवाल्वर और चोरी का एक स्कूटर बरामद हुआ था ।

अधिकारियों ने बताया कि जस्सा मसीह ने स्वर्ण मन्दिर में सिख धर्म ग्रहण किया था । गिरफ्तारी के समय उसकी दाढ़ी थी और वह पगड़ी बांधता था । अप्रैल में ज़मानत पर रिहा होने के बाद से उसने दाढ़ी साफ़ करादी थी । गत वर्ष मई में आतंकवादियों ने उसके घर पर हमला किया था, जिसमें वह घायल हो गया था । ऐसा लगता है कि अमृतसर अस्पताल में इलाज के बाद से उसने आतंकवादी गतिविधियां छोड़ दी थीं ।

जस्सा मसीह के अलावा उसके दो भाई लाली मसीह (20) और निम्मा मसीह (25), उसका पिता तारा मसीह (60) और मां बच्चो मसीह (45) कल रात आतंकवादियों की गोली के शिकार हुए । अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के हमले से तारा मसीह के तीन अन्य पुत्र और एक पुत्री बच गए क्योंकि वे हमले के समय दूसरे कमरे में सो रहे थे । हमला रात डेढ़ बजे के करीब हुआ । आतंकवादी तारा मसीह और उसके तीन पुत्रों को घसीट कर निर्माणाधीन एक कमरे में लाए और उन्हें चीन में निर्मित ए.के. 47 राइफल और रिवाल्वर की गोलियों से भून दिया । घटनास्थल पर राइफल के 21 और रिवाल्वर के दो खाली कारतूस मिले हैं । बच्चो मसीह का शव खुले स्थान पर पाया गया है । इसे एक कमरे से दूसरे कमरे की ओर भागते समय गोली मारी गई ।

निम्मा मसीह की पत्नी परवीन ने बताया कि आतंकवादी उसके पति को बिस्तर से घसीट ले गए, लेकिन उसे छोड़ दिया । उसकी शादी डेढ़ मास पूर्व हुई थी ।


गांव के बाहर स्थित गरीब इसाइयों के 15 कच्चे मकानों में से एक में यह घटना हुई । शवों को देखने से पता चलता है कि आतंकवादियों ने मुंह और सिर को निशाना लगाकर गोलियां चलाईं । जिस कमरे में यह हत्या कांड हुआ, वहां चारों ओर खून और मांस के लोथड़े बिखरे पड़े थे । आज सुबह आठ बजे जब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

### एक वर्ष से चल रही हथियार फैक्टरी बरामद

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी : पुलिस ने थाना नई मंडी के इलवासपुर गांव के निकट एक वर्ष से चलाई जा रही अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी का पता लगाया है जिसमें देशी हथियार बना कर सप्लाई किए जा रहे थे । इस सम्बन्ध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

पुलिस अधीक्षक एस.एन. सिंह के अनुसार गांव से हटकर एक मकान में एक छापे के दौरान यह कारखाना पकड़ा गया जिसमें कई बंदूकें, देसी पिस्तौल तथा अर्द्ध निर्मित अवैध हथियार व शस्त्र बनाने के काम में आने वाले औजार बरामद किए गए है ।



थाना सदर बटाला के गांव कोटली फस्सी में शनिवार की रात को उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी । (1) तारा मसीह, (2) बच्चो मसीह, (3) जस्सा मसीह, (4) निम्मा मसीह, (5) लाली मसीह के शव पड़े दिखाई दे रहे हैं । (6) मृतकों के सम्बन्धी विलाप करते हुए, (7) इस स्थान पर बच्चो मसीह की हत्या की गई, उनका खून बर्तनों में बिखरा दिखाई दे रहा है । (छाया : कोछड़)



(1-2) ब्यास नदी के पास गत दिवस मंड क्षेत्र का दौरा करने गई
का नक्शा दिखाते हुए और स्थिति बारे जानकारी देते हुए, (3
जवान, (5-6) मोर्चे पर तैनात जवान और जवानों का डेरा,
(8-9) मंड क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा और साथ लगती पुरानी दरग

# मंड क्षेत्र उग्रवादियों की

अमृतसर, 17 जनवरी (ह.स.): अमृतसर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर ब्यास व सतलुज नदी के किनारे 600 वर्ग किलोमीटर का 'मंड' का इलाका अब "आतंकवादियों की शरणस्थली" नहीं रह गया है ।

सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क ने उक्त दावा करते हुए पत्रकारों को बताया कि इस क्षेत्र में सी.आर.पी. की पांच स्थायी कम्पनियां तैनात करने व उग्रवादियों को निकालने के लिए लगातार की जाने वाली कार्रवाई से उनके नि:शंक होकर घूमने पर रोक लग गई है, जबकि पहले वे इसे अपनी पनाहगाह समझ कर इस्तेमाल किया करते थे । अब यकीन के साथ कहा जा सकता है कि यदि आतंकवादियों ने इस क्षेत्र से अपनी गतिविधियों का

सेना ने भारी बल
कुछ विशेष ला
पिछले वर्ष आतं
दो बार कार्रवाई
परिणाम नहीं नि

श्री विर्क ने
दौरान एक बार
सिखाने के लिए
और उस समय क
भागते भी देखे गए
उग्रवादियों की छु
सी.आर.पी. ने क्षे
नहीं आए । उस
लगे थे ।



*जिला अमृतसर के थाना जंडियाला गुरु के निकट गांव बंडाला के पास गोलियों से छलनी तीन व्यक्तियों की मिली लाशें । (छाया : मेहरा)*

## 3 शव मिले

(पृष्ठ 3 का शेष)

घटनास्थल पर पहुंची तो वहां गांव के करीब दो सौ लोग इकट्ठे थे ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी ने दावा किया कि उग्रवादियों ने जस्सा मसीह को पुलिस का मुखबिर समझते हुए उसके सारे परिवार को सज़ा दी है ।

श्री चमन लाल व जिला गुरदासपुर पुलिस के एस.पी. (मुख्यालय) श्री एच.एस. काहलों ने आगे कहा कि यह हत्याकांड केवल जस्सा मसीह के कारण ही किया गया क्योंकि आतंकवादी फिर से इसे अपने साथ काम करने के लिए ले जाना चाहते थे, इसके लिए 4-5 दिन पहले कुछ संदिग्ध लोग इससे मिलने भी आए थे । हो सकता है कि इसके इन्कार करने पर ही यह सारा हत्या कांड किया गया हो

घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हत्याकांड में इस परिवार के पांच सदस्य बच पाए हैं । इनमें एक मृतक निम्मा मसीह की पत्नी प्रवीण, एक लड़की किन्द व तीन लड़के बिम्मा मसीह, सत्ता मसीह व कंता मसीह हैं । आयु में ये सभी मृतकों से छोटे हैं ।

प्राप्त जानकारी से ज्ञात हुआ है कि मृतक निम्मा

संदिग्ध युवकों ने तारा मसीह व उसके तीनों बेटों को एक ही कमरे में लाकर उन पर अन्धाधुंध गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी जबकि उनकी मां बच्चों को शोर मचा कर बाहर भागते समय गोली मारी गई । जहां सामूहिक हत्या कांड किया गया, वहां खून व चर्बी का छप्पड़ लगा था । सारी रात भय के कारण कोई बाहर नहीं निकला । लाशों के पास बैठी कुछ औरतें क्रन्दन कर रही थीं । एक औरत चीख-चीख कर मृतक निम्मे को कोस रही थी कि "न तू पैदा हुंदा, न सारा टब्बर मरदा ।" सिविल अस्पताल बटाला से पोस्ट मार्टम के बाद सभी शव उनके वारिसों को सौंप दिए गए ।

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट श्री टी.एस. कल्हा ने अपने एक विशेष आदेश अनुसार जिला भर में पीले रंग के मोटर साइकल चलाने पर पाबंदी 15 फरवरी तक बढ़ा दी है । यह आदेश पुलिस कर्मचारियों जो ड्यूटी पर हों, उन पर लागू नहीं होगा ।

### एक अन्य व्यक्ति की हत्या

गुरदासपुर जिले के एक अन्य गांव में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है ।

### हरिद्वार से लौट रहे व्यापारी, बेटे, ड्राइवर की हत्या

थाना 'बी' डिविजन अमृतसर के भूषण नगर के कपड़ा व्यापारी श्री राजेन्द्र कुमार (60), उनके लड़के राज कुमार और ड्राइवर दया राम हरिद्वार में अपने परिवार के एक सदस्य की अस्थियां प्रवाहित करके अमृतसर लौट रहे थे कि उग्रवादियों ने उनका गत रात्रि कार सहित अपहरण कर लिया, बाद में उनकी रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में गोलियां मार कर हत्या कर दी । इनके गोलियों से छलनी शव आज प्रातः थाना जंडियाला के गांव झीटी कलां के निकट पाए गए ।

पुलिस अधीक्षक श्री इजहार आलम ने कहा कि व्यापारी और उसका लड़का 15 जनवरी को उधार मांगी कार में हरिद्वार गए थे । समझा जाता है कि गत रात्रि वे अमृतसर आ रहे थे कि अमृतसर से 18 किलो मीटर दूर जंडियाला के निकट उनका अपहरण कर लिया गया । उन्हें एक रजबाहे की ओर ले जाया गया और उनकी निकट से गोली मार कर हत्या कर दी गई । जिस कार में वे यात्रा कर रहे थे, वह गुम पाई गई । श्री आलम ने कहा कि तीनों के शव आज प्रातः पाए गए । हरिद्वार में उन द्वारा कल गुरुदेव पैट्रोलियम कम्पनी हरिद्वार से खरीदे गए पैट्रोल की रसीद, जिस पर गाड़ी का नम्बर पी.सी.एफ. 9342 लिखा था, से उनकी शिनाख्त सम्भव हो सकी ।

श्री आलम ने कहा कि अभियुक्तों ने हत्या के लिए स्टेनगन का प्रयोग किया । घटनास्थल से 9 एम.एम. कैलेबर के कई खाली कारतूस बरामद हुए हैं । अभियुक्तों की व्यापक स्तर पर तलाश शुरू कर दी गई है ।

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार मृतकों से सम्बद्ध स्लेटी रंग की मारुति कार पी.सी.एफ. 9342 का थानेदार रविन्द्र कुमार की हत्या में भी प्रयोग किया गया ।

### मल्कीयत गिरोह ने पुलिस कर्मियों की

हमला करने की योजना बना रहे थे । यह गिरोह गत अप्रैल में एक टैक्सी ड्राइवर के अपहरण और उसकी हत्या के लिए जिम्मेदार था । गिरफ्तार उग्रवादी प्रभसिमरण सिंह कोटला राजा सिंह में एक भूतपूर्व सैनिक इंद्र सिंह फौजी की हत्या के केस में वांछित था । वह उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह अपने एक विरोधी की हत्या की तैयारियां कर रहा था ।

### पांच शरणदाता गिरफ्तार

गांव चैनपुर के गुरमेज सिंह, हरिंद्र सिंह, चन्नन सिंह, महेंद्र सिंह और बोपाराय के निवासी हज़ारा सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । ये खालिस्तान कमांडो फोर्स के गुरनाम सिंह घड़ियाला सहित अनेकों उग्रवादियों को शरण देते थे ।

### तस्कर गिरफ्तार

तस्कर चरण सिंह थाना लोपेके के गांव पंडोरी से गिरफ्तार किया गया है ।

### एक उग्रवादी मारा गया

**होशियारपुर (वार्ता, ह.स.):** यहां से लगभग बीस किलो मीटर दूर गांव मखसूसपुर में आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा । बताया जाता है कि सामान्य निरीक्षण के दौरान जब सुरक्षा बलों ने उग्रवादी को रुकने का संकेत किया तो उसने भागने की कोशिश की । इस पर सुरक्षा बलों ने फायरिंग की, जिससे भाग रहा उग्रवादी मौके पर ही मारा गया । अभी तक मारे गए उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी । एक अन्य सूचना के अनुसार यह उग्रवादी अफ़ीम एक जगह से दूसरे स्थान पर ले जाता था ।

### मोटरसाइकल, नकदी छीन ली

होशियारपुर से अश्विनी और प्रद्युम्न ने समाचार दिया है कि टांडा के निकटवर्ती गांव सब्बां के एक व्यक्ति ज्ञान सिंह नायब सूबेदार का राजदूत मोटर साइकल नम्बर पी.जे.क्यू. 990 उग्रवादियों ने जी.टी. रोड पर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । उग्रवादी उससे 1033 रुपए भी छीन कर ले गए । ज्ञान सिंह ने इस वारदात की रिपोर्ट 14 जनवरी को पुलिस में दर्ज करवाई है ।

### रिवाल्वर छीन ले गए

**जालन्धर (ह.स.):** आज तड़के थाना फिल्लौर के गांव सुल्तानपुर में सुरेन्द्र सिंह कपूर नामक एक व्यक्ति के घर से चार उग्रवादी उसकी .32 बोर की एक रिवाल्वर छीन कर भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया तथा जांच शुरू कर दी है ।

पुलिस ने कहा है कि उग्रवादियों के पास तीन कटी हुई बंदूकें और रिवाल्वर थे, उन्होंने किसी व्यक्ति को क्षति नहीं पहुंचाई । वे पांच गोलियां भी उठा कर ले गए ।


### सरपंच की रिवाल्वर ले गए

**पटियाला (ह.स.):** थाना मूलेपुर के गांव मीरपुर में संदिग्ध उग्रवादी गांव के सरपंच सुखदर्शन सिंह की .32 बोर की रिवाल्वर छीन कर ले गए ।

## विद्रोहियों की मांगें

(पृष्ठ 3 का शेष)

'न्यूयार्क टाइम्स' ने श्री गांधी के एक सलाहकार के इस कथन को उद्धृत किया है कि 'वाशिंगटन को





(ऊपर)ज़िला अमृतसर के थाना जंडियाला गुरु के अंतर्गत गांव बाणियां के निवासी झिलमन सिंह की लाश, जिनकी उग्रवादियों ने उनके घर से अपहरण करके गांव धूलका के निकट ले जाकर रविवार की रात को गोलियां मार कर हत्या कर दी (नीचे) मृतक का विलाप करता हुआ परिवार (इन्सैट) झिलमन सिंह का पुराना चित्र ।

(छाया : जसपाल)

Punjabi Sanatani

गए । वहां उन्होंने अस्पताल वाले चौक में उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

झिलमिल सिंह एक प्राइवेट बस कम्पनी में कंडक्टर के रूप में काम करता था । स्वर्ण कौर के अनुसार पुलिस को उस (झिलमिल) पर शस्त्रों के जाली लाइसैंस बनाने का संदेह था । इसलिए वह अक्सर पूछताछ करने के उद्देश्य से घर आती रहती थी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है । उल्लेखनीय है कि हत्या की घटना सायं 6.45 बजे हुई, जबकि पुलिस को इसकी सूचना 12 घंटे के बाद दी गई । घटनास्थल से पुलिस को .38 बोर के तीन चले हुए कारतूस मिले हैं ।

**स्कूटर छीन लिया**

थाना जंडियालागुरु के गांव बाणियां के एक युवक निर्मल सिंह से गत सायं तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. 901 छीन लिया । वह गांव बुटारी से अपने गांव की ओर जा रहा था कि नाले के पुल के निकट उग्रवादियों ने उसे घेर लिया । उग्रवादी स्कूटर छीन कर उस पर ही सवार होकर गांव धूलके की ओर फ़रार हो गए ।

**उग्रवादी फरार**

**जालन्धर (ह.स.):** उग्रवादी चंद्र मोहन उर्फ छोटू ... थाना बंगा की हवालात से गत अर्द्ध रात्रि को भाग निकला । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि गत रात्रि हवालात पर गार्डों के बदलने के समय उग्रवादी ने शौच निवृत्ति की प्रार्थना की इस पर वह हवालात के कोने में बने शौचालय में चला गया । इस पर दुबले-पतले 20 वर्षीय इस उग्रवादी ने पाईप के ऊपर से कुछ ईंटें उखाड़ीं और बाहर निकल कर भाग गया । पुलिस ने ड्यूटी दे रहे संतरी के विरुद्ध ड्यूटी में कोताही करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है ।

**युवक का शव मिला**

जालन्धर पुलिस ने गत रात्रि निकटवर्ती गांव लम्मापिंड से एक युवक बलविंद्र सिंह क्लीन शेव का शव बरामद किया । मृतक अर्जुन नगर चौक हुसैना का रहने वाला था । उसके शव पर घाव पाए गए हैं । पुलिस ने राहगीरों की सूचना के आधार पर हत्या का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**तीन उग्रवादी गिरफ्तार**

जालन्धर पुलिस ने पिछली रात जिले में मारे छापों के दौरान तीन संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ने का दावा किया है । इन आतंकवादियों के नाम हैं—जसबीर सिंह उर्फ जस्सा, परविंदर सिंह और नरजिंदर सिंह । इनके पास से .32 बोर की एक पिस्तौल और तीन कारतूस भी बरामद हुए हैं । सूत्रों के अनुसार नरजिंदर सिंह गत 22 दिसम्बर को एक महिला की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल था ।

**हड़ताल रही**

बंगा से खोसला के अनुसार गांव बिंजो के निकट दो व्यक्तियों की हत्या के विरुद्ध आज कोट फतूही गांव में हड़ताल रही । दोनों शवों की आज अंत्येष्टि कर दी गई ।

**ठेका लूट लिया**

कल सायं बंगा से लगभग 17 किलो मीटर दूर थाना माहलपुर के गांव मजारा डेंगरियां में चार उग्रवादियों, जो स्कूटरों पर सवार थे, ने स्टेनगन की नोक पर देसी शराब का ठेका लूट लिया । उग्रवादियों ने ठेके के कर्मचारी जोगा सिंह से 2500

Punjabi Sanatani

**उग्रवादी फरार**

जालन्धर (ह.स.): उग्रवादी चंद्र मोहन उर्फ छोटू . . थाना बंगा की हवालात से गत अर्द्ध रात्रि को भाग निकला । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि गत रात्रि हवालात पर गार्डों के बदलने के समय उग्रवादी ने शौच निवृत्ति की प्रार्थना की इस पर वह हवालात के कोने में बने शौचालय में चला गया । इस पर दुबले-पतले 20 वर्षीय इस उग्रवादी ने पाईप के ऊपर से कुछ ईंटें उखाड़ीं और बाहर निकल कर भाग गया । पुलिस ने ड्यूटी दे रहे संतरी के विरुद्ध ड्यूटी में कोताही करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है ।

**युवक का शव मिला**

जालन्धर पुलिस ने गत रात्रि निकटवर्ती गांव लम्मापिंड से एक युवक बलविंद्र सिंह क्लीन शेव का शव बरामद किया । मृतक अर्जुन नगर चौक हुसैना का रहने वाला था । उसके शव पर घाव पाए गए हैं । पुलिस ने राहगीरों की सूचना के आधार पर हत्या का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**तीन उग्रवादी गिरफ्तार**

जालन्धर पुलिस ने पिछली रात जिले में मारे छापों के दौरान तीन संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ने का दावा दिया है । इन आतंकवादियों के नाम हैं—जसबीर सिंह उर्फ जस्सा, परविंदर सिंह और नरजिंदर सिंह । इनके पास से.32 बोर की एक पिस्तौल और तीन कारतूस भी बरामद हुए हैं । सूत्रों के अनुसार नरजिंदर सिंह गत 22 दिसम्बर को एक महिला की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल था ।

**हड़ताल रही**

बंगा से खोसला के अनुसार गांव बिंजो के निकट दो व्यक्तियों की हत्या के विरुद्ध आज कोट फतुही गांव में हड़ताल रही । दोनों शवों की आज अंत्येष्टि कर दी गई ।

**ठेका लूट लिया**

कल सायं बंगा से लगभग 17 किलो मीटर दूर थाना माहलपुर के गांव मजारा डेंगरियां में चार उग्रवादियों, जो स्कूटरों पर सवार थे, ने स्टेनगन की नोक पर देसी शराब का ठेका लूट लिया । उग्रवादियों ने ठेके के कर्मचारी जोगा सिंह से 2500 रुपए छीने और बाद में उन्होंने उसके कपड़े उतरवा कर उसकी तलाशी ली तथा उसके निजी 200 रुपए भी छीन ले गए । जाने से पूर्व उग्रवादियों ने ठेके के कर्मचारी से उन्हें शराब पिलाने के लिए कहा । उसने दो गिलासों में उन्हें शराब दी, जिसे पीकर वे भाग गए ।


**साहूकार की हत्या**

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार मुकेरियां के ग्राम बाखरा में कल रात्रि कुछ उग्रवादियों ने हंसराज नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । हंसराज साहूकारी का काम करता था ।

**स्टोर लूट लिया**

थाना सदर जालन्धर के गांव चोकां में गत रात्रि लाठियों, भालों और तलवारों से लैस लगभग एक दर्जन लोगों ने एक स्टोर से 50 बोरी सीमैंट, एक ट्रांज़िस्टर, एक घड़ी, चार रजाइयां और चार दरियां लूट लीं ।

Punjabi Sarang



उग्रवादियों ने रविवार की रात्रि को जिला होशियारपुर में दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी । (बाएं) सोहन सिंह (इन्सैट) का परिवार (दाएं) कम्युनिस्ट वर्कर हजारा राम (इन्सैट) का परिवार विलाप करते हुए । (नीचे) होशियारपुर के एस.एस.पी. सोहन सिंह के परिवार और गांव के पंच एवं सरपंच से संवेदना व्यक्त करते हुए । (छाया : प्रद्युम्न)

Punjabi Sanatani

17-18 जनवरी की मध्य रात्रि को गांव सिद्दीक के निकट हत्या कर दी गई थी । प्रवक्ता ने कहा कि हत्यारे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे ।

**मुकाबले में उग्रवादी मारा गया**

**अमृतसर (अशोक सोनी)**: गत रात्रि जिला अमृतसर के गांव कोट केसर थाना रमदास में सुरक्षा बलों के गश्ती दल के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके निकट से सुरक्षा बलों को कुछ चले हुए और कुछ जीवित कारतूस विभिन्न बोरों के मिले हैं । प्राप्त विवरणों के अनुसार गत रात्रि लगभग 11 बजे अमृतसर जिले के थाना रमदास के गांव कोट केसर (निकटवर्ती गांव जौहलां) की एक सड़क के किनारे कुछ उग्रवादी, जिनकी संख्या तीन बताई गई है, रात्रि घात लगाकर बैठे हुए थे, जब वहां से पुलिस एवं सुरक्षा बलों का एक संयुक्त गश्ती दल गुज़रा, इन उग्रवादियों ने गश्ती दल पर फ़ायरिंग की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी उग्रवादियों पर फ़ायरिंग की । सुरक्षा बलों की यह पार्टी उग्रवादियों के ठिकानों विशेषरूप से फार्म हाउसों पर छापे मारने जा रही थी । सुरक्षा बलों द्वारा घटनास्थल की जांच किए जाने पर वहां से एक उग्रवादी का शव बरामद हुआ, जिसके निकट से 303 बोर के कुल 6 कारतूस, जिनमें 2 कारामद, 4 चले हुए कारतूस व तीन ए.के.-47 राइफल के कारतूस भी शामिल हैं, बरामद हुए । मृत उग्रवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

**भू.पू. सब-इंस्पेक्टर, उसकी पत्नी, नौकर की हत्या**

अमृतसर से 'वार्ता' के अनुसार जिला अमृतसर में कथित आतंकवादियों ने गत रात ग्राम सरहाली खुर्द में एक अवकाश प्राप्त पुलिस सब-इंस्पेक्टर, उसकी पत्नी और उसके घरेलू नौकर की गोलियों की बौछाड़ करके हत्या कर दी । सरहाली खुर्द वैरोवाल पुलिस थाना के तहत है । पुलिस ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि रिटायर्ड पुलिस अधिकारी का नाम निरंजन दास था । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने जब अंधाधुंध फ़ायरिंग की तो तीनों सोए हुए थे । तीनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

'अशोक सोनी' व 'ह.स.' के अनुसार पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने पहले श्री निरंजन दास के घर के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की । जब उग्रवादी घर के दरवाजे को तोड़ने में असफल रहे तो उन्होंने मिट्टी का तेल डालकर दरवाजों और खिड़कियों को जला दिया । बाद में वे घर में घुसे और एक कमरे, जहां पति-पत्नी छिपकर बैठे हुए थे, में जाकर निकट से पति-पत्नी को गोलियां मारीं । श्री निरंजन दास सेवानिवृत्त होने के बाद जंडियाला गुरु कस्बे में बस गए थे और कभी-कभार ही अपनी जमीन और घर को देखने के लिए आते थे । कल रात्रि अधिक हो जाने के कारण वहीं ठहर गए थे । वे गत सायं ही गांव में पहुंचे थे । श्री निरंजन दास और उनकी पत्नी अनी देवी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

श्री निरंजन दास और उनकी पत्नी की हत्या करने के बाद उग्रवादी गांव में एक अन्य व्यक्ति सुर्जन सिंह, जो सांसी जाति का है, के घर में गए और सुर्जन सिंह तथा उसके दो बेटों को घर से बाहर लाकर सुर्जन सिंह को गोलियां मार दीं जबकि उसके लड़कों को छोड़ दिया ।

**कार चुराकर भागे उग्रवादी पकड़े गए**

दो उग्रवादियों ने आज दोपहर यहां पोश

# उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नैशनल सिक्योरिटी गार्ड मंड पहुंचे

## नालागढ़ बैंक से लूटी राशि में से 5.65 लाख रु. बरामद, जालन्धर में 2 उग्रवादी बंदी

## अमृतसर के मंड में 2 उग्रवादी मारे गए, श्रमिक नेता सहित 3 की हत्या

चंडीगढ़, 20 जनवरी (वार्ता, ह..स.): अमृतसर के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों के खिलाफ अभियान में भाग लेने के लिए नैशनल सिक्योरिटी गार्ड (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, एन.एस.जी.) मंड क्षेत्र में पहुंचा दिए गए हैं । मंड क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए । उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । मृतकों में एक श्रमिक नेता शामिल है जबकि एक हत्या 'भाड़े' के उग्रवादियों द्वारा की गई प्रतीत होती है । उग्रवादी जिला अमृतसर में ही माल से भरा एक ट्रक लूट कर ले गए । नालागढ़ जिला सोलन में कल स्टेट बैंक आफ पटियाला से लूटी गई राशि में से 5,65,378 रुपए नालागढ़ से 38 किलोमीटर दूर झाड़ियों में से बरामद कर लिए गए हैं । जालंधर में 2 उग्रवादी पकड़े गए, जिनसे कई शस्त्रास्त्र भी बरामद हुए हैं । राज्य के विभिन्न स्थानों से उग्रवादियों द्वारा दोपहिया वाहन छीने जाने की सूचना भी मिली है ।

### नैशनल सिक्योरिटी गार्ड

अमृतसर से वार्ता के अनुसार जिले के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों द्वारा छेड़े गए अभियान में सहयोग देने के लिए नैशनल सिक्योरिटी गार्ड के कमांडो दस्ते हैलीकाप्टरों द्वारा मंड क्षेत्र में भेज दिए गए हैं । यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने आज रात्रि दी । ये कमांडो कल से इस क्षेत्र में उग्रवादियों के खिलाफ अभियान में जुटे हुए हैं ।

### बस स्टैंड पर खड़े युवक की हत्या, एक घायल

**अमृतसर (वि.प्र.):** यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार आज प्रातः कस्बा रैय्या में दो सशस्त्र उग्रवादियों ने बस स्टैंड पर खड़े एक व्यक्ति सुदेश कुमार की हत्या करने के लिए उस पर चीनी एसाल्ट राइफल से फ़ायरिंग की, लेकिन उसके निकट खड़ा एक अन्य युवक दलीप सिंह, जो गांव उमरानंगल का रहने वाला था, मौके पर मारा गया । सुदेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हुआ है । उसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

### मृतक श्रमिक नेता था

बाबा बकाला से मेहरा और गुरदित्ता, रैय्या से जसपाल सिंह के अनुसार आज प्रातः आठ बजे यहां जी.टी. रोड पर शहीद फेरूमान कालेज के सामने दो उग्रवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके एक श्रमिक नेता दलीप सिंह की हत्या कर दी, जबकि उसके एक साथी सुदेश कुमार उर्फ़ सेठी को घायल कर दिया । उसको ब्यास के बाबा सावन सिंह अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया, जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है । बताया जाता है कि दलीप सिंह उस समय अखबार पढ़ रहा था कि दो उग्रवादी, जिन्होंने कम्बल ओढ़े हुए थे और चेहरे ढांपे हुए थे, वहां अचानक आ गए । वारदात करने के पश्चात वे टैलीफोन एक्सचेंज के साथ वाली गली में से होते हुए फरार हो गए ।

### मोटर साइकल, साइकल छोड़ कर भाग गए

घटना की सूचना मिलते ही निकट ही मौजूद सी.आर.पी.एफ़. के जवान पांच मिनटों के अन्दर ही वहां पहुंच गए । उन्होंने सारे क्षेत्र को घेर लिया परन्तु अभी तक किसी गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली । अभियुक्तों की तलाश के लिए रैय्या, ध्यानपुर, कलेर, घुमान आदि गांवों की स्क्रीनिंग की जा रही है । इसका नेतृत्व स्वयं सैक्टर कमांडर श्री इन्द्रजीत कर रहे हैं । प्राप्त सूचना के अनुसार उग्रवादी काले रंग के जावा मोटर साइकल नं. पी.ए.ई. 9442 पर सवार होकर आए । उनके पास एक साइकल भी था । उनकी संख्या चार थी । इनमें से दो उग्रवादी लाइनों के निकट ही खड़े रहे जबकि दो वारदात करने के लिए सड़क पर आए । मोटर साइकल की प्लेट पर गिल लिखा हुआ है । मोटर साइकल की चेन टूट जाने के कारण वे उसको और साइकल को ड्रेन के निकट ही खडा कर गए ।

### लोगों ने पकड़ने की कोशिश की थी

पता चला है कि वारदात के पश्चात लोगों ने उग्रवादियों को पकड़ने का प्रयत्न किया, लेकिन धुंध होने के कारण वे फरार होने में सफल हो गए । पुलिस ने मोटर साइकल और साइकल दोनों को अपने कब्ज़े में ले लिया । उग्रवादियों द्वारा छोड़ा गया साइकल किसी से छीना हुआ प्रतीत होता है । मृतक दलीप सिंह उर्फ़ दीपा एफ.सी.आई. की पल्लेदार यूनियन का सचिव था । वह गांव उमरानंगल का निवासी था, जबकि सुदेश कुमार रैय्या का निवासी है । प्रत्यक्ष-दर्शियों के अनुसार उग्रवादी छोटी आयु के थे । जाते हुए वे अपने कम्बल भी वहां छोड़ गए । मृतक दलीप सिंह अपने पीछे तीन लड़कियां और दो लड़के छोड़ गया है । वह अपने क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय था । एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादी स्टेनगनों से लैस थे ।

### रोष-स्वरूप हड़ताल

रैय्या की अनाज मंडी में दुकानदारों ने दलीप सिंह की हत्या के विरुद्ध रोषस्वरूप आज एक दिन की हड़ताल की । गल्ला मज़दूर यूनियन की बैठक नाज़र सिंह वडाला की अध्यक्षता में हुई । इसमें उग्रवादियों की इस घिनावनी हरकत की निंदा करते हुए श्री दलीप सिंह को श्रद्धांजलि भी भेंट की गई । यह भी पता चला है कि वारदात के पश्चात रैय्या जी.टी. रोड पर उस समय दुकानदारों ने रोष-पूर्वक दुकानें बंद कर दीं ।

### 2 उग्रवादी मरे

अवतार सिंह ब्रह्मा की खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दो उग्रवादी आज तीसरे पहर अमृतसर से 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में मंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए । अमृतसर के जिला पुलिस इज़हार आलम ने बताया कि मुठभेड़ मंड के दलदली क्षेत्र में हुई जहां उग्रवादी छुपे हुये थे । मुठभेड़ दो घंटे जारी रही । सुरक्षा बलों तथा पुलिस का कोई जवान हताहत नहीं हुआ ।

### किराए के उग्रवादियों द्वारा हत्या

उग्रवादियों ने अमृतसर के थाना रमदास के गांव जस्सा में एक जमींदार शिगारा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । यह हत्या व्यक्तिगत शत्रुता के कारण बताई जाती है या इसके लिए उग्रवादियों को किराए पर लिया गया ।

### माल से भरा ट्रक ले गए

थाना भिखीविंड के गांव सिद्धवां के निकट चार उग्रवादियों ने माल से भरा एक ट्रक पिस्तौल की नोक पर छीन लिया और फ़रार हो गए । इस वारदात की थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

### सरपंच को बचाते हुए मारा गया

'मेहरा' के अनुसार गत रात्रि लगभग सात बजे मेहता थाना क्षेत्र के गांव ताड़पुर में तीन उग्रवादियों

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## जैगुआर वायुसेना में शामिल

बंगलूर, 20 जनवरी : देश में बना पहला जैगुआर लड़ाक विमान 'शमशेर' आज भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया । रक्षामंत्री श्री कृष्ण चंद्र पंत ने एक समारोह में शमशेर विमान वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल दे ला फोंतेन को औपचारिक रूप से सौंपा ।

कहा कि उसके कहने पर तीन अन्य लोग भी लैफ़्टीनैंट जनरल बनाए गए । वे थे चरणजीत सिंह चन्नी (लुधियाना व भटिंड क्षेत्रों का इंचार्ज), गुरनाम सिंह काला (फरीदकोट, फ़िरोज़पुर, कपूरथला) तथा मथुरा सिंह (रोपड़, होशियारपुर, गुरदासपुर, अमृतसर) । जिंदा का कहना है कि उसको अधिकांशत: पंजाब से बाहर कार्रवाइयां करने के लिए कहा गया था । जिंदा ने यह भी बताया कि उसके मित्रों काला, रणजीत सिंह राणा, मिन्नी, गिल, मलकीयत सिंह तथा गुरनाम सिंह को हथियारों की सप्लाई का काम सौंपा गया था । इस काम के लिए अधिकांशत: ट्रक इस्तेमाल किए जाते थे । विशेष अवसरों पर मारुति कारें भी इस्तेमाल की जाती थीं । इनमें से कई आतंकवादी मारे जा चुके हैं ।

जिंदा ने स्वीकार किया कि वह एक बार पाकिस्तान गया था । सीमा पर दो पाक रेंजर उसे मिले, जो उसे पाकिस्तान ले गए तथापि उसने पाकिस्तान में हथियारों का प्रशिक्षण लेने के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया । वास्तव में वह अपने इस बयान पर कायम रहा कि उसने हथियारों की ट्रेनिंग खालसा कालेज में पढ़ते हुए ली थी, जहां उसके विषयों में मिलिटरी साईंस भी शामिल थी ।

**चंडीगढ़ में इकट्ठे होते थे**


जिंदा के रहस्योद्घाटनों से यह आश्चर्यजनक बात सामने आई है कि आतंकवादियों का मुख्य केन्द्र अमृतसर नहीं, चंडीगढ़ था, जहां वे इकट्ठे होकर अपने लक्ष्य निर्धारित करते थे । लाभ सिंह के बारे में जिंदा ने कहा कि वह हमेशा ट्रक में सवार होकर घूमता है ।

**टोहरा की हत्या की कोशिश**

उसने यह भी स्वीकार किया कि उसके मित्र चरणजीत सिंह चन्नी ने तरनतारन में गुरचरण सिंह टोहरा की हत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली । जिंदा के एक अन्य साथी बिट्टू ने लुधियाना में टोहरा की हत्या की कोशिश की थी, लेकिन उसे भी नाकामी हाथ लगी ।

**जिंदा के खिलाफ़ कार्रवाई स्थगित**

'वार्ता' के अनुसार कुख्यात आतंकवादी हरजिंदर सिंह जिंदा के खिलाफ एक मामले की कार्रवाई को सत्र न्यायालय ने दस फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया है । उस पर आरोप है कि दो वर्ष पूर्व 26 जनवरी के दिन उसने गड़बड़ी फैलाने की योजना बनाई थी । विशेष सत्र न्यायाधीश बी.एन. चतुर्वेदी के छुट्टी पर होने से जिंदा के खिलाफ़ मामले की सुनवाई नहीं हो सकी । जिंदा को भूतपूर्व सेनाध्यक्ष जनरल अरुण श्रीधर वैद्य की हत्या में शामिल होने के संदेह में मुकद्दमे के लिए पुणे ले जाया गया है ।



*गल्ला मजदूर यूनियन का नेता दलीप सिंह (इनसैट पुराना चित्र) का शव । उसकी बुधवार को रैय्या में उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । (छाया : जसपाल)*

5,65,272 रुपए एक स्थान से, एक स्थान से 5 रुपए और तीसरे स्थान से 100 रुपए बरामद हुए हैं । इससे संकेत मिलता है कि उग्रवादियों द्वारा लूट की राशि बांटते समय पांच और 100 रुपए गिर गए होंगे ।

श्री नेगी ने कहा कि बैंक लूटने वाले तीनों युवक लगभग 20 वर्ष की आयु के थे । पंजाब की रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट वाला अपना स्कूटर वहां छोड़ जाने के बाद वे पंजाब की सीमा की ओर पैदल ही चले गए । उन्होंने कहा कि पुलिस के कुत्ता-स्क्वैड की भी सेवाएं ली गईं और राज्य से बाहर जाने के सभी मार्ग सील कर दिए गए हैं । उनका विचार है कि उग्रवादियों ने प्रहरियों की दोनों बंदूकें हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमा के साथ-साथ कहीं छिपा दी हैं ।

नालागढ़ बैंक डकैती की वारदात के दृष्टिगत राज्य में और सीमा क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं । उक्त धन राशि आज प्रातः बरामद हुई ।

**2 उग्रवादी गिरफ्तार**

**जालन्धर (ह.स.)**: पुलिस ने गत रात्रि जिला जालन्धर में नाकाबंदी के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस द्वारा आज यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार थाना नूरमहल के गांव जंडियाला का संतोख सिंह और गांव खुर्रमपुर का भरतसिंह गिरफ्तार किए गए हैं । पुलिस ने उनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं ।

**शव नहीं मिले**

**गुरदासपुर (विनोद)**: पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री एच.एस. काहलों ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित इस समाचार कि जिला गुरदासपुर में धारीवाल थाने के अन्तर्गत क्षेत्र में एक सड़क के किनारे खेत से दो गोलियों से छलनी शव मिले हैं, का खंडन किया है और कहा है कि यह समाचार बिल्कुल झूठा और बेबुनियाद है । श्री काहलों ने बताया कि ऐसा कोई शव इस महीने नहीं मिला । श्री काहलों ने पत्रकारों से कहा है कि वे भी समाचार भेजने से संयम से काम लें और सच्चाई पर आधारित समाचार भेजें क्योंकि पंजाब से सम्बन्धित समाचारों का पंजाब तथा पंजाब से बाहर लोगों पर असर पड़ता है ।

**उग्रवादियों की संख्या तीन थी**

शिमला से 'खजूरिया' के अनुसार नालागढ़ में स्टेट बैंक आफ पटियाला से तीन उग्रवादियों ने कुल 28,44,360 रुपए लूटे थे, इनमें से 5.6 लाख रुपए आज नालागढ़ के निकट ही जंगल में धबोटा नामक स्थान पर झाड़ियों में एक बक्से में पड़े मिले ।

**स्कूटर छीन लिया**

राजपुरा से मासूम के अनुसार आज प्रातः नौ बजे से पांच कि.मी. दूर गांव भपल के निकट प्राचीन शिव मन्दिर नलास से माथा टेककर आ रहे अशोक कुमार पुत्र गिरधारी लाल से दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक स्कूटर (सी.एच.आई. 9958) छीन लिया । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

**बंदूक, कारतूस लूट लिए**

**जालन्धर (ह.स.)**: पांच उग्रवादियों ने नगर के बाहर बाबा खेल बस्ती के निकट स्थित गांव वरियाना में केवल सिंह के निवास से पिस्तौल की नोक पर उसकी 12 बोर की बंदूक और 10 कारतूस लूट लिए ।

**स्कूटर छीन लिया**

## पंजाब में हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

के सम्भावित संदिग्ध ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं । हिमाचल-पंजाब सीमा पर धीरोवाल और भरतगढ़ में नई चौकियां स्थापित की जा रही हैं । 25 जनवरी को, नालागढ़ में हिमाचल के 'पूर्ण राजयत्व दिवस' के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय समारोह हो रहा है, इसके दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्धों को और कड़ा कर दिया गया है ।

### एक मृत उग्रवादी की शिनाख्त

**अमृतसर (अशोक सोनी):** कल बाद दोपहर जिला अमृतसर के मंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो दो उग्रवादी मारे गए थे, उनमें से एक उग्रवादी की पहचान कर लेने का पुलिस ने दावा किया है । यहां पुलिस सूत्रों के अनुसार एक मृतक अमृतसर जिले के थाना हरिके के गांव कंबोह का हरनाम सिंह था । मृत उग्रवादी पुलिस को कई केसों में वांछित था ।

अमृतसर के खालड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दलेरी में सुखवंत कौर को चार उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया और उसके पति की राइफल लूट ले गए।

### घुसपैठिया मरा

खालड़ा क्षेत्र में ही आज एक पाक घुसपैठिया बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारा गया व उसका साथी फरार हो गया ।

### मोटर साइकल छीन लिया

रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात्रि यहां से 12 किलोमीटर दूर मेहता थाने के क्षेत्र गांव रजधान में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति कमलप्रीत सिंह से स्टेनगन की नोक पर उसका मोटर साइकल टी.वी.एस. सुजुकी छीन लिया । यह मोटर साइकल उसने आज ही नया खरीदा था और उस पर एप्लाईड फ़ार लिखा हुआ था ।

### दो उग्रवादी गिरफ्तार

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार इस क्षेत्र में पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से एक महेन्द्र सिंह गांव मुच्छल थाना जंडियाला का रहने वाला है । इसके सम्बन्ध में पता चला है कि वह गांव जबोवाल के सरपंच सुरजीत सिंह के घर बार-बार जाकर उसके सम्बन्ध में पूछताछ करता रहता था कि वह इस समय कहां है । इस पर सरपंच की पत्नी को संदेह हो गया । उसने इसकी सूचना पुलिस को दे दी, जिससे पुलिस ने सी.आर.पी.एफ़. की सहायता से उसको पकड़ लिया । दूसरे उग्रवादी को उस समय पकड़ा गया, जब वह खिलचियां चौकी के इर्द-गिर्द संदिग्धावस्था में घूम रहा था । पूछताछ पर उसने अपना गलत नाम राजविंद्र सिंह निवासी कलेके बताया । तलाशी लेने पर उसके कब्ज़े से कई जाली शिनाख्ती कार्ड मिले, पुलिस के अनुसार वह थाना रमदास के क्षेत्र के किसी गांव का निवासी है ।

### मिठाई विक्रेता से 32000 रु. लूट लिए

**लुधियाना (भांबी):** तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज प्रातः आत्मा नगर आबादी में एक मिठाई विक्रेता के घर से 32000 रुपए लूट

भरा थैला छीन लिया और फ़रार हो गए ।

### स्कूटर चुरा लिया

उग्रवादियों ने आज प्रातः गुलमोहर होटल लुधियाना के बाहर से नीले रंग का बजाज स्कूटर बी.ए.एल. 2876 चुरा लिया गया । स्कूटर मालिक श्री राकेश सूद ने थाना डिविजन नं. 5 में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह किसी शादी समारोह में भाग लेने के लिए होटल गुलमोहर गया था कि बाद में कोई वहां से स्कूटर उठा ले गया ।

### कमांडो उतारने के समाचार का खंडन

**जालन्धर (ह.स.):** जालन्धर रेंज के उपपुलिस महानिरीक्षक ए.ए. सिद्दीकी ने इस समाचार का ज़ोरदार खंडन किया है कि अमृतसर जिले के मंड क्षेत्र में आतंकवादियों का सफ़ाया करने के लिए वहां तैनात राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों की सहायता के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो को वहां विमान से उतारने की कोई योजना है । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों से निबटने के लिए राज्य में कहीं भी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की सहायता की ज़रूरत नहीं है । श्री सिद्दीकी ने कहा कि राज्य पुलिस और अर्द्धसैनिक बल सख्ती से आतंकवादियों से निपट रहे हैं और स्थिति पूर्ण तरह नियंत्रण में है ।

### 1 उग्रवादी, 3 चोर गिरफ्तार, शस्त्र मिले

जालन्धर: पुलिस ने एक उग्रवादी, तीन चोरों और एक अपराधी को गिरफ्तार किया है और एक रिवाल्वर एवं कुछ कारतूसों सहित एक अवयस्क लड़की (5 वर्षीय) बरामद की है । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि संदिग्ध उग्रवादी गत रात्रि नाकबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया । उग्रवादी की नकोदर के जोगेंद्र सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है और उससे .315 बोर का एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए हैं । तीनों चोरों की गुज्जर मसीह, सुलक्खन सिंह आदि के रूप में की गई है । पुलिस ने उसके कब्ज़े से एक गैस सिलंडर और 7000 रुपए मूल्य का पिग आयरन बरामद किया है । पुलिस ने जम्मू के निकटवर्ती अगराचक के एक व्यक्ति काला को भी गिरफ्तार किया है और एक अव्यस्क लड़की को बरामद किया है, जिसका स्थानीय थाना डिविजन नं. एक से आठ जनवरी को अपहरण किया गया था ।

### बैंक लूटने की कोशिश असफल बना दी

नवांशहर के निकट गांव लंगड़ोया में न्यू बैंक आफ इंडिया की शाखा भवन के मालिक ने गत रात्रि लगभग 11 बजे फ़ायरिंग करके अज्ञात लुटेरों द्वारा बैंक को लूटने की कोशिश असफल बना दी । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि लुटेरे ताले तोड़ कर बैंक परिसर में घुसे । जब उन्होंने बैंक के स्ट्रांग रूम को तोड़ने की कोशिश की तो शोर सुनकर भवन का मालिक सुरेन्द्र कुमार जाग पड़ा । इन सूत्रों ने श्री सुरेन्द्र कुमार को उद्धृत करते हुए कहा है कि श्री सुरेन्द्र कुमार ने अपनी लायसैंसी बंदूक से हवा में दो फ़ायर किए और लुटेरों को बिना कोई धन लूटे भाग जाने पर विवश कर दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

### गांव में हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रात्रि श्री हरगोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भोले बाजे में 2

Punjabi Sanatani

उग्रवादी की पहचान कर लेने का पुलिस ने दावा किया है । यहां पुलिस सूत्रों के अनुसार एक मृतक अमृतसर जिले के थाना हरिके के गांव कंबोह का हरनाम सिंह था । मृत उग्रवादी पुलिस को कई केसों में वांछित था ।

अमृतसर के खालड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दलेरी में सुखवंत कौर को चार उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया और उसके पति की राइफल लूट ले गए।

**घुसपैठिया मरा**

खालड़ा क्षेत्र में ही आज एक पाक घुसपैठिया बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारा गया व उसका साथी फरार हो गया।

**मोटर साइकल छीन लिया**

रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात्रि यहां से 12 किलोमीटर दूर मेहता थाने के क्षेत्र गांव रजधान में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति कमलप्रीत सिंह से स्टेनगन की नोक पर उसका मोटर साइकल टी.वी.एस. सज़ुकी छीन लिया । यह मोटर साइकल उसने आज ही नया खरीदा था और उस पर एप्लाईड फ़ार लिखा हुआ था ।

**दो उग्रवादी गिरफ्तार**

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार इस क्षेत्र में पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से एक महेन्द्र सिंह गांव मुच्छल थाना जंडियाला का रहने वाला है । इसके सम्बन्ध में पता चला है कि वह गांव जबोवाल के सरपंच सुरजीत सिंह के घर बार-बार जाकर उसके सम्बन्ध में पूछताछ करता रहता था कि वह इस समय कहां हैं । इस पर सरपंच की पत्नी को संदेह हो गया । उसने इसकी सूचना पुलिस को दे दी, जिससे पुलिस ने सी.आर.पी.एफ. की सहायता से उसको पकड़ लिया । दूसरे उग्रवादी को उस समय पकड़ा गया, जब वह खिलचियां चौकी के इर्द-गिर्द संदिग्धावस्था में घूम रहा था । पूछताछ पर उसने अपना गलत नाम राजविंद्र सिंह निवासी कालेके बताया । तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कई जाली शिनाख्ती कार्ड मिले, पुलिस के अनुसार वह थाना रमदास के क्षेत्र के किसी गांव का निवासी है ।

**मिठाई विक्रेता से 32000 रु. लूट लिए**

**लुधियाना (भांबी):** तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज प्रातः आत्मा नगर आबादी में एक मिठाई विक्रेता के घर से 32000 रुपए लूट लिए । मिठाई विक्रेता ने यह राशि दूध विक्रेताओं को देने के लिए रखी थी । पुलिस के अनुसार दो सशस्त्र व्यक्ति घर में घुसे और नौकरों और घर में मौजूद एक वृद्धा को उसे चाबियां देने पर विवश किया । तीसरा उग्रवादी घर के बाहर स्कूटर स्टार्ट किए खड़ा रहा । अभियुक्त लूट के माल के साथ भाग गए । पुलिस अधिकारी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए और जांच कार्य शुरू कर दिया ।

लुधियाना से 'आहूजा' के अनुसार उग्रवादी एक स्त्री कौशल्या रानी से 32000 रुपए लूट कर ले गए । थाना डिविजन नं. 6 में घटना की रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

पुलिस अधीक्षक श्री ए.पी. पांडे के अनुसार उक्त स्त्री मिठाइयों की एक दुकान चलाती है । वह अपनी दुकान के कारीगरों को पैसे देने के लिए कार में जा रही थी कि अचानक नीले स्कूटर पर सवार दो उग्रवादी घटनास्थल पर प्रकट हुए, जिन्होंने नगदी से

क्षेत्र में आतंकवादियों का सफ़ाया करने के लिए वहां तैनात राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों की सहायता के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो को वहां विमान से उतारने की कोई योजना है । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों से निबटने के लिए राज्य में कहीं भी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की सहायता की ज़रूरत नहीं है । श्री सिद्दीकी ने कहा कि राज्य पुलिस और अर्द्धसैनिक बल सख्ती से आतंकवादियों से निपट रहे हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है ।

**1 उग्रवादी, 3 चोर गिरफ्तार, शस्त्र मिले**

जालन्धर पुलिस ने एक उग्रवादी, तीन चोरों और एक अपराधी को गिरफ्तार किया है और एक रिवाल्वर एवं कुछ कारतूसों सहित एक अवयस्क लड़की (5 वर्षीय) बरामद की है । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि संदिग्ध उग्रवादी गत रात्रि नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया । उग्रवादी की नकोदर के जोगेंद्र सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है और उससे .315 बोर का एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए हैं । तीनों चोरों की गुज्जर मसीह, सुलक्खन सिंह आदि के रूप में की गई है । पुलिस ने उसके कब्ज़े से एक गैस सिलंडर और 7000 रुपए मूल्य का पिग आयरन बरामद किया है । पुलिस ने जम्मू के निकटवर्ती अगराचक के एक व्यक्ति काला को भी गिरफ्तार किया है और एक अव्यस्क लड़की को बरामद किया है, जिसका स्थानीय थाना डिविज़न नं. एक से आठ जनवरी को अपहरण किया गया था ।

**बैंक लूटने की कोशिश असफल बना दी**

नवांशहर के निकट गांव लंगड़ोया में न्यू बैंक आफ इंडिया की शाखा भवन के मालिक ने गत रात्रि लगभग 11 बजे फ़ायरिंग करके अज्ञात लुटेरों द्वारा बैंक को लूटने की कोशिश असफल बना दी । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि लुटेरे ताले तोड़ कर बैंक परिसर में घुसे । जब उन्होंने बैंक के स्ट्रांग रूम को तोड़ने की कोशिश की तो शोर सुनकर भवन का मालिक सुरेन्द्र कुमार जाग पड़ा । इन सूत्रों ने श्री सुरेन्द्र कुमार को उद्धृत करते हुए कहा है कि श्री सुरेन्द्र कुमार ने अपनी लायसैंसी बंदूक से हवा में दो फ़ायर किए और लुटेरों को बिना कोई धन लूटे भाग जाने पर विवश कर दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**गांव में हत्या**

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रात्रि श्री हरगोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भोले बाजे में 2 उग्रवादियों ने नन्द लाल नामक एक व्यक्ति की आज सायं 7 बजे गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

## येति पामीर पर्वतों में देखा गया

मास्को, 21 जनवरी (डी.पी.ए.) कथा किंवदन्तियों में वर्णित हिम-मानव येति के सोवियत संघ के पामीर पर्वतीय क्षेत्र में देखे जाने की खबर है । 'तास' ने कल खबर दी कि हिम-मानव की खोज में गए लोगों ने मात्र 35 मीटर की दूरी से हिम-मानव को देखा । गोरिल्ला जैसे इस हिम-मानव के पूरे शरीर पर बाल थे । लेकिन उन्होंने उसका फोटो इस डर से नहीं खींचा कि कहीं वह भाग न खड़ा हो ।

आज कल आए दिन हिम-मानव देखे जाने की खबरें मिल रही हैं । पामीर के पहाड़ी क्षेत्रों की एक महिला ने मास्को रेडियो को बताया कि उसने येति को निकट से देखा कि उसका चेहरा साफ नजर आ रहा था और उसकी आंखें लाल थीं ।

Punjabi Sangtani




उग्रवादियों द्वारा शुक्रवार प्रातः बरनाला के एक पार्क में बनी व्यायामशाला में अंधाधुंध गोलीबारी करके मारे गए लोगों (1) जीवन कुमार, (2) सुभाष चंद्र, (3) तरसेम चंद, (4) विजय कुमार, (5) विजय कुमार (दो मृतकों के एक समान नाम थे), (6) कृष्ण लाल, (7) अनिल कुमार, (8) संजीव कुमार, (9) खुशबख्त राय तथा (10) मास्टर जय किशन के शव, (11) पार्क का वह स्थान जहां यह हत्याकांड हुआ, (12) चिंटू रोड जहां से हत्यारे पार्क में घुसे, (13) घटनास्थल के पास जमा भीड़, (14) विजय कुमार का बिलखता बाप, (15) बरनाला में मातमी हड़ताल का एक दृश्य । (छाया : सिधवानी, देवराज गर्ग), (16) लुधियाना में मारे गये भाजपा नेता श्री खुशीराम (इन्सैट पुराना चित्र) का शव, (17) इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित उनकी फैक्टरी और वह कार जिससे वहां उतरते समय उन्हें गोलियां मारी गई (इन्सैट) ईंटों से घिरी वह जगह जहां उनका खून गिरा, (18) श्री खुशी राम के शव को घटना स्थल से उनके घर ले जा रहे लोग, (19) बिलखती हुई उनकी पत्नी ।

(छाया : काम्बोज)

Punjabi Sanatani

धूरी (सिंगला) : जिला संगरूर ...
आतंकवादियों ने देसी शराब के दो ठेके लूट लिए । एक ठेका से उन्होंने 1500 रुपए लूटे जबकि दूसरे ठेका से 7 सौ रुपए तथा शराब की बोतलों की एक पेटी लूट ली ।

## 7 उग्रवादी गिरफ्तार

**फरीदकोट (जिंदल)** : एस.पी. आप्रेशन श्री देस राज ने आज कहा कि गत 48 घंटों के दौरान पुलिस ने जिला फरीदकोट में विभिन्न क्षेत्रों में छापों व नाकेबंदियों के दौरान 7 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । इनके नाम जोगा सिंह, महेंद्र सिंह, हाकम सिंह, राज सिंह, वीर सिंह, सुरजीत सिंह तथा नछत्तर सिंह बताए गए हैं । इन उग्रवादियों से एक विदेशी 315 बोर की राइफल, एक पाक निर्मित रिवाल्वर, विभिन्न बोरों के 5 पिस्तौल तथा तीन दर्जन कारतूस बरामद किए । यह लोग कई हत्याओं व डकैतियों के मामलों में वांछित हैं ।

## छात्र का अपहरण

**मोगा (सर्वमित्र)** : आज सुबह न्यू टाऊन क्षेत्र में दो स्कूटर सवार युवक मोगा के एक दसवीं कक्षा के छात्र कंवलजीत सिंह का उसके घर से अपहरण करके ले गए । उन्होंने लड़के के अभिभावकों को धमकी दी कि यदि उन्होंने प्रतिरोध किया तो परिणाम बुरे होंगे । लड़के का अभी तक कुछ पता नहीं है । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

## दुकानदार की हत्या

**अमृतसर (वि.प्र):** अमृतसर के कस्बा झब्बाल में कल शाम 6.30 बजे दो आतंकवादियों ने बाजार में से गुजरते हुए फायरिंग करके एक दुकानदार किशन चन्द की हत्या कर दी जबकि उसके पास खड़ा एक व्यक्ति ज्ञान चन्द घायल हो गया । उसको अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । अभियुक्त फरार हो गए । एक अन्य सूचना में घायलों की संख्या दो बताई गई है । दूसरे घायल का नाम हरनाम सिंह बताया जाता है ।

मृतक किशन चंद राष्ट्रीय सुरक्षा समिति का नेता था ।

उग्रवादियों ने अमृतसर जिले के पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम बोपाराय में तारा सिंह के घर से 12 बोर का रिवाल्वर व 25 कारतूस लूट लिए ।

पुलिस ने स्वर्ण मंदिर परिसर से 4 बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया, जो पाकिस्तान जाना चाहते थे ।

## बैंक को आग लगा दी

कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने गत रात थाना सदर तरनतारन के गांव सरहाली खुर्द में एक बैंक को आग लगा दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने स्टेट बैंक आफ इंडिया की ब्रांच पर मिट्टी का तेल छिड़क कर उसे आग लगा दी । बैंक का सारा फर्नीचर और रिकार्ड भस्म हो गया । पुलिस जांच कर रही है ।

## पनाह देने पर 6 गिरफ्तार

इसी बीच पुलिस ने तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के स्वयंभू चीफ तथा उग्रवादियों द्वारा नियुक्त अकाल तख्त के जत्थेदार गुरबचन सिंह मानोचाहल को पनाह देने के आरोप में थाना रमदास के गांव दयाल भड़ंग के 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । इनमें एक स्त्री भी शामिल है । पकड़े गए लोगों के नाम बचन सिंह (भूतपूर्व सैनिक), जगीर सिंह, गुरमेज सिंह, निर्मल सिंह, लखविंदर सिंह तथा सुरिंदर कौर हैं । उनके विरुद्ध आतंकवाद विरोधी कानून के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है ।

Punjab Sahayata

# एक ही परिवार के 7 सदस्यों व अकाली नेता सहित 15 की हत्याएं

## भटिंडा के बैंक से लाख रु. से अधिक लूटे:कई आतंकवादी बंदी : सुरक्षा कर्मियों की छुट्टियां रद्द

## सरहंद के निकट 2 उग्रवादी मुठभेड़ में मरे

चंडीगढ़, 23 जनवरी (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने पंजाब में 15 लोगों की हत्याएं कर दीं । इनमें एक ही परिवार की पांच महिलाओं सहित सात सदस्य, एक अन्य परिवार की दो महिलाएं, एक अकाली नेता शामिल हैं । पंजाब में इस वर्ष अब तक मारे गए लोगों की संख्या बढ़ कर 135 तक पहुंच गई है । सरहंद के पास पुलिस से मुठभेड़ में दो उग्रवादी भी मारे गए । इस वर्ष अब तक 14 उग्रवादी मारे जा चुके हैं । भटिंडा में उग्रवादियों ने केनरा बैंक से 1.11 लाख रु. लूट लिये । पंजाब में सुरक्षा कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं ।

**एक परिवार के 7 व्यक्तियों की निर्मम हत्या**

**गुरु हरसहाय (मलिक, भंडारी):** यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव सिहवाला में गत रात 12 बजे के लगभग 5 आतंकवादी मोता सिह नामक जाट सिख के मकान के अंदर घुस गए । घर के सभी लोगों को एक कमरे में खड़ा करके उन पर दनादन फायरिंग शुरू कर दी । उग्रवादी इस परिवार के सात व्यक्तियों की हत्या करके फरार हो गए ।

मरने वालों में श्री मोता सिह, उसका बेटा महेंद्र सिह, पिपल सिह, महेंद्र सिह की पत्नी, उसकी तीन बेटियां शामिल हैं । जब हमारा सम्वाददाता उस गांव में पहुंचा तो लोग अत्यधिक भयभीत थे । उन्होंने बताया कि रात 12 बजे मोता सिह के घर जो फायरिंग शुरू हुई वह लगभग एक घंटे तक जारी रही ।

बताया जाता है कि गत वर्ष दशहरे के दिन इसी गांव के नम्बरदार अजायब सिह की उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह बस स्टैंड पर खड़ा था । उग्रवादी उनकी हत्या करके भाग गए थे, मगर पुलिस ने पीछा करके उसी दिन एक उग्रवादी को मुकाबले में मार डाला था । बताया जाता है कि मोता सिह अजायब सिंह का निकट सम्बन्धी था । उग्रवादियों को संदेह है कि उनका जो साथी मारा गया था उसके सम्बन्ध में जानकारी मोता सिह ने दी थी । घटनास्थल से 50 खाली कारतूस पड़े मिले हैं ।

वरिष्ठ जिला एवं पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । जिला पुलिस अधीक्षक श्री गोविन्द राम ने बताया कि उग्रवादी गुटों की पहचान कर ली गई है । पांच में से दो उग्रवादियों के नाम हैं नरवैर सिह व सुखविंदर सिह । दोनों के परिवार के सभी सदस्य घर छोड़ कर कहीं चले गए हैं ।

पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेर लिया है । उग्रवादियों के सम्भावित अड्डों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

श्री मोता सिह के परिवार में मृत तीन युवतियों में बंसो (22), नन्दी (22) तथा बल्कार कौर (21) आदि शामिल हैं ।

बताया जाता है कि भोला सिह के परिवार की हत्या करने के उपरांत उग्रवादियों ने घर को आग लगा दी । इस परिवार में अब केवल दो पुरुष सदस्य रह गए हैं ।

फरीदकोट से 'जिंदल' के अनुसार जिलाधीश भूपेन्द्र सिंह सिद्धू इस कांड का समाचार मिलते ही दीप सिह वाला गांव पहुंचे । उन्होंने इस परिवार के जीवित बचे सदस्यों को 1.40 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है । एस.एस.पी. के अनुसार महेन्द्र सिंह के पुत्र ने उग्रवादियों पर भी गोलियां चलाई थीं । यह हत्याकांड आपसी दुश्मनी के कारण हुआ बताया जाता है ।

**दो महिलाओं की हत्या**

**अमृतसर (वि.):** आज यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार थाना जंडियाला के अंतर्गत गांव बानियां में गत रात्रि में 10.30 बजे स्टेनगन तथा ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल धारी आधा दर्जन उग्रवादियों ने एक व्यक्ति निरंजन सिह और उसके परिवार के लोगों की हत्या करने के लिए हमला कर दिया । उग्रवादियों ने घर का दरवाजा खुलवाया और भीतर दाखिल हो गए तथा उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । इस फायरिंग से निरंजन सिह की युवा पुत्री रणजीत कौर और बहू जीत कौर की मृत्यु हो गई । निरंजन सिह और उसकी पत्नी सुरेंद्र कौर घायल हो गए ।

अमृतसर के जिला पुलिस प्रमुख श्री इजहार आलम ने बाद में सम्वाददाताओं को बताया कि बानियां में हुई दो महिलाओं की हत्या तस्करों के दो गिरोहों के आपसी झगड़े के कारण हुई है । उन्होंने कहा कि जांच से इस बात का पता चला है कि तस्करों के एक गिरोह ने निरंजन सिह के बेटे झिलमिल सिंह से अपना बदला लेने के लिए उग्रवादियों को भाड़े पर किया था ।

झिलमिल सिह की भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सुरजीत सिह उर्फ पिंटा ने 17 जनवरी को हत्या कर दी थी । झिलमिल सिंह एक अफीम तस्कर था । उसे हथियारों के जाली लायसैंस बनाने के आरोप में भी पकड़ा गया था ।

**अकाली नेता की हत्या**

अमृतसर जिले के मेहता चौक थाना क्षेत्र के ग्राम ऊधोनंगल में उग्रवादियों ने अकाली नेता जत्थेदार निर्मल सिंह को उनके घर से बाहर खींच कर एक खेत में ले जाकर गोली मार दी । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

**अंत्येष्टि से लौट रहे की हत्या**

झब्बाल पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम पडरीकलां और मानोचाहल के बीच भिडरांवाला टाईगर्स फोर्स के उग्रवादियों ने मोहन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह अपने एक रिश्तेदार दिलबाग सिंह की अंत्येष्टि में भाग लेकर लौट रहा था । दिलबाग सिंह की भी पडरीकलां में उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

**दो शव बरामद**

अमृतसर में दो शव भी बरामद हुए हैं । एक शव अमृतसर शहर के दक्षिणी भाग में गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह के पास के एक नाले से मिला है । दूसरा शव ग्राम पडरी कलां से मिला है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# नंगल खाद प्लांट में धमाका मैथानोल वाष्प के आग पकड़ने से हुआ

नया नंगल (पंजाब), 23 जनवरी (वार्ता): इस मास यहां नैशनल फर्टीलाइजर लिमिटेड प्लांट के मोटर कंट्रोल सैंटर पैनल रूम में हुए जबरदस्त विस्फोट का कारण मैथानोल, जोकि एक विषैला तथा अत्यन्त प्रज्ज्वलनशील द्रव्य है, वाष्प का आग पकड़ना था । दुर्घटना की जांच करने के लिए नियुक्त चार सदस्यीय तकनीकि विशेषज्ञ समिति ने यह रिपोर्ट दी है तथापि समिति ने इसमें किसी 'विध्वंसक कार्रवाई' की सम्भावना रद्द कर दी है । कहा जाता है कि पैनल रूम इस दुर्घटना में पहले लगभग एक पखवाड़ा तक बंद रहा था । रिपोर्ट में इस कथन का भी समर्थन नहीं किया गया कि धमाका सल्फर वाष्प के जलने से हुआ होगा ।

[illegible]

यूनिट दोनों ही धमाके वाले क्षेत्र में स्थित हैं जबकि

तथा गुर्दे को हानि पहुंचा सकती है । यद्यपि रिपोर्ट में किसी पर जिम्मेदारी नहीं डाली गई लेकिन समिति का कथन है कि ट्रक में मैथानोल के लदान के समय 'मानवीय लापरवाही' के कारण मैथानोल क्षेत्र में फैल गई होगी तथा वाष्प में बदल गई होगी । इस प्लांट से अन्य यूनिटों को रोजाना दो ट्रक मैथानोल सप्लाई होती है । तथापि समिति यह नहीं बता सकी कि क्या दुर्घटना वाले दिन पैनल रूम का 'एग्जास्ट फैन' काम कर रहा था । प्लांट जिसकी दैनिक क्षमता 50 टन है, ने तीन वर्ष पूर्व मैथानोल उत्पादन शुरू किया और अधिकारी इस कथन का समर्थन नहीं करते कि यदि मैथानोल के टैंक को आग लग जाती तो भोपाल जैसा एक और कांड हो सकता

[illegible]

रूम सुरक्षित क्षेत्र में है । समिति ने भविष्य में ऐसी

# एक ही परिवार के 7 सदस्यों व अकाली नेता सहित 15 की हत्याएं

### भटिंडा के बैंक से लाख रु. से अधिक लूटे:कई आतंकवादी बंदी : सुरक्षा कर्मियों की छुट्टियां रद्द

## सरहंद के निकट 2 उग्रवादी मुठभेड़ में मरे

चंडीगढ़, 23 जनवरी (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने पंजाब में 15 लोगों की हत्याएं कर दीं । इनमें एक ही परिवार की पांच महिलाओं सहित सात सदस्य, एक अन्य परिवार की दो महिलाएं, एक अकाली नेता शामिल हैं । पंजाब में इस वर्ष अब तक मारे गए लोगों की संख्या बढ़ कर 135 तक पहुंच गई है । सरहंद के पास पुलिस से मुठभेड़ में दो उग्रवादी भी मारे गए । इस वर्ष अब तक 14 उग्रवादी मारे जा चुके हैं । भटिंडा में उग्रवादियों ने केनरा बैंक से 1.11 लाख रु. लूट लिये । पंजाब में सुरक्षा कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं ।

**एक परिवार के 7 व्यक्तियों की निर्मम हत्या**

**गुरु हरसहाय (मलिक, भंडारी):** यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव सिहवाला में गत रात 12 बजे के लगभग 5 आतंकवादी मोता सिंह नामक जाट सिख के मकान के अंदर घुस गए । घर के सभी लोगों को एक कमरे में खड़ा करके उन पर दनादन फायरिंग शुरू कर दी । उग्रवादी इस परिवार के सात व्यक्तियों की हत्या करके फरार हो गए ।

मरने वालों में श्री मोता सिंह, उसका बेटा महेंद्र सिंह, पिपल सिंह, महेंद्र सिंह की पत्नी, उसकी तीन बेटियां शामिल हैं । जब हमारा सम्वाददाता उस गांव में पहुंचा तो लोग अत्यधिक भयभीत थे । उन्होंने बताया कि रात 12 बजे मोता सिंह के घर जो फायरिंग शुरू हुई वह लगभग एक घंटे तक जारी रही ।

बताया जाता है कि गत वर्ष दशहरे के दिन इसी गांव के नम्बरदार अजायब सिंह की उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह बस स्टैंड पर खड़ा था । उग्रवादी उनकी हत्या करके भाग गए थे, मगर पुलिस ने पीछा करके उसी दिन एक उग्रवादी को मुकाबले में मार डाला था । बताया जाता है कि मोता सिंह अजायब सिंह का निकट सम्बन्धी था । उग्रवादियों को संदेह है कि उनका जो साथी मारा गया था उसके सम्बन्ध में जानकारी मोता सिंह ने दी थी । घटनास्थल से 50 खाली कारतूस पड़े मिले हैं ।

वरिष्ठ जिला एवं पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । जिला पुलिस अधीक्षक श्री गोविन्द राम ने बताया कि उग्रवादी गुटों की पहचान कर ली गई है । पांच में से दो उग्रवादियों के नाम हैं नरवैर सिंह व सुखविंदर सिंह । दोनों के परिवार के सभी सदस्य घर छोड़ कर कहीं चले गए हैं ।

पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेर लिया है । उग्रवादियों के सम्भावित अड्डों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

श्री मोता सिंह के परिवार में मृत तीन युवतियों में बंसो (22), नन्दी (22) तथा बल्कार कौर (21) आदि शामिल हैं ।

बताया जाता है कि भोला सिंह के परिवार की हत्या करने के उपरांत उग्रवादियों ने घर को आग लगा दी । इस परिवार में अब केवल दो पुरुष सदस्य रह गए हैं ।

फरीदकोट से 'जिंदल' के अनुसार जिलाधीश भूपेन्द्र सिंह सिद्धू इस कांड का समाचार मिलते ही दीप सिंह वाला गांव पहुंचे । उन्होंने इस परिवार के जीवित बचे सदस्यों को 1.40 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है । एस.एस.पी. के अनुसार महेन्द्र सिंह के पुत्र ने उग्रवादियों पर भी गोलियां चलाई थीं । यह हत्याकांड आपसी दुश्मनी के कारण हुआ बताया जाता है ।

**दो महिलाओं की हत्या**

**अमृतसर (वि.):** आज यहां प्राप्त एक सूचना के अनुसार थाना जंडियाला के अंतर्गत गांव बानियां में गत रात्रि में 10.30 बजे स्टेनगन तथा ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल धारी आधा दर्जन उग्रवादियों ने एक व्यक्ति निरंजन सिंह और उसके परिवार के लोगों की हत्या करने के लिए हमला कर दिया । उग्रवादियों ने घर का दरवाजा खुलवाया और भीतर दाखिल हो गए तथा उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । इस फायरिंग से निरंजन सिंह की युवा पुत्री रणजीत कौर और बहू जीत कौर की मृत्यु हो गई । निरंजन सिंह और उसकी पत्नी सुरेंद्र कौर घायल हो गए ।

अमृतसर के जिला पुलिस प्रमुख श्री इजहार आलम ने बाद में सम्वाददाताओं को बताया कि बानियां में हुई दो महिलाओं की हत्या तस्करों के दो गिरोहों के आपसी झगड़े के कारण हुई है । उन्होंने कहा कि जांच से इस बात का पता चला है कि तस्करों के एक गिरोह ने निरंजन सिंह के बेटे झिलमिल सिंह से अपना बदला लेने के लिए उग्रवादियों को भाड़े पर किया था ।

झिलमिल सिंह की भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सुरजीत सिंह उर्फ पिटा ने 17 जनवरी को हत्या कर दी थी । झिलमिल सिंह एक अफीम तस्कर था । उसे हथियारों के जाली लायसैंस बनाने के आरोप में भी पकड़ा गया था ।

**अकाली नेता की हत्या**

अमृतसर जिले के मेहता चौक थाना क्षेत्र के ग्राम ऊधोनंगल में उग्रवादियों ने अकाली नेता जत्थेदार निर्मल सिंह को उनके घर से बाहर खींच कर एक खेत में ले जाकर गोली मार दी । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

**अंत्येष्टि से लौट रहे की हत्या**

झब्बाल पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम पडरीकलां और मानोचाहल के बीच भिंडरांवाला टाईगर्स फोर्स के उग्रवादियों ने मोहन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह अपने एक रिश्तेदार दिलबाग सिंह की अंत्येष्टि में भाग लेकर लौट रहा था । दिलबाग सिंह की भी पडरीकलां में उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

**दो शव बरामद**


अमृतसर में दो शव भी बरामद हुए हैं । एक शव अमृतसर शहर के दक्षिणी भाग में गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह के पास के एक नाले से मिला है । दूसरा शव ग्राम पडरी कलां से मिला है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## नंगल खाद प्लांट में धमाका मैथानोल वाष्प के आग पकड़ने से हुआ

नया नंगल (पंजाब), 23 जनवरी (वार्ता): इस मास यहां नैशनल फर्टीलाइजर लिमिटेड प्लांट के मोटर कंट्रोल सैंटर पैनल रूम में हुए जबरदस्त विस्फोट का कारण मैथानोल, जोकि एक विषैला तथा अत्यन्त प्रज्ज्वलनशील द्रव्य है, वाष्प का आग पकड़ना था । दुर्घटना की जांच करने के लिए नियुक्त चार सदस्यीय तकनीकि विशेषज्ञ समिति ने यह रिपोर्ट दी है तथापि समिति ने इसमें किसी 'विध्वंसक कार्रवाई' की सम्भावना रद्द कर दी है । कहा जाता है कि पैनल रूम इस दुर्घटना में पहले लगभग एक पखवाड़ा तक बंद रहा था । रिपोर्ट में इस कथन का भी समर्थन नहीं किया गया कि धमाका सल्फर वाष्प के जलने से हुआ होगा ।

मैथानोल स्टोरेज टैंक तथा सल्फर उत्पादन तथा गुर्दे को हानि पहुंचा सकती है । यद्यपि रिपोर्ट में किसी पर जिम्मेदारी नहीं डाली गई लेकिन समिति का कथन है कि ट्रक में मैथानोल के लदान के समय 'मानवीय लापरवाही' के कारण मैथानोल क्षेत्र में फैल गई होगी तथा वाष्प में बदल गई होगी । इस प्लांट से अन्य यूनिटों को रोजाना दो ट्रक मैथानोल सप्लाई होती है । तथापि समिति यह नहीं बता सकी कि क्या दुर्घटना वाले दिन पैनल रूम का 'एग्जास्ट फैन' काम कर रहा था । प्लांट जिसकी दैनिक क्षमता 50 टन है, ने तीन वर्ष पूर्व मैथानोल उत्पादन शुरू किया और अधिकारी इस कथन का समर्थन नहीं करते कि यदि मैथानोल के टैंक को आग लग जाती तो भोपाल जैसा एक और कांड हो सकता था । उनका दावा है कि मोटर कंट्रोल सैंटर पैनल



अमृतसर ज़िला के गांव बानिया में शुक्रवार रात को उग्रवादियों ने दो महिलाओं रणजीत कौर और जीत कौर की हत्या कर दी । (ऊपर) कमरे में वह चारपाई,जहां उग्रवादियों ने उक्त दोनों महिलाओं पर गोलियां चलाईं । (नीचे) घर में बिखरा खून । इन्सैट में मृतका रणजीत कौर और इसी घटना में घायल सुरेंद्र कौर की पुरानी तस्वीरें । (छाया : जसपाल)

## पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उनके कब्जे से 79 किलो से अधिक पोस्त चूरा बरामद किया है ।

### हत्या के आरोप में पकड़ा गया

इसी मध्य सुरक्षा बलों ने धन के लेन-देन पर 16जनवरी को बस्ती शेख जालन्धर में हुई राजेन्द्र कुमार की हत्या के सम्बन्ध में एक व्यक्ति अश्विनी कुमार उर्फ़ बिट्टू को भी गिरफ्तार कर लिया ।

### वृद्धा को घायल करके लूट लिया

जिला जालन्धर के थाना भोगपुर के गांव बहराम में आज दोपहर कुछ उग्रवादी 75 वर्षीय वृद्धा धन कौर को गम्भीर रूप से घायल करके उससे नगदी और 17000 रुपए मूल्य के आभूषण छीन कर ले गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस वारदात का पता उस समय लगा, जब एक स्कूल अध्यापक चरण सिंह अपने दिन के कार्यों को करने के बाद घर लौटा । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

### तेज़धार शस्त्रों से हत्या

जिला जालन्धर के थाना नवांशहर के गांव मेहमदपुर में एक व्यक्ति अनन्तराम की तेज़धार शस्त्रों से हत्या कर दी गई । पुलिस ने दावा किया है कि अनन्त राम की हत्या एक व्यक्ति पालसिंह के साथ गर्मागर्मी के कारण हुई । पुलिस के अनुसार हत्यारा फ़रार हो गया है ।

### अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापे

**होशियारपुर (अश्विनी):** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के भूतपूर्व प्रधान जत्थेदार काबुल सिंह, जिन्हें कल उग्रवादियों ने गोलियां मारकर गम्भीर घायल कर दिया था, सी.एम.सी. लुधियाना में उपचाराधीन हैं । पुलिस और सुरक्षा बलों की आध दर्जन पार्टियां आक्रमणकारियों की तलाश में जिला जालन्धर के नवांशहर उपमंडल और होशियारपुर सदर के क्षेत्र में भेजी गई हैं । कई जगहों पर छापे मारे गए हैं । उक्त जानकारी आज यहां एक पुलिस प्रवक्ता ने दी ।

### तीन गोलियां निकाली गईं

**लुधियाना (वार्ता):** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के भूतपूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष काबल सिंह का आज सफल आप्रेशन कर उनके शरीर से तीन गोलियां निकाली गईं । यह जानकारी कल रात क्रिश्चियन मैडिकल कालेज अस्पताल के एक प्रवक्ता ने दी । प्रवक्ता ने बताया कि तीन गोलियां उनके पैर, नाक और दिल के नीचे के भागों से निकाली गई हैं । चौथी गोली उनके पेट के आर-पार निकल गई ।

श्री काबल सिंह की हालत में निरंतर सुधार हो रहा है ।

### थानेदार, सिपाही पर हमला

सरहंद थाने के एक ए.एस.आई. पुलिस और एक पुलिस कांस्टेबल पर एक अपराधी ने हमला कर दिया, जब वे अदालत के एक वारंट के आधार पर गांव जीमंदपुर में उसे गिरफ्तार करने के लिए गए थे । कांस्टेबल पर गंडासे से वार किया गया । दोनों पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे ।

### किरयाना विक्रेता की हत्या

आज रात्रि जालन्धर जिले के नवांशहर थाना क्षेत्र के ग्राम साहापुर में स्कूटर सवार दो उग्रवादियों ने एक किरयाना विक्रेता अमर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने उसकी दुकान में घुसकर उसे गोली मारी और भागने से पूर्व वहां एक हाथ से लिखा पत्र छोड़ गए जिसमें इस घटना की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स के कथित चीफ एरिया कमांडर सुलक्खन सिंह ने ली है ।

### 3 घुसपैठिए मारे गए

भारत-पाक सीमा पर खालड़ा सैक्टर में बी.एस.एफ. की फायरिंग से 3 पाक घुसपैठिए मारे गए । आज अमृतसर में सरकारी सूत्रों ने बताया कि छः अन्य घुसपैठिए पाकिस्तान भाग गए ।

### जमीन के झगड़े में हत्या हुई

**पठानकोट (गुप्ता):** अकाली दल (लौंगोवाल) के नेता विक्रमजीत सिंह, जिसकी कल बस स्टैंड पठानकोट में हत्या कर दी गई थी, का आज यहां अन्तिम संस्कार कर दिया गया । पठानकोट के डी.एस.पी. श्री प्यारा सिंह ढिल्लों के अनुसार यह हत्या शत्रुता और जमीन के झगड़े का परिणाम थी । पुलिस ने हत्या के आरोप में दो व्यक्तियों बलविंद्र सिंह तथा बलकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है ।

सुनाम पुलिस ने थाना सुनाम के गांव कनरां के एक ग्रामीण से 1850 नशीली गोलियां और एक देसी पिस्तौल बरामद किया है ।

### राइफल छीन ली

**बाघा पुराना (ज्ञान):** यहां से चार किलो मीटर दूर गांव रिजोना में चार सशस्त्र उग्रवादियों ने एक किसान गुरमुख सिंह से उसकी 12 बोर की लाइसैंसी राइफल छीन ली । उग्रवादी उसके घर में बलात् घुसे और परिवार के सदस्यों को गम्भीर परिणामों की धमकी देकर राइफल कब्जे में ले ली । राइफल लेकर उग्रवादी अंधेरे में गायब हो गए ।

### रंगारंग कार्यक्रम रद्द

बटाला से बाद में सम्वाददाता ने खबर दी है कि सुरक्षा समिति ने हत्याओं के विरुद्ध कल बटाला बंद का आह्वान किया है । बटाला के एस.डी.एम. श्री धनवंत सिंह ने एक बयान में कहा है कि नगर में हुई हत्याओं के दृष्टिगत कल 26 जनवरी को केवल झंडा ही लहराया जाएगा, जो रंगारंग कार्यक्रम रखा गया था, वह रद्द कर दिया गया है ।

### एकीकृत अकाली दल का नेता गिरफ्तार

फगवाड़ा पुलिस ने एकीकृत अकाली दल के नेता अजैब सिंह संघा को आज प्रातः गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों का अनुसार गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत एकीकृत अकाली दल के कई और नेता गिरफ्तार कर लिए जाने की सम्भावना है ।

## गणतंत्र दिवस समारोह जिमखाना ग्राउंड में

लुधियाना, 25 जनवरी (आहूजा) : स्थानीय गणतंत्र दिवस का समारोह यहां के जिमखाना ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा । जिलाधीश श्री शविन्दर सिंह बराड़ प्रातः 10 बजे झंडा लहराने की रस्म अदा करेंगे ।




सुरेंद्र कुमार निवासी जलालाबाद (इन्सैट) जिसकी उग्रवादियों ने थाना जंडियालागुरु के गांव भोरसी ब्राह्मणा में सोमवार की रात को गोलियां मार कर हत्या कर दी, (1) कामरेड मुखत्यार सिंह के घर का आंगन, जहां सुरेंद्र कुमार की हत्या की गई, (2) घर के एक कमरे में गई भूमिगत सीढ़ियां, जिनके द्वारा कामरेड मुखत्यार सिंह का परिवार बच निकलने में सफल हुआ, (3) उग्रवादियों के हाथों से बचने वाला कामरेड मुखत्यार सिंह का सुरक्षित परिवार, (4) सुरेंद्र कुमार का विलाप करता हुआ परिवार, (5) थाना वैरोवाल के गांव खख में उग्रवादियों द्वारा मारे गए सोहन सिंह की लाश तथा इन्सैट में उनका पुराना चित्र, (6) सोहन सिंह का शोकग्रस्त परिवार । (छाया : जसपाल रैय्या)




जिला पटियाला में गत दिवस आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी (1) युवा एकीकृत अकाली दल ज़िला पटियाला का अध्यक्ष कुलदीप सिंह बेलूमाजरा, (2) कुलदीप सिंह का छोटा भाई दलजीत सिंह और (3) कुलदीप सिंह का मामा राम सिंह, (4) खेत में बना वह कमरा, जहां इन तीनों की हत्या की गई, (5) शोकमग्न सगे-सम्बन्धी । (छाया : राजकुमार वर्मा)

Punjabi Sanatani

## पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

शांति बनाए रखने के लिए पुलिस व सुरक्षा बलों का व्यापक प्रबन्ध किया गया था ।

### शोक सभा

भाजपा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, शिव सेना व विश्व हिन्दू परिषद की ओर से मंगलवार को स्थानीय किला मंडी में नागरिकों की शोक सभा आयोजित की गई । बाद में सभी ने संयुक्त रूप से स्थानीय एस.डी.एम. श्री कुलवन्त सिंह को एक ज्ञापन देकर मांग की कि पंजाब के संवेदनशील जिलों में तुरन्त सेना तैनात की जाए, नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जाए, मृतकों के आश्रितों को तुरन्त आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरियां उपलब्ध की जाएं ।

### इंका का शोक प्रस्ताव

स्थानीय इंका की ओर से भी एक शोक प्रस्ताव करके स्थानीय एस.डी.एम. को भेंट किया गया । स्थानीय इंका के महासचिव वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि शांति व्यवस्था की बहाली के लिए उनका एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही प्रधानमंत्री से भेंट करने जाएगा ।

### एक गिरफ्तार

डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह ने बताया कि स्थानीय सिटी पुलिस ने एक संदिग्ध युवक राजिन्द्र सिंह टोनी को निरोधक कानून 3/4/8/6 व शस्त्र कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है ।

**गुरदासपुर (विनोद)** बटाला सदर के गांव रंगीलपुर में 25 जनवरी को आतंकवादियों द्वारा सरकारी प्राइमरी स्कूल रंगीलपुर के मुख्याध्यापक वीरेंद्र कुमार की हत्या के विरुद्ध जिला अध्यापक रोष एक्शन कमेटी ने 29 जनवरी को जिला गुरदासपुर में तथा बटाला तहसील में 30 जनवरी और प्रथम फरवरी को भी सभी सरकारी तथा मान्यता प्राप्त स्कूल बंद रखने का फैसला किया है । अध्यापक एक्शन कमेटी के एक प्रवक्ता के अनुसार 29 जनवरी को जिला भर में सभी अध्यापक तहसील स्तर पर रैलियां भी करेंगे, जिनमें गुरदासपुर में नेहरू पार्क में, बटाला में ईदगाह पर और पठानकोट में शिमला पहाड़ी पर रैलियां होंगी तथा सम्बद्ध एस.डी.एम. और जिलाधीश को मांगपत्र देकर मांग की जाएगी कि अध्यापकों के जान-माल की रक्षा की जाए, आतंकवादियों के हाथों मारे गए अध्यापकों के परिवारों को पुलिस पैटर्न के अनुसार सुविधाएं दी जाएं, असुरक्षित स्थानों पर तैनात या धमकी भरे पत्र प्राप्त अध्यापकों को सुरक्षित स्थानों पर बदला जाए । अब तक जिला गुरदासपुर में 22 अध्यापक आतंवादियों के हाथों मारे जा चुके हैं ।

### बुल्लेवाल में अध्यापकों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी

अध्यापक एक्शन कमेटी ने बताया कि 23 जनवरी को श्रीहरगोबिंदपुर थाने के अंतर्गत गांव बुल्लेवाल के सरकारी हाई स्कूल में आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग की थी और अध्यापकों ने बहुत मुश्किल से भाग-दौड़ कर अपनी जान बचाई थी । आतंकवादी जाते हुए स्कूल अध्यापक हरजीत सिंह का पी.बी.एन. 1814 मोटर साइकिल साथ ले गए । इस घटना के बाद गांव में आतंक का वातावरण बना हुआ है, परन्त

Punjabi Sanatani

एस.डी.एम. आर जिलाधीश को मांगपत्र देकर मांग की जाएगी कि अध्यापकों के जान-माल की रक्षा की जाए, आतंकवादियों के हाथों मारे गए अध्यापकों के परिवारों को पुलिस पैटर्न के अनुसार सुविधाएं दी जाएं, असुरक्षित स्थानों पर तैनात या धमकी भरे पत्र प्राप्त अध्यापकों को सुरक्षित स्थानों पर बदला जाए । अब तक जिला गुरदासपुर में 22 अध्यापक आतंवादियों के हाथों मारे जा चुके हैं ।

**बुल्लेवाल में अध्यापकों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी**

अध्यापक एक्शन कमेटी ने बताया कि 23 जनवरी को श्रीहरगोबिंदपुर थाने के अंतर्गत गांव बुल्लेवाल के सरकारी हाई स्कूल में आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग की थी और अध्यापकों ने बहुत मुश्किल से भाग-दौड़ कर अपनी जान बचाई थी । आतंकवादी जाते हुए स्कूल अध्यापक हरजीत सिंह का पी.बी.एन. 1814 मोटर साइकिल साथ ले गए । इस घटना के बाद गांव में आतंक का वातावरण बना हुआ है, परन्तु सरकार द्वारा अभी तक वहां उचित सुरक्षा प्रबन्ध नहीं किया गया ।

**चोरों, लुटेरां के गिरोह पकड़े गए**

**लुधियाना (ह.स.):** आज यहां एक पुलिस विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्थानीय पुलिस ने लुटेरों व तार चोरों के दो गिरोहों का सुराग लगा कर इसके सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है । इन अपराधियों के कब्जे से 1500 रुपए की ट्रांस्फार्मर की तार तथा एक स्कूटर व स्वर्णाभूषण सहित 70000 रुपए मूल्य का कीमती सामान बरामद हुआ है । पुलिस ने बिना नम्बर प्लेट का स्कूटर बरामद होने पर एक व्यक्ति जतिन्द्रपाल सिंह उर्फ बब्बर को गिरफ्तार किया है ।

जालन्धर के फिल्लौर थाना क्षेत्र के ग्राम कंग जागीर में उग्रवादियों ने हवाई फ़ायरिंग करते हुए एक शराब के ठेके से 2186 रु. लूट लिए ।

कपूरथला रोड से कोट पक्षियां जालन्धर स्थित अपने घर को स्कूटर पर जा रहे मुकेश धीर से उग्रवादियों ने 1850 रु. छीन लिए ।

नवांशहर के पास उग्रवादियों ने एक व्यक्ति को हमला करके घायल कर दिया ।

**पुलिस कर्मियों पर फायरिंग, एक गिरफ्तार**

**जलालाबाद (मलिक, भंडारी):** कल रात्रि कमालवाला और कंधवाला के मध्य जब दो पुलिस कर्मी मोटर साइकिल पर अर्नीवाला चौकी पर अपनी ड्यूटी देकर लौट रहे थे तो दो उग्रवादियों ने उनसे मुख्तियार सिंह की ढाणी का पता पूछा । पुलिस कर्मियों ने जब इस सम्बन्ध में अपनी अनभिज्ञता व्यक्त की तो थोड़ी दूर जाकर उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस कर्मी जमीन पर लेट गए और जवाबी फायरिंग की, जिससे उग्रवादी वहां से भाग गए । दोनों पुलिस कर्मचारियों ने पुलिस मुख्यालय में सूचना दे दी, जिससे भारी पुलिस फोर्स वहां पहुंच गई । पुलिस ने छापा मार कर मुख्तियार सिंह की ढाणी से एक लाल रंग की मारुति कार बरामद की और मुख्तियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । जब उससे पूछा गया कि यह कार किसकी है तो उसने बताया कि कुछ दिन पूर्व यहां आए कुछ उग्रवादी यहां यह कार छोड़ गए थे तथा कह गए थे कि यदि इस सम्बन्ध में किसी को कुछ बताया तो तुम्हे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारंभ कर दी है ।

**सिपाही ने उग्रवादी से रिवाल्वर छीन ली**

Punjabi Sanatani

सरकार द्वारा अभी तक वहां उचित सुरक्षा प्रबन्ध नहीं किया गया ।

### चोरों, लुटेरां के गिरोह पकड़े गए

**लुधियाना (ह.स.):** आज यहां एक पुलिस विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्थानीय पुलिस ने लुटेरों व तार चोरों के दो गिरोहों का सुराग लगा कर इसके सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है । इन अपराधियों के कब्जे से 1500 रुपए की ट्रांस्फार्मर की तार तथा एक स्कूटर व स्वर्णाभूषण सहित 70000 रुपए मूल्य का कीमती सामान बरामद हुआ है । पुलिस ने बिना नम्बर प्लेट का स्कूटर बरामद होने पर एक व्यक्ति जतिन्द्रपाल सिंह उर्फ बब्बर को गिरफ्तार किया है ।

जालन्धर के फिल्लौर थाना क्षेत्र के ग्राम कंग जागीर में उग्रवादियों ने हवाई फ़ायरिंग करते हुए एक शराब के ठेके से 2186 रु. लूट लिए ।

कपूरथला रोड से कोट पक्षियां जालन्धर स्थित अपने घर को स्कूटर पर जा रहे मुकेश धीर से उग्रवादियों ने 1850 रु. छीन लिए ।

नवांशहर के पास उग्रवादियों ने एक व्यक्ति को हमला करके घायल कर दिया ।

### पुलिस कर्मियों पर फायरिंग, एक गिरफ्तार

**जलालाबाद (मलिक, भंडारी):** कल रात्रि कमालवाला और कंधवाला के मध्य जब दो पुलिस कर्मी मोटर साइकिल पर अर्नीवाला चौकी पर अपनी ड्यूटी देकर लौट रहे थे तो दो उग्रवादियों ने उनसे मुख्तियार सिंह की ढाणी का पता पूछा । पुलिस कर्मियों ने जब इस सम्बन्ध में अपनी अनभिज्ञता व्यक्त की तो थोड़ी दूर जाकर उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस कर्मी जमीन पर लेट गए और जवाबी फायरिंग की, जिससे उग्रवादी वहां से भाग गए । दोनों पुलिस कर्मचारियों ने पुलिस मुख्यालय में सूचना दे दी, जिससे भारी पुलिस फोर्स वहां पहुंच गई । पुलिस ने छापा मार कर मुख्तियार सिंह की ढाणी से एक लाल रंग की मारुति कार बरामद की और मुख्तियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । जब उससे पूछा गया कि यह कार किसकी है तो उसने बताया कि कुछ दिन पूर्व यहां आए कुछ उग्रवादी यहां यह कार छोड़ गए थे तथा कह गए थे कि यदि इस सम्बन्ध में किसी को कुछ बताया तो तुम्हे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारंभ कर दी है ।

### सिपाही ने उग्रवादी से रिवाल्वर छीन ली

**रोपड़ (ह.स.):** रोपड़ में आज सुबह पंजाब पुलिस के सिपाही रत्न चन्द ने तीन आतंकवादियों को दबोच कर उनकी रिवाल्वर छीन ली । आतंकवादियों ने सिपाही पर गोली चलाई थी । पुलिस के अनुसार तीन आतंकवादियों ने सिपाही रत्न चन्द पर उस समय गोली चलाई जब वह घर से निकल कर ड्यूटी पर जा रहा था । आतंकवादियों ने दो गोलियां चलाईं लेकिन निशाना चूक गया । सिपाही ने रिवाल्वर चला रहे आतंकवादी को धर दबोचा तथा रिवाल्वर छीन ली ।

आतंकवादी रिवाल्वर छोड़कर भाग गए । पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया है तथा मामले की खोजबीन कर रही है ।

## केवल अविभाजित अन्नाद्रमुक को समर्थन देंगे : राजीव

नई दिल्ली, 27 जनवरी (वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने कहा है कि उनकी पार्टी तमिलनाड में केवल अविभाजित अन्नाद्रमुक का ही

# थानेदार, हैडकांस्टेबल, एटक नेता सहित 4 की हत्या : 19000 रुपए, आभूषण लूटे

## 7 सदस्यीय उग्रवादी गिरोह पकड़ा गया : शस्त्र बरामद : पंचायत सदस्य को घायल करके भाग रहा आतंकवादी लोगों द्वारा काबू

चंडीगढ़, 29 जनवरी (हस, विप्र, वार्ता): उग्रवादियों ने पंजाब में एक थानेदार, एक हैडकांस्टेबल, एक एटक नेता और एक युवक की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों ने जिला अमृतसर में 7 सदस्यीय उग्रवादी गिरोह को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से भारी मात्रा में शस्त्र बरामद किये हैं, जबकि जिला जलंधर में पंचायत सदस्य को घायल करके भाग रहे उग्रवादी लोगों ने पकड़ लिया । जिला कपूरथला के दो गांवों में से उग्रवादी 19000 रुपए नगद और लगभग 10000 रुपए मूल्य के स्वर्णाभूषण लूट कर ले गए । उग्रवादियों द्वारा अध्यापकों की हत्या के विरुद्ध आज जिला गुरदासपुर में अध्यापकों ने हड़ताल की ।

**थानेदार, हैड-कांस्टेबल की हत्या**

रामपुराफूल (पृथ्वी चंद सरस्वती): आज लगभग साढ़े दस बजे प्रातः पी.डब्ल्यू.डी. के कार्यालय के निकट दो सशस्त्र उग्रवादियों ने सी.आई.डी. पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. श्री दयाल शरण और हवलदार शमशेर सिंह की रिवाल्वर से गोलियां मार कर हत्या कर दी । शमशेर सिंह की तो मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दयाल शरण की स्थानीय सिविल अस्पताल में ले जाने के बाद मृत्यु हो गई । दयाल शरण के सिर में चार गोलियों के निशान हैं ।

**हत्यारों ने एक घंटा पीछा किया**

बताया जाता है कि हत्यारे एक घंटे से उनका पीछा कर रहे थे और वारदात के समय शमशेर सिंह मौके को ताड़ गया और वह भाग कर निकटवर्ती एक दुकान फ्रैंड्स इलेक्ट्रानिक्स में घुस गया । जब उसने देखा कि हत्यारे उसी ओर आ रहे हैं तो वह दुकान के आंतरिक भाग में दूसरे कमरे में चला गया, लेकिन हत्यारे भी उसके पीछे दुकान में घुस गए । उन्होंने दूसरे सभी लोगों को बाहर निकल जाने का आदेश दिया । इसके बाद शमशेर सिंह पर फायरिंग करके उसकी मौके पर ही हत्या कर दी, जबकि उसके साथी ए.एस.आई. दयाल शरण को भागते समय एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पब्लिक हैल्थ के कार्यालय की इमारत के नीचे गोलियां मारी गईं । यह वारदात पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर के फासले पर हुई । हत्यारे निकटवर्ती बस अड्डे से एक व्यक्ति का मोटर साइकिल छीन कर फरार हो गए । सुरक्षा बलों ने अभियुक्तों का पीछा किया, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला । घटनास्थल से पुलिस को आधा दर्जन चले हुए कारतूस मिले हैं ।

स्थानीय व्यापार मंडल के आह्वान पर इस वारदात के विरुद्ध नगर में दो बजे बाद दोपहर सभी कारोबार और व्यापारिक संस्थान बंद हो गए ।

'वार्ता' के अनुसार उग्रवादियों की फायरिंग से ए.एस. आई. दयालशरण गंभीर रूप से घायल हुआ, मारा नहीं गया । वैसे ए. एस. आई. की दशा गंभीर है ।

**अध्यापकों द्वारा हड़ताल**

गुरदासपुर (विनोद): गत 25 जनवरी को बटाला थाना सदर के गांव रंगीलपुरा में उग्रवादियों ने मुख्याध्यापक वीरेंद्र कुमार की हत्या कर दी थी, उसके विरुद्ध रोष-स्वरूप आज जिला टीचर्ज़ एक्शन कमेटी के आह्वान पर जिले के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में हड़ताल रही । गुरदासपुर में लगभग एक हजार अध्यापकों ने नेहरू पार्क में रैली की और उग्रवादियों के हाथों अब तक मारे गए अध्यापकों को श्रद्धांजलि भेंट की । बाद में नगर में शोक-जलूस निकाल कर उग्रवादियों के विरुद्ध और देश की एकता व अखंडता के पक्ष में नारे लगाए गए । जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया । इसमें मांग की गई कि अध्यापकों के जान व माल की रक्षा की जाए । असुरक्षित क्षेत्रों में तैनात अध्यापकों या जिनको धमकीपूर्ण पत्र आए हैं, उनको सुरक्षित स्थानों पर तबदील किया जाए । इसी प्रकार बटाला और पठानकोट में भी प्रोटैस्ट रैलियां की गई और सम्बद्ध एस.डी.एम. को ज्ञापन दिए गए । अध्यापकों के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक जिले में 22 अध्यापक उग्रवादियों के हाथों मारे गए हैं । उन्होंने बताया कि तहसील बटाला के लगभग 50 अध्यापक उग्रवादियों की हिटलिस्ट पर हैं, वे ड्यूटी पर जाने से भी डरते हैं । अध्यापक नेता के अनुसार शिक्षा विभाग इन अध्यापकों को अस्थाई रूप से सुरक्षित स्थानों पर तबदील न करके उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है । प्रवक्ता के अनुसार तहसील बटाला में अध्यापक तीस जनवरी और एक फरवरी को भी हड़ताल करेंगे ।

**सात सदस्यीय गिरोह गिरफ्तार**

अमृतसर (ह.स.): मेहता चौक पुलिस ने कल रात एक सात सदस्यीय उग्रवादी गिरोह को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार इन व्यक्तियों के कब्ज़े से तीन दोनाली बंदूकें, करीब दो दर्जन कारतूस और तलवारें बरामद हुई हैं । यह गिरोह अमृतसर मेहता चौक मार्ग पर बने जसपाल पुल पर आतंकवादी वारदात की योजना बना रहा था ।

इनके नाम मुख्तियार सिंह, गुरमीत सिंह, बलकार सिंह, अजीत सिंह, पाल सिंह आकू और जीता बताए गए हैं ।

**लावारिस कार मिली**

बाबा बकाला (मेहरा): यहां से 15 किलोमीटर दूर बोपाराय नहर के पुल के निकट आज पुलिस को एक सफेद रंग की एम्बैसिडर कार नम्बर पी.एन.ओ. 3601 लावारिस खड़ी हुई मिली । पुलिस को संदेह है कि यह कार शायद उग्रवादी वारदात करके कोई छोड़ गए होंगे । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

**एक उग्रवादी पकड़ा गया**

जालंधर (क): गत रात लगभग 11 बजे थाना नूरमहल के गांव तलवन में एक पंचायत सदस्य व किसान हंस राज के तीन कथित उग्रवादियों द्वारा गोली चलाए जाने से घायल होने का समाचार मिला है । पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में एक उग्रवादी तारा सिंह निवासी गांव मड

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

# थानेदार, हैडकांस्टेबल, एटक नेता सहित 4 की हत्या : 19000 रुपए, आभूषण लूटे

## 7 सदस्यीय उग्रवादी गिरोह पकड़ा गया : शस्त्र बरामद : पंचायत सदस्य को घायल करके भाग रहा आतंकवादी लोगों द्वारा काबू

चंडीगढ़, 29 जनवरी (हस, विप्र, वार्ता): उग्रवादियों ने पंजाब में एक थानेदार, एक हैडकांस्टेबल, एक एटक नेता और एक युवक की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों ने जिला अमृतसर में 7 सदस्यीय उग्रवादी गिरोह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्र बरामद किये हैं, जबकि जिला जालंधर में पंचायत सदस्य को घायल करके भाग रहा उग्रवादी लोगों ने पकड़ लिया । जिला कपूरथला के दो गांवों में से उग्रवादी 19000 रुपए नकद और लगभग 10000 रुपए मूल्य के स्वर्णाभूषण लूट कर ले गए । उग्रवादियों द्वारा अध्यापकों की हत्या के विरुद्ध आज जिला गुरदासपुर में अध्यापकों ने हड़ताल की ।

**थानेदार, हैड-कांस्टेबल की हत्या**

**रामपुराफूल (पृथ्वी चंद सरस्वती):** आज लगभग साढ़े दस बजे प्रातः पी.डब्ल्यू.डी. के कार्यालय के निकट दो सशस्त्र उग्रवादियों ने सी.आई.डी. पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. श्री दयाल शरण और हवलदार शमशेर सिह की रिवाल्वर से गोलियां मार कर हत्या कर दी । शमशेर सिह की तो मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दयाल शरण की स्थानीय सिविल अस्पताल में ले जाने के बाद मृत्यु हो गई । दयाल शरण के सिर में चार गोलियों के निशान हैं ।

**हत्यारों ने एक घंटा पीछा किया**

बताया जाता है कि हत्यारे एक घंटे से उनका पीछा कर रहे थे और वारदात के समय शमशेर सिह मौके को ताड़ गया और वह भाग कर निकटवर्ती एक दुकान फ्रैंड्ज़ इलैक्ट्रानिक्स में घुस गया । जब उसने देखा कि हत्यारे उसी ओर आ रहे हैं तो वह दुकान के आंतरिक भाग में दूसरे कमरे में चला गया, लेकिन हत्यारे भी उसके पीछे दुकान में घुस गए । उन्होंने दूसरे सभी लोगों को बाहर निकल जाने का आदेश दिया । इसके बाद शमशेर सिह पर फ़ायरिंग करके उसकी मौके पर ही हत्या कर दी, जबकि उसके साथ ए.एस.आई. दयाल शरण को भागते समय एग्ज़ीक्यूटिव इंजीनियर पब्लिक हैल्थ के कार्यालय की इमारत के नीचे गोलियां मारी गईं । यह वारदात पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर के फ़ासले पर हुई । हत्यारे निकटवर्ती बस अड्डे से एक व्यक्ति का मोटर साइकिल छीन कर फ़रार हो गए । सुरक्षा बलों ने अभियुक्तों का पीछा गया, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला । घटनास्थल से पुलिस को आध दर्जन चले हुए कारतूस मिले हैं ।

स्थानीय व्यापार मंडल के आह्वान पर इस वारदात के विरुद्ध नगर में दो बजे बाद दोपहर सभी कारोबार और व्यापारिक संस्थान बंद हो गए ।

'वार्ता' के अनुसार उग्रवादियों की फायरिंग से ए.एस. आई. दयालशरण गंभीर रूप से घायल हुआ, मारा नहीं गया । वैसे ए. एस. आई. की दशा गंभीर है ।

**अध्यापकों द्वारा हड़ताल**

गुरदासपुर (विनोद): गत 25 जनवरी को बटाला थाना सदर के गांव रंगीलपुरा में उग्रवादियों ने मुख्याध्यापक वीरेंद्र कुमार की हत्या कर दी थी, उसके विरुद्ध रोषस्वरूप आज जिला टीचर्ज़ एक्शन कमेटी के आह्वान पर जिले के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में हड़ताल रही । गुरदासपुर में लगभग एक हजार अध्यापकों ने नेहरू पार्क में रैली की और उग्रवादियों के हाथों अब तक मारे गए अध्यापकों को श्रद्धांजलि भेंट की । बाद में नगर में शोक-जलूस निकाल कर उग्रवादियों के विरुद्ध और देश की एकता व अखंडता के पक्ष में नारे लगाए गए । जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया । इसमें मांग की गई कि अध्यापकों के जान व माल की रक्षा की जाए । असुरक्षित क्षेत्रों में तैनात अध्यापकों या जिनको धमकीपूर्ण पत्र आए हैं, उनको सुरक्षित स्थानों पर तबदील किया जाए । इसी प्रकार बटाला और पठानकोट में भी प्रोटैस्ट रैलियां की गईं और सम्बद्ध एस.डी.एम. को ज्ञापन दिए गए । अध्यापकों के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक जिले में 22 अध्यापक उग्रवादियों के हाथों मारे गए हैं । उन्होंने बताया कि तहसील बटाला के लगभग 50 अध्यापक उग्रवादियों की हिटलिस्ट पर हैं, वे ड्यूटी पर जाने से भी डरते हैं । अध्यापक नेता के अनुसार शिक्षा विभाग इन अध्यापकों को अस्थाई रूप से सुरक्षित स्थानों पर तबदील न करके उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है । प्रवक्ता के अनुसार तहसील बटाला में अध्यापक तीस जनवरी और एक फरवरी को भी हड़ताल करेंगे ।

**सात सदस्यीय गिरोह गिरफ्तार**

**अमृतसर (ह.स.):** मेहता चौक पुलिस ने कल रात एक सात सदस्यीय उग्रवादी गिरोह को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार इन व्यक्तियों के कब्ज़े से तीन दोनाली बंदूकें, करीब दो दर्जन कारतूस और तलवारें बरामद हुई हैं । यह गिरोह अमृतसर मेहता चौक मार्ग पर बने जसपाल पुल पर आतंकवादी वारदात की योजना बना रहा था ।

इनके नाम मुख्तियार सिह, गुरमीत सिह, बलकार सिह, अजीत सिह, पाल सिह आकू और जीता बताए गए हैं ।

**लावारिस कार मिली**

**बाबा बकाला (मेहरा):** यहां से 15 किलोमीटर दूर बोपाराय नहर के पुल के निकट आज पुलिस को एक सफ़ेद रंग की एम्बैसेडर कार नम्बर पी.एन.ओ. 3601 लावारिस खड़ी हुई मिली । पुलिस को संदेह है कि यह कार शायद उग्रवादी वारदात करके कोई छोड़ गए होंगे । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

**एक उग्रवादी पकड़ा गया**

**जालंधर (क):** गत रात लगभग 11 बजे थाना नूरमहल के गांव तलवन में एक पंचायत सदस्य व किसान हंस राज के तीन कथित उग्रवादियों द्वारा गोली चलाए जाने से घायल होने का समाचार मिला है । पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में एक उग्रवादी तारा सिह निवासी गांव मड

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

## पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

साहिब भी अपने ही एक साथी की गोली से अचानक घायल हो गया । लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । वह नूरमहल अस्पताल में दाखिल है । बताया गया है कि तारा सिंह अपने अन्य दो साथियों, जिनके नाम बाद में तारा सिह द्वारा कमलजीत सिंह व बलबीर सिंह बताए गए, ने रात को हंस राज के घर पर दस्तक दी और दरवाजा खुलते ही उसे उसकी लाइसेंसी बंदूक उनके हवाले करने को कहा, मगर हंस राज ने तारा सिंह को जफ्फा डाल लिया, जिसे छुड़ाने के लिए एक उग्रवादी ने उस पर फ़ायर किया । जब हंस राज ने तारा सिंह को तब भी न छोड़ा तो तीसरे उग्रवादी ने हंस राज पर गोली चला दी, जो तारा सिह को जा लगी । इस पर अन्य दोनों उग्रवादी फरार हो गए और तारा सिंह काबू आ गया ।

### राज्यपाल से अपील

उग्रवादी पंथक कमेटी के मूल सदस्य धन्ना सिंह, जिसे 14 दिसम्बर 1986 को सुभानपुर के निकट एक बस में यात्रा करते समय पुलिस ने पकड़ा था और जो इस समय अजमेर जेल में एन.एस. के अधीन नज़रबंद हैं, की पत्नी बलजीत कौर ने राज्यपाल श्री एस.एस. रे से अपील की है कि 11 फरवरी को धन्ना सिंह की नज़रबंदी की अवधि समाप्त होने पर या उससे पूर्व उसे उस जेल से बाहर न लाया जाए और यदि लाया जाए तो उसे हथकड़ी व बेड़ियां पहना कर लाया जाए । बलजीत कौर, जो गत 18 जनवरी को अपने पति को जेल में मिल कर आई है, ने आज यहां सम्वाददाताओं को बताया कि उसके पति ने यह आशंका व्यक्त की है कि उसे पंजाब पुलिस इस जेल से बाहर ले जाकर या तो किसी झूठे केस में फंसा देगी या झूठे मुकाबले में मार देगी । धन्ना सिंह ने उसे कहा कि वह सरकार को कहे कि उसे जब भी जेल से बाहर लाया जाए, एक तो हथकड़ी व बेड़ियां डाल कर लाया जाए ताकि फ़रार होने या छुड़ाए जाने की कोशिश का बहाना बता कर उसकी हत्या न की जा सके और दूसरे उसके वकील को साथ रहने की अनुमति दी जाए । बलजीत कौर ने कहा कि उसके पति को कोई अदालत चाहे फांसी की सज़ा दे दे, किन्तु उसकी अकारण हत्या नहीं की जानी चाहिए ।

### गातरा मार कर हत्या

थाना शाहकोट जिला जालंधर के गांव लोहगढ़ में तीस व्यक्तियों ने एक व्यक्ति सतनाम सिंह की चाकू मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने उसके दो हत्यारों सुरजीत सिंह और मक्खन सिंह, शिंगारा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । बताया जाता है कि सतनाम सिंह गांव के श्मशानघर से लौट रहा था कि तीनों अभियुक्तों ने उसे घेर लिया । दो ने उसको जफ्फा मारा, जबकि तीसरे ने गातरे (छोटी किरपाण) से उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने हत्या का कारण निजी शत्रुता बताया है ।

### 15000 रुपए, आभूषण लूट ले गए

**कपूरथला (शर्मा):** कल रात्रि थाना भुलत्थ के गांव बस्सी में लगभग साढ़े 12 बजे छः सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति कश्मीर सिंह के घर का दरवाजा खुलवाया और अन्दर घुस गए । इनमें से एक के पास स्टेनगन और दूसरे के पास रिवाल्वर [illegible] 15000 रुपए नकद

### एटक नेता की हत्या

**पटियाला (भूषण):** गत आधी रात को चार उग्रवादियों, जिन्होंने नकाब पहन रखे थे, ने एटक जिला पटियाला के कार्यालय मंत्री श्री पविद्र सिंह की उनके लाहौरी गेट में घेर सोढी हरा सिंह की गली में स्थित मकान में हत्या कर दी । हत्यारे तेज़धार शस्त्रों से लैस थे, जिन्होंने श्री पविद्र सिंह पर किरपाणों से हमला किया । हत्यारे बलात् उनके सोने के कमरे में दरवाज़े को धक्का देकर घुसे थे । हत्यारों ने हमला करने से पूर्व श्री पविद्र सिंह की पत्नी और दो बच्चों को कमरे से बाहर निकाल दिया । मृतक गांव कुलबानों का निवासी था । पुलिस को संदेह है कि यह हत्या निजी शत्रुता का परिणाम है ।

### दोहरी सवारी पर प्रतिबंध

**चंडीगढ़ (ह.स.):** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में दोपहिया वाहनों पर दो व्यस्क पुरुषों द्वारा सवारी करने पर सायं 7 से प्रातः 7 बजे तक लगी पाबंदी की अवधि पुनः 29 फरवरी तक बढ़ा दी गई है । 3.5 अश्वशक्ति और अधिक के मोटर साईकिलों पर दोहरी सवारी पर प्रतिबंध 29 फरवरी तक जारी रहेगा ।

## त्रिपुरा अशांत घोषित ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

देखते हुए केंद्र ने पूरे त्रिपुरा को 'अशांत क्षेत्र' घोषित करने और विद्रोहियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए सेना इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है । सीमा सुरक्षा बल और असम राइफल्स की बटालियनें अब स्थिति से निपटने के लिए सेना के मार्ग निर्देशन में काम करेंगी । केंद्र सरकार ने राज्य में घुसपैठ को रोकने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र में त्रिपुरा चटगांव के बीच की 15 कि. मी. की पट्टी को 26 जनवरी को ही अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया था ।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री नृपेन चक्रवर्ती ने आज रात सम्पूर्ण राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित करने के केंद्र सरकार के फैसले पर कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया । श्री चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है । वह इस संबंध में अपने मुख्य सचिव से विचार-विमर्श करेंगे । इससे पूर्व केंद्र ने विद्रोही समस्या से निपटने के लिए चटगांव पहाड़ियों से सटे त्रिपुरा के 15 किलो मीटर क्षेत्र को अशांत क्षेत्र घोषित किया था ।

पिछले वर्ष सरकार ने इस राज्य के 430 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र को अशांत क्षेत्र कानून के तहत लाया था । इसके अतिरिक्त केंद्र ने पड़ौसी देश से आदिवासी विद्रोहियों की गतिविधि रोकने के लिए बंगलादेश और मिजोरम की सीमावर्ती जम्पुयी पहाड़ियों में 5 किलो मीटर क्षेत्र को अशांत क्षेत्र घोषित किया । कांग्रेस (इ) पर्यवेक्षक और संचार राज्यमंत्री संतोष मोहन देव ने केंद्र के फैसले का स्वागत किया है । उन्होंने कहा कि ट्राइबल नैशनल वालंटीयर के छापामार मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से सांठ-गांठ कर राज्य के नागरिक क्षेत्रों में घुस रहे थे । श्री देव ने कहा कि यदि इसे तुरन्त नहीं रोका जाता तो पूरे राज्य में विद्रोही समस्या गम्भीर रूप ले सकती थी ।

## वी.पी. सिंह को जम्मू में सिक्कों से तोला जाएगा

Punjabi Sanatani

## राज्यपाल से अपील

उग्रवादी पंथक कमेटी के मूल सदस्य धन्ना सिंह, जिसे 14 दिसम्बर 1986 को सुभानपुर के निकट एक बस में यात्रा करते समय पुलिस ने पकड़ा था और जो इस समय अजमेर जेल में एन.एस. के अधीन नज़रबंद हैं, की पत्नी बलजीत कौर ने राज्यपाल श्री एस.एस. रे से अपील की है कि 11 फरवरी को धन्ना सिंह की नज़रबंदी की अवधि समाप्त होने पर या उससे पूर्व उसे उस जेल से बाहर न लाया जाए और यदि लाया जाए तो उसे हथकड़ी व बेड़ियां पहना कर लाया जाए । बलजीत कौर, जो गत 18 जनवरी को अपने पति को जेल में मिल कर आई है, ने आज यहां सम्वाददाताओं को बताया कि उसके पति ने यह आशंका व्यक्त की है कि उसे पंजाब पुलिस इस जेल से बाहर ले जाकर या तो किसी झूठे केस में फंसा देगी या झूठे मुकाबले में मार देगी । धन्ना सिंह ने उसे कहा कि वह सरकार को कहे कि उसे जब भी जेल से बाहर लाया जाए, एक तो हथकड़ी व बेड़ियां डाल कर लाया जाए ताकि फ़रार होने या छुड़ाए जाने की कोशिश का बहाना बता कर उसकी हत्या न की जा सके और दूसरे उसके वकील को साथ रहने की अनुमति दी जाए । बलजीत कौर ने कहा कि उसके पति को कोई अदालत चाहे फांसी की सज़ा दे दे, किन्तु उसकी अकारण हत्या नहीं की जानी चाहिए ।

## गातरा मार कर हत्या

थाना शाहकोट जिला जालंधर के गांव लोहगढ़ में तीस व्यक्तियों ने एक व्यक्ति सतनाम सिंह की चाकू मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने उसके दो हत्यारों सुरजीत सिंह और मक्खन सिंह, शिगारा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । बताया जाता है कि सतनाम सिंह गांव के श्मशानघर से लौट रहा था कि तीनों अभियुक्तों ने उसे घेर लिया । दो ने उसको जफ्फा मारा जबकि तीसरे ने गातरे (छोटी किरपाण) से उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने हत्या का कारण निजी शत्रुता बताया है ।

## 15000 रुपए, आभूषण लूट ले गए

**कपूरथला (शर्मा):** कल रात्रि थाना भुलत्थ के गांव बस्सी में लगभग साढ़े 12 बजे छः सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति कश्मीर सिंह के घर का दरवाजा खुलवाया और अन्दर घुस गए । इनमें से एक के पास स्टेनगन और दूसरे के पास रिवाल्वर थे । उन्होंने घर वालों से 15000 रुपए नकद और आभूषण पिस्तौल की नोक पर लूट लिए और फरार हो गए ।

## 4000 रुपए, आभूषण लूट ले गए

दूसरी वारदात थाना कोतवाली के गांव खपरांवाली में रात्रि साढ़े आठ बजे हुई । इसमें तीन उग्रवादी, जिनमें से एक के पास स्टेनगन और दो के पास रिवाल्वर थे, एक व्यक्ति अमर सिंह रामगढ़िया के घर में घुस गए और उसे मारपीट करने लगे । बाद में रिवाल्वर की नोक पर घर वालों से 4000 रुपए नकद और पांच-छः तोले स्वर्णाभूषण छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने दोनों केस दर्ज करके जांच प्रारंभ कर दी है ।

उग्रवादी दोनों वारदातों में 19000 रुपए नकद और 10000 रुपए मूल्य से अधिक के आभूषण ले उड़े ।

## स्कूटर छीन लिया

**होशियारपुर (ह.स.):** गत रात्रि तीन उग्रवादी गांव मोइदपुर के निकट एक व्यक्ति चरण दास से उसका स्कूटर छीन कर ले गए ।

Punjabi Sanatani

# पंजाब में 9 व्यक्तियों की हत्या : दुर्दांत आतंकवादी झिलमिल सिंह मुठभेड़ में मरा

मृतकों में सीमा सुरक्षा बल का हवलदार भी शामिल, कांस्टेबल घायल

स्वर्ण मंदिर परिसर के इर्दगिर्द खोजबीन, कई संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में

## बैंक व रेलवे गोदाम बुकिंग आफिस से 2.5 लाख लूटे

चंडीगढ़, 30 जनवरी (वार्ता, ह.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 9 व्यक्ति आतंकवादियों के हाथों मारे गए जबकि एक दुर्दांत प्लस बी श्रेणी आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। अमृतसर में बैंक से व जालन्धर के रेलवे माल गोदाम से 2.5 लाख रु. लूट लिए गए। सुरक्षा बलों ने स्वर्ण मंदिर परिसर के इर्द-गिर्द व्यापक खोजबीन व तलाशियों के दौरान एक सौ से अधिक व्यक्तियों को हिरासत में लिया जिनमें से 20 के अलावा सब को छोड़ दिया गया। राज्य में विभिन्न स्थानों पर कई उग्रवादी गिरफ्तार किए गए। ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी।

**हवलदार मारा गया**

**बटाला (कोछड़):** आज प्रातः स्थानीय पुलिस थाना सदर के गांव तलवंडी लाल सिंह में अज्ञात युवकों की फायरिंग से सीमा सुरक्षा बल फर्स्ट बटालियन का एक हवलदार भरपूर सिंह मारा गया जबकि एक सिपाही नत्थू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अमृतसर अस्पताल भेजा गया है।

सीमा सुरक्षा बल के डी.आई.जी. श्री चमन लाल, जिला गुरदासपुर पुलिस के एस.पी. (मुख्यालय) श्री एच.के. एस. काहलों व स्थानीय डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद यहां पत्रकारों को बताया कि प्रातः बी.एस.एफ. के जवान खोजबीन के कार्य के लिए गए थे। जब वह गांव तलवंडी लाल सिंह के सरपंच संतोख सिंह के डेरा पर गए तो डेरा से दो अज्ञात युवकों ने अचानक उन पर फायरिंग कर दी जिसके परिणामस्वरूप बी.एस.एफ. का हवलदार भरपूर सिंह मौका पर ही शहीद हो गया।

अधिकारियों ने आगे बताया कि बी.एस.एफ. के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन अत्याधिक धुंध व कोहरे का लाभ उठा कर दोनों अज्ञात युवक फरार हो गए। अज्ञात युवकों ने बी.एस.एफ. पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से फायरिंग की, उसके काफी चले हुए खोल घटनास्थल पर मिले हैं। अज्ञात युवकों की खोज के लिए सारा क्षेत्र सील करके खोजबीन का काम पुलिस व बी.एस.एफ. के जवान कर रहे हैं। उनकी सहायता के लिए खोजी कुत्तों का दस्ता भी मंगवाया गया है। कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बी.एस.एफ. के हवलदार का स्थानीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव बी.एस.एफ. की फर्स्ट बटालियन को सौंप दिया गया है।

उपरोक्त अधिकारियों ने पत्रकारों को बताया कि यह डेरा स्थायी तौर पर आतंकवादियों का शरणस्थल था। अभी तक की खोजबीन से फायरिंग करने वाले आतंकवादियों व इस डेरा पर शरण लेने वाले आतंकवादियों की गुरनाम सिंह दाबांवाली, अजीत सिंह उर्फ बलविंदर सिंह गिंदा भागोवाल व धर्म सिंह धर्मा कास्तीवाल के रूप में शिनाख्त की गई है। यह तीनों बब्बर हैं। पड़ताल से यह भी ज्ञात हुआ है कि 14 जनवरी, 88 को निकट गांव कोटली फस्सी में इन्होंने ही फायरिंग करके जस्सा मसीह के एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की थी।

अधिकारियों ने आगे बताया कि जब प्रातः इन्होंने बी.एस.एफ. पर फायरिंग की तो डेरा के साथ वाले एक कमरे में कुछ बच्चे पढ़ रहे थे व कुछ औरतें काम कर रही थीं, जिस कारण बी.एस.एफ. के जवानों ने फायरिंग खुले रूप से नहीं की ताकि कोई बेगुनाह न मारा जाए। यदि ऐसी स्थिति न होती हो बी.एस.एफ. अवश्य अपने साथ के हत्यारों को मार गिराती। इन अधिकारियों ने आगे बताया कि पुलिस व बी.एस.एफ. अब इनके छिपने के स्थानों पर छापे मार रही है।

**एक घायल**

आज प्रातः तीन अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके पुलिस थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव मल्लिकपुर में एक व्यक्ति जागीर चंद को गंभीर रूप से घायल कर दिया।


अधिकृत पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रातः किला लाल सिंह क्षेत्र में खोजबीन के दौरान पुलिस व सुरक्षा बलों ने एक ए.के. 47 चीनी एसाल्ट राइफल व तीन मैगजीन, जिसमें 100 कारतूस थे, बरामद कर लिये हैं। जांच कार्य आगे जारी है।

**3 उग्रवादी गिरफ्तार**

इन सूत्रों ने बताया कि चल रहे रैड अलर्ट के दौरान आज श्रीहरगोबिन्दपुर की पुलिस ने गांव भोमा के सरूप सिंह, कुलदीप सिंह और निर्मल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इनसे तीन रिवाल्वर, पिस्तौल व कारतूस बरामद किए गए हैं। पूछताछ के दौरान तीनों ने स्वीकार किया है कि गत वर्ष दिसम्बर में उन्होंने बी.एस.एफ. की एक टुकड़ी पर गांव पंडे के चोने के निकट फायरिंग करके बी.एस.एफ. के दो जवानों की हत्या की थी और एक को घायल किया था, एक सतर्कता इंस्पैक्टर के लड़के से 32 बोर का रिवाल्वर छीना था, जो बरामद कर लिया गया था।

**ह.स. के अनुसार सरूप सिंह और निर्मल सिंह**

(शेष पृष्ठ 10 पर)




*(1) गत दिवस गांव बाठ में उग्रवादियों द्वारा मारे गए जरनैल सिंह का शव, (2) जरनैल सिंह का शोक संतप्त परिवार, (3) गांव सरई के निवासी साधू सिंह का शव, (4) शनिवार को बटाला के निकट गांव तलवंडी लाल सिंह में 2 उग्रवादियों द्वारा मारे गए बी.एस.एफ. के हवलदार भरपूर सिंह का शव।* *(छाया : पन्नू एवं कोछड़)*

## महिलाएं बहुपत्नी प्रथा की समर्थक

अबिडजान, 30 जनवरी : आइवरी कोस्ट के नागरिक बहु-विवाह व्यवस्था की पुनः स्थापना की मांग कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि बहु-विवाह का समर्थन पुरुषों से अधिक महिलाएं कर रही हैं।

देश की बिगड़ती हुई आर्थिक हालात को मद्देनजर रखते हुए गृहस्वामिनी एवं प्रेमिकाओं ने समान रूप से बहु-विवाह का समर्थन किया है।

## माया रे की कार रोक ली

भटिंडा, 30 जनवरी (ग्रोवर): कल श्रीमती माया रे के सुरक्षा कर्मियों को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब संयुक्त अकाली दल के सैंकड़ों वर्करों ने कान्वैंट स्कूल के निकट श्रीमती रे की कार को घेर कर नारे लगाने शुरू कर दिए।

## आज ऐसे सिख रखता हो कि ख

नई दिल्ली, 30 फरवरी (ह.स.): भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह, लोकसभा अध्यक्ष डा. बलराम जाखड़ समेत पंजाब से जुड़े अनेक नेताओं ने माना है कि पंजाब की समस्या राजनीतिक है। हिंसा या सख्ती से इस समस्या का हल नहीं हो सकता। ज्ञानी ज़ैल सिंह ने तो यहां तक दावा किया है कि मेरे पास पंजाब-समस्या का फ़ार्मूला है, लेकिन उसे बताने से क्या फ़ायदा। ज्ञानी जी ने कहा, "किसे बताऊं ? उस सरकार को जिसके कान में जूं तक नहीं रेंगती ? उन लोगों को जिनकी आवाज़ को आज अनसुना किया जाता है ? इसलिए अपने फ़ार्मूले को अपने तक ही सीमित किए हुए हूं।" ज्ञानी जी ने कहा कि "हां, अपनी डायरी लिख रहा हूं। उसमें बेशक पंजाब के मसले और अपने फार्मूले का ज़िक्र

Punjabi Sangtan

# आतंकवादियों द्वारा साधु समेत पांच लोगों की हत्यायें

## 42400 रु. लूटे, बरनाला हत्याकांड के अभियुक्त समेत 3 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 15 फरवरी (ह.स.): उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में तीन विभिन्न वारदातों में तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । पुलिस ने उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया । जिला जालंधर में गोलियों से छलनी एक शव मिला । उग्रवादियों ने एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । जिला होशियारपुर में 42,400 रुपए, स्कूटर और अंगूठी छीन ली गई । फगवाड़ा में एक लावारिस स्कूटर बरामद हुआ । सुनाम से प्राप्त समाचार के अनुसार बरनाला हत्याकांड का एक अभियुक्त और फाजिल्का पुलिस ने एक व्यक्ति को पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर लिया । जिला लुधियाना से पुलिस को एक बोरी में लिपटा शव मिला है ।

**अमृतसर (वार्ता, ह.स.):** उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक व्यक्ति को घायल कर दिया ।

**साधु की हत्या**

थाना तरनतारन के क्षेत्र के गांव जौड़ा में एक 50 वर्षीय साधु राम सरन दास की हत्या गत रात्रि उस समय की गई, जब वह रात्रि साढ़े आठ बजे गांव में ही स्थित बाला जी के मंदिर में पूजा करके अपने घर लौट रहा था, उसे चार उग्रवादियों ने बड़े निकट से गोली मारी और फ़रार हो गए । साधु की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

तरनतारन से पन्नू के अनुसार राम सरनदास के कान में गोली लगी । पुलिस ने तरनतारन अस्पताल से पोस्टमार्टम करा कर शव मंदिर के वारिसों को सौंप दिया । मृतक कुंआरा था । पुलिस ने इस हत्या के संबंध में जौड़ा गांव के ही दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है । उग्रवादियों के डर से ही साधु गांव जौड़ा में जाकर सोया करता था । पुलिस के अनुसार यह घटना आपसी शत्रुता का परिणाम प्रतीत होती है ।

**एक गिरफ्तार**

वि.प्र. के अनुसार थाना वल्टोहा पुलिस ने एक व्यक्ति चैन सिंह को उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है । सुरक्षा बलों ने थाना पट्टी और सरहाली के क्षेत्रों में भी कई गांवों में उग्रवादियों की तलाश में छापे मारे ।

**बोपाराय में हत्या**

थाना पट्टी के क्षेत्र के गांव बोपाराय में तीन उग्रवादियों ने अमरीक सिंह नामक एक व्यक्ति को घर से बाहर निकाल पर उसकी हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार दो उग्रवादी घर के पिछवाड़े से घर में घुसे, जबकि एक घर के बाहर पहरा देने खड़ा रहा । उग्रवादी हत्या के बाद घटनास्थल पर एक पर्चा छोड़ गए हैं, जिसमें अमरीक सिंह पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया गया है ।

**एक की हत्या, एक घायल**

आतंकवादियों ने आज तड़के पट्टी थानांतर्गत सभराओं गांव में जसवंत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसके भाई प्रगट सिंह को बुरी तरह घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने जसवंत सिंह का द्वार खटखटाया और दोनों भाइयों को बाहर आने के लिए कहा तथा अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे जसवंत सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया ।

**अपहरण का केस दर्ज**

इसी बीच अमृतसर पुलिस ने दरबार साहब परिसर के एक सेवादार श्री अमरीक सिंह की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 364 के अंतर्गत अपहरण का केस दर्ज किया है । शिकायत में अमरीक सिंह ने कहा कि उसकी पत्नी, जो दरबार साहब में सेवादार है, का दरबार साहब परिसर में रह रहे कुछ उग्रवादियों ने 19 जनवरी को अपहरण कर लिया । उसका आज तक कुछ पता नहीं चल सका ।

**अध्यापकों की हड़ताल**

कुछ दिन पूर्व सरकारी मिडल स्कूल मेहसमपुर के हैडमास्टर श्री चरण सिंह की उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या के प्रोटेस्ट स्वरूप जिला भर में प्राइमरी,

(शेष पृष्ठ 8 पर)



*पंजाब राजभवन चंडीगढ़ में सोमवार को राज्यपाल श्री एस.एस. रे की अध्यक्षता में हुई पंजाब अमन विकास सभा की मीटिंग में भाग लेते हुए विभिन्न दलों के नेता, जिलों के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ।* (छाया : पुरी)



(1) थाना मेहता के गांव डेरीवाल में उग्रवादियों द्वारा मारे गए व्यक्ति विनोद कुमार उर्फ बब्बू का शव, (2) मृतक के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए । (इन्सैट) बब्बू का पुराना चित्र । (3) गांव डेरीवाल में ही घायल हुए नरेन्द्र कुमार का एक पुराना चित्र । (छाया : जसपाल)



सोमवार की रात्रि को फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव मोली व चाचोकी में लुटेरों-उग्रवादियों ने हमला करके 2 परिवारों के सदस्यों (1) हसन बीबी, (2) उसकी पुत्र वधु पूरो, (3) शांति देवी, (4) मौला बख्श, (5) राम कृष्ण को घायल कर दिया । घायल अस्पताल में पड़े दिखाई दे रहे हैं । (छाया : कौड़ा)

Punjabi Sanatani








(1) भटिंडा बस अड्डे पर आतंकवादियों द्वारा मारे गए प्राइवेट बस कम्पनी लिबड़ा के मैनेजर बलदेव सिंह की लाश, (2) बस अड्डे में स्थित वह होटल जहां बलदेव सिंह की गोलियां मार कर हत्या की गई । (छाया : सतपाल) । (3) सरकारी स्कूल गांधी नगर पटियाला का चौकीदार सुभाष चंद्र जिसे मंगलवार की रात को राजपुरा रोड पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने छुरे घोंप कर घायल कर दिया । (छाया : राजू)














अमृतसर के कोट खालसा में इंका नेता श्री प्रदीप गुलाटी की गत दिवस उग्रवादियों ने हत्या कर दी । चित्र में (1) श्री प्रदीप गुलाटी का शव, (2) उनका पुराना चित्र, (3, 4) उनके माता-पिता व अन्य सम्बन्धी विलाप करते हुए, (5) दुकान के समक्ष बिखरा हुआ श्री प्रदीप का खून, (6) इस हत्याकांड के विरोध में क्षेत्र में दुकानें बंद रहीं । (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanatani







Punjabi Sanatani



जिला अमृतसर के गांव बुटारी में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) प्रगट सिंह पुत्र निरंजन सिंह निवासी बानियां का शव, (2) गांव बुताला निवासी राममूर्ति, जिसको आतंकवादियों ने दुकान पर गोली मार दी थी, की अस्पताल जाकर मौत हो गई, (3) राममूर्ति का विलाप करता परिवार, (4) बुताला में ही आतंकवादियों के हाथों मारे गए मोहन लाल का विलाप करता परिवार ।

(छाया : जसपाल सिंह रैय्या)

# अमृतसर, गुरदासपुर, पटियाला, होशियारपुर कचहरियों में बम विस्फोट; 9 मरे, 70 घायल

**बम विस्फोट थोड़े-थोड़े अंतराल से हुए : अमृतसर के एक सिनेमा को भी बम से उड़ाने का प्रयास किया गया**

**रायकोट, लहरागागा व चौक मेहता, सरहाली के निकट 1-1 हत्या, कपूरथला में गोदाम लूटा**

## स्टेट बैंक पटियाला के गनमैन की हत्या : जालन्धर कचहरियों में पुलिस ने साइकल पर रखा टाइम बम बरामद किया

चंडीगढ़, 19 फरवरी (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने आज अचानक अपनी कार्रवाइयां तेज करते हुए अमृतसर, गुरदासपुर, पटियाला तथा होशियारपुर की जिला कचहरियों में बम फैंके, जिनसे 9 व्यक्ति मारे गए तथा लगभग 70 घायल हो गए। पटियाला में एक बैंक को लूटने के प्रयास में आतंकवादियों ने गनमैन की हत्या कर दी। कपूरथला में एक गोदाम से 100 बोरी चावल लूट लिए गए। तीनों जिला कचहरियों में बम विस्फोट थोड़े-थोड़े अंतर के बाद हुए। जालंधर की जिला कचहरी में एक बम मिला, रायकोट में एक ट्यूबवैल आप्रेटर, लहरागागा में एक भू.पू. पालिका अध्यक्ष, अमृतसर जिले में दो लोगों की हत्याएं कर दी गईं। अमृतसर पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने में अवतार सिंह, भूपेन्द्र कौर को गिरफ्तार कर लिया। अमृतसर में एक सिनेमा हाल में भी बम रखा गया।



### अमृतसर में विस्फोट

अमृतसर (वि.प्र.): आज प्रातः लगभग 11 बजे जिला कचहरी अमृतसर में ज़बरदस्त सनसनी फैल गई जबकि कचहरी के एक हिस्से में जहां समन आदि जारी होते हैं, ज़बरदस्त बम धमाका हुआ। इस धमाके से जिला कचहरी का भवन हिल उठा। इस धमाके के परिणामस्वरूप एक नौजवान गुरचरण सिंह (35) की मृत्यु हो गई, जबकि 18 व्यक्ति घायल हो गए जिन्हें अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया। इनमें एक स्त्री बलविंदर कौर (40) पत्नी जगतार सिंह निवासी गोपाल नगर अमृतसर भी शामिल है। शेष घायलों के नाम इस प्रकार हैं : पी.वी. सरपाल (48), सोमनाथ (27), अम्बा प्रसाद (48), कर्मचन्द (58), मोहन लाल (55), केवल कृष्ण (30), मनजीत कुमार (25), साधु राम (50), रामसिंह (38), जसपाल सिंह (45), दर्शन सिंह (45), हरकिशन सिंह (35), सुभाष चन्द्र (24), अक्षय कुमार (25), मनोहर लाल (35), अशोक कुमार (35) तथा गुलज़ार सिंह (28)।

बम धमाका होते ही अदालतें बंद हो गईं तथा सारी जिला कचहरी में सुरक्षा बल छा गए। भगदड़ में कई साइकिल टेढ़े-मेढ़े हो गए तथा स्कूटर गिर गए। जगह-जगह घायलों का खून बिखरा देखा गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि जहां यह बम फटा, वहां भीड़ बहुत ज्यादा थी, जिसके कारण ज्यादा संख्या में लोग घायल हुए। यह देसी बम जो एक किलो से ज्यादा वजनी बताया जाता है, लोहे के नट बोल्टों के ऊपर रस्सियां लपेट कर तैयार किया गया था। धमाके की आवाज़ एक किलो मीटर क्षेत्र में सुनाई दी। अमृतसर के जिला परिवहन अधिकारी श्री जी.एस. भट्टी अपनी कार में घायलों को लेकर अस्पताल गए और सभी घायलों के लिए जरूरी दवाइयों, ग्लूकोज व खून आदि का प्रबन्ध किया। श्री भट्टी ने हमारे सम्वाददाता को बताया कि धमाका बहुत ही ज़ोरदार था।

पुलिस ने इस धमाके के सम्बन्ध में तत्काल रूप में 40 के करीब नौजवानों को हिरासत में ले लिया। मृतक गुरचरण सिंह नगर निगम के वकील का ड्राइवर है।

पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में यह बम विस्फोट हुआ। न्यायालय परिसर में जिला और पुलिस अधिकारियों के कार्यालय भी हैं। इन्हीं में उपायुक्त सरबजीत सिंह और पुलिस प्रमुख इज़हार आलम के भी कार्यालय हैं। पास में ही केंद्रीय रिज़र्व पुलिस फोर्स की 28वीं बटालियन का मुख्यालय और सिविल लाइन्स थाना भी स्थित हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में जांच-पड़ताल की कार्रवाई की गई तथा किसी को न्यायालय परिसर में किसी गेट से बाहर नहीं जाने दिया गया। पूरे न्यायालय परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया गया कि कहीं कोई दूसरा बम तो नहीं है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बम विस्फोट से धूल का गुब्बार फैल गया। जब तक लोगों को यह पता चलता कि क्या हुआ, तब तक हमलावर भाग निकले। बम विस्फोट में एक व्यक्ति का पैर हवा में तैरता दिखाई दिया।

इसी बीच एस.पी. (डिटेक्टिव) श्री गजेंद्र सिंह ने बताया कि 'कुछ लोगों' ने देसी बम जनता में आतंक फैलाने के इरादे से फेंका।

यहां उल्लेखनीय है कि अधिकांश लोग इसलिए घायल हो गए कि वे अपने बचाव के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर नहीं भाग सके, क्योंकि न्यायालय परिसर के इर्द-गिर्द सुरक्षा कारणों से कांटेदार तार लगी हुई है। जिलाधीश व एस.एस.पी. के कार्यालय विस्फोट स्थल से सिर्फ साठ गज दूर हैं।

गत वर्ष अप्रैल में इसी परिसर से आतंकवादियों के एक ग्रुप ने तीन आतंकवादी कैदी छुड़ा लिए थे। आज का विस्फोट सीनियर सब जज श्याम सुंदर गुप्ता की कचहरी के सामने हुआ तथा घटना जज के आने से पहले हुई।

### पिता की हत्या, बेटा घायल

अमृतसर के चौक मेहता थाना क्षेत्र के ग्राम गगनभना में उग्रवादियों ने एक 75 वर्षीय व्यक्ति द्वारिका दास की हत्या कर दी व उसके पुत्र प्रदीप कुमार को घायल कर दिया।

### एक और हत्या

अमृतसर के सरहाली थाना क्षेत्र के ग्राम दयाल [illegible] में उग्रवादियों ने कलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति की [illegible] गोलियां मार कर हत्या कर दी।

### सिनेमा में बम

अमृतसर जिला पुलिस ने आज साईं संगम सिनेमा की दूसरी मंजिल से एक देसी बम बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बम पॉलिथीन के बैग में लिपटा हुआ था जिसे सेना के विशेषज्ञों के हवाले कर दिया गया है।

एस.पी. मुख्यालय ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि यह शक्तिशाली देसी प्लास्टिक बम था। उन्होंने बताया कि यह लोगों से खचाखच भरे हाल में बालकनी द्वारा फैंका गया परन्तु बड़े वाली सीट पर गिरने के कारण फट नहीं सका। यदि


उग्रवादियों की फायरिंग का आधा घंटा तक मुकाबला किया। उग्रवादियों ने चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से फायरिंग की। यह जानकारी एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने दी।

अमृतसर पुलिस ने दो बंगला देशी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर लिया। हरीके थाना के मरहाना ग्राम के गुरनाम सिंह जीता को एक रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### 2 मरे, 31 घायल

गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): आज दोपहर एक

(शेष पृष्ठ 10 पर)



# सुरक्षा बलों ने 9 उग्रवादी पकड़े : एक हत्या, सरपंच के परिवार की हत्या का प्रयास : ट्रक पर हथगोला फैंका

चंडीगढ़, 21 फरवरी (वा.स.): उग्रवादियों ने पंजाब में एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि पुलिस व सुरक्षा बलों ने फरीदकोट जिले में 9 संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनसे बड़ी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का बरामद किए । इनमें से 5 उग्रवादी मुठभेड़ के बाद पकड़े गए । फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव नसीराबाद के सरपंच व वरिष्ठ अकाली नेता दीदार सिंह के परिवार के सदस्यों की हत्या करने व उनके मकान को उड़ाने के उग्रवादियों के षड्यंत्र को उनके भाई ने विफल कर दिया । सीमा सुरक्षा बल के जवान बटाला-काहनूवान मार्ग पर कल उग्रवादियों के हमले से बाल-बाल बच गए ।

दो संदिग्ध आतंकवादियों ने फिरोज़पुर रोड पर हथगोले से एक ट्रक को उड़ाने की कोशिश की । इस घटना से कोई हताहत नहीं हुआ । इस ट्रक में एकीकृत अकाली दल के कार्यकर्त्ता लुधियाना में आयोजित रैली में भाग लेने जा रहे थे । हथगोले से एक कार के शीशे टूट गए ।

पुलिस सूत्रों का मत है कि जालन्धर कचहरी में गत दिवस जो बम मिला था, उसे रखने के पीछे उग्रवादी संगठन बब्बर खालसा का हाथ था । यह बम फट नहीं पाया था ।

**आरा मिल-मालिक की हत्या**

होशियारपुर जिले में टांडा थाना क्षेत्र के गांव कलाओं में कल रात चार संदिग्ध उग्रवादियों ने एक व्यक्ति सतबीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार सतबीर सिंह उस समय अपनी आरा मिल में सो रहा था । आतंकवादी उसकी हत्या करके भाग गए । उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व उग्रवादियों ने सतबीर सिंह की एक दोनाली तथा एक एकनाली बंदूकें छीन ली थीं । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज किया है ।

होशियारपुर से प्रद्युम्न सिंह ने खबर दी है कि सतबीर सिंह कम्युनिस्ट पार्टी का वर्कर था । वह रोज़ाना रात को सवा 9 बजे, 9.30 बजे टी.वी. देखने के बाद अपने पड़ौसी दुकानदार जसविन्दर सिंह व उसके नौकर ज्ञानी के साथ अपनी रूई की मशीन और आरे पर चला जाता था । यह तीनों रात को इकट्ठे ही सोते थे । कल रात जसविन्दर सिंह पेशाब करने के लिए उठ कर बाहर आया तो उसने वापस आकर बताया कि चार व्यक्ति बाहर खड़े हैं । उन्होंने मुंह ढांपे हुए हैं तथा उनके पास स्टेनगनें हैं । जसविन्दर ने बताया कि यह सुन कर सतबीर सिंह ने कहा कि मैं बाहर जाकर देखता हूं । इसी दौरान बाहर खड़े चारों व्यक्ति अंदर आ गए और उन्होंने अपनी स्टेनगनें तीनों की कनपटियों पर रख दीं । फिर उन्होंने सतबीर सिंह को पूछा कि उसने बिल्डिंग पर झंडा क्यों लगा रखा है ? (बिल्डिंग पर लाल झंडा कम्युनिस्ट पार्टी का लगा हुआ था). सतबीर सिंह ने कहा कि मैं मज़दूर हूं और यह मज़दूरों का झंडा है । इस पर उन आतंकवादियों में से एक व्यक्ति जसविन्दर सिंह को अपने साथ ऊपर ले गया तथा झंडा उतार लाया । तब एक आतंकवादी ने कहा कि सतबीर सिंह नेता है, उसे गोली मार दो । इसके बाद आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी तथा जाते हुए उन्हें कह गए कि वे आधा घंटा तक न बोलें । वे एक पत्र भी छोड़ गए जो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# चन्द्रा स्वामी एक 'सच्चाई' को शीघ्र उजागर करेंगे

नई दिल्ली, 21 फरवरी (वा.) : बहुचर्चित तांत्रिक चंद्रास्वामी ने कहा है कि वह जल्दी ही दुनिया के सामने एक 'सच्चाई' उजागर करेंगे । चंद्रास्वामी ने आज यहां दक्षिणी दिल्ली के नर्सिंग होम में संवाददाताओं से कहा कि 'कुछ लोगों का विश्वास है कि मैं किसी दिन सच्चाई सामने लाऊंगा और मैं उन लोगों को निराश नहीं करूंगा ।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह बोफोर्स तोप सौदे और प्रधानमंत्री तथा उनके परिवार के बारे में कुछ जानते हैं उन्होंने कहा कि 'मैं अभी कुछ नहीं बोलूंगा ।'' चालीस वर्षीय चन्द्रास्वामी ने कहा कि सरकार मुझे इसलिए परेशान कर रही है कि वह समझती है कि मुझे बोफोर्स सौदे के बारे में सच्चाई का पता है और मैं उसके खिलाफ कोई रहस्योद्घाटन कर सकता हूं । तांत्रिक चंद्रास्वामी ने कहा हालांकि मुझे भारत लौटने से पहले ही यह मालूम था कि सरकार मेरी तलाश कर रही है, लेकिन उसका मुझ पर कोई असर नहीं पड़ा ।


यह पूछे जाने पर कि क्या उनके द्वारा सच्चाई सामने लाने से श्री राजीव गांधी का पतन हो सकता है तांत्रिक चंद्रास्वामी ने कहा कि ''मैं किसी के पतन का इच्छुक नहीं हूं लेकिन सच्चाई का प्रबल पक्षधर हूं ।'' तांत्रिक चन्द्रास्वामी ने कहा कि 'मेरी प्रार्थना है कि सरकार को ईश्वर सदबुद्धि दे ।

## युवती से बलात्कार


होशियारपुर, 21 फरवरी (अश्विनी): टांडा पुलिस ने गांव नत्थूपुर की एक लड़की के साथ मुंह काला करने के आरोप में उसी ही गांव के एक व्यक्ति भूपेन्द्र सिंह उर्फ बलकार सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया है । बताया जाता है कि यह लड़की फोटोस्टैट की दुकान पर काम करती थी कि एक व्यक्ति ने उसको कहा कि उसकी बहन और बहनोई थम्मन सिंह दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं । वह उसे स्कूटर पर बिठाकर ले गया और फिर उसके साथ बलात्कार किया ।

# कुचला जाएगा : राजीव

के नेताओं के कुछ खास वक्तव्यों पर आपत्ति करते हुए कहा कि ऐसा दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों



*अमृतसर ज़िला के गांव गग्गड़भाणा में शनिवार को आतंकवादियों ने एक दुकानदार द्वारका दास की गोलियां मार कर हत्या कर दी । (1) मृतक का पुराना चित्र, (2) द्वारका दास की लाश, (3) परिवार की महिलाएं विलाप करती हुईं ।* (छाया : जसपाल)



*वह स्थान (घेरे में), जहां उग्रवादियों ने लुधियाना में एकीकृत अकाली दल की रैली में शामिल होने के लिए वर्करों को ले जा रहे ट्रक पर बम फैंका । (घेरे में) वह स्थान, जहां बम फटा, जिस से सड़क के किनारे खड़ी इस कार के शीशे टूट गए ।* (छाया : कम्बोज)

# उग्रवादियों ने लाला भगवान दास की कार का भी पीछा किया था

सुनाम, 21 फरवरी (नागपाल): पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) की महामंत्री श्रीमती राजेंद्र कौर भट्ठल ने एक बयान में उग्रवादियों की ओर से बढ़ रही हत्याओं पर कड़ी चिन्ता व्यक्त करते हुये उग्रवादियों से युद्ध स्तर पर निपटने का सुझाव दिया है । श्रीमती भट्ठल ने सुझाव दिया है कि उग्रवादियों से निपटने के लिये हर जिला को हर समय गश्त के लिये दो-दो हैलीकाप्टर दिए जाएं । पुलिस को बड़ी संख्या में खोजी कुत्ते और आधुनिकतम शस्त्रास्त्र दिये जाएं जो कि उग्रवादियों के हथियारों से बेहतर हों ।

जब प्रश्न किया गया कि क्या आप चाहती हैं कि पंजाब को सेना के हवाले कर दिया जाए, श्रीमती भट्ठल खामोश हो गईं । उन्होंने उग्रवादियों के मुकाबले के लिये तमाम दलों की संयुक्त कार्य प्रणाली अपनाने का परामर्श दिया । उन्होंने कहा कि हर पार्टी अपने स्तर पर भी उग्रवादियों को मुख्य धारा में शामिल होने की अपील करे । लेकिन अगर वह नहीं मानते तो सख्ती से कुचल दिया जाए । उन्होंने जोधपुर में बंद बेगुनाहों की तुरन्त रिहाई की भी मांग की । श्रीमती भट्ठल लहरागागा के पूर्व पालिका प्रधान श्री जगदीश चंद्र सिंगला की उग्रवादियों के हाथों हत्या का खबर सुन कर दिल्ली से बैठक छोड़ कर यहां पहुचीं थीं । उन्होंने श्री सिंगला के परिवार से गहरी सहानुभूति व्यक्त करते हुये कहा कि स्वर्गीय गरीबों के सच्चे हमदर्द और ईमानदार सामाजिक कार्यकर्त्ता थे । उनकी मौत से क्षेत्र लावारिस हो गया है ।

श्रीमती भट्ठल ने रहस्योद्घाटन किया कि 3 फरवरी को उनके पैतृक गांव भट्ठल में उनके पिता स्वर्गीय हीरा सिंह भट्ठल की बरसी के अवसर पर कुछ उग्रवादियों ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस के प्रधान लाला भगवान दास की कार का पीछा किया था । ड्राइवर बहुत सावधानी से कार निकाल कर ले गया और इस तरह उग्रवादी वारदात करने में सफल न हो सके । श्रीमती भट्ठल ने कहा कि उन्होंने इस घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी थी ।

# 2 उग्रवादी मार गिराने वाले पति-पत्नी की हत्या, सी.आर.पी. जवान सहित 4 अन्य कत्ल

### मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा, ममदोट सैक्टर में घुसपैठिया मारा गया, बैंक से एक लाख व बिजली घर से 15 हजार लूटे

# प्रमुख नेताओं की हत्या का षड्यंत्र विफल

चंडीगढ़, 23 फरवरी (ह.स., वार्ता, वि.प्र.): उग्रवादियों द्वारा गत रात्रि जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमला किए जाने से एक जवान मारा गया, जबकि एक अन्य घटना में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में एक पंचायत सदस्य और एक सरपंच की हत्या कर दी जबकि होशियारपुर में एक व्यक्ति का शव मिला है । जिला अमृतसर में गत दिनों मारे गए दोनों उग्रवादियों की शिनाख्त कर ली गई है, इनमें से एक कुख्यात उग्रवादी मानोचाहल का अंगरक्षक था । जिला फिरोजपुर में ममदोट क्षेत्र में एक घुसपैठिया मारा गया । उग्रवादियों ने बटाला के गांव में आज सायं एक वकील के बहादुर कर्मचारी ने हमला करने आए दो उग्रवादियों को मार गिराया, लेकिन तीसरे उग्रवादी ने उसकी और उसकी पत्नी की हत्या कर दी । उग्रवादी बाघापुराना के एक गांव में स्थित बैंक से एक लाख रु. और बस्सी पठानां में बिजली घर से 14900 रुपए लूट कर ले गए । राज्य के कई अन्य स्थानों से लूटपाट की घटनाओं की सूचना मिली है । उग्रवादियों ने जिला जालन्धर में एक सहकारी बैंक से 6330 रुपए लूट लिए । अमृतसर पुलिस ने आज तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से कई शस्त्र बरामद किए हैं ।

**रात्रि की गश्त तेज**

**जालन्धर (क):** गत कुछ दिनों से उग्रवादियों की विशेषकर अमृतसर जिला में हिंसक कार्रवाइयों में भारी तेजी तथा बम विस्फोटों की घटनाओं के प्रकाश में पुलिस महानिदेशक श्री रिबैरो द्वारा सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा के प्रबन्ध में कुछ विशेष सतर्कता लाने के निर्देश दिए जाने का समाचार मिला है । इस संदर्भ में जिला जालन्धर में भी कुछ विशेष सुरक्षा चौकसी पग उठाए गए हैं । जालन्धर के एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस ने आज यहां अनौपचारिक वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस व सुरक्षा बलों के इस्तेमाल की दृष्टि से कुछ व्यवस्था में व्यापकता लाई गई है जिसके अधीन विशेष कर रात्रि की गश्त तेज की गई है । उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के अधीन सुरक्षा बलों के 15 दलों समेत कुल 25 पुलिस दल रात्रि की गश्त में जुटाए गए हैं । उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त चौकसी की व्यवस्था के अधीन ही गत दिन डी.आई.जी. आप्रेशन श्री सी. पाल सिंह के निर्देशन में सुरक्षा बलों ने बस अड्डे पर बसों की तलाशी लेने के अतिरिक्त नगर के कई होटलों व रैस्टोरैंटों पर छापे मारे थे और कई व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में लिए थे, जिन्हें जांच के बाद आज छोड़ दिया गया ।

**6330 रुपए लूट लिए**

जालन्धर से 'ह.स.' के अनुसार दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज जिला जालन्धर में नवांशहर के निकट गांव वजीरपुर में सैंट्रल कोआप्रेटिक बैंक से 6830 रुपए लूट लिए । उग्रवादी भागने में सफल रहे ।

**उग्रवादी गिरफ्तार**

जालन्धर पुलिस ने गत रात्रि नाकाबंदी के दौरान उग्रवादी प्रभशरण सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी बस्ती बावा खेल जालन्धर को गिरफ्तार किया है । स्कूटर नं. पी.ए.एफ.-202, जिस पर वह सवार था, वह भी जब्त कर लिया गया है । उसके कब्जे से एक पिस्तौल और 3 कारतूस बरामद किए गए हैं । उससे पूछताछ की जा रही है ।

**दो ट्रक छीन कर ले जाने वाले पकड़े गए**

**बटाला (कोछड़):** कल सायं थाना श्री हरगोबिंदपुर के क्षेत्र घुमान से रमेश कुमार नामक व्यक्ति के दो ट्रक डी.आई.एल. 4947 और डी.आई.जी. 2947 चार लोग जबरी लेकर फरार हो गए । इस सम्बन्ध में गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. विर्दी ने बताया कि ये दोनों ट्रक जिला अमृतसर के मेहता चौक क्षेत्र से बरामद करके सरदूल सिंह, फूला सिंह, जसपाल सिंह व संता सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । ये चारों अभियुक्त पहले रमेश कुमार के पास ड्राइवर व क्लीनर थे और आपसी विवाद के कारण ये ट्रक जबरी भगा ले गए थे ।

**दो शरणदाता गिरफ्तार**

श्री विर्दी ने आगे बताया कि बटाला सदर पुलिस ने गांव दाबांवाली के अवतार सिंह व हरदयाल सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में आतंकवादी निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया है ।

**2 उग्रवादी मार गिराने वाले नौकर दम्पति की हत्या**

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज सायं 7.30 बजे बटाला सदर थाना के ग्राम धौलपुर में एक वकील के नौकर ने हत्याएं करने आए 3 में से 2 उग्रवादी मार गिराए पर तीसरे उग्रवादी ने नौकर व उसकी पत्नी की हत्या कर दी ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार मेजर देवेन्द्र सिंह के डेरे के पास ही उसका भाई इकबाल सिंह एडवोकेट रहता है । तीन उग्रवादी इकबाल सिंह की हत्या के इरादे से ग्राम के एक व्यक्ति करतार सिंह को साथ लेकर उसके घर पहुंचे तो पहले इकबाल सिंह के नौकर खेड़ा राम ने दरवाजा खोला । उग्रवादियों के इरादे भांप कर खेड़ा राम ने इकबाल सिंह की 32 बोर की रिवाल्वर से उग्रवादियों पर फायरिंग कर दी, जिससे 2 उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारे गए पर तीसरे उग्रवादी ने फायरिंग करके खेड़ा राम व उसकी पत्नी सत्या की हत्या कर दी तथा अपने एक साथी का रिवाल्वर व खेड़ा राम का रिवाल्वर उठा कर फरार हो गया । फायरिंग में करतार सिंह भी घायल हो गया । घटनास्थल से एक उग्रवादी के शव के पास से 38 बोर का एक रिवाल्वर मिला है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## एरिया कमांडर बंदी

(पृष्ठ 3 का शेष)

ही गांव सरहाली में एक दोहरे हत्या कांड तथा लूटपाट की घटनाओं में संलिप्त था । उसने जिला कपूरथला में सुलतानपुर लोधी में एक दोनाली बंदूक भी छीनी थी ।

### मृत उग्रवादियों से जाली पहचान पत्र मिले

**बटाला (कोछड़)**: गत रात पुलिस थाना सदर बटाला के गांव तलवंडी लाल सिंह (धौलपुर) में इकबाल सिंह एडवोकेट के फार्म में उनके यहां कार्य करने वाले खेड़ा राम की जवाबी फायरिंग में मारे गए दोनों अज्ञात संदिग्ध युवकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । दोनों की जेब से पंजाब रोडवेज बटाला के दो पहचान पत्र मिले हैं जिन पर करनैल सिंह व काबल सिंह लिखा है लेकिन अभी तक की जांच से दोनों शिनाख्ती कार्ड जाली पाए गए हैं ।

जिला गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि तीन संदिग्ध अज्ञात युवक गत रात उक्त फार्म हाऊस में रह रहे खेड़ा राम से उसका लाइसैंसी .32 बोर का रिवाल्वर छीनने की नीयत से गए थे कि खेड़ा राम ने फायरिंग करके उनमें से दो को मार दिया, जिस पर उनके तीसरे अज्ञात साथी ने फायरिंग करके खेड़ा राम व उसकी पत्नी सत्या की हत्या कर दी ।

श्री बिरदी ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से 455 बोर के 4 चले कारतूस, 32 बोर पिस्तौल का एक मैगजीन व एक 38 बोर का रिवाल्वर मिला है ।

श्री बिरदी ने आगे कहा कि तीसरा आतंकवादी भागते समय अपने एक मृतक साथी का 32 बोर का पिस्तौल व मृतक खेड़ा राम का 32 बोर का लाइसैंसी रिवाल्वर भी ले गया । उसे पकड़ने के लिए पुलिस व बी.एस.एफ. सारा क्षेत्र सील करके खोजबीन का काम कर रही है ।

श्री बिरदी ने आगे बताया कि 22 फरवरी 88 को स्थानीय अलीवाल रोड पर आतंकवादियों की गोलियों से घायल बी.एस.एफ. के सेवा निवृत्त डी.एस.पी. श्री कश्मीरा सिंह ने इन दोनों मृतक संदिग्ध युवकों के बारे में पुलिस को बताया है कि उन पर भी इन्होंने ही फायरिंग की थी । उल्लेखनीय है कि उससे भी उस दिन आतंकवादी उनका लाइसैंसी रिवाल्वर लेने गए थे लेकिन उसने भी जवाबी फायरिंग कर दी थी जिस पर एक संदिग्ध युवक गोली लगने से घायल हो गया था और वह वहां से भाग गए थे । इस फायरिंग में उनका नौकर जोगिन्दर सिंह भी जख्मी हुआ था । श्री बिरदी के अनुसार दोनों मृतक अज्ञात संदिग्ध युवकों में वह भी शामिल है जिसे उस दिन अलीवाल रोड पर गोली लगी थी ।

श्री बिरदी ने बताया कि गत रात की फायरिंग में करतार सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति भी गम्भीर रूप से घायल हुआ है जिसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

चारों मृतकों का स्थानीय अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद खेड़ा राम व उसकी पत्नी सत्या का शव गांव में अन्तिम संस्कार के लिए भेज दिया गया है जबकि दोनों संदिग्ध युवकों के शव शिनाख्त के लिए थाना सदर में रखे गए हैं ।

मृतक खेड़ा राम स्थानीय सहकारी चीनी मिल में ट्रैक्टर ड्राइवर था और वहां के फार्म हाउस में काम

Punjab Sakaar

कम्पनी की ओर से कई पुरस्कार भी प्रदान किए गए थे ।

श्री बिरदी ने बताया कि दोनों संदिग्ध मृतकों की शिनाख्त से कई रहस्य खुलने की सम्भावना है ।

## 2 की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार बटाला सदर थाना क्षेत्र के ग्राम अम्मोनंगल में, जो बटाला-जालन्धर मेन रोड पर है, 3 उग्रवादियों ने ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलों से, जिन्हें उग्रवादी 'अंतकरण ए.के.' राइफलें कहते हैं, फायरिंग करके दो लोगों किरयाना विक्रेता विजय कुमार तथा डबल रोटी विक्रेता हंस राज की हत्या कर दी व एक बाजीगर सुक्खा को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

## तीसरा शव मिला

अम्मोनंगल में पुलिस ने जब घेराबंदी की तो उग्रवादियों द्वारा मारे गए एक और व्यक्ति का भी शव मिला जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने कहा कि तीन में से 2 उग्रवादियों लखविन्दर सिंह लक्खा मलिकपुर तथा वरयाम सिंह भूरेनंगल की शिनाख्त कर ली गई है ।

एक सूचना के अनुसार स्कूटर पर सवार दो उग्रवादियों ने अम्मोनंगल में दो जगह फायरिंग की ।

## सुरक्षा बलों द्वारा तलाशियां

**होशियारपुर (प्रद्युम्न):** कल पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने होशियारपुर के टांडा और दसूहा, मुकेरियां व तलवाड़ा के क्षेत्र के देहातों की तलाशियां लीं । जरूरी सुरक्षा प्रबन्धों के अन्तर्गत जगह-जगह पुलिस के नाके लगाए गए । होशियारपुर पुलिस का ख्याल है कि टांडा-दसूहा के क्षेत्र में जो वारदातें होती हैं वे गुरदासपुर जिला के आतंकवादी आकर करते हैं । इसलिए मुकेरियां के क्षेत्र में पुलिस के नाके लगा कर उनको रोका जा सकता है । इस बीच होशियारपुर में हुए बम धमाके के बाद जिला कचहरियों में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध कर दिए गए हैं । कचहरियों के मुख्य द्वार को छोड़ कर शेष सभी द्वार बंद कर दिए गए हैं । पुलिस अदालतों में आने-जाने वालों पर भी कड़ी नजर रखती है ।

## शरण देने वाला डाक्टर

'अश्विनी' के अनुसार टांडा पुलिस ने दारापुर के एक डाक्टर प्रितपाल सिंह के विरुद्ध उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में मुकद्दमा दर्ज किया है । आरोप लगाया जाता है कि डाक्टर के पास खतरनाक उग्रवादी सुखदेव सिंह, सुखा सिपाही उर्फ जनरल लाभ सिंह और कुछ दूसरे खतरनाक उग्रवादी आते रहे हैं और वह उनकी हर तरह से सहायता करता रहता था । डाक्टर की गिरफ्तारी किसी भी समय सम्भावित है ।

## मोपेड व नकदी छीने

**राजपुरा (मा):** गत रात्रि में यहां से चार किलो मीटर दूर गांव दमनहेड़ी में परचून की दुकान करने वाले एक व्यक्ति अशोक कुमार से दो संदिग्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोंक पर उसका लूना मोपेड तथा उसकी जेब में पड़े 17 रुपए छीन लिए । अशोक कुमार उस समय गांव दमनहेड़ी से शहर आ रहा था ।

## हलवाई लापता

**तलवाड़ा (शास्त्री):** तलवाड़ा के सैक्टर दो के हलवाई विजय कुमार के रहस्यपूर्ण ढंग से गुम होने की खबर मिली है । बताया गया है कि वह कल प्रात: अपने मोटर साइकल पर हाजीपुर क्षेत्र के देहात

का ख्याल है कि टांडा-दसूहा के क्षेत्र में जो वारदातें होती हैं वे गुरदासपुर जिला के आतंकवादी आकर करते हैं । इसलिए मुकेरियां के क्षेत्र में पुलिस के नाके लगा कर उनको रोका जा सकता है । इस बीच होशियारपुर में हुए बम धमाके के बाद जिला कचहरियों में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध कर दिए गए हैं । कचहरियों के मुख्य द्वार को छोड़ कर शेष सभी द्वार बंद कर दिए गए हैं । पुलिस अदालतों में आने-जाने वालों पर भी कड़ी नजर रखती है ।

**शरण देने वाला डाक्टर**

'अश्विनी' के अनुसार टांडा पुलिस ने दारापुर के एक डाक्टर प्रितपाल सिंह के विरुद्ध उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में मुकद्दमा दर्ज किया है । आरोप लगाया जाता है कि डाक्टर के पास खतरनाक उग्रवादी सुखदेव सिंह, सुखा सिपाही उर्फ जनरल लाभ सिंह और कुछ दूसरे खतरनाक उग्रवादी आते रहे हैं और वह उनकी हर तरह से सहायता करता रहता था । डाक्टर की गिरफ्तारी किसी भी समय सम्भावित है ।

**मोपेड व नकदी छीने**

**राजपुरा (मा):** गत रात्रि में यहां से चार किलोमीटर दूर गांव दमनहेड़ी में परचून की दुकान करने वाले एक व्यक्ति अशोक कुमार से दो संदिग्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोंक पर उसका लूना मोपेड तथा उसकी जेब में पड़े 17 रुपए छीन लिए । अशोक कुमार उस समय गांव दमनहेड़ी से शहर आ रहा था ।

**हलवाई लापता**

**तलवाड़ा (शास्त्री):** तलवाड़ा के सैक्टर दो के हलवाई विजय कुमार के रहस्यपूर्ण ढंग से गुम होने की खबर मिली है । बताया गया है कि वह कल प्रातः अपने मोटर साइकल पर हाजीपुर क्षेत्र के देहात से दूध लेने गया था लेकिन वापिस नहीं लौटा । आज प्रातः उसका मोटर साइकल सड़क पर पड़ा मिला है । हाजीपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

**स्कूटर छीना**

**खरड़ (शशि):** आज सुबह खरड़ के निकट घोगा गांव के पास दो अज्ञात युवक पिस्तौल की नोक पर मोरिंडा के एक निवासी ब्रजेन्द्र कुमार से उसका स्कूटर पी.बी.आर. 6835 छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**धूरी (सिंगला):** संगरूर में एक बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.ए.एम. 8339 को संदिग्ध चोर चुरा ले गये ।

**लुधियाना में पकड़े गए विस्फोटकों की सी.बी.आई. द्वारा जांच**

**लुधियाना (धीमान):** विश्वस्त सूत्रों से मालूम हुआ है कि पिछले दिनों लुधियाना पुलिस ने जो आठ आतंकवादी पकड़े थे और उनसे बहुत भारी विस्फोटक मिले थे, की जांच सी.बी.आई. ने अपने हाथों में ले ली है । इस सिलसिले में अनुमान है कि बहुत सनसनीखेज तथ्यों का पता चलेगा । यह भी पता चला है कि बारूद बम्बई से खरीदा गया था ।

पता चला कि पुलिस को जांच के दौरान यह नोटिस में आई कि इस विस्फोटक से बम वगैरह तैयार करके फिरोजपुर, मोगा, फरीदकोट, लुधियाना और दूसरी जगह पर हत्याएं और दूसरी वारदातें करनी थीं ।

Punjabi Santani





ਥਾਣਾ ਮਹਿਤਾ ਦੇ ਪਿੰਡ ਬੁਲਾਰਾ ਵਿਚ ਸ਼ਨੀਵਾਰ ਰਾਤ ਨੂੰ ਦਹਿਸ਼ਤਪਸੰਦਾਂ ਨੇ ਮਾਰਕਸੀ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਦੋ ਵਰਕਰਾਂ ਕਾਮਰੇਡ ਸੂਰਤਾ ਸਿੰਘ ਨੰਬਰਦਾਰ ਨੂੰ ਗੋਲੀਆਂ ਮਾਰ ਕੇ ਹਲਾਕ ਅਤੇ ਕਾਮਰੇਡ ਮਲਾਗਰ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਜ਼ਖਮੀ ਕਰ ਦਿੱਤਾ। (1) ਉਹ ਥਾਂ, ਜਿਥੇ ਦੋਹਾਂ ਨੂੰ ਗੋਲੀ ਮਾਰੀ ਗਈ, ਫਰਸ਼ 'ਤੇ ਡੁਲ੍ਹਾ ਹੋਇਆ ਖੂਨ ਤੇ ਦੂਜਾ ਸਾਮਾਨ ਦਿਖਾਈ ਦੇ ਰਿਹਾ ਹੈ। (ਇਨਸੈੱਟ) ਸੱਜੇ ਸੂਰਤਾ ਸਿੰਘ ਦੀ ਪੁਰਾਣੀ ਤਸਵੀਰ ਖਬੇ ਖੱਬੇ ਜ਼ਖਮੀ ਮਲਾਗਰ ਸਿੰਘ (2) ਸੂਰਤਾ ਸਿੰਘ ਦੇ ਪਰਿਵਾਰ ਦੀਆਂ ਔਰਤਾਂ ਵਿਰਲਾਪ ਕਰਦੀਆਂ ਹੋਈਆਂ। (ਫੋਟੋ-ਜਸਪਾਲ ਰਈਆ)




उग्रवादियों ने रविवार की रात्रि को थाना सदर बटाला जिला गुरदासपुर के गांव बाह्मनियां में एक घर में टैलीविज़न देख रहे 7 व्यक्तियों (1) सोनू, (2) मेवा सांसी 'मोटू', (3) डैनियल मसीह, (4) ज्ञातो, (5) फ़रियाद मसीह, (6) कुलवंत सांसी, (7) बलवंत सांसी की हत्या कर दी । बटाला के अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उनके ये चित्र लिए गए । (छाया : कोछड़), (8) गांव तरसिक्का थाना मेहता जिला अमृतसर में रविवार को उग्रवादियों द्वारा मारे गए नम्बरदार अर्जुन सिंह (इन्सैट) का शव ।

(छाया : जसपाल)

Punjabi Sanatani

## उग्रवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

अनुसार थाना सदर बटाला जिला गुरदासपुर के गांव काली बाहमनियां, जहां रविवार की रात्रि को 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी और 5 अन्य व्यक्तियों को घायल कर दिया गया था, में हत्याकांड की जिम्मेवारी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पुलिस ने इस परिवार को मिला खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र बरामद किया है, जिस पर जनरल सुख देव झामके के हस्ताक्षर हैं।

### 4 घरों में फायरिंग की

इस घटना के संबंध में प्राप्त विवरणों के अनुसार उग्रवादियों ने सांसी समुदाय के 4 घरों में फायरिंग करके एक स्त्री ज्ञानो (60), उसके दो देवर कलवंत सांसी (35), बलवंत सांसी (25), मेवा सांसी उर्फ मोतु (15), फरियाद मसीह (18), डैनियल मसीह उर्फ पप्पू (30) व एक 7 वर्षीय बच्चे सोनू मसीह की हत्या की जबकि तीन महिलाओं शामो सांसी (70), कमलेश सांसी (20), तोषी सांसी (50) व तरसेम सांसी उर्फ गोरा (20) और राकेश मसीह (12) को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इनमें से तरसेम, शामो व तोषी को अत्यन्त चिन्ताजनक दशा के कारण गुरु तेग बहादुर अस्पताल भेजा गया है, शेष दो बटाला सिविल अस्पताल में उपचाराधीन हैं। सातों लाशें पोस्टमार्टम के पश्चात् उनके वारिसों को सौंप दी गई हैं।

### 20000 रुपए मांगते थे

पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवान सारा क्षेत्र सील करके हत्यारों की खोज कर रहे हैं। घटनास्थल का निरीक्षण करने के पश्चात् जिला गुरदासपुर पुलिस के प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने यहां पत्रकारों को बताया कि यह हत्याकांड 20 हजार रुपए की मांग के कारण किया गया लगता है क्योंकि आतंकवादी पिछले काफी समय से इनसे 20 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। इनमें एक सांसी परिवार ने अपना पक्का मकान बनाया था व कुछ दिन पहले नया टैलीविजन भी खरीदा था। हत्यारों ने आकर उनसे कहा कि आपके पास मकान व टैलीविजन के लिए पैसे हैं लेकिन हमारे लिए नहीं। आधिकारिक सूत्रों ने आगे कहा कि पुलिस को घटनास्थल से चीनी असाल्ट राइफल ए.के.-47 के 35 व 9 एम.एम. का एक खोल मिला है, इनमें 8 बुलेट हैड भी शामिल हैं।

### दो हत्यारे नामजद

श्री बिरदी ने आगे बताया कि इस हत्याकांड के लिए लखविन्द्र सिंह लक्खा मल्लिकपुर व जोगिन्द्र सिंह मल्लूद्वारा को नामजद किया गया है। घटनास्थल से प्राप्त विवरण के अनुसार यह हत्याकांड केवल सांसी समुदाय पर इसलिए किया गया कि यह मुख्यतः अवैध शराब निकालने का धंधा करते थे। इन्हें पहले भी खालिस्तान कमांडो फोर्स की तरफ से चेतावनी दी गई थी।

वार्ता ने सूचना दी है कि पुलिस सूत्रों के अनुसार कुलवंत मसीह और उसका भाई बलवंत मसीह गांव में अवैध शराब का अड्डा चलाते थे। आतंकवादी उन्हें यह धंधा जारी रखने के लिए संरक्षण प्रदान करने के एवज में उनसे पैसा ऐंठा करते थे। कल मारे गए लोगों में ये दोनों भाई भी शामिल हैं।

### टेलीविजन देख रहे लोगों को मारा

फरार हो गए।

### स्कूटर छीन लिया

पटियाला (भूषण): आज दोपहर थाना भादसों जिला पटियाला के गांव चाहल में पुल के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर गांव घुंडर के अवतार सिंह से उसका वैस्पा स्कूटर छीन लिया। स्कूटर अभी दो दिन पूर्व ही खरीदा गया था। उग्रवादी स्कूटर छीनने के बाद फरार हो गए।

### उग्रवादियों का दाह संस्कार

चंडीगढ़ (संधी): दो कुख्यात उग्रवादियों सुरेंद सिंह उर्फ कर्म चंद शर्मा तथा हरविंद्र सिंह उर्फ बंटी, जो गत 27 फरवरी को यहां सैक्टर 15 में हुए पुलिस मुकाबले में मारे गए थे, के शवों का आज यहां दाह-संस्कार कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार हरविंद्र सिंह के शव की लुधियाना से आए उसके पिता ने शिनाख्त की जबकि सुरेंद्रसिंह के शव की शिनाख्त करने के लिए कोई भी नहीं आया, जिसके कारण उसका दाह संस्कार पुलिस को करवाना पड़ा। इस मुठभेड़ में गोली लगने के बावजूद फरार हो जाने में सफल हुए तीसरे उग्रवादी दर्शन सिंह उर्फ डल्ला की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में 48 घंटे व्यतीत हो जाने के बावजूद भी पुलिस द्वारा कुछ नहीं बताया गया।

### बंटी माडल टाउन का रहने वाला था

लुधियाना (जोशी): उग्रवादी हरविन्दर सिंह उर्फ बंटी, जो गत दिवस चंडीगढ़ में पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया था, माडल टाउन लुधियाना की कोठी नं. 456-आर. का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह पंजाब कृषि विश्वविद्यालय का छात्र रहा था। आज कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों ने हड़ताल की। छात्रों ने विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वारों पर ताले लगा दिए। पुलिस के अनुसार हरविन्दर सिंह पटियाला के एस.एस.पी. श्री ए.एस. बराड़ व एस.पी. डिक्टैक्टिव श्री के आर.एस. गिल की हत्याओं में भी वांछित था।

### साईकल स्टैंड का कर्मचारी गिरफ्तार

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार लुधियाना पुलिस ने पंजाब एक्सटैंशन लायब्रेरी में स्थित साईकल स्टैंड के एक कर्मचारी को उग्रवादी गतिविधियों के सम्बन्ध में गिरफ्तार किया है। आज अभियुक्त को अदालत में पेश किया गया।

### दिन में दोहरी सवारी की अनुमति 30 अप्रैल तक

जालन्धर (ह.स.): जिला जालन्धर में 3.5 अश्व शक्ति से कम दो पहिया वाहनों पर दो वयस्क पुरुषों द्वारा प्रातः 6 से सायं 8 बजे तक सवारी करने की आज्ञा में 30 अप्रैल तक वृद्धि कर दी गई है, जबकि इन वाहनों पर सिंगल सवारी की दिन रात्रि आज्ञा होगी। जिला मैजिस्ट्रेट श्री सुधीर मित्तल ने आज यहां आदेश जारी करते हुए कहा है कि 3.5 अश्व शक्ति के मोटर साइकलों पर प्रातः 6 से रात्रि 8 बजे तक सिंगल सवारी की आज्ञा होगी जबकि बिना सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों के बसें केवल प्रातः 6 से रात्रि 7 बजे तक चलाई जा सकेंगी। पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, सार्वजनिक सभाओं, जलूस निकालने, सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेय एवं घातक शस्त्र ले जाने पर लगी पाबंदी को भी 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है।

गया कि यह मुख्यत: अवैध शराब निकालने का धंधा करते थे । इन्हें पहले भी खालिस्तान कमांडो फोर्स की तरफ से चेतावनी दी गई थी ।

वार्ता ने सूचना दी है कि पुलिस सूत्रों के अनुसार कलवंत मसीह और उसका भाई बलवंत मसीह गांव में अवैध शराब का अड्डा चलाते थे । आतंकवादी उन्हें यह धंधा जारी रखने के लिए संरक्षण प्रदान करने के एवज में उनसे पैसा ऐंठा करते थे । कत्ल मारे गए लोगों में ये दोनों भाई भी शामिल हैं ।

**टैलीविज़न देख रहे लोगों को मारा**

गांव में केवल 5-6 मकान ही सांसी समुदाय के हैं और उनसे काफी दूर 30-35 घर इसाइयों के हैं । दो उग्रवादियों ने सबसे पहले कलवंत सांसी के घर में फायरिंग की । उसके घर टैलीविजन लगा होने के कारण इसाई वहां टैलीविजन देख रहे थे । सांसी समुदाय के कई लोगों ने भाग कर जानें बचाईं ।

**ठीक समय पर सूचना न मिली**

पुलिस को गांव काली बाहमनियां के किसी निकटवर्ती गांव से सूचना मिली कि कहीं पास ही गोलियां चल रही हैं । तुरन्त पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारी भारी संख्या में फोर्स के साथ उधर के गांवों की ओर चले गए, तीन-चार गांवों में जांच के बाद घटनास्थल का उन्हें पता चला । घटनास्थल पर लाशें उठाने, अस्पताल लाने-ले जाना वाला कोई नहीं था । घटनास्थल से शव स्वयं पुलिस कर्मचारी मैटाडोर में डाल कर अस्पताल लेकर आए । अस्पताल में भी लाशें मैटाडोर से उतारने के लिए कोई कर्मचारी नहीं था ।

**गोली लगने से घायल**

गत रात पुलिस थाना सदर बटाला के गांव भूले सुनैया में गांव तारागढ़ निवासी ड्राइवर तरसेम लाल गोली लगने से घायल हो गया । उसे स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । श्री बिरदी ने बताया कि यह आतंकवादी घटना नहीं, पैसे के लेने-देन का मामला था । तरसेम लाल ने वी.सी.आर. का सौदा करके 11 हजार रुपया दिया था लेकिन बेचने वाले इसका 12500 रु. मांगते थे, जिस पर झगड़ा हो गया । सदर पुलिस ने गोगी व बिल्ला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है लेकिन अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी ।

**उग्रवादी गिरफ्तार**

**भटिंडा (ह.स.):** जिला भटिंडा की पुलिस ने एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है, जिसकी शिनाख्त गजेन्द्र सिंह के रूप में की गई है ।

**घर-घर की तलाशी**

**फगवाड़ा (कौड़ा):** आज तड़के पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों ने निकटवर्ती नसीराबाद में घेराबंदी की व चार घंटे तक घर-घर की तलाशी ली । पुलिस को संदेह था कि कुछ अपराधी इस क्षेत्र में आ छिपे हैं परन्तु कड़े परिश्रम के बाद पुलिस के हाथ कोई अपराधी न लग सका ।

**दम्पति लुट गया**

खोसला के अनुसार यहां से 12 किलोमीटर दूर माधोपुर के निकट एक स्कूटर सवार व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ जा रहा था कि दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने उन्हें धक्का मार कर गिरा दिया तथा उनकी सोने की चेन तथा 600 रुपए छीन कर

आज्ञा होगी । जिला मजिस्ट्रेट श्री सुधीर मित्तल ने आज यहां आदेश जारी करते हुए कहा है कि 35 अश्व शक्ति के मोटर साइकलों पर प्रात: 6 से रात्रि 8 बजे तक सिंगल सवारी की आज्ञा होगी जबकि बिना सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों के कारें केवल प्रात: 6 से रात्रि 7 बजे तक चलाई जा सकेंगी । पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, सार्वजनिक सभाओं, जलूस निकालने, सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेय एवं घातक शस्त्र ले जाने पर लगी पाबंदी को भी 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है ।

**ढाबे रात्रि 10 बजे बंद होंगे**

होटलों, हलवाई, कैमिस्ट, शराब, फल एवं सब्जियों, चाय, आईस क्रीम, स्नैक्स एवं अन्य पेय पदार्थों की दुकानें, बेकरियां, ढाबे, रेस्तरां, सिग्रेट, पान की दुकानें बंद करने का समय पूर्ववत: रात्रि 10 बजे रहेगा जबकि अन्य दुकानें 7.45 बजे बंद हो जाएंगी । सिनेमा का अंतिम शो रात्रि 9.30 बजे तक होगा । यह आदेश अप्रैल के अंत तक लागू रहेगा ।

**2 को घायल कर बंदूक छीनी**

आदमपुर से प्राप्त समाचार के अनुसार दो उग्रवादियों ने यहां के निकटवर्ती गांव कठार में दीदार सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर फायरिंग से दो लोगों को घायल कर दिया और एक दोनाली बंदूक छीन ली । घायलों की शिनाख्त दीदार सिंह (60) और सुरजीत सिंह (30) के रूप में की गई है । प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरजीत ने एक उग्रवादी से उसका रिवाल्वर छीन कर दूर फैंक दिया था ।

पुलिस के अनुसार उग्रवादी लगभग साढ़े आठ बजे दीदार सिंह के घर गए और उससे बंदूक मांगी । बंदूक देने से इन्कार करते ही वह उग्रवादियों से उलझ गया । इसी बीच उसका लड़का सुरजीत भी वहां पहुंच गया ।

उग्रवादियों से हाथापाई के दौरान उन्होंने दीदार सिंह की गर्दन और सुरजीत की छाती में गोलियां मारीं । डाक्टरों के अनुसार दीदार सिंह की हालत खतरे से बाहर है जबकि सुरजीत के बारे एक्सरे रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा ।

**रिवाल्वर छीना**

गोराया पुलिस स्टेशन के गांव ओला से साधु राम नामक व्यक्ति के घर से दो उग्रवादी उसका रिवाल्वर ले गए ।

**मोटर साइकल छीना**

**फगवाड़ा (ह.स.):** यहां के निकटवर्ती गांव पांडवा से दो उग्रवादी नरेन्द्रजीत सिंह से उसका मोटर साइकल छीन कर ले गए ।

**2 घुसपैठिए मारे, 2 पकड़े गए, जासूस गिरफ्तार**

**नई दिल्ली (वार्ता) :** सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने जम्मू एवं पंजाब क्षेत्र में भारत-पाक सीमा पर एक पाकिस्तानी जासूस, दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को पकड़ा तथा दो घुसपैठियों को मार गिराया । यहां सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार जवानों ने गत 24 फरवरी को सवेरे जम्मू क्षेत्र में एक घोषित अपराधी तथा एक पाक जासूस को पकड़ा । दूसरी घटना में पंजाब के ममदोट क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी को पांच घुसपैठियों की सूचना मिली । नाका पार्टी ने इन घुसपैठियों पर कड़ी नजर रखी और परिणामस्वरूप हुई मुठभेड़ में दो घुसपैठिये मारे गए और दो पकड़ लिए गए ।

Punjabi Sanatani

## मुठभेड़ में उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

उल्लेखनीय है कि इसे फायरिंग में हंसराज, उसके बेटे अशोक कुमार व एक अन्य विजय कुमार अरोड़ा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी ।

### तीन लोगों की हत्या

थाना कादियां के गांव मुरादपुर में आज रात छ: उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके तीन लोगों की हत्या कर दी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार मृतकों में दुकानदार सोहन लाल, तिलक राज और दौलत सिंह शामिल हैं ।

'वार्ता' के अनुसार उग्रवादी बटाला के निकटवर्ती गांव गोकलपुर के सरपंच चड़सिंह के घर गए और उसके लड़के दौलत सिंह को ट्रैक्टर द्वारा उन्हें गांव मुरादपुर छोड़ कर आने को मजबूर किया । वहां उग्रवादियों ने सोहन लाल, उसके लड़के और दौलत सिंह की हत्या कर दी ।

### स्कूटर व नकदी छीनी

**समराला (भारद्वाज):** कल सायं इस उपमंडल में माछीवाड़ा में स्थित कटियार फिलिंग स्टेशन पर बैठे सुरेश कुमार नामक सेल्जमैन से दो उग्रवादियों ने स्टेनगन की नोक पर 2500 रुपए छीन लिए ।

### स्कूटर छीना

गांव रत्तीपुर के जसबीर सिंह से बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.जे.यू. 4561 छीन कर फरार हो गए ।

### रेल पटरी पर बम

**सोनीपत (सिपरा, ह.स.):** यहां से लगभग 60 किलो मीटर दूर आजादपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेल पटरी पर बम पड़ा मिलने के कारण सोनीपत-दिल्ली मार्ग पर रेल यातायात कुछ घंटे निलम्बित रहा । सेना के विशेषज्ञों ने आकर बम को नकारा बनाया जिसके बाद रेल यातायात सामान्य हो पाया । सरकारी सूत्रों ने इस क्षेत्र में पुन: आतंक पैदा करने के उद्देश्य से इसमें उग्रवादियों का हाथ होने की सम्भावनाओं को रद्द नहीं किया ।

एक व्यक्ति ने रेल लाइन पर कल दोपहर बाद लाल गेंद जैसी कोई चीज पड़ी होने की सूचना रेलवे अधिकारियों को दी । उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता के अनुसार इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई । रेल मार्ग पर करीब एक घंटे यातायात ठप्प रहा ।

### बम नहीं था

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के एक प्रवक्ता के अनुसार बम जैसी कोई चीज कल उक्त स्थान से मिली थी । जांच करने पर पता चला कि वह बम नहीं था । सरकारी सूत्रों ने बताया कि रेल गाड़ी का इन्तजार कर रहे कुछ यात्रियों ने यह 'बम' देखा । उस समय डीलक्स एक्सप्रैस गुजर चुकी थी ।

### बैंक से 6300 लूटे

**फिरोज़पुर (ह.स.):** मल्लांवाला पुलिस स्टेशन के गांव ठठ्ठा से 5 उग्रवादियों ने सहकारी बैंक से 6300 रुपए लूट लिये ।

### स्कूटर छीना




तरनतारन के मंड क्षेत्र के गांव भोइया में गत दिवस एक ही परिवार के 8 लोगों की उग्रवादियों ने नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी । चित्र (1 से 8) परिवार के मृत सदस्यों के शव (9) सी.आर.पी. का एक अधिकारी दीवार पर गोली के निशान दिखाता हुआ । (10) एकत्र हुआ खून (11) चूल्हा जिसमें एक मृतक की जली हुई खोपड़ी दिखाई दे रही है (12-13)परिवार के बचे हुए सदस्य, जिन्होंने घर के पिछले दरवाजे से भाग कर जान बचाई, विलाप करते हुए (14-15) जलाए गए 2 मकानों को देखते हुए लोग (16) जल कर गिरी छत और अन्य सामान (17) उग्रवादियों ने थ्रैशर भी जला दिया (18-19-20-) घर में कोई सामान न बच सका । जला हुआ सामान व मांस के जले हुए टुकड़े ।

(फोटो : रवि भंडारी)

लड़ाई जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया और उग्रवादियों तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा की ।

**29 अप्रैल तक प्रतिबंध**

अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट श्री सरबजीत सिंह ने उग्रवादियों की बढ़ रही गतिविधियों के दृष्टिगत जिला भर में धारा 144 के अंतर्गत कुछ आदेश जारी करके 29 अप्रैल तक प्रतिबंध लगाए हैं ।

एक आदेशानुसार जिला भर में मोटर साइकल, स्कूटर और मोपेड इत्यादि पर दोहरी पुरुष सवारी बैठने पर पाबंदी लगा दी गई है ।

जिला भर में लाऊड स्पीकरों पर आपत्तिजनक टेप चलाने, बिना अनुमति के लाऊडस्पीकर प्रयोग करने व आपत्तिजनक नारे लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

आग्नेय व अन्य हथियार लेकर चलने, जलसे-जलूस, प्रदर्शन या पांच लोगों के एक स्थान पर एकत्रित होने पर भी रोक लगा दी गई है ।

अमृतसर नगर निगम के क्षेत्र में जायदाद बेचने या किराए पर देने वालों को निकटवर्ती थाना में खरीदार या किराएदार का नाम दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं ।

जिला की भरत-पाक सीमा पर 500 मीटर की सीमा पट्टी में सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक हर तरह की गतिविधि पर पाबंदी लगा दी गई है लेकिन बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., कस्टम और सेना के जवानों पर यह आदेश लागू नहीं होगा ।

एक अन्य आदेश द्वारा जिला भर में सभी दुकानें सायं 7 बजे बंद करने का आदेश दिया गया है लेकिन वीडियो कैसेट की दुकानें रात 8 बजे और रैस्टोरेंट, ढाबे, बेकरी, हलवाई तथा शराब के ठेके रात 10 बजे तक खुले रह सकेंगे । इस आदेश के अंतर्गत सिनेमा शो भी रात साढ़े नौ बजे तक ही दिखाए जा सकेंगे ।

जिला भर में सभी रूटों पर बसों के चलाने पर सायं साढ़े सात बजे से प्रातः साढ़े पांच बजे तक पाबंदी लगा दी गई है ।

**जासूस व शरणदाता गिरफ्तार**

**गुरदासपुर (ह.स.):** जिला पुलिस ने एक पाकिस्तानी जासूस और उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में दो भाइयों अमरीक सिंह और दर्शन सिंह को गिरफ्तार किया है । जासूस से पाकिस्तानी करंसी भी बरामद हुई है ।

**10-12 हिरासत में**

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार गत दिवस थाना हरगोबिंदपुर के गांव मंड में हुए हत्या कांड के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए 10-12 लोगों को हिरासत में लिया है । उग्रवादियों को पकड़ने के लिए पूरे क्षेत्र की नाकाबंदी की गई है । शव पोस्ट मार्टम के बाद वारिसों के हवाले कर दिए गए हैं ।

**मजदूरों ने उग्रवादी दबोचे**

**पटियाला (भूषण):** कल बाद दोपहर यहां से 17 किलोमीटर दूर भट माजरा गांव में लूटमार के लिए आए दो सशस्त्र उग्रवादियों को एक ईंटों के भट्ठा के मजदूरों ने दबोच लिया । प्राप्त विवरण के अनुसार एक कार आई जो भट्ठा के निकट दो उग्रवादियों को उतार कर चली गई । यह लोग भट्ठा के कार्यालय में घुस गए जहां भट्ठा मालिक का लड़का दीपक कुमार सिंगला (28 वर्ष) मौजूद था । उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखा कर उसे माल देने को कहा । सिंगला ने अपनी जेब से 60 रुपए उन्हें दे दिए । उन्होंने दराज की तलाशी ली लेकिन ...

'कौड़ा' के अनुसार आज तड़के पुनः पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों ने निकटवर्ती गांव पलाही में तीन घंटे तक घेराबंदी की व घर-घर की तलाशियां लीं । फगवाड़ा सबडिवीजन में एक मास में इस सातवें तलाशी अभियान में भी पुलिस को कोई संदिग्ध व्यक्ति हाथ नहीं लग सका व कड़े परिश्रम के बाद किसी व्यक्ति की भी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

**स्कूटर छीना**

**जालंधर (ह.स.):** नकोदर पुलिस स्टेशन के गांव सैनीवाला के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर निर्मल सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया ।

जिला जालंधर में सुरक्षा बलों ने दो दुर्दांत उग्रवादियों गुरदावर सिंह उर्फ गब्बू पुत्र नसीब सिंह तथा चरणजीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह जट निवासी उमराय, पुलिस स्टेशन नूरमहल को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 12 बोर की दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

दोनों उग्रवादियों ने अगस्त 1986 में नूरमहल थाना के गांव अधे कली के हरबंस सिंह से बंदूक छीनी थी और गत फरवरी में इसी गांव के खुशविंदर सिंह की हत्या की थी ।

**बम की अफवाह**

जिला कचहरी परिसर में खड़े एक स्कूटर की तारें खुली होने के कारण पूरे क्षेत्र में आतंक फैल गया और दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानें बंद कर दीं । पता चला है कि किसी ने उसमें टाइम बम होने की अफवाह फैला दी, जिससे यह आतंक फैला । पुलिस ने लगभग एक घंटे तक पूरी सड़क 'सील' किए रखी ।

आतंक उस समय समाप्त हुआ जब स्कूटर का मालिक एक मैकेनिक को साथ लेकर वहां पहुंचा । स्कूटर में खराबी के कारण वह स्कूटर वहीं छोड़ कर मैकेनिक को लेने चला गया । उसकी पत्नी उपायुक्त के कार्यालय में कार्यरत है और वह उसे छोड़ने आया था ।


**4 पकड़े**

**फगवाड़ा (खोसला):** थाना सदर पुलिस ने कई जगहों पर छापे मार कर 3 संदिग्ध उग्रवादियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है । इन पर उग्रवादियों को शरण देने और उन्हें शस्त्रास्त्र उपलब्ध कराने का आरोप है । एक और उग्रवादी को भी हिरासत में लिया गया है जिस पर फगवाड़ा और इर्द-गिर्द में 'गम्भीर घटनाएं' करने का आरोप है । इन चारों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है । कौड़ा के अनुसार आज प्रातः पुलिस और सुरक्षा बलों ने गांव प्लाही में घर-घर की तलाशी ली लेकिन किसी को नहीं पकड़ा गया ।

**पुणे (वार्ता):** न्यायाधीश वी.एल. रुईकर की अदालत ने जनरल अरुण श्रीधर वैद्य हत्या कांड के एक अभियुक्त बलजिंदर सिंह के नाम यहां एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया । समझा जाता है कि वह फ्रांस में है ।

अदालत ने विशेष सरकारी वकील की उस याचिका पर गत सोमवार को यह वारंट जारी किया जिसमें कहा गया था कि बलजिंदर सिंह की गिरफ्तारी के लिए इंटर पोल को इस आशय के वारंट की जरूरत है । बलजिंदर राजस्थान के गंगापुर जिले का निवासी है और वह राजू, राजकमार शर्मा, गांगली तथा बाली नामों से भी जाना जाता है ।

आरोप है कि सुखदेव सिंह, सुखा, सुखजिंदर सिंह सुखी तथा बलजिंदर सिंह जनवरी 1986 को पुणे ...



(1) होशियारपुर के निकटस्थ गांव कारसाहरी का वह ठाकुरद्वारा जहां वीरवार रात को उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 38 लोगों की हत्या कर दी और बहुत से लोग घायल कर दिए । (2) ठाकुरद्वारे में बना वह कुआं जिसमें कूद कर कई लोगों ने जान बचाई, (3) वह दीवार जिसे तोड़ कर लोग जान बचाने को भागे, (4) ठाकुरद्वारे की इमारत पर लगी गोलियों के निशान, (5, 6) हत्याकांड के बाद बिखरा हुआ खून । (7 से 10) मृतकों के शव, (11, 12) बिलखते परिवार, (13) हत्याकांड के विरोध में होशियारपुर बंद का दृश्य । (छाया : प्रद्युम्न, पंजाब केसरी)

# कारी-साहरी हत्याकांड के विरुद्ध पंजाब बंद

चंडीगढ़, 5 मार्च (ह.स.): कारी-साहरी हत्याकांड के विरोध में आज पंजाब बंद का कहीं पूर्ण तो कहीं आंशिक असर रहा । सरकारी सूत्रों के

अमृतसर के पुराने शहर में बंद पूर्ण रहा किन्तु सिविल लाइन क्षेत्र में यह आंशिक रहा । जालन्धर जिले में भी बंद का असर मिला-जुला रहा ।

कामकाज हुआ लेकिन कुछ क्षेत्रों में यातायात प्रभावित हुआ । बंद के अवसर पर पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किए गए थे ।

# सी.आर.पी. जवान, 3 पुलिस कर्मियों, होमगार्ड जवान समेत 13 व्यक्तियों की निर्मम हत्या

## विवाह समारोह की गायक पार्टी पर अंधाधुंध फ़ायरिंग : 4 मरे और 1 घायल

# बंगा का थानेदार हमले में घायल, 6 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ, 8 मार्च (ह.स.): उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के गांव सखीरा में दो पुलिस कर्मचारियों सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस व सुरक्षा बलों ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । जिला जालन्धर में एक विवाह समारोह में शामिल महिला सहित गायक पार्टी के 4 सदस्यों की उग्रवादियों ने हत्या कर दी और 50 हजार का सामान लूट लिया जबकि सुरक्षा बलों ने एक दुर्दांत उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया । नकोदर में उग्रवादी एक व्यक्ति से ट्रैक्टर छीन कर ले गए । तलाशी के दौरान पुलिस व सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा क्षेत्र में 2 लोगों को हिरासत में लिया । जिला होशियारपुर में उग्रवादियों ने एक घर से बहुमूल्य सामान व कुछ नकदी छीन ली । जिला संगरूर में उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की एक टुकड़ी पर हमला करके एक जवान की और जिला पटियाला में एक मिल कर्मचारी की हत्या कर दी तथा दो स्कूटर छीन लिए ।

आज रात उग्रवादियों ने बंगा के पास हमला करके बंगा के एस. एच. ओ. को घायल कर दिया जबकि उनके गनमैन, एक होमगार्ड समेत 3 लोगों की हत्या कर दी ।

**2 पुलिस कर्मियों सहित 4 की हत्या**

**अमृतसर (वि.प्र, वार्ता, ह.स.):** अमृतसर पुलिस के अनुसार छः-सात आतंकवादियों के एक गिरोह ने रात लगभग साढ़े बारह बजे तरनतारन सदर थाने के सखीरा गांव में स्थित दसौंदा सिंह के मकान पर धावा बोला और इंस्पैक्टर 55 वर्षीय दसौंदा सिंह, उनके साले संतोख सिंह और हैड कांस्टेबल गुरमुख सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । दसौंदा सिंह की पत्नी पलविन्दर कौर और उनका एक अन्य साला साधु सिंह गंभीर रूप से घायल हुए ।

श्री दसौंदा सिंह को रोपड़ में केंद्रीय गुप्तचर ब्यरो के इंस्पैक्टर के तौर पर नियुक्त किया गया था और गुरमुख सिंह जालंधर में पंजाब सशस्त्र पुलिस से सम्बद्ध था । ये लोग परिवार में एक समारोह के सिलसिले में इन दिनों छुट्टी पर थे ।

आतंकवादी चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलों जैसे घातक हथियारों से लैस थे । घटनास्थल से अनेक खाली कारतूस मिले हैं । घायलों को अमृतसर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

**भौलिया में हत्या**

आज सायं घरिंडा थाना के गांव भौलिया में उग्रवादियों ने भजन सिंह नामक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

**किसान की हत्या**

एक अन्य घटना में चीनी असाल्ट राइफलों से लैस पांच आतंकवादियों के एक गिरोह ने वल्टोहा थाने के कालंगर गांव में एक किसान महल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एस.पी. डिटैक्टिव श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव सखीरा में लम्बे समय से धड़ेबंदी चली आ रही है और मृतक दसौंदा सिंह व उसके रिश्तेदार एक गुट का साथ देते थे । इसलिए आशंका व्यक्त की जा रही है कि दूसरे गुट ने उग्रवादियों की सहायता लेकर इनकी हत्या कराई हो । श्री सिंह ने बताया कि उग्रवादियों ने जाते ही गोलियों की बौछार कर दी और दसौंदा सिंह व उसके भतीजे को जवाबी फायरिंग का अवसर ही नहीं दिया ।

**तीन उग्रवादी गिरफ्तार**

जिला अमृतसर पुलिस ने तीन उग्रवादियों सुरजीत सिंह, बलविंदर सिंह और जीवन को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एच.ई. 36 किस्म के चार हैंडग्रेनेड बरामद किए हैं ।

**4 की हत्या**

**जालंधर (न.न.ए.):** आज दोपहर पश्चात् दो बजे थाना नूरमहल के गांव मेहसमपुर में तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक बारात पर अंधाधुंध फायरिंग करके चार लोगों की हत्या कर दी और एक को गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त गांव में एक बारात आई हुई थी और लोग खाना खाने में व्यस्त थे । बारात वालों की ओर से अपने साथ गाने-बजाने वाली एक पार्टी भी लाई गई थी । एक ओर बारात खाना खा रही थी तो दूसरी ओर राग-रंग का प्रोग्राम चल रहा था । लोग तल्लीन होकर सुन रहे थे । अचानक तीन स्कूटर सवार उग्रवादी वहां आए और उन्होंने आते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । उनका निशाना मंच पर था जिससे गाने वाली पार्टी 'चमकीला' का लीडर अमर सिंह चमकीला साथी औरत अमरजोत, बलदेव सिंह ढोलकी मास्टर और हरजीत सिंह हारमोनियम मास्टर घटनास्थल पर ही मारे गए, जबकि उनके पास खड़ा लाल चंद गंभीर घायल हो गया । उसे सिविल अस्पताल फिल्लौर में दाखिल करादिया गया है । सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । पुलिस और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है लेकिन अभी तक किसी अभियुक्त का कोई पता नहीं चला ।

गोराया से 'सेहरा' के अनुसार गायक पार्टी अभी कार से उतर रही थी कि उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग कर दी । गायक पार्टी के 6 सदस्यों में से 4 की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घायल को फगवाड़ा के अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

पता चला है कि चमकीला को धमकी भरे पत्र मिला करते थे कि वह अश्लील गीत न गाए ।

**बंदूक छीनी**

गांव लिद्दड़ां में स्टेनगन और पिस्तौल से लैस स्कूटर पर आए तीन उग्रवादियों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के स्वर्गीय सदस्य महेंद्र सिंह के घर, उसके लड़के हरजिंदर सिंह से 12 बोर की बंदूक मांगी और उसके 20 कारतूस छीन कर फरार हो गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**सामान लूटा**

जालंधर के मुहल्ला सत करतार में आज चार दुकानों से पचास हजार रुपए का सामान लूट लिया गया ।

**उग्रवादी गिरफ्तार**

जिला जालंधर में सुरक्षा बलों ने एक दुर्दांत उग्रवादी जरजॉन सिंह उर्फ जौना पुत्र ज्ञान सिंह

(शेष पृष्ठ 6 पर)



*फिल्लौर के निकटवर्ती गांव मे हसमपुर में मंगलवार को उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 4 लोक गायकों अमर सिंह चमकीला और उसके 3 साथियों की हत्या कर दी । (1) अमर सिंह चमकीला, (2) अमरजोत, (3) बलदेव सिंह, (4) रणजीत सिंह गिल के शव । (5) विवाह वाला घर, जहां फायरिंग की गई, (6) घायल लोक गायक लाल चंद सिविल अस्पताल फिल्लौर में, (7) वह कार जिसमें से वारदात के समय लोक गायक अपने साज निकाल रहे थे ।* (छाया : तरसेम)

# उग्रवादियों द्वारा पंजाब में 11 लोगों की हत्या, 1 उग्रवादी व 1 घुसपैठिया मुठभेड़ों में मरे

## अदालत को ले जाए जा रहे उग्रवादी को उसके साथी छुड़ा ले गए

# मानोचाहल पुलिस के घेरे से फिर बच निकला

चंडीगढ़, 9 मार्च (ह.स.): पंजाब में उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके 11 लोगों की हत्या कर दी, दो कारें व एक स्कूटर छीन लिया तथा एक उग्रवादी जिसे अदालत में रिमांड प्राप्त करने के लिए ले जाया जा रहा था, को उसके साथी पुलिस से छुड़ा कर ले गए। सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक घुसपैठिया और एक उग्रवादी मारा गया जबकि 10 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस वर्ष प्रथम जनवरी से अब तक पंजाब में 504 लोगों की हत्या की जा चुकी है।

**3 की हत्या**

**कपूरथला (शर्मा)** : आज रात 8 बजे भुलत्थ के निकटस्थ गांव भगवानपुर में कुछ उग्रवादियों ने, जो एक मारुति कार में आए, एक व्यक्ति साधु सिंह के घर में दाखिल होकर अंधाधुंध फायरिंग की जिसके परिणाम स्वरूप एक महिला व 2 पुरुष मारे गए तथा एक अन्य महिला सख्त घायल हो गई। मृतकों में नरेन्द्र कौर, बलबीर सिंह और सुरेन्द्र सिंह शामिल हैं।

बाद में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार घायल होने वाली महिला का नाम सुरेन्द्र कौर है और उसे गम्भीर हालत में कपूरथला के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

**उग्रवादी मरा**

**अमृतसर (वार्ता, वि.प्र., ह.स.)**: पंजाब के अमृतसर जिले में कल रात सुरक्षा बलों से एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ लोपोके थाना क्षेत्र के बोपराए बा सिंह गांव में हुई। पुलिस मारे गए आतंकवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं कर सकी है।

पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त नाका दल ने चार आतंकवादियों को देख उन्हें रुकने के लिए कहा। इस पर आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि उसके तीन साथी भाग निकले।

पुलिस के अनुसार घटनास्थल से एक बारह बोर की बंदूक, चार कारतूस और ए.के. 47 राइफल के करीब एक दर्जन प्रयुक्त कारतूस मिले हैं।

**7 की हत्या**

आज स्थानीय क्षेत्र कोट खालसा में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो महिलाओं सहित 5 लोगों की हत्या कर दी। मृतकों की शिनाख्त बृज मोहन, श्री परमानंद की पत्नी भागवंती, बृज मोहन की पत्नी शशि कांता, वीर सिंह और राजवंत सिंह के रूप में की गई है।

प्राप्त विवरण के अनुसार 5-6 सशस्त्र उग्रवादी कोट खालसा में भूतपूर्व सरपंच एवं सी.पी.आई. के सक्रिय कार्यकर्ता श्री अवतार सिंह के घर गए और उनकी तथा उनके लड़के राजवन्त की हत्या कर दी। इसके बाद उग्रवादियों ने श्री अवतार सिंह के किराएदार श्री बृज मोहन, उनकी पत्नी शशि कांता और माता भागवंती की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए।

मजीठा पुलिस स्टेशन के गांव कोकेवाल के स्कूल में दो उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके दो लोगों की हत्या कर दी। मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई।

अजनाला पुलिस स्टेशन के गांव छीना शहबाज़ में उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके दो व्यक्तियों केवल सिंह और हरदेव सिंह को घायल कर दिया।

**साहसी युवकों ने उग्रवादी पकड़ा**

कम्युनिस्ट नेता श्री सतपाल डांग ने सूचना दी है कि गत दिवस राम बाग क्षेत्र के तीन-चार हिन्दू-सिख दुकानदारों ने मिल कर एक उग्रवादी को शहर के बाहर उस समय काबू कर लिया, जब वह धमकी भरे लिखे पत्र के अनुसार 25 हजार रुपए की राशि लेने आया था।

प्राप्त विवरणानुसार राम बाग अमृतसर की एक फ़र्म मैसर्ज़ हरबंस लाल माया प्रकाश को एक धमकी भरा पत्र मिला था कि वह 8 मार्च को प्रातः नौ बजे 25 हजार रुपए शहर से बाहर एक स्थान पर लेकर आए, नहीं तो उनका परिवार समाप्त कर दिया जाएगा। इस पर फर्म के मालिक श्री पुरुषोत्तम लाल ने अपने मित्र दुकानदारों से विचार-विमर्श किया और सभी ने यह फैसला किया कि इस उग्रवादी को छुप कर काबू कर लिया जाए।

इसके बाद बलविंदर सिंह, संतोख सिंह, शाम सुन्दर और पुरुषोत्तम लाल निर्धारित स्थान पर चले गए। दोनों सिख युवक एक ऐसे स्थान पर छिप गए जहां से वे नज़र न आएं। इसी दौरान एक मारुति कार वहां आई और उसकी पिछली सीट से उतर कर एक युवक बाहर आया। कार से उतर कर वह इधर-उधर देखने लगा। इसी दौरान छिपे हुए बलविंदर सिंह ओर संतोख सिंह ने दौड़ कर उसे 'जफ्फा' मार लिया और उसकी पिटाई करने लगे। इतने में सी.आर.पी. की एक पार्टी वहां पर पहुंच गई और उग्रवादी को उसके हवाले कर दिया गया।

उग्रवादी को पकड़ने वाले साहसी युवकों पर बाद में दबाव डाला गया कि वह यह कहें कि उग्रवादी को सुरक्षा बलों ने काबू किया है, परन्तु ये युवक सच्चाई बताना चाहते थे इसलिए वे कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में सूचना देने गए।

सारी बात सुनकर सहायक सचिव श्री रिपुदमन सिंह घटनास्थल पर गए और उन्होंने भी आकर यही रिपोर्ट दी कि उग्रवादी को काबू करने का श्रेय उन युवकों को ही मिलना चाहिए।

पुलिस इस उग्रवादी को पूछताछ के लिए ले गई है। उसने पुलिस को बताया कि वह करनाल का रहने वाला है। वह बस अड्डे के पास एक होटल में ठहरा था जहां उसने अपना पता सिरसा का दिया। उसने 200 रुपए में टैक्सी के तौर पर मारुति कार किराए पर ली थी। उससे जो कागज़-पत्र मिले हैं, उनसे पता चलता है कि उसने हाल बाजार की दो फर्मों को भी ऐसे ही धमकी भरे पत्र लिखे हैं, जिनमें 25-25 हजार रुपए मांगे गए। एक पत्र में 12 बजे दोपहर और दूसरे में तीन बजे बाद दोपहर का समय दिया गया था।

इसी बीच हरीके पुलिस थाने के रूड़ावाला गांव के पास कल शाम कुलदीप सिंह नामक व्यक्ति को 12 बोर की बंदूक सहित संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए गिरफ्तार किया गया।

'नारंग' के अनुसार शव के पास से एक रिवाल्वर तथा 5 कारतूस मिले।

**कार छीनी**

गत रात आठ बजे के लगभग वेरका पैट्रोल पम्प पर जब रविन्द्र सिंह कादियां निवासी अपनी मारुती कार नम्बर पी.सी.एम. 7100 में पैट्रोल डलवा रहा था कि दो आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर कार छीन कर ले गए।

**स्कूटर छीना**

आज प्रातः 9 बजे के लगभग मजीठा रोड पर से श्री इन्द्र सैन का बजाज चेतक स्कूटर दो उग्रवादियों ने रिवाल्वर की नोक पर छीन लिया तथा फरार हो गए। फरार होने से पहले इन्द्र सैन से 800 के लगभग रुपया भी छीन कर ले गए।

**अपहरण के बाद हत्या**

जिला अमृतसर में वल्टोहा गांव के पास पिछली रात कुछ आतंकवादियों ने कश्मीर सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी 23 वर्षीय कश्मीर सिंह का अपहरण करके उसे एक सुनसान जगह ले गए थे। वहां से आज सुबह केंद्रीय रिजर्व पुलिस के एक गश्ती दल ने कश्मीर सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया।

शव के पास एक नोट पड़ा था जिसमें कश्मीर सिंह को पुलिस का मुखबिर बताया गया था। इसके अलावा मौके से स्टेनगन के सात खाली कारतूस मिले।

**मानोचाहल बच निकला**

पंथक कमेटी का सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल सरहाली पुलिस स्टेशन के मंड क्षेत्र के गांव चोहला साहब में पुलिस के हाथों बच निकलने में सफल हो गया। अमृतसर के जिला पुलिस प्रमुख श्री इजहार आलम ने बताया कि मानोचाहल उस मारुति कार में था जो 4-5 उग्रवादियों ने चोहला साहब से छीनी थी। तीन पुलिस कर्मचारियों ने कार पर फायरिंग की परन्तु उसमें सवार उग्रवादी कार छोड़ कर भाग गए। कम से कम दो उग्रवादियों को गोलियां लगीं।


श्री आलम ने बताया कि जांच से पता चला है कि कार में मानोचाहल और उसके साथी थे। बाद में पुलिस ने बहुत से गांवों को सील करके उग्रवादियों को पकड़ने के दृष्टिगत अभियान चलाया परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

**मुठभेड़ के बाद 3 द्वारा आत्म-समर्पण**

**बटाला (कोछड़, ह.स.)**: गत रात स्थानीय सिटी पुलिस व सीमा सुरक्षा बल ने नाका के दौरान लूटमार करने वाले तीन संदिग्ध युवकों को हथियारों सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। जिला गुरदासपुर पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने आज यहां पत्रकारों को बताया यह मुठभेड़ स्थानीय बी.यू.सी. कालेज अनारकली क्षेत्र में आधी रात के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

की हत्या कर दी । (1) हत्या वाले स्थान पर बिखरा रक्त (बाएं इन्सैट) धर्मपाल और (दाएं) गिरधारी लाल के पुराने चित्र, (2) मृतकों के परिवार के सदस्य शोक में डूबे हुए दिखाई दे रहे हैं ।
(छाया : जसपाल)




बुधवार की रात्रि को उग्रवादियों ने थाना भुलत्थ के गांव भगवानपुर में एक स्त्री सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । (1) मृतक दलबीर सिंह, (2) सुरेन्द्र सिंह, (3) सुरजीत कौर (इन्सैट पुराने चित्र), (4) वह कमरा जहां तीनों की हत्या की गई, (5) फायरिंग में घायल एक स्त्री सुरेन्द्र कौर अस्पताल में दाखिल है । (6) मृतका के परिवार के शोक संतप्त सदस्य, (7) वह मकान, जहां फायरिंग हुई ।
(छाया : शर्मा, गोगना)




गत दिवस धूरी के निकट उग्रवादियों द्वारा मारे गए सी.आर.पी. के जवान एन. मनिराम (इन्सैट) के पार्थिव शरीर को अग्नि देते हुए संगरूर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ।
(छाया : सिंगला)



कोट खालसा, अमृतसर में उग्रवादियों ने पांच व्यक्तियों की गत रात हत्या कर दी, जिनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य (1) बृज मोहन, (2) उसकी पत्नी शशि कांता और (3) मां भगवती शामिल हैं । (4, 5, 6) जहां तीनों की हत्याएं की गईं, उन स्थानों पर खून का ढेर । (7) उक्त परिवार के तीन बच्चे जिनके मां-बाप और दादी मारे गए । (8) परिवार के शोकग्रस्त सदस्य । दो अन्य मृतकों में (9) भू.पू. सरपंच वीर सिंह और उसका पोता । (10) राजवंत सिंह । इनसैट में दोनों के पुराने चित्र । (11, 12) हत्या के स्थानों पर बिखरा खून और (13, 14) रिश्तेदार एवं सगे-सम्बन्धी विलाप करते हुए । (छाया : रवि भंडारी)



संदिग्ध उग्रवादियों ने वीरवार को गांव मैसमपुर में 2 व्यक्तियों गिरधारी लाल और धर्मपाल की हत्या कर दी । (1) हत्या वाले स्थान पर बिखरा रक्त (बाएं इन्सैट) धर्मपाल और (दाएं) गिरधारी लाल के पुराने चित्र, (2) मृतकों के परिवार के सदस्य शोक में डूबे हुए दिखाई दे रहे हैं । (छाया : जसपाल)



बधवार की रात्रि को उग्रवादियों ने थाना भुलत्थ के गांव भगवानपुर में एक स्त्री सहित तीन

# ...प्रश्न ही पैदा नहीं होता : रिबैरो

विचार है कि क्योंकि भाई जसबीर सिंह की रिहाई के बाद हत्याएं बंद नहीं हुई हैं अतः इससे पंजाब सरकार की आशाओं को कुछ धक्का लगा है । भाई

अनुशासन व शांति को बहाल किया जा सके ।

उन्होंने पंथक एकता की बात बार-बार कही है । यह भी पहला अवसर है कि सभी उग्रवादी

## पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

फायरिंग करके दलबीर सिंह और सुरिन्दर सिंह की हत्या कर दी । उनकी (अवतार सिंह की) पत्नी सुरजीत कौर उर्फ निर्मल कौर मकान से टैलीफोन करने लगी तो उसे भी गोलियों से भून दिया तथा उसकी डेढ़ साला बच्ची अलग कर दी और मृतक दलबीर सिंह की पत्नी सुरेन्द्र कौर के कंधे में गोली मारकर उसे घायल कर दिया जो कपूरथला के सिविल अस्पताल में दाखिल है । आतंकवादी घर में बचे तीन मासूम बच्चों से अवतार सिंह उर्फ फौजी, बलबीर सिंह और साधु सिंह के बारे में पूछते रहे, मगर ये लोग घर में न होने के कारण बच गए ।

आतंकवादियों ने घर में 12 बोर की लाइसैंसी बंदूक के बारे में नहीं पूछा और लाइसैंसी रिवाल्वर श्री साधु सिंह के पास था । अवतार सिंह ने विचार व्यक्त किया कि ये आतंकवादी घर के सभी सदस्यों को इकट्ठा होने की प्रतीक्षा करते रहे थे । दलबीर सिंह को दो, सुरिन्दर सिंह को तीन और निर्मल कौर को पांच गोलियां लगीं । पुलिस के अनुसार ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों का इस्तेमाल हुआ है । गोलियां दीवारों में भी लगी हैं । दस चली हुई और तीन अनचली गोलियां घटनास्थल से मिली हैं । क्षेत्र में काफी आतंक है ।

### 2 उग्रवादियों को पीट-पीट कर मार डाला

जगराओं (वियोग जगरांवी): आज शाम चार बजे यहां लोगों ने दो आतंकवादियों को पीट-पीट कर उस समय मार डाला जबकि वे मिसरपुरा बाजार में एक सर्राफ जसवन्त राय की दुकान को लूटने की नियत से आए थे व गोली चला कर भाग रहे थे । दोनों की पहचान नहीं हो सकी है । पुलिस इस सम्बन्ध में जांच कर रही है ।

लुधियाना से धीमान, महिन्द्रा और मुसाफिर की सूचना है कि जगराओं में लोगों ने जिन दो उग्रवादियों को मार डाला, यह उग्रवादी अत्तू चौक जगराओं में एक सुनार की दुकान पर शाम पांच बजे आए और पिस्तौल दिखाकर उसे जो कुछ भी उसके पास है, उनके हवाले कर देने को कहा । सुनार ने एक उग्रवादी को धक्का मारा तथा शोर मचा दिया । आस-पड़ोस के दुकानदार व अन्य लोग डंडे तथा सरिये लेकर उन दोनों उग्रवादियों पर टूट पड़े तथा उन्हें वहीं मार डाला । एस.एस.पी. ए.पी. पांडे ने बताया कि जब उग्रवादी दुकान में दाखिल हुए तो वहां बाप, बेटा बैठे थे । वे उग्रवादियों के साथ गुत्थमगुत्था हो गए । एक उग्रवादी ने गोली चला दी जो कि दीवार में लगी । इसी दौरान बाप, बेटे ने शोर मचा दिया जिससे लोग इकट्ठे हो गए जिन्होंने ईंट, पत्थर मारकर दोनों उग्रवादियों को वहीं धराशायी कर दिया । घटनास्थल से 315 बोर का पिस्तौल व एक कारतूस मिला ।

### बल्ली को पंजाब लाया जाएगा

बटाला से प्राप्त समाचारों के अनुसार दुर्दांत उग्रवादी बलजीत सिंह उर्फ बल्ली जिस पर 50 हजार रुपए का इनाम है तथा जो लगभग 20 उग्रवादी घटनाओं में वांछित था, को मध्य प्रदेश की सागर जेल से 20 मार्च को पंजाब में स्थानांतरित किया जा रहा है । वह वहां रासुका के अन्तर्गत बंदी था । उसके विरुद्ध फरीदकोट व गुरदासपुर जिलों में अनेक केस दर्ज हैं ।

## साहरी हत्याकांड के दो और

# उग्रवादी को लोगों ने पीट कर मार डाला, सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में तस्कर मरा

## भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र व विस्फोटक बरामद, 11 उग्रवादी गिरफ्तार

## बटाला के पास एक हत्या, होशियारपुर के पास शव मिला

चंडीगढ़, 12 मार्च (ह.स.): सुरक्षा बलों ने भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र से भारी मात्रा में गोली-सिक्का व विस्फोटक सामग्री बरामद की । यह सामग्री पंजाब में उग्रवादियों को सप्लाई की जानी थी । इसे ला रहे 4 तस्करों में से एक मुठभेड़ में मारा गया जबकि तीन वापस पाकिस्तान भागने में सफल हो गए । बटाला के पास उग्रवादियों ने आज रात एक व्यक्ति की हत्या कर दी । बाघापुराना के पास एक उग्रवादी को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । उग्रवादियों ने भटिंडा जिला में एक भट्ठा मालिक से उसका स्कूटर व 9500 रुपए और जिला गुरदासपुर में एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया । सुरक्षा बलों व पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों से 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । जिला होशियारपुर में एक युवक का शव मिला ।

### एक उग्रवादी मरा

बाघापुराना (ज्ञान): बाघापुराना के निकटवर्ती गांव निकाहके में आज शाम छः बजे एक व्यक्ति कुलवंत सिंह का घर लूटने आए दो आतंकवादियों में से एक को लोगों की क्रुद्ध भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला जबकि उसका दूसरा साथी बच कर भाग गया । बताया जाता है कि स्कूटर पर सवार दोनों आतंकवादी कुलवंत सिंह के घर में जा घुसे और उन्होंने पिस्तौल की नोक पर परिवार वालों से कीमती सामान उनके हवाले कर देने को कहा । परिवार के लोगों ने हिम्मत करके एक आतंकवादी को पकड़ लिया और दूसरों ने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिसे सुन कर आसपास के लोग जमा हो गए और उन्होंने दोनों आतंकवादियों को घेर लिया । एक तो उनकी मारपीट का शिकार होकर मर गया जबकि दूसरा किसी तरह भाग गया । मृतक से एक पिस्तौल और कारतूस मिले ।

### बम मिला

अमृतसर (वि.प्र., ह.स.): अमृतसर शहर के बाहर तेग बहादुर गांव में आज सुबह एक देसी बम पड़ा मिला । सुरक्षा बल ने मौके पर जाकर बम को नाकाम कर दिया । पुलिस के अनुसार यह एक टाइम बम था और उसके फटने पर व्यापक नुक्सान हो सकता था ।

### तस्कर मरा

सीमा सुरक्षा बल ने आज तड़के भारत-पाकिस्तान सीमा के अजनाला क्षेत्र में बुर्ज गांव के निकट मुठभेड़ के बाद चार तस्करों से बड़ी मात्रा में हथियार, कारतूस और विस्फोटक बरामद किए । सीमा सुरक्षा बल के उपमहानिरीक्षक भारत भूषण ने सम्वाददाताओं को बताया कि मुठभेड़ में एक तस्कर मारा गया, जो सम्भवतः पाकिस्तानी था । तीन अन्य भागने में सफल हो गए ।

तस्करों ने पाकिस्तानी क्षेत्र में पहुंचने के बाद सीमा सुरक्षा बल के जवानों पर तीन गोलियां चलाईं, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ ।

श्री भारत भूषण ने बताया कि पकड़े गए सामान में एक 32 बोर का विदेशी पिस्तौल, 2319 कारतूस जिनमें ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफल के 2022 कारतूस, 297 कारतूस 32 बोर के, ए.के. असाल्ट राइफल के 16 खाली मैगजीन, 40 डैटोनेटर (20 इलैक्ट्रानिक), 20 किलो प्लास्टिक विस्फोटक, 25-25 मीटर तार के दो क्वायल, 18 मीटर सेफ्टी फ्यूज, 6 सैल वाली टार्च और दर्रे में बना एक नया पिस्तौल शामिल है । यह सारा सामान रक्सियन व कपड़े के तीन थैलों में बंद था ।

श्री भारत भूषण ने बताया कि तस्कर भारी वर्षा के दौरान वाटरप्रूफ थैलों में हथियार ले जा रहे थे । ये पाकिस्तानी गांव जंडियाला से आए । इनके थैलों से एक छः बैटरी वाली टार्च, एक किलो जैतून का तेल, नदी पार करने की डोंगियां, एक चादर और एक कंबल भी बरामद हुआ ।

अमृतसर जिले के साथ लगी पाकिस्तानी सीमा

(शेष पृष्ठ 10 पर)





Punjabi Sanatani

## उग्रवादी मरा ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

से पिछले पांच महीनों में सीमा सुरक्षा बल ने चौथी बार बड़ी मात्रा में हथियार और गोली-बारूद बरामद किया है ।

इसके पूर्व नौ ए.के. 47 चीनी राइफल, छः स्प्रिंग फ़ील्ड राइफल, 18 हथगोले, कुछ रिवाल्वर और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए थे । श्री भारत भूषण ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने 58 राउंड गोली चलाई । उन्होंने कहा कि ये हथियार पंजाब में आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हथियारों से मेल खाते हैं । इनमें शक नहीं कि यह सामान आतंकवादियों को देने के लिए था । श्री भूषण ने कहा कि यह पहला मौका है जब हथियार और विस्फोटक नदी क्षेत्र से बरामद किया गया है ।

पाकिस्तान की सीमा से भारतीय जवानों पर फायरिंग में पाकिस्तानी रेंजरों के संलिप्त होने की सम्भावना बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री भारत भूषण ने बताया कि उन्होंने बाद में पाकिस्तानी अधिकारियों से बातचीत की थी, जिस पर उन्होंने स्पष्ट किया कि फायरिंग तस्करों द्वारा ही की गई थी । सीमा पर तस्करी रोकने बारे प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि गत मास से पुलिस और कस्टम अधिकारियों के साथ नाकों पर सेना के जवान भी लगाए गए हैं ।

श्री भूषण ने बताया कि 9 मार्च को भिखीविंड क्षेत्र में मुस्तफा ढल्ला गांव में भी एक भारतीय तस्कर सीमा पार करने के प्रयास में मारा गया था । एक अन्य मुठभेड़ के बाद गत सप्ताह गांव भूरेलाल में पांच व्यक्ति बच निकलने में सफल रहे ।

श्री भूषण ने बताया कि कुछ समय पूर्व तरनतारन के क्षेत्र से पकड़ा गया बी.एस.एफ. का जो भगौड़ा गिरफ्तार किया गया था, उसने उग्रवादियों से अपने सम्बन्ध स्वीकार किए हैं । उसने स्वीकार किया कि वह 18 मास तक दरबार साहब में उग्रवादियों के साथ रहा। मैरिट में होने के बावजूद पदोन्नति न होने से निराशा होकर वह उग्रवादियों के साथ जा मिला और भागते समय 40 हजार रुपए भी ले गया ।

### 7 गिरफ्तार

**जालन्धर (ह.स.):** सुरक्षा कर्मियों ने कल रात विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे गोला-बारूद बरामद किया । पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम कुलविन्दर सिंह, मनजीत सिंह, कमलजीत, करनैल चन्द, बलजिन्दर, जीवन राम और गुरनाम सिंह हैं । पुलिस ने उनसे पांच बंदूकें, एक रिवाल्वर और एक दुनाली बंदूक के साथ 14 विभिन्न बोर के कारतूस बरामद किए ।

### शरणदाता गिरफ्तार

आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति बलविंदर सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है ।

### स्कूटर छीन कर ले गए

**बटाला (कोछड़):** थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफगाना के निकट से कल दो अज्ञात सशस्त्र युवक एक व्यक्ति पारी गिल से उसका स्कूटर (पी.बी.ए. 2045) छीन कर फरार हो

पदोन्नति न होने से निराशा होकर वह उग्रवादियों के साथ जा मिला और भागते समय 40 हजार रुपए भी ले गया ।

## 7 गिरफ्तार

**जालन्धर (ह.स.):** सुरक्षा कर्मियों ने कल रात विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे गोला-बारूद बरामद किया । पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम कुलविन्दर सिंह, मनजीत सिंह, कमलजीत, करनैल चन्द, बलजिन्दर, जीवन राम और गुरनाम सिंह हैं । पुलिस ने उनसे पांच बंदूकें, एक रिवाल्वर और एक दुनाली बंदूक के साथ 14 विभिन्न बोर के कारतूस बरामद किए ।

## शरणदाता गिरफ्तार

आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति बलविंदर सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है ।

## स्कूटर छीन कर ले गए

**बटाला (कोछड़):** थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफगाना के निकट से कल दो अज्ञात सशस्त्र युवक एक व्यक्ति पारी गिल से उसका स्कूटर (पी.बी.ए. 2045) छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

## राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार

डेरा बाबा नानक पुलिस ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के अभियोग में गांव हरूवाल व पक्खोवाल के चरण सिंह और तरसेम सिंह को आतंकवाद विरोधी कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार चरण सिंह पहले भी रासुका में गिरफ्तार था और कुछ समय पूर्व जमानत पर आया हुआ था ।

## एक व्यक्ति की हत्या

आज रात थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव बुजाला में दो उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस और बी.एस.एफ. के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं

पुलिस के अनुसार मृतक विजय कुमार अपने घर में परिवार सहित टैलीविजन देख रहा था कि लगभग 8 बजे दो उग्रवादी आए और फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । उग्रवादियों ने ए.के.-47 असाल्ट और 315 बोर की राइफल का प्रयोग किया । पुलिस व सुरक्षा बलों ने पूरा क्षेत्र सील करके उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी है ।

## टैलीफोन नम्बर खराब

बटाला थाना सदर और थाना सिटी के इस हालात में भी आज प्रातः से टैलीफोन नम्बर खराब रहे ।

## स्कूटर व नकदी छीनी

**भटिंडा (ग्रोवर):** गत दिवस गांव कोठा गुरु के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर ईंट भट्ठा मालिक साधु राम से उसका स्कूटर और 9500 रुपए छीन लिए ।

## बैंक के ताले टूटे

गत रात मेहमा सुर्जा गांव में स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला के ताले टूटे हुए पाए गए । किसी तरह की क्षति होने का समाचार नहीं है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

Punjabi Sanjh

# पंजाब में 2 मार्क्सवादी वर्करों, हैडकांस्टेबल सहित10 की हत्या :आतंकवादी भिड़न्त में मरा

## अमृतसर के भीतरी बाज़ार में दिन-दिहाड़े अंधाधुंध फायरिंग

## राज्य में विभिन्न हिंसक घटनाओं में 7 घायल

चंडीगढ़, 13 मार्च(वार्ता, ह.स.): 48 घंटे की खामोशी के बाद आतंकवादियों ने पुनः अपनी कार्रवाइयां शुरू करते हुए पंजाब में 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी जिनमें 2 मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वर्कर तथा एक हैडकांस्टेबल शामिल है । हिंसक वारदातों में 8 व्यक्ति घायल हो गए । सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि एक अन्य आतंकवादी को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला ।

**दो की हत्या**

**जालन्धर (प्रै. ट्र.)**: संदिग्ध उग्रवादियों ने आज रात जिला जालंधर के करतारपुर थानांर्गत गांव नौगजा में दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे रहीमपुर गांव के एक व्यक्ति परगट सिंह का स्कूटर छीन, उस पर सवार होकर भाग गए । वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस का कहना है कि मृतक करतारपुर से एक टैम्पो में अलावलपुर जा रहे थे कि उग्रवादियों ने उन पर हमला किया । दोनों की मौके पर ही मौत हो गई । एक मृतक टैम्पो का ड्राइवर त्रिलोक चन्द था और दूसरा थाना भोगपुर के गांव सदाचक का निवासी देस राज ।

**आतंकवादी मारा गया**

**अमृतसर (वि.प्र.)**: आज प्रातः अमृतसर जिला के गांव चक माहर थाना सरहाली में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से भिड़ंत हो गई । दोनों ओर से लगभग 20 मिनट गोली चली जिसमें एक आतंकवादी मारा गया । इसी भिड़ंत में एक सुरक्षा कर्मी सिखम राम भी घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया ।

प्राप्त सूचना के अनुसार आज प्रातः 9.30 बजे के लगभग गाव चक माहर में सुरक्षा बलों की लगभग आध दर्जन आतंकवादियों के साथ खूनी भिड़ंत हुई । बताया जाता है कि एक सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों की दो टुकड़ियां चक माहर तथा छान छापड़ी में आतंकवादियों के अड्डों पर छापे मारने जा रही थीं कि चक माहर के बाहर ही सुरक्षा बलों पर खेतों में छुपे आतंकवादियों ने गोलियां बरसाईं । इस पर सुरक्षा बलों ने तुरन्त मोर्चे सम्भाल कर आतंकवादियों की फायरिंग के उत्तर में फायरिंग की । जवाबी फायरिंग होने पर आतंकवादी दो विभिन्न दिशाओं में भाग खड़े हुए । सूचनाओं के अनुसार सुरक्षा बलों की दो टुकड़ियों ने आतंकवादियों का पीछा किया जबकि एक दल उन आतंकवादियों के पीछे भागा जो गांव चक माहर की ओर भाग रहे थे । इस दल ने भागते हुए आतंकवादियों पर फायरिंग की जिससे एक आतंकवादी मारा गया ।

**सरपंच व 2 कम्युनिस्ट वर्करों की हत्या**

गत रात्रि अमृतसर जिला के थाना जंडियाला के गांल खलचियां में आतंकवादियों ने दो कम्युनिस्ट वर्करों चंचल सिंह व इकबाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा सरपंच गुरदयाल सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । गुरदयाल सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया जहां वह दम तोड़ गया । बताया जाता है कि आतंकवादी चंचल सिंह व इकबाल सिंह दोनों को उनके घरों से जगाकर बंदूक की नोक पर गुरदयाल सिंह के घर ले गए । वहां उन्होंने चंचल सिंह, इकबाल सिंह तथा गुरदयाल सिंह को इकट्ठा करके उन पर फायरिंग की । एक एजैंसी सूचना के अनुसार चंचल सिंह व इकबाल सिंह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से सम्बन्धित थे ।

दोनों मार्क्सवादी वर्करों को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह अपने क्षेत्र में आतंकवादियों के विरुद्ध सक्रिय कार्य कर रहे थे ।

**सी.आर.पी. देर से पहुंची**

अशोक, गुरादित्ता के अनुसार खलचियां गांव की वारदात के बारे में गांव के लोगों तथा मृतकों के परिवार के सदस्यों ने बताया कि जब हत्यारे सरपंच और मार्क्सी वर्करों को उनके घरों से ले जाकर इकट्ठे कर रहे थे तो सरपंच के लड़के राजेन्द्र सिंह व अन्यों ने तुरंत ही निकटवर्ती सी.आर.पी. की चौकी को सूचित किया लेकिन सी.आर.पी. वारदात के आधा घंटा बाद वहां पहुंची । पंजाब पुलिस रात साढ़े 11 बजे घटनास्थल पर पहुंची । सरपंच के घर के लोगों के अनुसार आतंकवादियों ने 40-50 राऊंड चलाए । मृतक इकबाल सिंह के परिवार में चार छोटे बच्चे और विधवा रह गई है ।

**रोष हड़ताल**

इन हत्याओं के विरुद्ध रोष स्वरूप आज खलचियां बाजार में हड़ताल रही । यहां तक की रेहड़ियां भी बंद रहीं ।

**2 की हत्या, 5 घायल**

आज अमृतसर के आंतरिक भाग ढाब बस्ती राम में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 5 अन्य को घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार आज रविवार होने के कारण दुकानें बंद थीं और लोग छुट्टी मना रहे थे । कुछ लोग दुकानों के आगे बैठे ताश खेल रहे थे । अचानक 3 बजे बाद दोपहर सशस्त्र आतंकवादी वहां आ गए और उन्होंने ताश खेलते हुए लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग आरम्भ कर दी

(शेष पृष्ठ 6 पर)



*उग्रवादियों ने शनिवार की रात्रि को जिला अमृतसर के गांव खिलचि के घर अंधाधुंध फायरिंग करके उसको घायल कर दिया (बाद में गया)जबकि उसके साथियों (1) कामरेड इकबाल सिंह (इनसैट पुरा चंचल सिंह (इनसैट पुराना चित्र) की हत्या कर दी । (3) सरपंच ग वारदात हुई । (इनसैट) आंगन में बिखरे खून के धब्बे)*



# 88-89 के बजट में काले धन की समस्या को नज़रंदाज़ ही कर दिया गया : मनमोहन

नई दिल्ली, 13 मार्च (वा.): पंजाब, हरियाणा तथा दिल्ली वाणिज्य एवं उद्योग मंडल के

वजह से बढ़ता है लेकिन सरकार ने 1988-89 के बजट में काले धन की समस्या को नजरअंदाज ही कर

श्री सिंह ने कहा कि सरकार को गंगा शुद्धीकरण योजना पर साढ़े तीन अरब रुपए की भारी राशि

Punjabi Sanatani



उग्रवादियों ने शनिवार की रात्रि को जिला अमृतसर के गांव खिलचियां के सरपंच गुरदयाल सिंह के घर अंधाधुंध फायरिंग करके उसको घायल कर दिया (बाद में वह अस्पताल में दम तोड़ गया) जबकि उसके साथियों (1) कामरेड इकबाल सिंह (इनसैट पुराना चित्र) और (2) कामरेड चंचल सिंह (इनसैट पुराना चित्र) की हत्या कर दी । (3) सरपंच गुरदयाल सिंह का घर, जहां वारदात हुई । (इनसैट) आंगन में बिखरे खून के धब्बे) (छाया : जसपाल)



अमृतसर के चौक लक्ष्मणसर के पास रविवार को ताश खेल रहे लोगों पर उग्रवादियों की फायरिंग से मारे गए (1) अरुण कुमार (इनसैट पुराना चित्र), (2) बहादुर के शव । (3) घायल तीर्थ राम, (4) घायल फकीर चंद, (5) घायल धर्मपाल, (6) खून का ढेर, (7) जिस दुकान पर बैठे ये लोग ताश खेल रहे थे, (8) अरुण कुमार की बिलखती पत्नी व बच्चे, (9) पुलिस अफसर तथा अस्पताल में जमा शोकग्रस्त लोग । (छाया : रवि भंडारी)

# 2 परिवारों के 8 सदस्यों सहित 19 की हत्या : बस जलाई गई

पुलिस के साथ मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया

जालंधर में फायरिंग से एक युवक मारा गया

## सबसे अधिक हत्याएं जिला अमृतसर में : फरीदकोट में 6 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 14 मार्च (वार्ता, ह.स.): जिला अमृतसर में आतंकवादियों की ओर से हत्याओं का सिलसिला पूर्ववत जारी है तथा कल रात से लेकर वहां 12 व्यक्तियों की हत्या की जा चुकी है । लुधियाना में एक रिटायर्ड सिपाही की हत्या की गई जबकि पटियाला जिला में एक उग्रवादी भिड़ंत में मारा गया । जालंधर में आज एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई, एक व्यक्ति से मोटर साइकल छीना गया । भटिंडा में पुलिस के एक वाहन को बम से उड़ाने का प्रयास किया गया । बलाचौर के पास भी एक हैडमास्टर सहित 5 लोगों की हत्या कर दी गई ।

**हैडमास्टर सहित 5 की हत्या**

**बलाचौर (सुभाष, जोशी)** : आज सायं 7.30 बजे मजारी ग्राम में पैदल आए तीन पीले पटके पहने उग्रवादियों ने ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलों व स्टेनगनों से बाजार में अंधाधुंध फायरिंग करके पांच लोगों की हत्या कर दी व पांच अन्य को घायल कर दिया । मृतकों में गवर्नमैंट हाई स्कूल बछौड़ी के हैडमास्टर गुरदेव सिह भी शामिल हैं, जो टीचर्स यूनियन के ढिल्लों गुट के नेता थे । उनकी मृत्यु बलाचौर अस्पताल में हुई जबकि 4 अन्य की घटनास्थल पर ही हो गई । घायलों में से मेहतपुर के सतपाल व सादरा के कंवलजीत को पी.जी.आई. भेजा गया जबकि बलाचौर अस्पताल में परसराम को भरती कराया गया जबकि दो अन्य को गढ़शंकर के अस्पताल में भरती कराया गया । फायरिंग के बाद उग्रवादी पैदल ही फरार हो गए ।

वार्ता के अनुसार 4 उग्रवादियों ने माजरी के बस स्टैंड पर फायरिंग की । घायलों की संख्या 6 है ।

ह.स. के अनुसार वारदात के बाद उग्रवादी नवांशहर की ओर फरार हुए ।

**जालन्धर** : थाना करतारपुर क्षेत्र के गांव नौगज्जा में कल रात आतंकवादियों ने दो लोगों की हत्या कर दी थी । मरने वालों के नाम त्रिलोक चन्द तथा देसराज बताए गए हैं । दोनों ही टैम्पो में अलावलपुर जा रहे थे । आतंकवादी एक स्कूटर पर सवार होकर फरार हुए जो उन्होंने परगट सिह नामक व्यक्ति से छीना था ।

कल नौगज्जा में हुई फायरिंग में एक राहगीर सोहन लाल गम्भीर रूप से घायल हुआ । उसे सी.एम.सी. लुधियाना में भेजा गया है ।

इसी बीच कल रात गांव नौगज्जा के निकट हुई दो हत्याओं के सिलसिले में पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादियों के ठिकानों पर छापे मारे तथा नाके लगाए लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला ।



*पटियाला से 18 किलो मीटर सरहद रोड पर गांव जाखवाली में पुलिस के साथ मुकाबले में मारे गए (1) उग्रवादी का शव, (2) उग्रवादी के निकट से 2 ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलें बरामद की गई ।* (छाया : राजू)

**जालन्धर में हत्या**

'क' के अनुसार आज बाद दोपहर अढ़ाई व साढ़े तीन बजे के बीच स्थानीय माडल टाउन क्षेत्र में तीन उग्रवादी घटनाएं होने का समाचार मिला है । एक घटना में तीन उग्रवादियों ने माडल टाउन की माल रोड पर न्यू माडल टाउन के श्री सुदेश पाल सचदेवा के 17 वर्षीय लड़के अटल उर्फ राजू को गोली मारकर उससे स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए । राजू को गोली नाक के ऊपरी भाग में लगी जो खोपड़ी में कहीं अटक गई । जब उसे गम्भीर अवस्था में सी.एम.सी. लुधियाना शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही थी तो उसी समय उसकी मृत्यु हो गई । राजू डी.ए.वी. कालेज में 11वीं का छात्र है और उसका स्कूटर नं. पी.जे.क्यू. 1038 बताया गया है ।

दूसरी घटना में तीन उग्रवादियों ने एक डाक्टर से माडल टाउन क्षेत्र में उसका इंड-सुजुकी मोटर साइकल छीन लिया । उन्होंने तीसरी वारदात में माडल टाउन में श्री बलबीर सिह की कोठी नं. 47 में घुसकर पिस्तौल की नोक पर एक सोने की अंगूठी, एक घड़ी तथा एक हजार रुपया नकद लूट लिया व उसी मोटर साइकल पर फरार हो गए । पुलिस ने सूचना मिलते ही भाग-दौड़ शुरू कर दी किन्तु अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

~~एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जिला पुलिस ने~~

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## करंट लगने से 6 मरे, 21 घायल

लुधियाना, 14 मार्च (धीमान): यहां से 13 किलोमीटर दूर कोहाड़ में ट्रांस्मिशन लाईन बिछाने वाले मजदूरों में से छः मजदूर उस समय मारे गए, जब कोई बिजली की तार अचानक उनसे छू गई । दुर्घटना में 21 वर्कर घायल भी हो गए, जिनमें से एक की दशा नाजुक है और उसे सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है जबकि शेष 20 घायलों को पाहवा अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

मुसाफिर के अनुसार घायल होने वालों की संख्या 30 है । मृतकों के नाम हैं : जगतपाल, जसविन्द्र सिह, बलविन्दर सिह, सदानन्द, लखविन्दर सिह और जुगती पाल । यह लाइन भरू-मन्नां गांव में बिछाई जा रही थी कि 132 के.वी. हाईटैंशन लाइन की तार से छू गए ।

'जोशी' के अनुसार कोहाड़ा से कुछ दूर मैरीमन्ना ग्राम में 220 के.जी. की लाइन बिछाई जा रही थी, जिससे पहले बिछी लाइन टकरा गई । मृतकों के नाम लाल बिहारी, सदानन्द, लखविन्दर सिह, अश्विनी कुमार, जसविन्दर सिह, बलविन्दर सिह हैं, जो टांडा के थे । 30 लोग घायल हुए ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार यह दुर्घटना चुहाल-जमालपुर 132 के.वी. लाईन पर गांव कोहाड़ा के निकट हुई । बताया गया है कि रोपड़-ललतों के मध्य 220 के.वी. लाईन का निर्माण किया जा रहा है । इस लाईन ने 132 के.वी. घुलाल-जमालपुर लाईन को पार करना था । यह क्रासिंग बिजली बंद करने के बाद कर दी गई । 220 के.वी. लाईन पर कंडक्टर कसने का कार्य सम्बद्ध श्रमिकों द्वारा किया जा रहा था । दुर्भाग्य से 220 के. वी. लाईन का कंडक्टर खींचने पर फिसल गया और 132 के.वी. चुहाल-जमालपुर की चालू लाईन पर जा गिरा, जिससे यह दुर्घटना हुई ।

**इंजीनियर, एस.डी.ओ., जूनि. इंजी. मुअत्तिल**

चार व्यक्ति मौके पर ही मारे गए, जबकि दो अस्पताल ले जाते हुए मार्ग में ही मर गए । तीस श्रमिकों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । बोर्ड के अध्यक्ष ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, एस.डी.ओ. और कार्य के इंचार्ज जूनियर इंजीनियर को मुअत्तिल कर दिया है ।

बोर्ड के अध्यक्ष ने दुर्घटना की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं और मृतकों के आश्रितों को मृतकों की अंत्येष्टि के लिए अनुदान देने की भी घोषणा की है । बिजली बोर्ड द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रत्येक मृतक के आश्रितों में से एक-एक को उपयुक्त नौकरी दी जाएगी । घायलों को अन्य उपयुक्त सुविधाएं दी जाएंगी ।

## रावी में अचानक बाढ़ से 40 गांव पानी से घिरे : सैनिक की करंट लगने से मृत्यु

गुरदासपुर, 14 मार्च (विनोद): जिला गुरदासपुर में भारत-पाक सीमा पर बहने वाली नदी रावी में अचानक बाढ़ आ जाने से सीमा पर स्थित लगभग 40 गांव पानी की लपेट में आ गए हैं और

कमालपुर जट्टां, दोस्तपुर, चूड़ा, कक्कड़, शहड़, चंडो वडाला, ताश आदि गांवों के लोगों ने बताया कि इतनी भारी बाढ़ उनकी होश में कभी नहीं आई । नदी के किनारे से दूर-दूर तक सारी फसलें नष्ट हुई

Punjabi Sanatani



तरनतारन जिला अमृतसर के गांव झंडेर में उग्रवादियों ने एक घर में हत्याएं करके घर को आग लगा दी । (1 से 4) भूतपूर्व सैनिक सरदूल सिंह (इन्सैट), उसकी पत्नी सुरजीत कौर (इन्सैट) लड़के बलविन्दर सिंह और लड़के कुलविन्दर सिंह के जले हुए शव, (5) भूतपूर्व सैनिक की लड़की बलजिन्दर कौर, जिसका कुछ दिन पूर्व ही विवाह हुआ था, ही घर में अकेली बची है । वह संबंधियों, (6-7) के साथ विलाप करते हुए, (8) ट्रंक, जिसे गोली मार कर खोला गया, (9, 10, 11) दहेज का सामान ट्रंक, सिलाई मशीन, कपड़े, रजाइयां, पंखा व अन्य सामान जला दिया गया, (12) वह मकान जिसको आग लगाई गई, (13) मलबा, जिसमें शवों को जलाया गया, (14) सुरक्षा कर्मी घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते हुए । (छाया : ओम भंडारी)



रविवार की रात्रि को उग्रवादियों ने जंडियाला जिला अमृतसर के गांव वालीया मलपुर में 4 व्यक्तियों (1) द्वारिका दास (इन्सैट), (2) राकेश कुमार, (3) बख्शी राम (इन्सैट) और बाल किशन की हत्या कर दी, (4) घटनास्थल पर गिरा रक्त, (5) मृतकों के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए । (छाया : जसपाल)



उग्रवादियों ने रविवार को जिला अमृतसर के गांव खब में 2 व्यक्तियों (1) अनन्ता और (2) मोहना (इन्सैट) की हत्या कर दी. (3) मृतकों के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए । (छाया : जसपाल)



सोमवार को उग्रवादियों ने माडल टाऊन, जालन्धर में एक युवक (1) अटल सचदेव उर्फ राजू की गोली मार कर हत्या कर दी. (2) सिविल अस्पताल में डाक्टरों ने अटल सचदेव को बचाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे, (3) मृतक की मां (बाएं) विलाप करते हुए । (छाया : प्यारे)

...लिये । इसके बाद वे बलजीत सिंह के घर गये तथा वहां भी धमकी देकर उनसे लाईसैंसी बंदूक तथा दस कारतूस छीन लिये । इससे पूर्व उन्होंने दरवाजा न खोले जाने पर सारे घर को आग लगा देने की धमकी दी थी । बाद में वे एक और गांव चीमा बाठ में गये तथा एक व्यक्ति राम सिंह से बंदूक छीन ली ।

अमृतसर की सूचना है कि एकीकृत अकाली दल के महासचिव रंजीत सिंह ब्रह्मपुरा ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों ने तरनतारन में आज प्रात: तीन हैड ग्रंथियों ज्ञानी जसवंत सिंह, ज्ञानी कश्मीर सिंह, ज्ञानी सविन्दर सिंह व स्वर्ण मंदिर के ग्रंथी राम सिंह को रोक लिया, पर पुलिस चीफ इजहार आलम के हस्तक्षेप पर उन्हें छोड़ दिया गया ।

**स्कूटर छीन कर फरार**

**होशियारपुर (प्रद्युम्न)**: आज यहां से 35 किलो मीटर दूर कैमोवाल के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर अजीत सिंह का स्कूटर नम्बर पी.बी.एच. 5448 छीन लिया तथा फरार हो गए । मास्टर अजीत सिंह लाम्बड़ा का रहने वाला है तथा सरहाला मुंडियां में पढ़ाता है । वह अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए गया था । वापसी पर जलोवाल के निकट एक मैटाडोर उससे आगे निकल गई । जब वह कैमोवाल के निकट पहुंचा तो मैटाडोर वहां खड़ी थी । दो नौजवान बाहर निकले तथा उसे आदेश दिया कि स्कूटर उनके हवाले कर दे । स्कूटर छीनने के बाद वे फरार हो गए तथा मैटाडोर भी वहां से चली गई ।

**रिटायर्ड सिपाही की हत्या**

**लुधियाना** :यहां से 28 किलो मीटर दूर भिखी कटरा गांव में कल रात संदिग्ध आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के अवकाश प्राप्त कांस्टेबल गज्जन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । उनका शव आज यहां पोस्ट मार्टम के लिए लाया गया ।

**उग्रवादी भिड़ंत में मरा**

**पटियाला (भूषण)**: आज सुबह सरहिंद रोड पर यहां से 18 किलो मीटर दूर गांव जखवाली के निकट पुलिस के साथ भिड़ंत में एक उग्रवादी मारा गया । बताया जाता है कि सुबह सवा चार बजे के करीब सी.आई.ए. स्टाफ के इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी गश्त पर थी । जब यह पुलिस पार्टी चलेला माइनर के निकट पहुंची तो उन्होंने तीन व्यक्तियों को कम्बल ओढ़े संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े देखा । पुलिस पार्टी ने उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने भागने का प्रयास किया । इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह ने उनमें से एक को पकड़ लिया तथा उससे गुत्थमगुत्था हो गया । इस पर पुलिस और उग्रवादियों में गोलीबारी शुरू हो गई जो कि एक घंटे से अधिक तक जारी रही । इस गोलीबारी में एक उग्रवादी मारा गया तथा उसकी ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल पुलिस ने कब्जे में ले ली । भागते हुए एक आतंकवादी ने अपनी असाल्ट राइफल खेत में फैंक दी जिसे पुलिस ने कब्जे में कर लिया । भिड़ंत में इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह भी घायल हुए ।

**एक और उग्रवादी मरा**

वार्ता के अनुसार आज सायं भी पटियाला के एक ग्राम में सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी बलराज सिंह उर्फ गप्पू मारा गया ।

**पैट्रोल पम्प लूटा**

**रोपड़ (वार्ता)**: कल रात जिला रोपड़ के दौन गांव में तीन स्कूटर सवारों ने एक पैट्रोल पम्प के कर्मचारी से 3500 रुपए छीन लिए तथा फरार हो गए ।

... विजयवाड़ा और मछलीपत्तनम-गुंटूर यात्री गाड़ियां ।

श्री सिंधिया ने कहा कि कलकत्ता में मैट्रो और सर्कलर रेल परियोजनाएं धन की कमी के कारण नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल सरकार का पूरा सहयोग नहीं मिल पाने के कारण समय पर पूरी नहीं हो पा रही हैं ।

**भारत बंद**

(पृष्ठ 3 का शेष)

महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा ने आज चंडीगढ़ में जारी एक बयान में कहा है कि कल 15 मार्च के भारत बंद का आह्वान वामपंथी विपक्षी दलों की ओर से किया गया है इसलिए उनकी पार्टी की ओर से इस बंद का समर्थन करने का प्रश्न ही नहीं उठता है ।

**मिश्रित प्रतिक्रिया**

कई यूनियनों व संगठनों की ओर से इस बंद को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है, हिन्द रिक्शा वर्कर्स यूनियन चंडीगढ़, जनरल इंश्योरेंश एम्प्लाइज एसोसिएशन की उत्तर क्षेत्रीय शाखा ने बंद में शामिल होने की घोषणा की है जबकि केन्द्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ के कर्मचारी संयुक्त मोर्चे व भूतपूर्व सैनिक स्कूटर्स यूनियन चंडीगढ़ ने बंद के आवाह्न का विरोध करने की घोषणा की है ।

**इंटक द्वारा विरोध**

इंटक की पंजाब शाखा के अध्यक्ष श्री बलवन्त राय कपूर ने भी 'बंद' में शामिल न होने का निर्णय किया है । चंडीगढ़ शाखा के अध्यक्ष श्री रामपाल ने कहा है कि उनसे सम्बन्धित 47 संगठनों व अन्य 20 संगठनों ने इस बंद में भाग न लेने का फैसला किया है । इंक की कई स्थानीय इकाइयों ने भी जनता से अपील की है कि वे बंद में भाग न लें ।

जबकि जनता पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी पार्टी व जनमोर्चा की स्थानीय इकाइयों ने भी पैम्फलेट वितरित कर जनता से भारत बंद को सफल बनाने व सैक्टर 17 में होने वाली रैली में भाग लेने की अपील की है ।

मर्चेंट्स एसोसिएशन चंडीगढ़ ने स्थानीय समस्याओं को लेकर बंद में भाग लेने की घोषणा की है ।

**बिजली बोर्ड द्वारा 'सर्विस ब्रेक' की चेतावनी**

मोहाली से 'नर्बदा' के अनुसार पंजाब बिजली बोर्ड ने एक परिपत्र जारी करके अपने कर्मियों को चेतावनी दी है कि कल 15 मार्च को 'भारत बंद' में शामिल होने वालों की 'सर्विस ब्रेक' की जाएगी ।

दूसरी तरफ बोर्ड के कर्मचारी बंद में भाग लेने के निर्णय पर डटे हुए हैं ।

**बंद कराने वाले नेताओं की गिरफ्तारी के आदेश**

**होशियारपुर (अश्विनी)** : पंजाब सरकार ने राज्य के तमाम जिला प्रशासनों को कल भारत बंद के संदर्भ में बंद कराने वाले बड़े नेताओं की सुरक्षा के तौर पर गिरफ्तारियां करने का आदेश दिया है । प्रशासन को वायरलैस संदेश में कहा गया है कि रिंग लीडरों को जो कि बंद के हक में प्रचार रहे हैं, अविलम्ब हिरासत में लिया जाए और बंद का समय खत्म होने पर उन्हें रिहा कर दिया जाए । संदेश में यह भी कहा गया है कि किसी भी जगह सरकारी सम्पत्ति को हानि न पहुंचाने दी जाए । गड़बड़ करने वालों को सख्ती से कुचल दिया जाए और किसी को जबरदस्ती दुकानें बंद कराने की अनुमति न दी जाए । ट्रैफिक रोकने और जलसे, जलूस निकालने

पंजाब पुलिस के अवकाश प्राप्त कांस्टेबल [illegible] सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । उनका शव आज यहां पोस्ट मार्टम के लिए लाया गया ।

### उग्रवादी भिड़ंत में मरा

**पटियाला (भूषण):** आज सुबह सरहिंद रोड पर यहां से 18 किलो मीटर दूर गांव जखवाली के निकट पुलिस के साथ भिड़ंत में एक उग्रवादी मारा गया । बताया जाता है कि सुबह सवा चार बजे के करीब सी.आई.ए. स्टाफ के इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी गश्त पर थी । जब यह पुलिस पार्टी चलेला माइनर के निकट पहुंची तो उन्होंने तीन व्यक्तियों को कम्बल ओढे संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े देखा । पुलिस पार्टी ने उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने भागने का प्रयास किया । इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह ने उनमें से एक को पकड़ लिया तथा उससे गुत्थमगुत्था हो गया । इस पर पुलिस और उग्रवादियों में गोलीबारी शुरू हो गई जो कि एक घंटे से अधिक तक जारी रही । इस गोलीबारी में एक उग्रवादी मारा गया तथा उसकी ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल पुलिस ने कब्जे में ले ली । भागते हुए एक आतंकवादी ने अपनी असाल्ट राइफल खेत में फैंक दी जिसे पुलिस ने कब्जे में कर लिया । भिड़ंत में इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह भी घायल हुए ।

### एक और उग्रवादी मरा

वार्ता के अनुसार आज सायं भी पटियाला के एक ग्राम में सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी बलराज सिंह उर्फ गप्पू मारा गया ।

### पैट्रोल पम्प लूटा

**रोपड़ (वार्ता):** कल रात जिला रोपड़ के दौन गांव में तीन स्कूटर सवारों ने एक पैट्रोल पम्प के कर्मचारी से 3500 रुपए छीन लिए तथा फरार हो गए ।

### सायं के भाव

दिल्ली, 14 मार्च (एन.एन.एस.): दिल्ली क्लाथ 30.75, हिन्द मोटर्स 18.50, रिलायंस 85, चांदी 999 (प्रति किलो) 6050, डिलीवरी 5880, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6435, सोना बिट्‌ठूर (प्रति 10 ग्राम) 3150, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3210, मिल डिलीवरी : वनस्पति उ.प्र. प्रति टिन 327.331, वनस्पति पंजाब व हरियाणा प्रति टिन 330, तेल सरसों टैंकर (10 किलो) 182, सोयाबीन तेल (10 किलो) 185, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 180, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 135, फैट्टी एसिड आयल (प्रति क्विटल 1700, तेल बिनौला (10 किलो) 187, जीरा गणेश (प्रति क्विटल) 3775-3800, पिपरमैंट चूरा (प्रति किलो) 188, पिपरमैंट पापड़ी (प्रति किलो) 208 रुपए ।


## गुमशुदा

हमारी फर्म की अकाऊंट्स बुक्स वित्तीय साल 1981-82 से लेकर 1987-88 तक की, 10.3.1988 को रात लगभग 7.30 बजे, जगराओं पुल से शिराज होटल के बीच रिक्शा से कहीं गिर गई है । पहुंचाने वाले को 1000/- रुपया शुक्राना दिया जाएगा ।

**शिव नारायणा एंड संस,**
**मंडी बुटेशाह, लुधियाना ।**


किया है । इंका की कई स्थानीय इकाइयों ने भी जनता से अपील की है कि वे बंद में भाग न लें ।

जबकि जनता पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी पार्टी व जनमोर्चा की स्थानीय इकाइयों ने भी पैम्फलेट वितरित कर जनता से भारत बंद को सफल बनाने व सैक्टर 17 में होने वाली रैली में भाग लेने की अपील की है ।

मर्चेंट्स एसोसिएशन चंडीगढ़ ने स्थानीय समस्याओं को लेकर बंद में भाग लेने की घोषणा की है ।

### बिजली बोर्ड द्वारा 'सर्विस ब्रेक' की चेतावनी

मोहाली से 'नर्बदा' के अनुसार पंजाब बिजली बोर्ड ने एक परिपत्र जारी करके अपने कर्मियों को चेतावनी दी है कि कल 15 मार्च को 'भारत बंद' में शामिल होने वालों की 'सर्विस ब्रेक' की जाएगी ।

दूसरी तरफ बोर्ड के कर्मचारी बंद में भाग लेने के निर्णय पर डटे हुए हैं ।

### बंद कराने वाले नेताओं की गिरफ्तारी के आदेश

**होशियारपुर (अश्विनी) :** पंजाब सरकार ने राज्य के तमाम जिला प्रशासनों को कल भारत बंद के संदर्भ में बंद कराने वाले बड़े नेताओं की सुरक्षा के तौर पर गिरफ्तारियां करने का आदेश दिया है । प्रशासन को वायरलैस संदेश में कहा गया है कि रिंग लीडरों को जो कि बंद के हक में प्रचार रहे हैं, अविलम्ब हिरासत में लिया जाए और बंद का समय खत्म होने पर उन्हें रिहा कर दिया जाए । संदेश में यह भी कहा गया है कि किसी भी जगह सरकारी सम्पत्ति को हानि न पहुंचाने दी जाए । गड़बड़ करने वालों को सख्ती से कुचल दिया जाए और किसी को जबरदस्ती दुकानें बंद कराने की अनुमति न दी जाए । ट्रैफिक रोकने और जलसे, जलूस निकालने की भी अनुमति न दी जाए ।

इस बीच पंजाब लोकदल (ब) की ओर से कल के बंद के समर्थन की घोषणा की गई है । यह जानकारी आज यहां पंजाब लोकदल (ब) के महामंत्री सुनील दत्त वालिया की ओर से जारी एक प्रैस नोट में दी गई है । दूसरी ओर बाल्मीक सभा होशियारपुर के प्रधान श्री महेंद्र पाल ने कहा कि कल के बंद में पालिका के सफाई श्रमिक और घरों के श्रमिक शामिल नहीं होंगे क्योंकि यह राजनीतिक काल है ।

भारत बंद के लिए प्रचार कर रहे 8 नेताओं को होशियारपुर में गिरफ्तार किया गया, जिनमें सी.पी.एम. के गुरमेल सिंह, धर्म सिंह, अमरजीत सिंह, गुरबचन सिंह, सी.पी.आई. के सोहन सिंह, लोकदल (ब) के सुनील दत्त वालिया, जनता पार्टी के ध्रुव सिंह व राजन कुमार शामिल हैं ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने वामपंथी दलों से आग्रह किया है कि हरियाणा में गत 9 मार्च को आयोजित बंद को देखते हुए कल 15 मार्च के 'भारत बंद' से मुक्त रखने का आग्रह किया था लेकिन बाद में लोक दल (ब) के इस बंद में शामिल होने के कारण राज्य सरकार ने सम्भावित बंद के दृष्टिगत सतर्कतापूर्ण कदम उठाए हैं. ।

हरियाणा किसान यूनियन के अध्यक्ष श्री कृष्ण मूर्ति हूडा ने एक बयान में कहा है कि हरियाणा किसान यूनियन कल के 'भारत बंद' में भाग नहीं लेगी ।

पंजाब सरकार ने कल प्रदेश सरकार तथा

(शेष पृष्ठ 6 पर)




सोमवार की रात्रि को होशियारपुर के गांव मजारी में उग्रवादियों की फायरिंग से (1) सीतल सिंह, (2) हैड मास्टर गुरदेव सिंह, (3) गुरमेल चंद (इन्सैट), (4) 12 वर्षीय बालक कीर्ति मारे गए और (5) सतनाम सिंह, (6) गुरमेल सिंह आदि कई व्यक्ति घायल हो गए, (7) गुरमेल चंद की सब्जी की दुकान, जहां फायरिंग हुई, (8) हलवाई की दुकान जहां कीर्ति अपने फूफा के साथ लड्डू बना रहा था, (9) दुकान के बाहर गिरा कीर्ति का खून, (10) घटना स्थल पर खड़ी कार, जो मारे गए अज्ञात युवक की समझी जाती है, (11) उग्रवादियों ने 5 फूल फैंक कर शीशम की पूजा करके फायरिंग शुरू कर दी, (12) हैडमास्टर गुरदेव सिंह, (13) गुरमेल चंद, (14) कीर्ति, (15) सीतल सिंह के परिवार के सदस्य एवं संबंधी विलाप करते हुए ।

(छाया : प्रद्युम्न)

# एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित पांच लोगों की हत्या, कार का मालिक व कर्मचारी सहित अपहरण

चंडीगढ़, 15 मार्च (ह.स., वार्ता, वि.प्र.): उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित 5 लोगों की हत्याएं कर दीं जबकि कार में सवार मालिक और उसके एक कर्मचारी का अपहरण कर लिया । जालन्धर और कपूरथला में एक-एक उग्रवादी गिरफ्तार किया गया है । बटाला में टी.वी. देख रहे एक परिवार पर उग्रवादियों ने फ़ायरिंग की, लेकिन परिवार वाले बाल-बाल बच गए । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने लोक गायक अमर सिंह चमकीला और उसके साथियों की हत्या की जिम्मेवारी स्वीकार की है ।

**चार लोगों की हत्या**

आज रात्रि अमृतसर के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम [illegible]गराना में उग्रवादियों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी । इनमें अवतार सिंह (55), उसके दो बेटे गुरदीप सिंह (35), जसवंत सिंह (30) तथा मां ईशर कौर (70) शामिल हैं ।

**आग लगा दी**

पुलिस के अनुसार पांच-छः उग्रवादियों के गिरोह ने हत्याएं करने के बाद घर को आग लगा दी । सुरक्षा बलों ने पहुंच कर आग बुझा दी और जली लाशें निकालीं । उग्रवादियों ने हत्याकांड में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों का उपयोग किया ।

**सोए व्यक्ति की हत्या**

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर मुख्यालय में [illegible] सूचना के अनुसार गत रात्रि थाना तरनतारन सदर के क्षेत्र में स्थित गांव कंग में एक व्यक्ति गुरनाम सिंह को तीन उग्रवादियों ने घर से निकाल कर गोलियां मारीं, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना के समय गुरनाम सिंह सोया हुआ था ।

**कार सहित 2 का अपहरण**

एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात्रि एक मारुति कार पी.सी.ए.-8260, जो पठानकोट से अमृतसर आ रही थी, को तीन उग्रवादियों ने गांव [illegible] के निकट रोक लिया । ड्राइवर को स्टेनगन और रिवाल्वर दिखा कर कार से बाहर निकाल लिया और उसे भाग जाने को कहा । उग्रवादी स्वयं कार में सवार हो गए और कार के मालिक विजय कुमार और उसके कैशियर का, जो कार में मालिक के साथ ही बैठा था, कार में अपहरण करके ले गए ।

एक सूचना यह भी मिली है कि वेरका और कत्थूनंगल के मध्य एक मारुति वैन खड़ी मिली लेकिन अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी कि यह वही मारुति कार थी, जिसका उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया था ।

**युवक की अन्त्येष्टि**

**जालन्धर (क):** कल बाद दोपहर माडल टाऊन के जिस 17 वर्षीय युवक अटल सचदेव की उग्रवादियों ने स्कूटर छीनने के साथ ही गोली मार कर हत्या कर दी थी, उसका आज अंतिम संस्कार माडल टाऊन श्मशानघाट में सैंकड़ों पुरुषों व स्त्रियों की उपस्थिति में कर दिया गया जिनमें स्पोर्ट्स उद्योग से सम्बद्ध नागरिक विशेष रूप में भारी संख्या में शामिल थे । स्वर्गीय की रस्म चौथा 17 मार्च को प्रातः 7.30 बजे उनके निवास स्थान माडल टाऊन जालन्धर में होगी ।

**उग्रवादी गिरफ्तार**

जालन्धर में आज जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने गत रात्रि गश्त के दौरान गांव महालों से एक उग्रवादी महेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक रिवाल्वर एवं चार कारतूस बरामद किए हैं । अभियुक्त के विरुद्ध नवांशहर थाने में केस दर्ज करवाया गया है । उससे आगे पूछताछ की जा रही है ।

**लाशें उठाने वालों पर फिर फायरिंग**

**बलाचौर (सुभाष):** गत रात्रि यहां से 10 किलो मीटर दूर गांव मजारी के बाजार में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग करके 4 व्यक्तियों की हत्या करने के संबंध में प्राप्त विवरणों के अनुसार लोग अपने-अपने कामों में व्यस्त थे कि अचानक मोटर साइकल पर सवार 3 उग्रवादी वहां आ गए, जो ए.के.-47 असाल्ट चीनी राइफलों से लैस थे । उग्रवादियों ने वहां आते ही अंधाधुंध फायरिंग करनी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

और कई अन्य घायल हो गए ।

केरल में भी हिंसक घटनाओं में 2 मौतें होने का समाचार है । देश भर में 7000 लोग गिरफ्तार किए गए ।

दोनों जगह पर ये जानलेवा घटनाएं बंद के समर्थकों द्वारा फैक्टरियों को बंद कराने के प्रयास पर फैक्टरी मालिकों द्वारा गोलियां चलाए जाने से हुईं ।

मनोरमा के सम्पादक [illegible] मैथ्यू की कार पर बंद[illegible] उनके ड्राइवर का सख्त[illegible] सिर पर गहरे घाव आए[illegible] आईं ।

बिहार के गया में ए[illegible] पथराव करने वालों पर [illegible]



सोमवार की रात्रि को होशियारपुर के गांव मजारी में उग्रवादियों की फायरिंग से (1) सीतल सिंह, (2) हैड मास्टर गुरदेव [illegible] चंद (इन्सैट), (4) 12 वर्षीय बालक कीर्ति मारे गए और (5) सतनाम सिंह, (6) गुरमेल सिंह आदि कई व्यक्ति घाय[illegible] चंद की सब्जी की दुकान, जहां फायरिंग हुई, (8) हलवाई की दुकान जहां कीर्ति अपने फूफा के साथ लड्डू बना रहा थ[illegible] गिरा कीर्ति का खून, (10) घटना स्थल पर खड़ी कार, जो मारे गए अज्ञात युवक की समझी जाती है, (11) उग्रवा[illegible] श्रीराम की पूजा करके फायरिंग शुरू कर दी, (12) हैडमास्टर गुरदेव सिंह, (13) गुरमेल चंद, (14) कीर्ति, (15) [illegible] सदस्य एवं संबंधी विलाप करते हुए ।

**छोटी सी बात — रंगा**

# राज्यपाल के अभिभाषण बारे धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सत्तारू[illegible]

चंडीगढ़, 15 मार्च (एन.एस. परवाना): आज हरियाणा विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर तीन दिवसीय हंगामापूर्ण बहस शुरू हुई । आज बहस के प्रथम दिन डा. मंगल सेन की कई इंका सदस्यों विशेषतः श्री तैयब हुसैन से [illegible]

है ।

डा. सेन ने इस बात पर अफसोस व्यक्त किया कि देवी लाल सरकार के दौर में जनता की शिकायतें सुनने के लिए जो जनता दरबार लगाए जाते हैं, अफसरशाही ने उस चीज़ का राज्यपाल अभिभाषण [illegible]

जारी हैं, परन्तु प्रधानमंत्री में इतना साहस नहीं है कि वह पंजाब का दौरा कर सकें जबकि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं श्री एल.के. आडवाणी, श्री वाजपेयी के अलावा लोकदल के श्री देवी लाल ने भी पंजाब का दौरा किया है । जब उन्होंने राज्य सरकार के कर्जा [illegible]

श्री तैयब हुसैन [illegible] अभिभाषण में कोई नई [illegible] विरोध नीति रही है । [illegible] थीं जो देवी लाल सरका[illegible] थीं । उन्होंने कहा वि[illegible]

# एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित पांच लोगों की हत्या, कार का मालिक व कर्मचारी सहित अपहरण

चंडीगढ़, 15 मार्च (ह.स., वार्ता, वि.प्र.): ...दियों ने अमृतसर जिले में दो अलग-अलग ...ओं में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित 5 ... की हत्याएं कर दीं जबकि कार में सवार ... और उसके एक कर्मचारी का अपहरण कर ...। जालन्धर और कपूरथला में एक-एक ...दी गिरफ्तार किया गया है । बटाला में टी.वी. ...हे एक परिवार पर उग्रवादियों ने फ़ायरिंग की, ... परिवार वाले बाल-बाल बच गए । ...स्तान कमांडो फ़ोर्स ने लोक गायक अमर सिंह ...ला और उसके साथियों की हत्या की ...वारी स्वीकार की है ।

### ... लोगों की हत्या

...ज रात्रि अमृतसर के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम ...ना में उग्रवादियों ने एक ही परिवार के चार ... की हत्या कर दी । इनमें अवतार सिंह ... उसके दो बेटे गुरदीप सिंह (35), जसवंत सिंह ... तथा मां ईशर कौर (70) शामिल हैं ।

### ... लगा दी

...लिस के अनुसार पांच-छः उग्रवादियों के ... ने हत्याएं करने के बाद घर को आग लगा ... सुरक्षा बलों ने पहुंच कर आग बुझा दी और ... लाशें निकालीं । उग्रवादियों ने हत्याकांड ... 47 चीनी असाल्ट राइफलों का उपयोग ...।

### ... व्यक्ति की हत्या

...मृतसर (वि.प्र.): अमृतसर मुख्यालय में ... सूचना के अनुसार गत रात्रि थाना तरनतारन ... के क्षेत्र में स्थित गांव कंग में एक व्यक्ति ... सिंह को तीन उग्रवादियों ने घर से निकाल ... लियां मारीं, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । ... सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ... के समय गुरनाम सिंह सोया हुआ था ।

### ... सहित 2 का अपहरण

...क अन्य सूचना के अनुसार गत रात्रि एक ... कार पी.सी.ए.-8260, जो पठानकोट से ...र आ रही थी, को तीन उग्रवादियों ने गांव ... के निकट रोक लिया । ड्राइवर को स्टेनगन ...रिवाल्वर दिखा कर कार से बाहर निकाल लिया ... उसे भाग जाने को कहा । उग्रवादी स्वयं कार ...सवार हो गए और कार के मालिक विजय कुमार और उसके कैशियर का, जो कार में मालिक के साथ ही बैठा था, कार में अपहरण करके ले गए ।

एक सूचना यह भी मिली है कि वेरका और कत्थूनंगल के मध्य एक मारुति वैन खड़ी मिली लेकिन अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी कि यह वही मारुति कार थी, जिसका उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया था ।

### युवक की अन्त्येष्टि

**जालन्धर (क):** कल बाद दोपहर माडल टाऊन के जिस 17 वर्षीय युवक अटल सचदेव की उग्रवादियों ने स्कूटर छीनने के साथ ही गोली मार कर हत्या कर दी थी, उसका आज अंतिम संस्कार माडल टाऊन श्मशानघाट में सैंकड़ों पुरुषों व स्त्रियों की उपस्थिति में कर दिया गया जिनमें स्पोर्ट्स उद्योग से सम्बद्ध नागरिक विशेष रूप में भारी संख्या में शामिल थे । स्वर्गीय की रस्म चौथा 17 मार्च को प्रातः 7.30 बजे उनके निवास स्थान माडल टाऊन जालन्धर में होगी ।


### उग्रवादी गिरफ्तार

जालन्धर में आज जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने गत रात्रि गश्त के दौरान गांव महालों से एक उग्रवादी महेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक रिवाल्वर एवं चार कारतूस बरामद किए हैं । अभियुक्त के विरुद्ध नवांशहर थाने में केस दर्ज करवाया गया है । उससे आगे पूछताछ की जा रही है ।

### लाशें उठाने वालों पर फिर फायरिंग

**बलाचौर (सुभाष):** गत रात्रि यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव मजारी के बाजार में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग करके 4 व्यक्तियों की हत्या करने के संबंध में प्राप्त विवरणों के अनुसार लोग अपने-अपने कार्यों में व्यस्त थे कि अचानक मोटर साइकल पर सवार 3 उग्रवादी वहां आ गए, जो ए.के.-47 असाल्ट चीनी राइफलों से लैस थे । उग्रवादियों ने वहां आते ही अंधाधुंध फायरिंग करनी

(शेष पृष्ठ 6 पर)




सोमवार की रात्रि को होशियारपुर के गांव मजारी में उग्रवादियों की फायरिंग से (1) सीतल सिंह ... चंद (इन्सैट), (4) 12 वर्षीय बालक कीर्ति मारे गए और (5) सतनाम सिंह, (6) गुरमेल सि... चंद की सब्जी की दुकान, जहां फायरिंग हुई, (8) हलवाई की दुकान जहां कीर्ति अपने फूफा ... गिरा कीर्ति का खून, (10) घटना स्थल पर खड़ी कार, जो मारे गए अज्ञात युवक की समझी ... शीशम की पूजा करके फायरिंग शुरू कर दी, (12) हैडमास्टर गुरदेव सिंह, (13) गुरमेल चंद ... सदस्य एवं संबंधी विलाप करते हुए ।

बिहार में विभिन्न जिला सदर मुकामों पर ... हिंसक घटनाओं में कम से कम 5 लोग मारे ... और कई अन्य घायल हो गए ।

केरल में भी हिंसक घटनाओं में 2 मौतें हो... का समाचार है । देश भर में 7000 लोग गिरफ्त... किए गए ।

दोनों जगह पर ये जानलेवा घटनाएं बंद ... समर्थकों द्वारा फैक्टरियों को बंद कराने के प्रयास प... फैक्टरी मालिकों द्वारा गोलियां चलाए जाने से हुईं ...

# राज्यपाल के अभिभाषण बारे धन्यवाद प्रस्ताव के दौरा...

चंडीगढ़, 15 मार्च (एन.एस. परवाना): आज हरियाणा विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पे...

है ।

जारी हैं, परन्तु प्रधानमंत्री में इतना साहस नहीं है कि...



(1 से 4) अमृतसर के गांव सगराना साहिब में उग्रवादियों द्वारा मारे गए एक ही परिवार के 4 सदस्य (5, 6, 7) निकट सम्बन्धी विलाप करते हुए (छाया : रवि भंडारी)

की लागत से बनाए गए पहले आधुनिक खाड़ी क्लब का उद्‌घाटन करने विशेष रूप से आए थे ।

## किसान की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

शुरू कर दी, जिससे दुकानों में भगदड़ मच गई तथा देखते ही देखते वहां चार लाशें बिछ गईं । जब लोग मृतकों को उठाने दौड़े तो आतंकवादियों ने फिर फायरिंग कर दी । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादियों ने सैंकड़ों गोलियां चलाईं । फिर वे खालिस्तान के नारे लगाते हुए फरार हो गए । पुलिस ने घटनास्थल से दर्जनों कारतूस बरामद किए हैं ।

### एक की शिनाख्त न हो सकी

10 वर्षीय कीर्ति, जो गांव दियालां के तरसेम सिंह का लड़का था, वह स्कूल से आकर अपने फूफा की हलवाई की दुकान पर बैठा था कि आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गया । हैड मास्टर गुरदेव सिंह जो सढ़ोआ ब्लाक अध्यापक संघ के प्रधान थे तथा गांव बछौड़ी के सरकारी हाई स्कूल में हैड टीचर थे, अपने साथियों के साथ एक दुकान पर खड़े थे कि आतंकवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों ने उन्हें मौत की नींद सुला दिया । कार चालक शीतल अपनी कार में बैठा सवारियों की इंतजार कर रहा था कि आतंकवादियों ने उसे कार में ही भून दिया । वह गांव धमाई का रहने वाला था । गुरमेल सिंह जो गांव टीरा का रहने वाला था, एक दुकानदार से बात कर रहा था कि मारा गया । मृतकों में एक की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

घायलों में हरमेश चंद सदस्य पंचायत गढ़ी कानूनगो को होशियारपुर, गुरमेल महिदपुर को गढ़शंकर तथा सतनाम सिंह मजारी को भी गढ़शंकर, परसराम को बलाचौर अस्पताल तथा सतपाल पुत्र फकीर चंद महिदपुर, कमलजीत पुत्र चनन सिंह गांव सादड़ा को पी.जी.आई. चंडीगढ़ भेज दिया है । उल्लेखनीय है कि इस घटना से 5 मिनट बाद ही जिला पुलिस अधीक्षक वहां से गुजरे । वह बलाचौर से होशियारपुर जा रहे थे । उन्होंने शीघ्र कार्रवाई करके पुलिस को सतर्क किया लेकिन आतंकवादी तब तक फरार हो चुके थे ।

### उग्रवादियों ने फूल रख कर माथा निवाया

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार बताया जाता है कि उग्रवादियों ने पहले एक शीशम के वृक्ष के नीचे 5 फूल रख कर माथा टेका और फिर फायरिंग शुरू कर दी । घटना स्थल के निकट एक कार खड़ी है, समझा जाता है कि जिस युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी, यह कार उसी की है । बताया जाता है कि मृतक शीतल सिंह के मां-बाप नहीं हैं, वह अपने ताया-ताई की सेवा करता था ।

### उग्रवादी गिरफ्तार, 12000 रु. के आभूषण बरामद

कपूरथला (ह.स.): जिला पुलिस ने नाथूपुर के निकट नाकाबंदी के दौरान एक उग्रवादी सुखविन्द सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस बरामद हुए । पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर उसके कब्जे से 12000 रुपए के स्वर्णाभूषण बरामद किए हैं । बताया जाता है कि ये आभूषण हाल ही में खीरांवाली गांव से लूटे गए थे ।

### टी.वी. देख रहे परिवार पर फायरिंग

बटाला (ह.स.): गत रात्रि थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के अंतर्गत गांव भट्टीवाल में 3

भूतपूर्व मुख्यमंत्री और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मोती लाल वोरा और बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय विधि मंत्री बिंदेश्वरी दूबे को राज्यसभा का टिकट दिया गया है । राज्यमंत्री कुमारी सरोज खापर्डे, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री हंसराज भारद्वाज, श्रम उपमंत्री राधाकृष्ण मालवीय, पैट्रोलियम उपमंत्री रफ़ीक आलम को पुनः टिकट देने का निश्चय किया गया है । कुमारी खापर्डे को चौथी बार राज्यसभा का टिकट मिला है ।

## दिल्ली में कालगर्ल्स स्कैंडल

नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता): दिल्ली पुलिस ने दो पुरुषों और तीन महिलाओं को गिरफ्तार करके बड़े शहरों में 'काल गर्ल्स' के बड़े धंधे का पर्दाफ़ाश किया है । पुलिस उपायुक्त आमोद कंठ ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि कमलजीत सिंह नामक व्यक्ति दिल्ली, मद्रास और बम्बई में लगभग सौ लड़कियों के ज़रिये यह धंधा चला रहा था । इस काम में उसकी मां भी उसकी मदद कर रही थी । वह दिल्ली के एक स्कूल की सेवा निवृत्त प्रिंसीपल है । श्री कंठ ने बताया कि इस धंधे का भंडा-फोड़ 13 मार्च की रात को हैदराबाद और बेंगलूर की दो महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद हुआ । ये महिलाएं एक दलाल के साथ दिल्ली के एक पांच तारा होटल जाते समय गिरफ्तार की गई थीं । कमलजीत, दिल्ली में यह धंधा ईस्ट आफ़ कैलाश और ग्रेटर कैलाश में स्थित अपनी तीन शानदार कोठियों में चला रहा था । उसकी टैलीफोन आप्रेटर ग्राहकों को सम्पर्क के लिए गुप्त शब्द दिया करती थी ।

## वामपंथी दलों का बंद

(पृष्ठ 3 का शेष)

पशम वाला, कटड़ा जैमल सिंह, खोती अहाता, कर्मो ड्योढ़ी, प्रताप बाजार, शास्त्री मार्कीट, गुरु बाजार, बाजार कसेरियां आदि शामिल हैं । छहर्टा में आज पूर्ण हड़ताल रही परन्तु पुतलीघर के क्षेत्र में तथा बाहरी लारेंस रोड पर कहीं-कहीं दुकानें खुली देखी गई । कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड प्रद्युम्न सिंह ने एक प्रैस नोट जारी करके बंद के पूरी तरह सफल रहने का दावा किया । कई क्षेत्रों में जलूस निकाले गए । टाऊन हाल के करीब विशाल रैली में कम्युनिस्ट नेताओं व ट्रेड यूनियन नेताओं ने भाषण दिए ।

जिलाधीश श्री सर्वजीत सिंह ने दावा किया कि शहर में स्थिति शांतिपूर्ण रही । सरकारी कार्यालयों में शतप्रतिशत हाज़िरी थी । बस सेवाएं सामान्य रहीं लेकिन सवारियां कम थीं । आवश्यक सेवाएं जारी रहीं ।

**फगवाड़ा (कौड़ा):** यहां लगभग पूर्ण बंद रहा । बसों में यात्री काफी कम थे ।

**लुधियाना (नेपाल):** पंजाब के इस औद्योगिक केंद्र में भारत बंद के आह्वान का आंशिक प्रभाव रहा । कारखानों में काम सामान्य रूप से हुआ । बैंक व जीवन बीमा कर्मचारियों ने हड़ताल की तथा क्लियरेंस हाउस बंद रहा । बस सेवा भी अप्रभावित रही । वामपंथी दलों, एकीकृत अकाली दल, अकाली दल (ल), जनता पार्टी व आर.पी.आई. ने घंटा घर चौक में रैली की । कांग्रेस (इ) नेताओं के एक ग्रुप ने बाजारों में जाकर दुकानदारों को दुकानें खोलने के लिए कहा । हड़ताली बैंक व बीमा कर्मचारियों ने भी घंटा घर चौक में रैली की । एटक के सचिव ओम प्रकाश मेहता ने दावा किया कि हौजरी व हैंडलूम उद्योगों में पूर्ण हड़ताल रही ।

गांव से लूट गए थे ।

## टी.वी. देख रहे परिवार पर फायरिंग

**बटाला (ह.स.):** गत रात्रि थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के अंतर्गत गांव भट्टीवाल में 3 उग्रवादियों द्वारा फायरिंग करने से एक परिवार के चमत्कारी ढंग से बचने का समाचार मिला है । पुलिस ने कहा है कि उग्रवादी भाग राम के घर में घुस गए और टैलीविजन देख रहे परिवार पर फायरिंग की । उग्रवादियों ने फायरिंग करने से पूर्व परिवार वालों को अपने टैलीविजन का एंटीना हटा देने के लिए कहा । उग्रवादी बाद में भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

## पत्नी की हत्या करके उग्रवादियों का नाम लगा दिया

**फिरोजपुर (बागी):** मल्लांवाला जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एक ईसाई युवक पितरस को अपनी युवा पत्नी छिंदां की गला घोंट कर हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है । उक्त युवक ने थाने में रिपोर्ट लिखवाई थी कि उग्रवादी उसकी पत्नी की हत्या करके उसके आभूषण लूट कर ले गए हैं । एस.पी. आप्रेशन फिरोजपुर श्री एच.बी. चंद ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि पितरस की आठ मास पूर्व शादी हुई थी और वह नामर्द था, जिस पर उसकी पत्नी उससे रोष व्यक्त करती थी । श्री चंद ने बताया कि अपनी पत्नी के रोष से उत्तेजित होकर पितरस ने अपनी पत्नी का गला घोंट कर हत्या कर दी और पुलिस के पास झूठी रिपोर्ट लिखवा दी । पुलिस ने मृतका के आभूषण पितरस के कब्जे से बरामद कर लिए हैं ।

## लोक गायकों को चेतावनी

**लुधियाना (महिन्द्रा):** खालिस्तान कमांडो फोर्स ने लोक गायक अमर सिंह चमकीला और उसकी पत्नी अमरजोत तथा दो अन्य की हत्या की जिम्मेवारी अपने ऊपर ली है । खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि चमकीला और उसकी पार्टी को इसलिए सोधा गया है कि बार-बार समझाने पर भी वह लचर गीत गाने से बाज न आया । कमांडो फोर्स की ओर से गायकों को चेतावनी दी गई है कि उनका हश्र भी चमकीला जैसा ही होगा । इसी विज्ञप्ति में लुधियाना सी.आई.डी. के हवलदार जीवन लाल की हत्या की जिममेवारी भी स्वीकार की गई है । इसके अतिरिक्त एस.एच.ओ. सुरजीत सिंह घोड़ेवाले, गज्जन सिंह सिपाही की हत्या की जिम्मेवारी भी स्वीकार की है तथा कहा है कि उन्होंने बंगा के कालेज में छात्रों पर फायरिंग की थी । गज्जन सिंह सिपाही पर मुखबरी करने का भी आरोप लगाया गया है ।

कमांडो फोर्स ने आगे कहा है कि आल इंडिया स्टूडैंट्स फैडरेशन को अकेला न समझा जाए, खालिस्तान कमांडो फोर्स उसकी संरक्षक है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि खालिस्तान कमांडो फोर्स का धमकी देकर धन वसूलने वालों, स्त्रियों व बच्चों की हत्या करने वालों के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है । वह केवल सिखों के शत्रुओं को सोधने में विश्वास रखती है । प्रैस विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि फोर्स का कोई लैफ्टिनैंट जनरल भाई फतेह सिंह नहीं है । विज्ञप्ति में कमांडो फोर्स के चार नेताओं के नाम लिखे गए हैं : (1) भाई सुखदेव सिंह झामका गुरदासपुर, होशियारपुर और रोपड़, (2) भाई निर्मल सिंह कपूरथला, जालंधर और अमृतसर, (3) भाई मलकीयत सिंह बापू फिरोजपुर, फरीदकोट और भटिंडा, (4) भाई हरि सिंह बावा पटियाला, संगरूर और लुधियाना । इनके

खोलने के लिए कहा । हड़ताली बैंक व बीमा कर्मचारियों ने भी घंटा घर चौक में रैली की । एटक के सचिव ओम प्रकाश मेहता ने दावा किया कि हौजरी व हैंडलूम उद्योगों में पूर्ण हड़ताल रही ।

## ज़िलाधीश का बयान

ज़िलाधीश श्री एस.एस. बराड़ ने बताया कि बंद से जल आपूर्ति, बिजली व परिवहन आदि जरूरी सेवाएं अप्रभावित रहीं । उन्होंने दावा किया कि जिला में बंद का कोई प्रभाव नहीं हुआ तथा सार्वजनिक जीवन सामान्य रहा । पंजाब भारतीय मजदूर संघ के प्रधान एच.एन. विश्वास ने लोगों को 'भारत बंद' के आह्वान की उपेक्षा करने के लिए बधाई दी ।

## यातायात ठप्प करने का प्रयास विफल

**धर्मशाला (वेद):** जिला कांगड़ा में भारत बंद बुरी तरह विफल रहा । हिमाचल परिवहन निगम की बसें तथा प्राइवेट बस सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं । बसों में सवारियां वैसे कम थीं । परीक्षाएं भी सामान्य रूप से हुईं । कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ताओं ने 10-12 की टोलियों में खनियारा, चम्बी तथा भंवारना में यातायात अवरुद्ध करने का प्रयास किया किन्तु उन्हें तत्काल मार्ग से हटा दिया गया । धर्मशाला में भी 50-60 लोगों ने मार्ग पर प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक धरना दिया । पर बसों को अन्य मार्गों से भेजा गया । धर्मशाला में प्रातः कुछ दुकानें बंद रहीं पर वह भी बाद में खुल गईं । धर्मशाला में इलाहाबाद व स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखाओं को छोड़ कर अन्य शाखाओं में कार्य यथावत जारी रहा ।

शाहपुर व रैत में कुछ दुकानें बंद रहीं ।

**शिमला (वार्ता):** हिमाचल प्रदेश में भारत बंद को मिश्रित प्रत्युत्तर मिला । शिमला व कुछ अन्य स्थानों पर अधिकांश दुकानें व कारोबारी संस्थान बंद रहे । बैंक सेवाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा । हिमाचल पथ परिवहन कर्मचारियों के एक वर्ग की हड़ताल तथा सड़कों पर अवरोध खड़े करने से कई जगह बस सेवा में बाधा पड़ी । तथापि पुलिस और होमगार्ड ने मिल कर यातायात बहाल कराया । रिवाली बस स्टैंड पर कई वाहनों की हवा निकाल दी गई । विपक्षी वर्करों ने शिमला के निकट शोगी तथा गनहट्टी में भी सड़कों पर बाधाएं खड़ी कीं । इसके परिणामस्वरूप शिमला-सोलन तथा शिमला-बिलासपुर मार्ग पर यातायात 1 घंटे से अधिक तक ठप्प रहा ।

**जम्मू (सच्चर):** जम्मू-कश्मीर में भारत बंद के आह्वान को ज्यादा समर्थन नहीं मिला । जम्मू शहर में प्रातःकाल दुकानें बंद थीं लेकिन दोपहर तक यह खुल गईं जबकि जैन बाजार तथा सब्जी मंडी में कुछ दुकानें बंद रहीं । वाहन यातायात सामान्य रहा, शिक्षा संस्थान, सरकारी कार्यालय खुले रहे । कई बैंकों और बीमा कार्यालयों में काम बुरी तरह प्रभावित हुआ । बैंक कर्मियों ने प्रोटैस्ट रैली की । कम्युनिस्ट पार्टियों के नेताओं ने बंद की सफलता का दावा किया तथा पुलिस पर ज्यादतियों का आरोप लगाया । विधानसभा में इंका नेता मंगत राम शर्मा ने बंद की उपेक्षा करने के लिए लोगों को बधाई दी ।

## वर्करों पर लाठीचार्ज

पुलिस ने आज हिसार बस स्टैंड पर धरना दे रहे विपक्षी वर्करों पर लाठीचार्ज किया, जिससे कई वर्कर घायल हो गए । इनमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय छात्र परिषद के प्रधान वीरेंद्र मलिक, दयानंद, दर्शन सिंह, जगदीश शर्मा व सतबीर सिंह शामिल हैं । सी.पी.एम. ने आरोप लगाया कि आज प्रातः 150 वर्करों को हिरासत में लिया गया जो कि

रूप रानी दीवार फांद कर बाहर भाग गई । उग्रवादियों ने उसको देख तो लिया परन्तु कुछ नहीं कहा । समझा जाता है कि वे वहां हरिचंद की हत्या करने के उद्देश्य से आए थे ।

**हैडकांस्टेबल की हत्या**

थाना जंडियाला जिला अमृतसर के गांव थोथी में उग्रवादियों ने पुलिस के एक हैडकांस्टेबल अवतार सिंह की हत्या करदी । बताया जाता है कि उग्रवादी अवतार सिंह के घर में रात्रि को घुस गए और फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी ।

**मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया**

अमृतसर जिले के सरहाली थाना क्षेत्र में कल रात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान घायल हो गया । प्राप्त सूचना के अनुसार मारे गए आतंकवादी के एक या दो साथी भाग गए । उनकी शिनाख्त नहीं की जा सकी है । घायल जवान को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

**हत्याओं की जिम्मेवारी ली**

अमृतसर सदर थाना क्षेत्र के संघाना गांव में पंद्रह और सोलह मार्च की रात को एक परिवार के चार व्यक्तियों की हत्या की जिम्मेदारी भिंडरांवाले टाइगर्स फ़ोर्स ने ली है । हाथ से लिखे एक पत्र में फ़ोर्स के लैफ़्टिनैंट जनरल कारज सिंह ठंडे उर्फ बलवान ने कहा कि पुलिस की मुखबिरी करके बहुत से आतंकवादियों को पकड़वाने के जुर्म में इन लोगों को सज़ा दी गई है । पत्र में चेतावनी दी गई है कि पुलिस के सभी मुखबिरों का जल्दी ही यही अंज़ाम होगा ।

**ओम प्रकाश का शव बरामद**

**बटाला (कोरुड़)**: गत रात श्रीहरगोबिंदपुर पुलिस को गांव भट्टीवाल के एक मकान से वहीं के एक दुकानदार ओम प्रकाश का गोलियों से बिंधा शव मिला है । उल्लेखनीय है कि गत 14 मार्च सोमवार सायं को दो अज्ञात युवकों ने इस पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल व .315 बोर राइफल से फ़ायरिंग की थी । तब पुलिस ने बताया कि ओम प्रकाश भाग कर बाल-बाल बच गया है । अब पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि हो सकता है कि भागते समय उस दिन इसे गोलियां लग गई हों और यह भय के कारण इस मकान में घुस गया हो और वहीं इसकी मृत्यु हो गई हो ।

**एन्टीना उतरवाने का अभियान जारी : दो गिरफ्तार**

जिला गुरदासपुर के श्रीहरगोबिंदपुर, घुमान, क़ादियां, डेराबाबा नानक व पुलिस थाना सदर बटाला के अलग-अलग गांवों से आतंकवादियों व खालिस्तान समर्थकों द्वारा टैलीविज़न के एन्टीना जब्री व धमकीपूर्ण ढंग से उतरवाने का क्रम जारी है । थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव रजोआ, बोहड़पुर, मठोला व मंड से भी लाऊडस्पीकर पर एन्टीना उतारने की धमकियां देकर एन्टीनें उतरवाए गए थे । यह जानकारी देते हुए जिला गुरदासपुर पुलिस के प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि इस सम्बन्ध में श्रीहरगोबिंदपुर पुलिस ने गांव धीरोवाली के गुरदीप सिंह व गांव मंड के बलविंद्र सिंह को आतंकवादी निरोधक एक्ट 3/4 व आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में धारा 216 व एन्टीना

(शेष पृष्ठ 8 पर)

नहीं की गई । ज्ञापन में दोषी अधिकारियों, जिन्होंने बैंक ब्रांचों को वांछित सुविधाएं प्रदान नहीं कीं, के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई तथा साथ ही यह भी स्पष्ट घोषणा की गई है कि अब बैंक कर्मी सरकार द्वारा निर्धन उत्थान के लिए संचालित कार्यक्रमों में कोई योगदान नहीं देंगे जब तक सभी बैंक ब्रांचों को उचित सुरक्षा सुविधाएं प्रदान नहीं की जातीं । ज्ञापन में मांग की गई कि अमृतसर के ग्रामीण क्षेत्रों की सभी ब्रांचों को बंद अथवा स्थानांतरित किया जाए ।

**जब्री वसूली : 6 गिरफ्तार**

**बटाला (कोछड़):** बी.एस.एफ. ने स्थानीय जी.टी. रोड से एक मारुति वैन में कारखानेदारों से जब्री वसूली कर रहे 6 युवकों को पकड़ कर सिटी पुलिस को सौंप दिया । यह जानकारी देते हुए जिला गुरदासपुर पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने पत्रकारों को बताया कि इन युवकों रजिन्द्र सिंह गौंसपुरा, मनफूल सिंह भल्लर, गुरवन्त सिंह रंगड़ नंगल, सर्बजीत सिंह जैतो सरजा, जसबीर सिंह भम्बोई व भूपिन्दर सिंह हसनपुरा को पुलिस थाना सिटी बटाला ने गिरफ्तार करके मारुति वैन डी.डी.ए. 6472 कब्जे में ले ली है ।

श्री बिरदी ने कहा कि इनसे अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ की रसीद बुक व कुछ स्वागती कार्ड प्राप्त हुए हैं जिन पर छपा है कि 30 मार्च को अकाल तख्त के जत्थेदार भाई जसबीर सिंह रोडे व अन्य मुख्य ग्रंथी स्थानीय गुरु नानक कालेज में आ रहे हैं । श्री बिरदी ने बताया कि इनसे एकत्र किए गए 1500 रुपए भी मिले हैं जबकि गत तीन-चार दिन में इन्होंने लगभग 15 हजार रुपए एकत्र किए हैं और लगभग 70 हजार रुपए की रसीदें काट कर लोगों को दी हुई हैं । धन अधिकतर डाक्टरों, कैमिस्टों व कारखानेदारों से ही वसूला गया है । श्री बिरदी ने कहा कि पिछले कई दिनों से लोगों में चर्चा व आतंक था कि कुछ लोग मुंह मांगी रकमें ले रहे हैं जिस कारण पुलिस व बी.एस.एफ. सतर्क थी । गिरफ्तार सभी युवक खालसा कालेज अमृतसर, स्थानीय गुरु नानक व बेरिंग कालेज के छात्र हैं ।

श्री बिरदी ने बताया कि कानून-व्यवस्था व शांति बनाए रखने के दृष्टिगत कल रात पुलिस व सुरक्षा बलों ने बटाला के कई बाहरी क्षेत्रों में खोजबीन का काम किया ।

**संस्कार**

वीरवार 17 मार्च को प्रातः जिला अमृतसर के गांव धूलके स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में आतंकवादियों की फायरिंग से पांच मृतकों में से एक बटाला के मजआं मुहल्ला निवासी 28 वर्षीय रमेश चन्द्र का भारी सुरक्षा प्रबन्धों में संस्कार कर दिया गया । मृतक अपने पीछे पत्नी, एक 8 वर्षीय लड़का व दो छोटी लड़कियां छोड़ गया । प्राप्त विवरण के अनुसार हत्यारे पहले 47 हजार रुपया बैंक से लूट कर चले गए और पांच मिनट बाद फिर आकर उन्होंने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके पांच मासूम व बेगुनाह कर्मचारियों की जान ले ली ।

**रोष स्वरूप बैंकों में हड़ताल**

इस हत्या कांड के सम्बन्ध में आज बटाला के सभी बैंकों के क्लीयरिंग हाऊस बंद रखे गए व हड़ताल रखी गई । बैंक इम्प्लाइज यूनियन के प्रवक्ताओं ने अपने उच्चाधिकारियों व सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की कि संवेदनशील क्षेत्रों के सभी गांवों में बैंकों की ब्रांचें बंद की जाएं ।

**अब विवाह स्थगित**

उनसे काफी आगे निकल गई ।

**स्कूटर छीन लिया**

इसी बीच आतंकवादियों ने नहर विभाग के एक अधिकारी से उसका स्कूटर पी.ए.ओ. 8834 छीन लिया तथा फिर वैन का पीछा किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

**चीनी राइफलें बरामद**

**फिरोजपुर (धीमान):** गत रात्रि नाकाबंदी के दौरान ममदोट सैक्टर में सुरक्षा बलों ने दस ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें बरामद कीं जिन्हें चोरी-छुपे पाकिस्तान से भारत लाने का प्रयास किया जा रहा था ।

**स्कूटर छीना**

गत रात झंडेवाला के निकट जगदीश सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर डी.आई.ई. 2353 छीन लिया गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**लुधियाना (जोशी):** पता चला है कि तीन अज्ञात व संदिग्ध आतंकवादियों ने गत रात्रि चीमा चौक इंडस्ट्रीयल एरिया के निकट पिस्तौल की नोक पर राजिन्दर कुमार नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर (बजाज चेतक) नं. 7371 छीन लिया और फरार हो गए । पुलिस के पास केस दर्ज करा दिया गया है ।

लुधियाना से नेपाल के अनुसार आज लोकगायक स. अमर सिंह चमकीला की भोग की रस्म के अवसर पर डिप्टी कमिश्नर लुधियाना श्री एस.एस. बराड़ ने उनके परिवार की सहायता के लिए चालीस हजार रुपए भेंट किए ।

**3 आतंकवादी गिरफ्तार**

एस.एस.पी. लुधियाना श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि लुधियाना पुलिस ने कल तीन उग्रवादियों जिनका सम्बन्ध बब्बर खालसा आतंकवादी जत्थेबंदी से है, को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम अवतार सिंह, गुरचरण सिंह व वीरेन्द्र सिंह हैं । अवतार सिंह लुधियाना के इंडस्ट्रीयल एरिया, गुरचरण सिंह दोराहा मंडी (लुधियाना) तथा वीरेन्द्र सिंह लुधियाना के थाना डेलों का निवासी है । इनके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री व कारतूस मिले हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है : .455 बोर के 50 कारतूस, 9 एम.एम. पिस्तौल के 33 कारतूस, 50 डेटोनेटर्स, 20 इलैक्ट्रोनिक डेटोनेटर्स और 5 किलो ग्राम अल्यूमीनियम नाइट्रेट ।

**पूर्वाभ्यास**

उग्रवादी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए आज यहां तीन बैंकों में पुलिस व सी.आर.पी. ने पूर्वाभ्यास किया । इन बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक फव्वारा चौक शाखा में पूर्वाभ्यास में निगरानी व निरीक्षण जिला पुलिस प्रमुख श्री ए.पी. पांडे ने किया जबकि भारतीय स्टेट बैंक चौड़ा बाजार तथा पंजाब एंड सिंध बैंक सलीम टाबरी शाखा के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण एस.पी. (आप्रेशन) श्री गिल ने किया । पुलिस सूत्रों से पता चला है कि सब जगह कानून व्यवस्था की दृष्टि से इन्तजाम व प्रबन्ध व्यवस्था पूर्णतया संतोषजनक व अचूक पाई गई ।

**दंगा पीड़ित को लूट लिया**

**पटियाला (भूषण):** दिल्ली से आए एक दंगा पीड़ित सिख बलवन्त सिंह गुजरखानी से तीन अज्ञात सशस्त्र सिख युवकों ने सात हजार रुपए लूट लिए । यह वारदात कल बाद दोपहर त्रिपुरी टाउनशिप में

Punjabi Sanatani

स्थानीय गुरु नानक व बेरिंग कालेज के छात्र हैं ।

श्री बिरदी ने बताया कि कानून-व्यवस्था व शांति बनाए रखने के दृष्टिगत कल रात पुलिस व सुरक्षा बलों ने बटाला के कई बाहरी क्षेत्रों में खोजबीन का काम किया ।

**संस्कार**

वीरवार 17 मार्च को प्रातः जिला अमृतसर के गांव धूलके स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में आतंकवादियों की फायरिंग से पांच मृतकों में से एक बटाला के मजुआं मुहल्ला निवासी 28 वर्षीय रमेश चन्द्र का भारी सुरक्षा प्रबन्धों में संस्कार कर दिया गया । मृतक अपने पीछे पत्नी, एक 8 वर्षीय लड़का व दो छोटी लड़कियां छोड़ गया । प्राप्त विवरण के अनुसार हत्यारे पहले 47 हजार रुपया बैंक से लूट कर चले गए और पांच मिनट बाद फिर आकर उन्होंने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके पांच मासूम व बेगुनाह कर्मचारियों की जान ले ली ।

**रोष स्वरूप बैंकों में हड़ताल**

इस हत्या कांड के सम्बन्ध में आज बटाला के सभी बैंकों के क्लीयरिंग हाऊस बंद रखे गए व हड़ताल रखी गई । बैंक इम्प्लाइज यूनियन के प्रवक्ताओं ने अपने उच्चाधिकारियों व सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की कि संवेदनशील क्षेत्रों के सभी गांवों में बैंकों की ब्रांचें बंद की जाएं ।

**अब विवाह स्थगित**

जिला गुरदासपुर के श्रीहरगोबिंदपुर, कादियां व ध्यानपुर क्षेत्र के कुछ गांवों के हिन्दुओं ने आज से आरम्भ नवरात्रों में विवाह स्थगित अथवा शहरों में स्थानांतरित कर दिए हैं ।

गांव वरियाम, कोटली सूरत मल्ली, मुरादपुर, दर्गाबाद, मस्तकोट व अलीभन्न के कुछ लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सब असामाजिक तत्वों के प्रचार "कि सभी दिन एक समान हैं विवाह आदि नवरात्रों के बाद करें" के भय से किया गया है । बहुत से लोगों ने सवारी, टैंट हाऊस मालिकों व हलवाइयों को दिए आर्डर भी स्थगित कर दिए हैं ।

**पांच घरों में लूट-पाट**

जिला गुरदासपुर में थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोटली सूरत मल्ली में 6 अज्ञात शस्त्र युवक गत रात करनैल सिंह, अवतार सिंह, बच्चन सिंह, बनारसी दास व सतीश कुमार के घर से सोने के जेवर व अन्य कीमती समान लूट कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**शरण देने वाले गिरफ्तार**

**गुरदासपुर (विनोद):** जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि नरोट जैमल सिंह पुलिस ने लखा सिंह निवासी दुल्लोपनाई और गुरदासमल निवासी समराला को कुछ प्रमुख आतंकवादियों को शरण देने, उनसे सम्बन्ध रखने और तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

दूसरी ओर आतंकवादी संगठनों और शरारती तत्वों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में एंटीना उतारने के लिए योजनाबद्ध अभियान जारी है, गांवों में दीवारों पर एंटीना न उतारने वालों को खतरनाक परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है जिससे लोग डर के मारे अपने एंटीना अपने आप ही उतार रहे हैं ।

**1.10 लाख का सोना व नकदी लूटे**

**जलालाबाद (राकेश):** आज प्रातः यहां से 6 वीरेन्द्र सिंह हैं । अवतार सिंह लुधियाना के इंडस्ट्रीयल एरिया, गुरचरण सिंह दोराहा मंडी (लुधियाना) तथा वीरेन्द्र सिंह लुधियाना के थाना डेलों का निवासी है । इनके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री व कारतूस मिले हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है : .455 बोर के 50 कारतूस, 9 एम.एम. पिस्तौल के 33 कारतूस, 50 डेटोनेटर्स, 20 इलैक्ट्रोनिक डेटोनेटर्स और 5 किलो ग्राम अल्यूमीनियम नाइट्रेट ।

**पूर्वाभ्यास**

उग्रवादी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए आज यहां तीन बैंकों में पुलिस व सी.आर.पी. ने पूर्वाभ्यास किया । इन बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक फव्वारा चौक शाखा में पूर्वाभ्यास में निगरानी व निरीक्षण जिला पुलिस प्रमुख श्री ए.पी. पांडे ने किया जबकि भारतीय स्टेट बैंक चौड़ा बाजार तथा पंजाब एंड सिंध बैंक सलीम टाबरी शाखा के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण एस.पी. (आप्रेशन) श्री गिल ने किया । पुलिस सूत्रों से पता चला है कि सब जगह कानून व्यवस्था की दृष्टि से इन्तजाम व प्रबन्ध व्यवस्था पूर्णतया संतोषजनक व अचूक पाई गई ।

**दंगा पीड़ित को लूट लिया**

**पटियाला (भूषण):** दिल्ली से आए एक दंगा पीड़ित सिख बलवन्त सिंह गुजरखानी से तीन अज्ञात सशस्त्र सिख युवकों ने सात हजार रुपए लूट लिए । यह वारदात कल बाद दोपहर त्रिपुरी टाऊनशिप में हुई । बलवन्त सिंह गुजरखानी नवम्बर 1984 के दंगों के बाद दिल्ली से पटियाला आ गया था और उसे मकान बनाने के लिए एक प्लाट अलाट किया गया था । उसने कल प्लाट 7,000 रुपए में बेचा था क्योंकि उसको अपनी लड़की की शादी के लिए रुपयों की जरूरत थी । जब वह सौदा करने के बाद तहसील कार्यालय से लौट रहा था तो सशस्त्र युवकों ने उससे पिस्तौल की नोक पर रुपए छीने तथा स्कूटर पर फरार हो गए । यद्यपि यह वारदात दिन-दहाड़े हुई लेकिन कोई भी उसकी मदद को नहीं आया ।

**बैंक कर्मियों द्वारा प्रदर्शन**

पंजाब बैंक कर्मचारी संगठन पटियाला यूनिट ने जिला अमृतसर में पंजाब नैशनल बैंक के पांच कर्मचारियों की उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या की कड़े शब्दों में निन्दा की है । कर्मचारियों ने स्टेट बैंक आफ पटियाला के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया ।

**नर्स घायल**

**जालन्धर (क):** गत रात थाना भोगपुर के गांव भटूरा लबाणा में दो उग्रवादियों ने गांव की आयुर्वैदिक डिस्पैंसरी की नर्स श्रीमती महेन्द्र कौर पत्नी श्री दर्शन सिंह को उसके घर में घुस कर गोली मार दी और यह धमकी देकर फरार हो गए कि यदि कोई बाहर निकला तो पुनः हमला किया जाएगा ।

तड़के गांव वाले घायल महेन्द्र कौर को काला बकरा अस्पताल में ले गए जहां से आज 11 बजे उसे यहां सिविल अस्पताल में लाया गया । वह खतरे से बाहर बताई गई है । उसकी कमर के निकट तथा बाएं हाथ पर छर्रे लगे बताए गए हैं ।

## दुर्गा सप्तशती पाठ

जालंधर, 18 मार्च : नवरात्रों के उपलक्ष्य में स्थानीय देवी तालाब मंदिर में बीस मार्च रविवार को प्रातः नौ बजे से दोपहर तक दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा ।



तरनतारन और जंडियाला गुरु के मध्य गांव बुत्त में उग्रवादियों द्वारा हत्या करके जलाए गए एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव (1 से 3) बलबीर सिंह, उसकी पत्नी गुरबचन कौर, पुत्र सरमेल सिंह, बहू सुखविन्दर कौर और डेढ़ वर्षीय बच्चा अमनदीप । (4 से 6) घर में मलबे में जली हुई खोपड़ी, जहां गोलियां मारने के बाद इकट्ठे जलाया गया, वहां जली हुई हड्डियां दिखाई दे रही हैं और वह चारपाई जिस पर लेटे हुये घर के सदस्यों पर गोलियां चलाई गईं । (7 से 9) ट्रंकों में से सामान निकाल कर आग लगाई गई, जली हुई सिलाई मशीन और अन्य सामान तथा जला हुआ ट्रैक्टर, (10) दो लड़के निरवैर सिंह और अजीत सिंह जो वारदात के समय घर नहीं थे, विलाप करते हुये, (11) रसोई जहां खाना बनाती हुई महिलाओं की हत्या की गई, (12) व[illegible] मकान जहां वारदात हुई, शोकग्रस्त संबंधी । (छाया : रवि भंडारी)



मुक्तसर के पास सरायनागा-बरूवाली लिंक रोड पर बैंक की वह (1) मैटाडोर, जिस पर शुक्रवार को आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं, (2) आतंकवादियों द्वारा, खराब होने के कारण, छोड़ा गया चेतक स्कूटर तथा (3) मैटाडोर पर गोलियों के निशान ,। (छाया : दीपक पाल)

## पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

परिवार की हत्या के बाद उसके घर में आग लगा दी । सूचना पाने के बाद जब पुलिस तथा सुरक्षा बल के जवान सुबह वहां पहुंचे तो उन्हें पांचों की जली लाशें बरामद हुई । आतंकवादियों ने इस परिवार पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया था । आतंकवादी उसी मारुति कार में फरार हो गए ।

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार जब आतंकवादी बलबीर सिंह के घर में दाखिल हुए तो उस समय घर की औरतें खाना बना रही थीं । उन्होंने बलबीर सिंह की पत्नी व बहू तथा दो वर्षीय बच्ची अमन को डरा-धमका कर उठाया तथा बरामदे में बैठे बलबीर सिंह के पास ले गए । इसी मध्य बलबीर सिंह का लड़का आतंकवादियों को देख कर पड़ोसियों के घर भाग गया । आतंकवादी उसके पीछे गए तथा गोलियां मार कर घायल करके उसे घसीटते हुए बरामदे में ले आए । बरामदे में उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को एक लाइन में बैठ जाने के लिए कहा । फिर उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चला कर उन्हें वहीं ढेर कर दिया । परिवार के सदस्यों की हत्या करने के बाद आतंकवादियों ने गोलियां मार कर कमरों के ताले तोड़े तथा पेटियों में से सामान निकालने के बाद लाशों पर फैंक दिया व उन्हें आग लगा दी । उन्होंने कमरे को भी आग लगा दी, जिससे उसकी छत गिर गई । इसके साथ ही उन्होंने घर में पड़े मोटर साइकल व ट्रैक्टर को भी पैट्रोल डाल कर जला दिया । बाद में घर के एक नौकर मुख्तार सिंह की आंखों पर पट्टी बांध कर उसको अपने साथ मारुति कार में बिठा कर ले गए । तत्पश्चात उन्होंने झीरियां वाली ड्रेन के पुल पर मुख्तार सिंह को उतार दिया व उसको धमकी दी कि यदि शोर मचाया तो उसकी हत्या कर दी जाएगी ।

यह भी पता चला है कि जिस समय आतंकवादी बलबीर सिंह के घर में दाखिल हुए उस समय मुख्तार सिंह चारा काट रहा था । उन्होंने उसको घर की बत्तियां बुझा देने का आदेश दिया । इससे पहले कि वह बत्तियां बुझाता, आतंकवादियों ने गोलियां मार कर बल्ब तोड़ दिए । इस हत्याकांड में बलबीर सिंह के दो लड़के निरवैर सिंह तथा अजीत सिंह ही बचे हैं । निरवैर सिंह किसी रिश्तेदार के विवाह में भाग लेने गया हुआ था जबकि अजीत सिंह चाचा के घर में सो रहा था । घटनास्थल पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, स्प्रिंग फील्ड राइफल तथा 315 बोर की राइफल के चले हुए कारतूस मिले । पुलिस के अनुसार यह हत्याएं भूमि झगड़े के कारण हुई प्रतीत होती हैं ।

पुलिस के अनुसार, कल रात शहर में चार संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ लिया गया लेकिन भिंडरांवाले टाईगर्स फोर्स का एक खूंखार आतंकवादी कारज सिंह थांडे भागने में सफल रहा । गिरफ्तार किये गये चारों आतंकवादी सतपाल सिंह, सतनाम सिंह, कश्मीर सिंह और हरभजन कौर गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के अहाते में पृथकतावादी कार्यक्रमों के बारे में आपस में विचार-विनिमय कर रहे थे । उन्हें बाहर निकलते ही पकड़ लिया गया लेकिन बैठक में मौजूद कारज सिंह थांडे भाग निकला ।

आज मुक्तसर के निकटवर्ती गांव आसामुटेर में उग्रवादियों ने जो बैंक लूटा और मैनेजर की हत्या की इस बारे में यह ख्याल किया जाता है कि यह उन उग्रवादियों का ही हाथ है जो कल बुढ्वाला में बैंक लूटने में असफल रहे थे ।

जालंधर के नई दाना मंडी क्षेत्र से तीन उग्रवादियों ने विजय कुमार से छः हजार रुपए लूट लिए । विजय कुमार स्थानीय कबीर नगर का निवासी है और जब वह दाना मंडी में दुकान बंद करके घर लौट रहा था, तब उसे लूटा गया ।

**RMP/LLB/BAMS**

Last date very near. Contact personally also for Matric+1+2. B. A. (Direct)/ M.A. (One sitting).

Punjabi Sanatani




Punjabi Sanatani

आतंकवादियों ने शनिवार की सुबह मुक्तसर के गांव आसा बुटर में स्टेट बैंक आफ़ इंडिया की ब्रांच लूट ली व इसके मैनेजर श्री कृष्ण लाल अरोड़ा की हत्या कर दी । चित्र में (1) मैनेजर श्री कृष्ण लाल अरोड़ा की लाश (इनसैट पुराना चित्र), (2) बिखरा हुआ लहू, (3) विलाप करता परिवार, (4) लूटे गये बैंक का गेट, (5) वह काऊंटर जहां नकदी लूटी गई (छाया : दीपक पाल), आतंकवादियों ने शनिवार की रात को थाना ढिलवां के गांव रापुर अराइयां के ओम प्रकाश पराशर की हत्या कर दी । चित्र में (6) ओम प्रकाश पराशर की लाश (इनसैट पुराना चित्र), (7) बिलखती हुई परिवार की महिलाएं । (छाया : गोगना)

*अज़हरुद्दीन को पद्मश्री से अलंकृत करते हुए*

## 2 आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

सड़क पर दो संदिग्ध उग्रवादियों ने चाडू राम व एक अन्य व्यक्ति से 1900 रुपए नकद व दो कलाई घड़ियां पिस्तौल की नोक पर तब छीन लीं जब वे एक टैम्पो से उतर कर गांव को जा रहे थे । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

**ठेका लूटा**

जालंधर सदर पुलिस थाना क्षेत्र की बस्ती बावा खेल आबादी में एक मोटर साइकिल इंड सुजूकी तथा एक स्कूटर पर आए तीन उग्रवादियों ने आज रात्रि 8.15 बजे एक शराब के ठेके के कर्मचारी विजय कुमार से 5600 रुपए लूट लिये ।

**ठेके को आग**

**बंगा (खोसला)** : गत रात्रि बंगा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम बीसला में देसी शराब के एक ठेके को कुछ उग्रवादियों ने आग लगा दी व शराब की बोतलें तोड़ दीं ।

**पैट्रोल पम्प लूटा**

आज सुबह थाना नवांशहर के गांव औड़ में एक पैट्रोल पम्प से दो स्कूटर सवार युवक पिस्तौल की नोक पर 700 रुपए लूट कर फरार हो गए । आतंकवादियों ने एक व्यक्ति देवेन्द्र कुमार से उसका स्कूटर भी छीन लिया ।

होशियारपर की एक रिपोर्ट में कहा गया कि जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री सद्दीकी ने दावा किया कि इस मास के शुरू में हुए कारी-साहरी कांड में संलिप्त सभी अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है । श्री सद्दीकी ने कहा कि इन अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाने की सम्भावना है ।

**सामान, नकदी लूटी**


**अमृतसर (वि.प्र.)**: वल्टोहा पुलिस थाने के अलगांव गांव में कल रात संदिग्ध व्यक्तियों ने बलबीर सिंह के घर से अठारह हजार रुपए मूल्य का बहुमूल्य सामान तथा नकदी लूट ली । पुलिस के अनुसार तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने घर में घुसने के बाद परिवार के सदस्यों को एक कमरे में तालाबंद कर दिया और नकदी तथा सामान लूट कर चलते बने ।

**जिम्मेदारी ली**

तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने एक पत्र में, जिस पर महताब सिंह और पिपल सिंह के हस्ताक्षर हैं, थाना सरहाली के गांव सरहाली मंडा के कुंदन सिंह तथा हजूर सिंह की हत्या की जिम्मेदारी कबूल की है । इसके अलावा खब्बे राजपूतां गांव के रूपिंदर सिंह की हत्या की जिम्मेदारी भी स्वीकार की गई है ।

**खन्ना में स्कूटर छीना**

**खन्ना, (पूर्ण)**: कल बाद दोपहर रेलवे स्टेशन खन्ना के आगे रेलवे कैंटीन के पास दो आतंकवादियों ने एक स्कूटर पी.सी.के. 1934 छीन लिया । बताया जाता है कि दो कर्मचारी नानक चंद टैक्नीकल इंस्पैक्टर व सी.एन. सिंह सहायक मैनेजर उक्त स्कूटर पर आ रहे थे । जब वे रेलवे कैंटीन के आगे पहुंचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार स्कूटर आकर रुका, जिस पर दो सिख युवक सवार थे । उन्होंने नानक चंद को पिस्तौल दिखा कर कहा कि जो कुछ उसके पास है, उनके हवाले कर दे । नानक चंद ने कहा कि उसके पास एक घड़ी है । इस पर उन्होंने उनसे स्कूटर ही लिया और नानक चंद व सी.एन.




जिला अमृतसर के लोपोके क्षेत्र में स्थित गांव कक्कड़ कलां में उग्रवादियों के हाथों मारे गए (1) जोगेन्द्र सिंह, (2) सुखदेव सिंह और (3) अमर कौर के शव, (4) मृतकों का शोकग्रस्त परिवार, (5) अमृतसर जिले के थाना मजीठा के गांव बगवां में उग्रवादियों की गोलियों से घायल धनपत, (6) ब्यास के पास उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान घायल सिपाही हरभजन । (छाया : पंजाब केसरी), (7) दसूहा के मुहल्ला महाजनां से अपहृत कांता महाजन का जला हुआ शव जो कस्बे में एक अन्य जगह एक कमरे में मिला । (छाया : झावर)

## पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

फरार हो गए ।

### दो भाइयों की हत्या

मजीठा थाना के गांव भंगवां में रात लगभग नौ बजे उग्रवादियों ने दो भाइयों 65 वर्षीय दीवान चन्द और 70 वर्षीय राम लाल की हत्या कर दी । फायरिंग में एक व्यक्ति 60 वर्षीय गणपत राय भी घायल हो गया । उसे अमृतसर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

### जिम्मेदारी ली

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' ने भंगवां गांव में दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या करने तथा एक व्यक्ति को घायल करने की जिम्मेदारी ली है ।

कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल बलविंदर सिंह ने एक वक्तव्य में कहा कि फर्जी पुलिस मुठभेड़ में उग्रवादी सिख युवक को 'मारे' जाने के बदले में इन लोगों की हत्या की गई है । वक्तव्य में कहा गया है कि एक समुदाय विशेष के लोगों को मारने का सिलसिला तब तक नहीं रोका जाएगा जब तक सिख युवकों को फर्जी पुलिस मुठभेड़ों में मारे जाने की कार्रवाई बंद नहीं हो जाती ।

### पुलिस चौकी पर हमला

कस्बा नौशहरा पन्नुआं में पुलिस चौकी पर रात लगभग साढ़े दस बजे उग्रवादियों ने चीनी असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग की और वे 20-25 मिनट तक गोलियां चलाते रहे । पुलिस की जवाबी फायरिंग से उग्रवादी भाग गए । घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 40 खोल मिले हैं ।

### कांस्टेबल सहित दो घायल

अमृतसर से 35 किलो मीटर दूर रैय्या के फेरूमान चौक में उग्रवादियों ने फायरिंग करके पुलिस कांस्टेबल हरभजन सिंह और सिविल सप्लाई के इंस्पैक्टर चंचल सिंह को घायल कर दिया । कांस्टेबल हरभजन सिंह बाबा बकाला के डी.एस.पी. का ड्राइवर है । उसे सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया जबकि इंस्पैक्टर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई ।

### बंदूक छीनी

बटाला (कोछड़, ह.स.): 6 सशस्त्र उग्रवादियों ने यहां थाना सदर के गांव शेखुपुरा में गुरदयाल सिंह के घर से उसकी 12 बोर की दोनाली बंदूक और 20 कारतूस छीन लिए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

### शरणदाता गिरफ्तार

कलानौर पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में धारीवाल पुलिस स्टेशन के गांव खाम मलिक निवासी जस्सा सिंह को गिरफ्तार किया है । वह इन दिनों कलानौर में ही रह रहा था ।

### सीमा पार करते एक मरा

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया है कि 19-20 मार्च की रात को सीमा पार से भारत में प्रवेश कर रहे दो बंगलादेशी नागरिकों में से एक उस समय मारा गया जब बी.एस.एफ. के ललकारने पर उन्होंने भागने का प्रयास किया व सुरक्षा बलों ने गोली चला दी । उन्होंने बताया कि मारे गए व्यक्ति की शिनाख्त जफर उल्लाह के रूप में हुई है, जबकि घायल का नाम मेहम बताया गया है । ये दोनों बंगला देश के शाहपुरा के निवासी हैं ।

### बैंक कर्मियों ने काले बिल्ले लगाए

लुधियाना (नेपाल): स्टेट बैंक आफ पटियाला आसा बुटर ब्रांच के मैनेजर श्री अरोड़ा तथा धूलका जिला अमृतसर में 5 बैंक कर्मियों की आतंकवादियों के हाथों हत्या के खिलाफ प्रोटेस्ट करने के लिए पंजाब बैंक एम्प्लाइज फैडरेशन लुधियाना तथा आल इंडिया बैंक आफिसर्ज एसोसिएशन सिटी कमेटी के आह्वान पर बैंक कर्मियों व अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाए । फैडरेशन ने मांग की कि बैंक स्टाफ को ग्रामीण विशेषकर आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों में पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए तथा आतंकवादियों के हाथों मरने वाले कर्मचारी के परिवार के सदस्य को नौकरी तथा कर्मचारी के शेष सेवाकाल को शामिल करके भविष्य निधि व ग्रैच्युटी उसके आश्रितों को दी जाए ।

### कृषि वि.वि. में हड़ताल

लुधियाना (महिन्द्रा) : पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में आज छात्रों ने अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के आह्वान पर हड़ताल की तथा परीक्षाओं का बहिष्कार किया ।

### स्कूटर छीना

आज प्रात: 11 बजे स्थानीय किदवाई नगर से दो अज्ञात सशस्त्र उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर स्कूटर नम्बर पी.ए.वाई. 727 एक व्यक्ति दलीप कुमार से छीन लिया तथा उसी स्कूटर पर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

### दर्जी की दुकान लूटी


जालन्धर (ह.स.): यहां देर से प्राप्त समाचार के अनुसार थाना आदमपुर के गांव कठार में उग्रवादियों ने एक दर्जी की दुकान लूटने के बाद उसे आग लगा दी । पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है । आग से फर्नीचर और मशीनों को क्षति पहुंची ।


### 3 हिरासत में

फगवाड़ा (खोसला): कल रात स्थानीय थाना सदर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने संयुक्त तौर पर निकटवर्ती गांवों रावलपिंडी व भबयाना गांवों में आतंकवादियों की धर-पकड़ के लिए छापे मारे । पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है ।


### उग्रवादी गिरफ्तार


गत दिवस पुलिस ने एक उग्रवादी बाल किशन पुत्र ठाकुर दास गांव रावलपिंडी को गश्त के दौरान गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से 315 बोर का रिवाल्वर व कुछ जीवित कारतूस बरामद किए हैं । उस पर कई आतंकवादी वारदातों में संलिप्त होने का











उग्रवादियों द्वारा सोमवार रात को फगवाड़ा के विश्वकर्मा मंदिर में स्थित सी.आर.पी. के शिविर पर राकेट लांचरों से हमला किया गया । चित्रों में (1) उग्रवादियों द्वारा छोड़े गए एक राकेट का निरीक्षण करते हुये अधिकारी, (2) सिविल तथा सी.आर.पी. अधिकारी राकेट पत्रकारों को दिखाते हुये, (3) हाल की दीवार में राकेट टकराने से बना छेद, उसके ठीक नीचे सी.आर.पी. जवानों की चारपाइयां थीं । राकेट दीवार को पार करके बाहर जाकर फटा, (4) दीवार पर राकेट से बने कुछ और सुराख, (5) विश्वकर्मा मंदिर जिसे उग्रवादियों ने अपना निशाना बनाया (छाया : कौड़ा, अल्पना)

*सिंह का पुराना चित्र, (2) विलाप करती परिवार*

**ठेका लूट लिया**

जालन्धर में पुरानी रेलवे रोड पर कल रात एक सिनेमा घर के निकट स्थित एक शराब का ठेका लूट लिया गया । समाचार के अनुसार रात 9 बजे के करीब चार सशस्त्र व्यक्ति एक सलेटी रंग के स्कूटर से उतरे और ठेके में जबरदस्ती घुस गए । उन्होंने पिस्तौल दिखाकर दोनों कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर दिया और दराज में से सेल के हजारों रुपए लेकर फरार हो गए । कहा जाता है कि जब यह वारदात हो रही थी तो आसपास की पान, चाय और खाने की दुकानों के मालिकों ने शटर गिरा दिए । एक सवारी ने, जो रिक्शा पर वहां से गुजर रही थी, फायर ब्रिगेड स्टेशन पर बैठे कर्मचारियों को सूचना दी, जिन्होंने कंट्रोल रूम को टैलीफोन पर इस घटना की सूचना दी जिस पर पुलिस वहां पहुंच गई परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई । याद रहे कि पंजाब में शराब के ठेकों पर दो-दो पुलिस कांस्टेबलों की ड्यूटी है परन्तु इस वारदात के समय वहां कोई सिपाही नहीं था ।





*उग्रवादियों द्वारा अमृतसर के तेज नगर क्षेत्र में मारा गया ज्ञान सिंह (ऊपर) तथा चौक मेहता थाना क्षेत्र के ग्राम ताहिरपुर में मारा गया (नीचे) तरलोक सिंह ।* (छाया : पंजाब केसरी)

आज रात्रि जालन्धर शहर के जे.पी. नगर में चार उग्रवादियों ने प्रिथपाल सिंह से उनकी मारुति कार छीन ली । ये उग्रवादी चंदन नगर से छीने गए एक स्कूटर पर सवार थे ।

आदमपुर के जंडूसिंघा ग्राम में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने नैशनल आयरन स्टोर के सेल्समैन विजय कुमार से पांच हजार रुपए लूट लिए ।

**हथगोला बरामद**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गत रात जिला जालंधर थाना आदमपुर के गांव डरोलीकलां में सरपंच रणजीत सिंह के घर से एक हथगोला बरामद किया गया ।

## जैल सिंह की हालत सुधरी

नई दिल्ली, 22 मार्च : भूतपूर्व राष्ट्रपति जैल सिंह के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है । राम मनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. जे.पी. सिंह ने आज बताया कि उनकी दशा में कोई नया

# चौक मेहता क्षेत्र में भीषण मुठभेड़ के बाद पकड़े गए आतंकवादी ने आत्महत्या कर ली

**सी.आर.पी. की चौकी पर हमले में प्रयुक्त राकेट रूस निर्मित**

**जगत राम की हत्या में संलिप्त 2 उग्रवादी गिरफ्तार**

## दो नक्सली व कम्युनिस्ट नेताओं सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 23 मार्च (वार्ता, हस.): पंजाब में एक नक्सली नेता व एक कम्युनिस्ट नेता सहित चार व्यक्तियों की हत्या की गई, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद पकड़े गये एक आतंकवादी ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । फगवाड़ा पुलिस ने इंका नेता श्री जगत राम की हत्या में संलिप्त 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार कल सी.आर.पी. की चौकी पर हमले में प्रयुक्त राकेट रूस में बने हुये थे । जालंधर क्षेत्र में एक कार व एक स्कूटर छीना गया । पंजाब में करंसी चेस्ट वाले बैंकों की सुरक्षा प्रथम अप्रैल से इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस करेगी ।

**नक्सली नेता की हत्या**

**नकोदर (गगन):** नकोदर से 10 किलोमीटर दूर गांव तलवंडी सलेम में आज सुबह साढ़े सात बजे तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने प्रसिद्ध लोक कवि व नक्सली नेता कामरेड अवतार सिंह पाश (37) व उनके एक नजदीकी साथी कामरेड हंस राज (33) की उस समय गोलियों की बौछार करके हत्या कर दी, जब वे दोनों हर रोज की तरह अपने गांव तलवंडी सलेम से उठ कर पास वाले ट्यूबवैल पर नहाने के लिए गए । बताया जाता है कि ज्यों ही दोनों नहाने के लिए कपड़े उतार कर पास ही पड़े तख्तपोश पर बैठे तो काली चादरें ओढ़े दो आतंकवादियों ने आते ही गोलियां चलानी शुरू कर दीं । गोलियां लगने के बावजूद भी वे भाग खड़े हुए परन्तु आतंकवादियों ने पीछा करके उन पर गोलियों की बौछार चीनी ए.के.-47 असाल्ट गन से की और उन्हें वहीं ढेर कर दिया । दोनों के चेहरों पर गोलियां दागी गईं ? आतंकवादियों का तीसरा साथी मीरपुर गाड़ी की करमी सड़क पर स्कूटर स्टार्ट किए खड़ा था, उस पर तीनों सवार होकर उसी गांव की ओर चले गए । आतंकवादियों को जाते समय कुछ लोगों ने ललकारा लेकिन वे भागने में सफल हो गए । नकदोर पुलिस घटना स्थल पर 1.30 घंटे बाद गई मगर सी.आर.पी. की डग्गी स्थित चौकी के जवान 15 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचे । पुलिस को वहां से 15-16 खाली कारतूस मिले परन्तु लोगों का कहना है कि गोलियां 25-30 के बीच चली हैं । मौका पर एस.पी. (डी) जालन्धर श्री स्वर्ण सिंह भी पहुंचे । नकोदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा हत्यारों की तलाश जारी है । प्रसिद्ध लोक कवि 'पाश' 1969 से नक्सली लहर से जुड़े हुए थे । उन्होंने अपनी पहली कविताओं की पुस्तक 'लोह कथा' लिखी । श्री पाश की 'उड़दे बाजां मगर' कविताओं की किताब 'दिल्ली यूनिवर्सिटी' की पंजाबी की एम.ए. की क्लासों में कई वर्ष तक लगी रही । श्री 'पाश' ने इन दो दशकों में कई पंजाबी की पत्रिकाएं निकालीं । श्री पाश रिटायर्ड मेजर श्री सोहन सिंह के सुपुत्र हैं । श्री पाश कई वर्ष अमरीका में रह कर वापिस आए थे । अब फिर ठीक दो दिन बाद अपने मारे गए साथी के साथ अमरीका जाने वाले थे । उनकी हत्याओं के संबंध में गांव डग्गी व मल्हियां कलां में पूर्ण हड़ताल रही तथा भारी गिनती में लोग शव यात्रा में शामिल हुए ।

अवतार सिंह पाश तथा उनके साथी अमरीका में खालिस्तान विरोधी अभियान चलाने वालों में प्रमुख थे । पाश अपने पीछे विधवा पत्नी तथा 2 बच्चे छोड़ गया है । केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा ने आज एक प्रस्ताव पास करके अवतार सिंह की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया । पाश प्रमुख नक्सली नेता जैमल सिंह पड्डा का समकालीन था । जैमल सिंह की 17 मार्च को जिला कपूरथला में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी ।

**वाच टावर व सर्च लाइट**

**फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा):** सी.आर.पी. की बटालियन के कमांडैंट श्री बी.एस. यादव ने आज यहां बताया कि जिला कपूरथला में शहर से बाहर तथा खुले क्षेत्र में कायम की गई सी.आर.पी. की सभी चौकियों पर वाच टावर बनाया जाएगा और तथा सर्च लाइट लगाई जाएगी । ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि 21 मार्च की रात को उग्रवादियों ने अंधेरे का लाभ उठाते हुए राकेटों से फगवाड़ा के बाहरी क्षेत्र में विश्वकर्मा मंदिर में कायम चौकी पर हमला कर दिया था ।

**रूस में बना था**

कल फगवाड़ा में उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. की 78 बटालियन की 2 कम्पनियों के लगभग 70 जवानों सहित चौकी को राकेटों से उड़ा देने के असफल प्रयास में प्रयुक्त किया गया राकेट लांचर रूस का बना हुआ है । यह रहस्योद्घाटन करते हुए स्थानीय उप पुलिस अधीक्षक दीवान चंद ने आज बताया कि यह जानकारी सेना के विशेषज्ञों से प्राप्त हुई है जिसके अनुसार उक्त राकेट आर.पी.जी. 7 बी किस्म का शक्तिशाली राकेट था, जो प्राय: सेना द्वारा युद्ध के दौरान प्रयुक्त किया जाता है । ऐसा शक्तिशाली राकेट लांचर उग्रवादियों के पास कैसे व कहां से पहुंचा, इस बात पर भारी आश्चर्य प्रकट किया जा रहा है तथापि इस संदर्भ में उच्चस्तरीय गुप्त जांच के आदेश दिए गए हैं । पता चला है कि कल कुत्ता स्कवैड के एक मकान पर पहुंच कर रुक जाने पर पुलिस ने वहां रह रहे 2 बिजली मकैनिकों को तथा निकटवर्ती गांव गौंसपुर से 4 अन्य संदिग्ध नौजवानों को हिरासत में ले लिया है । इसी मध्य सी.आर.पी. के बटालियन कमांडर बी.एस. यादव ने बताया कि इस दुखदाई घटना के बावजूद सी.आर.पी. के जवानों के हौसले पूर्ववत: बने हुए हैं, अपितु अब अधिक चौकसी से कार्य किया जा रहा है । श्री यादव के अनुसार उक्त राकेट पर कहीं भी कोई निशान नहीं मिला था ।

**भवन पुराना होता तो...**

एक अन्य सूचना के अनुसार कल सी.आर.पी. की चौकी पर राकेटों से हमले का उद्देश्य विश्वकर्मा मंदिर के भवन को नष्ट करना था लेकिन भवन नया और मजबूत होने के कारण आतंकवादियों का लक्ष्य पूरा न हो सका । पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि यदि यह भवन पुराना होता तो भारी प्राण हानि हो सकती थी । प्रवक्ता ने बताया कि राकेट जिसका व्यास 2 इंच तथा लम्बाई लगभग 2 फुट थी, सामान्य तथा भवनों और बंकरों को नष्ट करने के लिये प्रयोग में लाया जाता है ।

**जगत राम की हत्या का सुराग**

फगवाड़ा पुलिस ने विगत चार जनवरी को पंजाब कांग्रेस (इ) के उपाध्यक्ष चौ. जगत राम की फगवाड़ा में उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या का सुराग लगाने में महत्वूर्ण सफलता प्राप्त कर ली है व इस हत्याकांड में संलिप्त उग्रवादियों के चार सदस्यीय गैंग के दो सदस्यों दलजीत सिंह उर्फ चाचा वासी गांव

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# चौक मेहता क्षेत्र में भीषण मुठभेड़ के बाद पकड़े गए आतंकवादी ने आत्महत्या कर ली

## सी.आर.पी. की चौकी पर हमले में प्रयुक्त राकेट रूस निर्मित

## जगत राम की हत्या में संलिप्त 2 उग्रवादी गिरफ्तार

# दो नक्सली व कम्युनिस्ट नेताओं सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 23 मार्च (वार्ता, हस.): पंजाब में एक नक्सली नेता व एक कम्युनिस्ट नेता सहित चार व्यक्तियों की हत्या की गई, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद पकड़े गये एक आतंकवादी ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । फगवाड़ा पुलिस ने इंका नेता श्री जगत राम की हत्या में संलिप्त 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार कल सी.आर.पी. की चौकी पर हमले में प्रयुक्त राकेट रूस में बने हुये थे । जालंधर क्षेत्र में एक कार व एक स्कूटर छीना गया । पंजाब में करंसी चेस्ट वाले बैंकों की सुरक्षा प्रथम अप्रैल से इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस करेगी ।

**नक्सली नेता की हत्या**

**नकोदर (गगन)**: नकोदर से 10 किलोमीटर दूर गांव तलवंडी सलेम में आज सुबह साढ़े सात बजे तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने प्रसिद्ध लोक कवि व नक्सली नेता कामरेड अवतार सिंह पाश (37) व उनके एक नजदीकी साथी कामरेड हंस राज (33) की उस समय गोलियों की बौछार करके हत्या कर दी, जब वे दोनों हर रोज की तरह अपने गांव तलवंडी सलेम से उठ कर पास वाले ट्यूबवैल पर नहाने के लिए गए । बताया जाता है कि ज्यों ही दोनों नहाने के लिए कपड़े उतार कर पास ही पड़े तख्तपोश पर बैठे तो काली चादरें ओढ़े दो आतंकवादियों ने आते ही गोलियां चलानी शुरू कर दीं । गोलियां लगने के बावजूद भी वे भाग खड़े हुए परन्तु आतंकवादियों ने पीछा करके उन पर गोलियों की बौछार चीनी ए.के.-47 असाल्ट गन से की और उन्हें वहीं ढेर कर दिया । दोनों के चेहरों पर गोलियां दागी गईं ? आतंकवादियों का तीसरा साथी मीरपुर गाड़ी की करमी सड़क पर स्कूटर स्टार्ट किए खड़ा था, उस पर तीनों सवार होकर उसी गांव की ओर चले गए । आतंकवादियों को जाते समय कुछ लोगों ने ललकारा लेकिन वे भागने में सफल हो गए । नक्दोर पुलिस घटना स्थल पर 1.30 घंटे बाद गई मगर सी.आर.पी. की डग्गी स्थित चौकी के जवान 15 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचे । पुलिस को वहां से 15-16 खाली कारतूस मिले परन्तु लोगों का कहना है कि गोलियां 25-30 के बीच चली हैं । मौका पर एस.पी. (डी) जालन्धर श्री स्वर्ण सिंह भी पहुंचे । नकोदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा हत्यारों की तलाश जारी है । प्रसिद्ध लोक कवि 'पाश' 1969 से नक्सली लहर से जुड़े हुए थे । उन्होंने अपनी पहली कविताओं की पुस्तक 'लोह कथा' लिखी । श्री पाश की 'उड़दे बाजां मगर' कविताओं की किताब 'दिल्ली यूनिवर्सिटी' की पंजाबी की एम.ए. की क्लासों में कई वर्ष तक लगी रही । श्री 'पाश' ने इन दो दशकों में कई पंजाबी की पत्रिकाएं निकालीं । श्री पाश रिटायर्ड मेजर श्री सोहन सिंह के सुपुत्र हैं । श्री पाश कई वर्ष अमरीका में रह कर वापिस आए थे । अब फिर ठीक दो दिन बाद अपने मारे गए साथी के साथ अमरीका जाने वाले थे । उनकी हत्याओं के संबंध में गांव डग्गी व मल्हियां कलां में पूर्ण हड़ताल रही तथा भारी गिनती में लोग शव यात्रा में शामिल हुए ।

अवतार सिंह पाश तथा उनके साथी अमरीका में खालिस्तान विरोधी अभियान चलाने वालों में प्रमुख थे । पाश अपने पीछे विधवा पत्नी तथा 2 बच्चे छोड़ गया है । केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा ने आज एक प्रस्ताव पास करके अवतार सिंह की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया । पाश प्रमुख नक्सली नेता जैमल सिंह पड्डा का समकालीन था । जैमल सिंह की 17 मार्च को जिला कपूरथला में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी ।

**वाच टावर व सर्च लाइट**

**फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा)**: सी.आर.पी. की बटालियन के कमांडैंट श्री बी.एस. यादव ने आज यहां बताया कि जिला कपूरथला में शहर से बाहर तथा खुले क्षेत्र में कायम की गई सी.आर.पी. की सभी चौकियों पर वाच टावर बनाया जाएगा और तथा सर्च लाइट लगाई जाएगी । ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि 21 मार्च की रात को उग्रवादियों ने अंधेरे का लाभ उठाते हुए राकेटों से फगवाड़ा के बाहरी क्षेत्र में विश्वकर्मा मंदिर में कायम चौकी पर हमला कर दिया था ।

**रूस में बना था**

कल फगवाड़ा में उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. की 78 बटालियन की 2 कम्पनियों के लगभग 70 जवानों सहित चौकी को राकेटों से उड़ा देने के असफल प्रयास में प्रयुक्त किया गया राकेट लांचर रूस का बना हुआ है । यह रहस्योद्घाटन करते हुए स्थानीय उप पुलिस अधीक्षक दीवान चंद ने आज बताया कि यह जानकारी सेना के विशेषज्ञों से प्राप्त हुई है जिसके अनुसार उक्त राकेट आर.पी.जी. 7वी किस्म का शक्तिशाली राकेट था, जो प्राय: सेना द्वारा युद्ध के दौरान प्रयुक्त किया जाता है । ऐसा शक्तिशाली राकेट लांचर उग्रवादियों के पास कैसे व कहां से पहुंचा, इस बात पर भारी आश्चर्य प्रकट किया जा रहा है तथापि इस संदर्भ में उच्चस्तरीय गुप्त जांच के आदेश दिए गए हैं । पता चला है कि कल कुत्ता स्कवैड के एक मकान पर पहुंच कर रुक जाने पर पुलिस ने वहां रह रहे 2 बिजली मकैनिकों को तथा निकटवर्ती गांव गौंसपुर से 4 अन्य संदिग्ध नौजवानों को हिरासत में ले लिया है । इसी मध्य सी.आर.पी. के बटालियन कमांडर बी.एस. यादव ने बताया कि इस दुखदाई घटना के बावजूद सी.आर.पी. के जवानों के हौसले पूर्ववत: बने हुए हैं, अपितु अब अधिक चौकसी से कार्य किया जा रहा है । श्री यादव के अनुसार उक्त राकेट पर कहीं भी कोई निशान नहीं मिला था ।


**भवन पुराना होता तो...**

एक अन्य सूचना के अनुसार कल सी.आर.पी. की चौकी पर राकेटों से हमले का उद्देश्य विश्वकर्मा मंदिर के भवन को नष्ट करना था लेकिन भवन नया और मजबूत होने के कारण आतंकवादियों का लक्ष्य पूरा न हो सका । पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि यदि यह भवन पुराना होता तो भारी प्राण हानि हो सकती थी । प्रवक्ता ने बताया कि राकेट जिसका व्यास 2 इंच तथा लम्बाई लगभग 2 फुट थी, सामान्य तथा भवनों और बंकरों को नष्ट करने के लिये प्रयोग में लाया जाता है ।


**जगत राम की हत्या का सुराग**

फगवाड़ा पुलिस ने विगत चार जनवरी को पंजाब कांग्रेस (इ) के उपाध्यक्ष चौ. जगत राम की फगवाड़ा में उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या का सुराग लगाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर ली है व इस हत्याकांड में संलिप्त उग्रवादियों के चार सदस्यीय गैंग के दो सदस्यों दलजीत सिंह उर्फ चाचा वासी गांव

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1) उग्रवादियों द्वारा अमृतसर शहर के चौक मोनी में की गई फायरिंग से मारे गए परमजीत सिंह उर्फ रोमी का शव । इसी फायरिंग में घायल (2) महेंद्र कौर, (3) परमजीत कौर, (4) भूपेंद्र सिंह और (5) चरणजीत सिंह । (6) कत्थूनंगल क्षेत्र में उग्रवादियों के हाथों घायल कर्म चंद, (7) चौक मोनी के घटना स्थल पर फैला खून, (8) मृतक रोमी का शोकाकुल परिवार । (छाया : पंजाब केसरी)



(1) नक्सली नेता और पंजाबी कवि अवतार सिंह 'पाश' के शव के पास बिलखता उनका परिवार, (2) कामरेड हंस राज के शव के पास बिलखती उनकी माता व अन्य सम्बन्धी । दोनों की हत्या गत रात्रि नकोदर थाना क्षेत्र के गांव तलवंडी सलेम में उग्रवादियों ने की । (छाया : गगन)

## चौक मेहता में मुठभेड़

(पृष्ठ 3 का शेष)

फेरोशाह थाना धारीवाल जिला गुरदासपुर व अरविन्दर सिंह खालसा उर्फ बबल वासी गांव धगाना थाना पट्टी जिला अमृतसर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि इस गिरोह के दो अन्य सदस्य रघबीर सिंह उर्फ धीरा उर्फ गुरप्रीत सिंह टैंक वासी गांव साहलों थाना नवांशहर व परमजीत सिंह उर्फ पम्पा वासी गांव खानखाना थाना बंगा अभी फरार हैं ।

उक्त जानकारी देते हुए कपूरथला जिला के पुलिस अधीक्षक श्री पी.एम. दास की तरफ से उप पुलिस अधीक्षक दीवान चंद ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि इस हत्याकांड की साजिश इन चारों उग्रवादियों ने स्थानीय रामगढ़िया पालिटैक्नीक कालेज के होस्टल में हत्याकांड से 7 दिन पहले बनाई थी । इन उग्रवादियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने चौ. जगत राम के कत्ल की साजिश मात्र उनके उग्रवादियों के विरुद्ध भाषणों व कांग्रेसी नेता होने के कारण बनाई थी । पुलिस ने गिफ्तार किए गए उग्रवादियों से एक 9 एम एम की पिस्तौल, एक 12 बोर की पिस्तौल व 4 कारतूस भी बरामद किए हैं । अधिकारियों ने बताया कि इस ग्रुप ने दिसम्बर 86 में चहेड़ु के पास रेलवे दूर-संचार व्यवस्था ठप्प करने के लिए तारें काटने, स्थानीय पालिटैक्नीक में डाकखाने को आग लगाने, 22 दिसम्बर 87 को बंगा के पास रसूलपुर में मुरली मनोहर सिंह नामी ग्रंथी का कत्ल करने, हदियाबद में बिजली घर से 3 अगस्त 87 को 61 हजार रुपए लूटने, 14 दिसम्बर 87 को फगवाड़ा में लैंड मार्टगेज बैंक से 65 हजार रुपए लूटने, लगभग एक दर्जन स्कूटर व पैट्रोल पम्प लूटने के अपराध स्वीकार कर लिए हैं जबकि आगामी पूछताछ में भारी रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है । उन्होंने बताया कि इस गिरोह के पास काफी मात्रा में हथियारों का भंडार है व इन्होंने बताया कि रामगढ़िया पालिटैक्नीक होस्टल ही हमारी गतिविधियों का केंद्र रहा है ।

### सेल्जमैन को लूटा

आज शाम फगवाड़ा के गांव जगपाल पुरा में दो सशस्त्र युवक पिस्तौल की नोक पर शराब के ठेके के सेल्जमैन भजन लाल से 600 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

### 3 आतंकवादी पकड़े

लुधियाना (ह.स.): एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि लुधियाना पुलिसने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । जगरूप सिंह उर्फ झब्बा से एक 38 बोर का रिवाल्वर व 2 कारतूस मिले । वह सितम्बर 1987 में डकैती की एक वारदात में गिरफ्तार हुआ था और जमनत पर रिहा था । मास्टर अवतार सिंह (गांव गोपालपुर) तथा चमकौर सिंह को गिरफ्तार किया गया । यह दोनों दुष्ट सोध बब्बर खालसा संगठन के सदस्य हैं तथा खतरनाक आतंकवादियों को आश्रय देते थे । मास्टर अवतार सिंह आतंकवादियों के लिए जाली ड्राइविंग लाइसैंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट व शिनाख्त कार्ड तैयार करता था । उसके पास से कुछ जाली दस्तावेज व कुछ खतरनाक आतंकवादियों के चित्र भी मिले ।

### संदिग्ध व्यक्ति घुस आया

आज तड़के चार बजे एकीकृत अकाली दल के वरिष्ठ नेता ठेकेदार सुरजन सिंह के मकान में एक संदिग्ध व्यक्ति घुस आया परन्तु संयोगवश उनकी लड़की ने उसे देख लिया और शोर मचा दिया जिस पर मुहल्ले वालों ने इकट्ठे होकर उस व्यक्ति को पकड़ लिया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह पागल लगता है । वह अपना नाम गुरमुख सिंह बताया है तथा लुधियाना का ही रहने वला बताया जाता है ।

### लाश मिली

यहां से 14 किलोमीटर दूर गांव जंगपुरा से एक लाश मिली है । मृतक 60 वर्ष के लगभग आयु का लगता है । लाश पर तेजधार हथियार के निशान हैं ।

### आतंकवादी ने सायनाइड खा लिया

अमृतसर (वि.प्र.): आज अमृतसर के मेहता चौक क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के एक ग्रुप के मध्य जबरदस्त मुठभेड़ हुई जोकि 90 मिनट तक चली । आतंकवादियं ने सुरक्षा बलों पर शक्तिशाली हथगोला फैंका लेकिन यह फटा नहीं । मुठभेड़ में कोई भी घायल नहीं हुआ । खबरों में कहा गया है कि ए.के.-47 चीनी राइफलों तथा एच.ई.-36 हथगोलों आदि से लैस आतंकवादियों के एक गिरोह ने थाना चौक मेहता के गांव भोरसी राजपूतां में एक पटवारी के घर पर हमला किया । निकट ही तैनात सुरक्षा बलों से आतंकवादियों की मुठभेड़ हो गई । मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को पकड़ लिया जिनका गोली सिक्का खत्म हो गया था लेकिन उनमें से एक ने सायनाइड


## OPENING CEREMONY
## SHRI GURU RAM RAI PUBLIC SCHOOL

**Ferozepur Road,**
**(Near Octroi Post)**
**LUDHIANA.**

देहरादून

The opening ceremony of the newly constructed school building will take place on

**SUNDAY, 27th MARCH, 1988 at 10 A.M.**

**HIS HOLINESS SH. 108 SHRI MAHANT INDRESH CHARANDASS JI MAHARAJ,**

Darbar Shri Guru Ram Rai Ji Maharaj, Dehradun, will perform the ceremony.

Regular teaching work will start w.e.f. **4th APRIL, 1988**

Admission/Registration is open from L.K.G. to IX Standard. Medium of instruction is English as per Central Board of Secondary Education Syllabus.



**Sh. Mahant Indresh Charandass Ji Maharaj**

Phone : 31780, 30949, R. 28176

**Courtesy :**

## VARDAN FEED MILLS
## CHANAN RAM BRIJ MOHAN

**Renowned for Poultry Medicines**

**Bhaiwala Chowk, National Road, Ludhiana-141001.**

Ajanta/Royal/88


# क्लासीफ़ाइड विज्ञापन


## सार्वजनिक सूचना

**मेरी लड़की** जीवन बाला मेरे कहने में नहीं है, इसलिये उसका मेरी चल व अचल सम्पत्ति से कोई सम्बन्ध नहीं रहा । उससे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा । सभी सज्जन नोट करें । हंस राज

## पोल्ट्री

**NECC Delhi** Egg rate for 233.88, 58/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.80/- per Dozen.

**Poultry Medicines** top brands competitive rates. Muni Lal Brij Mohan,

गिरोह ने थाना चौक महता के गांव भरसी राजपूतां में एक पटवारी के घर पर हमला किया । निकट ही तैनात सुरक्षा बलों से आतंकवादियों की मुठभेड़ हो गई । मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को पकड़ लिया जिनका गोली सिक्का खत्म हो गया था लेकिन उनमें से एक ने सायनाइड खा लिया और वहीं उसकी मृत्यु हो गई । उसके दो साथी फरार हो गए । पटवारी भी इस हमले में बाल-बाल बच गया ।

**सी.पी.आई. नेता की हत्या**

उग्रवादियों ने अमृतसर के ब्यास थाना क्षेत्र के ग्राम कालके से खिलचियां जा रहे सी.पी.आई. नेता संगत सिंह की आज सायं गोली मारकर हत्या कर दी ।

कालेके ग्राम में 13 मार्च को दो सी.पी.एम. वर्कर मारे गए थे ।

**1 मरा, 4 घायल**

आज प्रातः 11.30 बजे के करीब अमृतसर के आंतरिक क्षेत्र चौक मोनी में सनसनी फ़ैल गई जबकि दो-तीन आतंकवादियों द्वारा की गई अचानक फायरिंग से एक 18-19 वर्षीय परमजीत सिंह उर्फ रोमी सख्त घायल होने के बाद अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ गया, जबकि दो स्त्रियां महेन्द्र कौर पत्नी सेवा सिंह तथा अमरजीत कौर उर्फ परमिन्दर कौर पत्नी दर्शन सिंह गली मले वाली तथा दो व्यक्ति भूपिन्दर सिंह पुत्र अमर सिंह चौक चबूतरा तथा चरणजीत सिंह पुत्र काहन सिंह हवेली मेहर सिंह सख्त घायल हुए । उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

सूचना पाकर उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और सारे क्षेत्र को पुलिस ने घेरे में ले लिया । मृतक रोमी साइकिलों की दुकान का मालिक था ।

**एक और घायल**

गत रात थाना कत्थनंगल के अंतर्गत गांव दयालपुरा में 8 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कर्म चंद को गोली मार कर घायल कर दिया ।

**बैंकों की सुरक्षा**

चंडीगढ़ से संघी के अनुसार आगामी प्रथम अप्रैल से पंजाब के बैंकों की 'करंसी चेस्ट' वाली शाखाओं में सुरक्षा प्रबन्ध का काम इंडो-तिब्बत बार्डर पुलिस को सौंपा जा रहा है । भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबन्धक श्री टी.वी. किनी ने बताया कि राज्य इस समय सभी बैंकों की लगभग 150 'करंसी चेस्ट' शाखाएं हैं । सुरक्षा के लिए आई.टी.बी.पी. का खर्च बैंकों को देना पड़ेगा । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि राज्य के गुरदासपुर जैसे सीमावर्ती जिले में स्थित उनके बैंक की किसी शाखा को बंद नहीं किया गया है । उग्रवाद का शिकार होने वाले बैंक कर्मचारियों के परिवारों को उचित वित्तीय सहायता व एक सदस्य को नौकरी दी जाती है । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अब तक उनके बैंक के तीन कर्मचारी उग्रवाद का शिकार हुए हैं ।

**कार व स्कूटर छीना**

**जालन्धर** : संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात विभिन्न घटनाओं में एक कार और एक स्कूटर छीन लिया । पुलिस के अनुसार पुलिस डिवीजन नम्बर पांच क्षेत्र में चार संदिग्ध आतंकवादियों ने राम नरेश यादव से उनकी मारुति कार पी.ए.के. 2401 छीन ली, जबकि तीन आतंकवादियों ने पुलिस डिवीजन नम्बर एक क्षेत्र में चंदन नगर के करीब स्थानीय प्रताप नगर के रमेश कुमार से उसका स्कूटर पी.ए.क्यू. 755 छीन लिया ।

Punjabi Sahitani

# खेमकरण के पास चार बस यात्रियों की हत्या : दो अन्य लोग भी मारे गए

### ग्रामीणों ने उग्रवादी मार गिराया, जालंधर में 4 ठेके लूटे गए, फरीदकोट में 23 उग्रवादी, शरणदाता बंदी

## राकेट हमले में खालिस्तान कमांडो फोर्स का हाथ : सद्दीकी

चंडीगढ़, 25 मार्च (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने आज रात्रि खेमकरण के पास चार बस यात्रियों सहित पंजाब में 6 लोगों की हत्या कर दी जबकि विभिन्न स्थानों पर वारदातों में कई व्यक्तियों को घायल कर दिया । अमृतसर जिले में ग्रामीणों ने एक उग्रवादी मार गिराया । फरीदकोट पुलिस ने 23 आतंकवादियों तथा उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया जबकि कुख्यात आतंकवादी हुसना सिह पुलिस को चकमा देकर निकल गया । पुलिस ने फगवाड़ा के राकेट-हमला में खालिस्तान कमांडो फोर्स का हाथ बताया । बटाला में एक घोषित अपराधी पकड़ा गया । पटियाला जिला में दो पैट्रोल पम्प लूटे गए । कुछ स्थानों पर लूट-पाट की घटनाएं होने की सूचना है । आतंकवादियों ने जिला पटियाला में पंजाब बिजली बोर्ड के कार्यालय पर फायरिंग की परन्तु कोई घायल नहीं हुआ । जालन्धर में आज सायं 4 शराब के ठेके लूटे गए ।

**बस यात्रियों की हत्या**

आज रात्रि अमृतसर जिले के भिखीविंड थाना क्षेत्र में खेमकरण के पास पंजाब रोडवेज की एक बस को रोक कर उग्रवादियों ने चार बस यात्रियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक सूचना के अनुसार सभी मृतक एक ही समुदाय के थे और यह घटना खेमकरण थाना क्षेत्र के अमरकोट के पास हुई ।

आतंकवादियों ने अमृतसर से करीब साठ किलोमीटर दूर खेमकरण के पास बस अपहरण कर लिया और एक समुदाय के लोगों को उतरने का आदेश दिया । हत्यारों ने अत्याधुनिक हथियारों से गोलियां चलाईं, जिनसे चार बस यात्री मारे गए लेकिन उसी तरफ केंद्रीय रिजर्व पुलिस की एक गश्ती जीप आने से बाकी यात्री बच गए । जीप की बत्तियां देख कर आतंकवादी भाग निकले । उनकी सही संख्या ज्ञात नहीं हो सकी है । नवीनतम सूचना के अनुसार सुरक्षा बल आतंकवादियों का पीछा कर रहे हैं । शाम को अमृतसर से चली यह बस खेमकरण जा रही थी ।

पुलिस के अनुसार अमरकोट के पास उग्रवादियों ने बस का अपहरण किया व ड्राईवर को बन्दूक की नोक पर बस कालेंजर ग्राम को जाने वाली लिंक रोड पर ले चलने को बाध्य किया । मेन रोड से आधा किलो मीटर आगे ले जाकर उन्होंने बस रोकी और ये हत्याएं कीं । एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 4 थी और उन्होंने हत्या करने में ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल से चीनी राइफल की कई चली हुई गोलियां मिलीं ।

शेष बस यात्रियों को बाद में सुरक्षा बलों ने खेमकरण पहुंचाया ।

अभी यह पता नहीं चल सका कि उग्रवादी अमृतसर से ही बस में सवार हुए थे या रास्ते में से बस पर चढ़े ।

गत वर्ष जुलाई में लालड़ू और दरियापुर बस नरसंहार कांड के बाद अब पंजाब में पुनः बस यात्रियों की हत्याएं शुरू हो गई हैं ।

सुरक्षा बलों ने बताया कि उग्रवादियों की संख्या 8 थी । बस नम्बर पी. पी. ए. 8725 में 35 यात्री थे, जिनमें 10 महिलाएं थीं और शेष में से 15 सिख यात्री थे तथा 10 हिन्दू थे ।

यह वारदात रात्रि 8.00 बजे के आसपास हुई जबकि जिले में सायं 7 बजे के बाद बसें चलाने पर पाबंदी है । यह बस सायं 5.30 बजे अमृतसर से चली थी ।

**उग्रवादी मारा गया**

आज रात्रि अमृतसर के बाहरी क्षेत्र के ग्राम रायपुर में ग्रामीणों व उग्रवादियों के बीच हुई एक मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । उग्रवादियों ने ग्राम के एक घर पर कत्ल करने के लिए हमला किया, पर घर वालों ने अंदर से फायरिंग की, जिससे एक उग्रवादी मारा गया व उसके साथी फरार हो गए ।

**तीन घायल**

अमृतसर (वि.प्र.): गत रात्रि थाना कत्थूनंगल के अंतर्गत गांव तलवंडी दसोंधा सिंह में आतंकवादियों ने हमला करके एक व्यक्ति निरवैर सिंह को घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल अमृतसर में दाखिल कराया गया, जहां उसकी दशा गंभीर बताई जाती है । इसी बीच थाना कत्थूनंगल के ही गांव कोट दया राम में दो और व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गए जिनके नाम नवल किशोर तथा शाम बताए गए हैं । एक अन्य समाचार के अनुसार तलवंडी दसोंधा सिंह में घायल होने वाले का नाम गुरिंदर सिंह है । बताया जाता है कि उसने हमलावरों को किसी व्यक्ति का पता बताने से इंकार कर दिया था ।

इसके बाद यही आतंकवादी मंगा सराय गांव गए और वहां अपनी लाइसैंसी बंदूक देने से इंकार करने पर जसपाल सिंह को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया । उसकी रिश्तेदार पलविंदर कौर भी घायल हो गई ।

**टी.वी. सैट तोड़े**

'नारंग' के अनुसार सुल्तान विंड गांव में से आतंकवादियों द्वारा दो घरों में घुसकर उनके टैलीविज़न सैट तोड़ने का समाचार मिला है । यह कार्रवाई दो सिख परिवारों के घरों में हुई है । पांच-छः हजार की आबादी वाले इस गांव में भय एवं आतंक से सभी घरों से ऐंटीने उतार दिए गए हैं ।

अमृतसर के लोपोके थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बोपाराय बाजसिंह में दो उग्रवादी जगतार सिंह और सरबजीत सिंह गिरफ्तार किए गए ।

**दुकानदार की हत्या**

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रात्रि पौने आठ बजे कादियां थाना क्षेत्र के ग्राम तलवंडी चुघना में 2 उग्रवादियों ने 22 वर्षीय किरयाना विक्रेता सुरेन्द्र कुमार की हत्या कर दी व उसके छोटे भाई 14 वर्षीय नरेन्द्र कुमार को घायल कर दिया । बाद

(शेष पृष्ठ 10 पर)




Punjabi Santani

# पंजाब में 5 हत्यायें : खेमकरण बस कांड का एक और घायल चल बसा

**लुधियाना में डाकघर, जालंधर में शराब का ठेका लूटा**

**फगवाड़ा में 1500 रुपये, धूरी में पैट्रोल पम्प लूटा**

## फरीदकोट में 23 उग्रवादी, उन्हें शरण देने वाले बंदी

चंडीगढ़, 26 मार्च (वार्ता, ह.स., वि.प्र.): उग्रवादियों ने जिला गुरदासपुर के एक गांव में एक किसान की कस्सी मार कर हत्या कर दी, जबकि जिला जालन्धर में उग्रवादियों ने एक कार में एक व्यक्ति को गोलियां मार कर शव सड़क पर फैंक दिया । इसी तरह गोलियों से [illegible] एक और [illegible] मिलने से अमरकोट बस यात्री हत्याकांड में मरने वालों की संख्या 5 हो गई है । जिला कपूरथला में अंधाधुंध फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने लुधियाना में फायरिंग करके 3 श्रमिकों को घायल कर दिया, जबकि डाक घर लूट लिया । जिला जालन्धर में शराब के एक ठेके से 8000 रुपए मूल्य की शराब और 7200 रुपए नगद, फगवाड़ा में 1500 रुपए, धूरी में एक पैट्रोल पम्प से 10000 रुपए लूट लिए । जिला फरीदकोट की पुलिस ने 23 उग्रवादियों और उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । पुलिस ने अमरकोट बस हत्याकांड के संबंध में 4 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

**कस्सी मार कर हत्या**

गुरदासपुर से 'विनोद' व बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आज प्रातः लगभग छः बजे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने डेरा बाबा नानक थाना के गांव बुल्लोवाली में प्रकाश चन्द नामक एक व्यक्ति की कस्सी मारकर हत्या कर दी । जिला पुलिस के प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद यहां बताया कि प्रातः तीन अज्ञात व्यक्तियों ने गांव के बाहर स्थित जनकराज नामक व्यक्ति के घर का दरवाज़ा खटखटाया । जब उसकी पत्नी ने दरवाजा खोला तो उन्होंने पिस्तौल की नोक पर उसे सारे आभूषण देने को कहा । महिला द्वारा चांदी के आभूषण उतार देने पर तथा यह कहने पर कि उसके पास सोने के आभूषण नहीं हैं, ये व्यक्ति उसे मकान के अन्दर एक कमरे में ले गए, जहां जनक राज का भाई प्रकाश चन्द सो रहा था । इन व्यक्तियों ने 12 बोर के देसी पिस्तौल से प्रकाश चन्द पर गोली चला दी परन्तु निशाना चूक जाने के बाद उन्होंने कमरे में [illegible] कस्सी से उस पर वार किया जो उसके सिर व गर्दन में लगे तथा उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । हत्यारे भागने में सफल हो गए । जनक राज दिल्ली गया हुआ था ।

श्री बिरदी ने बताया कि लगता है यह कोई लूटपाट करने वाला गिरोह था ।

प्रकाश चंद के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वह एक भक्त आदमी था और जनक राज उसका धर्म भाई था । बताया गया है कि जनक राज इन दिनों उत्तर प्रदेश में जमीन खरीदने गया हुआ था और वह गांव छोड़ना चाहता था । यह भी बताया गया है कि प्रकाश चंद का शव पोस्टमार्टम के लिए दोपहर बाद 2 बजे गुरदासपुर के सिविल अस्पताल में लाया गया था, लेकिन सम्बद्ध डाक्टर और चतुर्थ श्रेणी कर्मी न होने के कारण आज पोस्टमार्टम न हो सका ।

**हत्यारों की शिनाख्त**

श्री बिरदी ने आज यहां बताया कि कल थाना फतेहगढ चूड़ियां के गांव तेजावेहला में दो उग्रवादियों की गोलियों से मारे गए व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार शर्मा के हत्यारों की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है । इनकी थाना डेरा बाबा नानक के गांवों फुआलोवाली के बलविंद्र सिंह और भोलेके के अमरीक सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । श्री बिरदी ने कहा कि दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस पार्टियां भेज दी गई हैं ।

**23 उग्रवादी, पनाह देने वाले गिरफ़्तार**

फरीदकोट (ह.स.): जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान विभिन्न स्थानों पर छापों के दौरान 11 खतरनाक आतंकवादियों और उन्हें पनाह देने वाले एक दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिला

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## हैडग्रंथी हत्याओं के विरुद्ध हुकमनामा जारी करेंगे : चिदम्बरम को आशा

लंदन, 25 मार्च : गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने कहा है कि पंजाब समस्या सुलझाने के लिए केंद्र सरकार 'दृढ़ता और लचीलेपन' की मिली-जुली नीति अपना रही है । यह नीति ऐसा माहौल बनाने के लिए अपनाई गई है, जिसमें मुख्यग्रंथी उग्रवादियों को सही राह पर लाने के लिए अपना प्रभाव इस्तेमाल कर सकें ।

'फाइनैंशियल टाइम्स' को एक भेंटवार्ता में श्री चिदम्बरम ने उम्मीद जाहिर की कि आतंकवादियों द्वारा निर्दोष व्यक्तियों की हत्या के खिलाफ मुख्यग्रंथी हुकमनामा जारी करेंगे । हमें यह भी उम्मीद है कि ग्रंथी ऐसी व्यवस्था करेंगे जिससे स्वर्ण मंदिर सहित अन्य गुरुद्वारों का आतंकवादी इस्तेमाल न कर पाएं और वे ऐसा करने में सफल रहे तो एक नया माहौल बनेगा ।

श्री चिदम्बरम ने कहा कि इस महीने के शुरू में अपनी रिहाई के समय पांचों मुख्यग्रंथियों ने सरकार को कोई वचन नहीं दिया है । हिंसा का कुचक्र समाप्त करने के लिए पांचों मुख्यग्रंथियों को रिहा किया गया था । उन्होंने इस बात से इंकार किया कि केंद्र सरकार ने उग्रवादियों के दबाव में आकर उदारवादी सिख नेताओं से पीछा छुड़ाने के लिए पंजाब विधानसभा भंग की है । उन्होंने कहा तथाकथित उदारवादी नेता स्वयं ही पूंछ छोड़ कर भाग खड़े हुए । यदि आप भाग खड़े होते हैं और

**स्वस्थ लड़का होगा या लड़की**

अमृतसर में ६ वर्ष और दिल्ली में ४ वर्ष से लगातार [illegible] टैस्ट कर रहे श्री के.पी. लूम्बा। द्वारा संचालित लूम्बा क्लीनिक में आधुनिक विदेशी मशीनों और नवीनतम वैज्ञानिक विधियों

# पंजाब में 5 हत्यायें : खेमकरण बस कांड का एक और घायल चल बसा

लुधियाना में डाकघर, जालंधर में शराब का ठेका लूटा

फगवाड़ा में 1500 रुपये, धूरी में पैट्रोल पम्प लूटा

## फरीदकोट में 23 उग्रवादी, उन्हें शरण देने वाले बंदी

चंडीगढ़, 26 मार्च (वार्ता, ह.स., वि.प्र.): उग्रवादियों ने जिला गुरदासपुर के एक गांव में एक किसान की कस्सी मार कर हत्या कर दी, जबकि जिला जालन्धर में उग्रवादियों ने एक कार में एक व्यक्ति को गोलियां मार कर शव सड़क पर फैंक दिया । इसी मध्य गोलियों से छलनी एक और शव मिलने से अमरकोट बस यात्री हत्याकांड में मरने वालों की संख्या 5 हो गई है । जिला कपूरथला में अंधाधुंध फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने लुधियाना में फायरिंग करके 3 श्रमिकों को घायल कर दिया, जबकि डाक घर लूट लिया । जिला जालन्धर में शराब के एक ठेके से 8000 रुपए मूल्य की शराब और 7200 रुपए नगद, फगवाड़ा में 1500 रुपए, धूरी में एक पैट्रोल पम्प से 10000 रुपए लूट लिए । जिला फरीदकोट की पुलिस ने 23 उग्रवादियों और उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । पुलिस ने अमरकोट बस हत्याकांड के संबंध में 4 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

**कस्सी मार कर हत्या**

गुरदासपुर से 'विनोद' व बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आज प्रातः लगभग छः बजे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने डेरा बाबा नानक थाना के गांव बुल्लोवाली में प्रकाश चन्द नामक एक व्यक्ति की कस्सी मारकर हत्या कर दी । जिला पुलिस के प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद यहां बताया कि प्रातः तीन अज्ञात व्यक्तियों ने गांव के बाहर स्थित जनकराज नामक व्यक्ति के घर का दरवाज़ा खटखटाया । जब उसकी पत्नी ने दरवाजा खोला तो उन्होंने पिस्तौल की नोक पर उसे सारे आभूषण देने को कहा । महिला द्वारा चांदी के आभूषण उतार देने पर तथा यह कहने पर कि उसके पास सोने के आभूषण नहीं हैं, ये व्यक्ति उसे मकान के अन्दर एक कमरे में ले गए, जहां जनक राज का भाई प्रकाश चन्द सो रहा था । इन व्यक्तियों ने 12 बोर के देसी पिस्तौल से प्रकाश चन्द पर गोली चला दी परन्तु निशाना चूक जाने के बाद उन्होंने कमरे में ही पड़ी कस्सी से उस पर वार किए जो उसके सिर व गर्दन में लगे तथा उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । हत्यारे भागने में सफल हो गए । जनक राज दिल्ली गया हुआ था ।

श्री बिरदी ने बताया कि लगता है यह कोई लूटपाट करने वाला गिरोह था ।

प्रकाश चंद के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वह एक भक्त आदमी था और जनक राज उसका धर्म भाई था । बताया गया है कि जनक राज इन दिनों उत्तर प्रदेश में जमीन खरीदने गया हुआ था और वह गांव छोड़ना चाहता था । यह भी बताया गया है कि प्रकाश चंद का शव पोस्टमार्टम के लिए दोपहर बाद 2 बजे गुरदासपुर के सिविल अस्पताल में लाया गया था, लेकिन सम्बद्ध डाक्टर और चतुर्थ श्रेणी कर्मी न होने के कारण आज पोस्टमार्टम न हो सका ।

**हत्यारों की शिनाख्त**

श्री बिरदी ने आज यहां बताया कि कल थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव तेजावेहला में दो उग्रवादियों की गोलियों से मारे गए व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार शर्मा के हत्यारों की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है । इनकी थाना डेरा बाबा नानक के गांवों फुआलोवाली के बलविंद्र सिंह और भोलेके के अमरीक सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । श्री बिरदी ने कहा कि दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस पार्टियां भेज दी गई हैं ।

**23 उग्रवादी, पनाह देने वाले गिरफ़्तार**

फरीदकोट (ह.स.): जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान विभिन्न स्थानों पर छापों के दौरान 11 खतरनाक आतंकवादियों और उन्हें पनाह देने वाले एक दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिला

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## हैडग्रंथी हत्याओं के विरुद्ध हुकमनामा जारी करेंगे : चिदम्बरम को आशा

लंदन, 25 मार्च : गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने कहा है कि पंजाब समस्या सुलझाने के लिए केंद्र सरकार 'दृढ़ता और लचीलेपन' की मिली-जुली नीति अपना रही है । यह नीति ऐसा माहौल बनाने के लिए अपनाई गई है, जिसमें मुख्यग्रंथी उग्रवादियों को सही राह पर लाने के लिए अपना प्रभाव इस्तेमाल कर सकें ।

'फाइनैंशियल टाइम्स' को एक भेंटवार्ता में श्री चिदम्बरम ने उम्मीद जाहिर की कि आतंकवादियों द्वारा निर्दोष व्यक्तियों की हत्या के खिलाफ मुख्यग्रंथी हुकमनामा जारी करेंगे । हमें यह भी उम्मीद है कि ग्रंथी ऐसी व्यवस्था करेंगे जिससे स्वर्ण मंदिर सहित अन्य गुरुद्वारों का आतंकवादी इस्तेमाल न कर पाएं और वे ऐसा करने में सफल रहे तो एक नया माहौल बनेगा ।

श्री चिदम्बरम ने कहा कि इस महीने के शुरू में अपनी रिहाई के समय पांचों मुख्यग्रंथियों ने सरकार को कोई वचन नहीं दिया है । हिंसा का कुचक्र समाप्त करने के लिए पांचों मुख्यग्रंथियों को रिहा किया गया था । उन्होंने इस बात से इंकार किया कि केंद्र सरकार ने उग्रवादियों के दबाव में आकर उदारवादी सिख नेताओं से पीछा छुड़ाने के लिए पंजाब विधानसभा भंग की है । उन्होंने कहा तथाकथित उदारवादी नेता स्वयं ही युद्ध छोड़ कर भाग खड़े हुए । यदि आप भाग खड़े होते हैं और उग्रवादियों पर आपका कोई असर भी नहीं है तो

स्वस्थ लड़का होगा या लड़की

- अमृतसर में ६ वर्ष और दिल्ली में ४ वर्ष से लगातार सफल टैस्ट कर रहे श्री के.के. लूम्बा द्वारा संचालित लूम्बा क्लीनिक में आधुनिक विदेशी मशीनों और नवीनतम वैज्ञानिक विधियों द्वारा क्रोमोसोमल और बॉयोकैमिकल स्टडीज द्वारा टैस्ट किया जाता है

Punjabi Sanatani

## सुरक्षा बलों को भारी सफलता

(पृष्ठ 3 का शेष)

### 2 व्यक्ति घायल

**जालन्धर (वार्ता):** गत रात थाना आदमपुर के गांव कठार में आतंकवादियों ने 2 व्यक्तियों को गोली मार कर घायल कर दिया । उनके नाम छिंदा तथा राज कुमार बताए जाते हैं ।


स्कूटर सवार तीन उग्रवादियों ने जालन्धर जिले के नूरमहल थाना क्षेत्र के ग्राम डड्डीवाल में एक को-आप्रेटिव सोसाइटी से 3700 रुपए लूट लिए ।

### स्कूटर, रिवाल्वर छीना

नकोदर से 'गगन' ने सूचना दी है कि आज बाद दोपहर थाना शाहकोट के गांव ऊधोवाल का एक दुकानदार चंचल सिंह अपने स्कूटर पर गांव को जा रहा था कि साइकिल पर सवार तीन सिख युवकों ने उसे रोकने की कोशिश की परन्तु वह स्कूटर तेज करके निकल गया । युवकों ने गोली चलाई जो स्कूटर पर लगी । इसके बाद यह तीनों मेहतपुर की ओर गए जहां एक व्यक्ति स्कूटर पर गांव बालोकी की ओर जा रहा था । उन्होंने पिस्तौल की नोक पर उससे स्कूटर छीन लिया । तब वह 1.30 बजे के करीब मौजा बालोकी में गए जो नकोदर से 13 किलो मीटर की दूरी पर है । वहां एक व्यक्ति जागीर सिंह के घर से उन्होंने 32 बोर का रिवाल्वर, 10 कारतूस छीने तथा फरार हो गए ।

### गोली मार कर घायल कर दिया

**होशियारपुर (प्रद्युम्न):** यहां से 20 किलोमीटर दूर थाना हरयाना के गांव लहला में एक युवक परमिंदर सिह को गोली मार कर घायल कर दिया गया । उसको सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । इस घटना के बारे में पुलिस और परमिंदर सिंह के घर वालों ने अलग-अलग बयान दिए हैं । पुलिस के अनुसार परमिंदर सिंह का एक मित्र भूपेंद्र सिंह है । भूपेंद्र सिंह के पास उसका एक दोस्त आया । भूपेंद्र सिंह ने परमिंदर सिंह जो पहलवानी करता है, को कहा कि उसका मित्र उसका अखाड़ा देखना चाहता है, जहां वह व्यायाम करता है अत: वे बाबा ज्ञान शाह के अखाड़े में चले गए । जैसे ही परमिंदर सिंह ने साइकल खड़ा किया, भूपेंद्र सिंह के साथ आए युवक ने फायरिंग करके परमिंदर सिंह को सख्त घायल कर दिया । उसे चार गोलियां लगीं । पुलिस का कहना है कि यह निजी शत्रुता का मामला है परन्तु उसके घर वाले इसे आतंकवादी घटना कहते हैं ।



*थाना ब्यास के ग्राम पड्डे में रविवार की रात को उग्रवादियों ने (1) दिलबाग सिंह व उसके भाई (2) हैडकांस्टेबल अमरीक सिंह की हत्या कर दी (इन सैट में पुराने चित्र) व 4 वर्षीय घायल बच्ची परविंदर कौर, (3) सोमवार को अमरीक की बहन के विवाह के लिए लगाए गए टैंट के नीचे विलाप कर रहे लोग ।*

*(छाया : जसपाल रैया)*

पंजाब से आए शरणार्थियों के साथ अच्छा सलूक नहीं कर रहे हैं । उन्होंने सुझाव दिया कि केन्द्र या पंजाब प्रशासन को इन शरणार्थियों की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए ।

लोकदल (ब) के श्री वीरेन्द्र वर्मा ने खेद व्यक्त किया कि केन्द्र ने 1984 के दंगों के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है । अकाली दल (लौंगोवाल) के जगजीत सिंह अरोड़ा ने मांग की कि राज्य की बिजली की क़मी को दूर करने के लिए वहां परमाणु बिजली घर लगाया जाए । उन्होंने शिकायत की कि एक सशक्त लॉबी के दबाव के कारण केन्द्र ने पैप्सीकोला परियोजना को अभी तक स्वीकृति नहीं दी है । उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पंजाब में रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही, विदेशी मुद्रा की भी काफी आय होगी । नैशनल कांफ्रैंस के श्री गुलाम रसूल मट्टू ने भी इस परियोजना को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की । कांग्रेस (इ) के श्री रामचन्द्र विकल ने कहा कि लोगों को ऐसे तत्वों से सावधान रहना चाहिए जो हिन्दुओं और सिखों के बीच दरार डालने का प्रयास कर रहे हैं ।

कांग्रेस (इ) के श्री एच.एस. हंसपाल ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य को दी गई विशेष सहायता से कई चालू परियोजनाओं के तेजी से आगे बढ़ने और शीघ्र पूरा होने में मदद मिलेगी । उन्होंने केन्द्रीय पूल में दिए गए खाद्यान्न के लिए राज्य को रायल्टी देने की मांग की । उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में उत्पादन स्तर बनाए रखने के लिए राज्य के किसानों को बधाई दी तथा अमरीका की पैप्सीकोला कम्पनी के सहयोग से राज्य में शीतल पेय बनाने वाली इकाई को शीघ्र मंजूरी देने की मांग की । तेलगूदेशम के श्री बी. सत्य नारायण रेड्डी ने कहा कि केन्द्र ने जब राज्य की लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकार को बर्खास्त कर दिया है तो उसे वहां का बजट पेश करने का क्या नैतिक अधिकार है । उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार के और अवसर सृजित किए जाने चाहिएं ताकि भटके हुए युवकों को आतंकवादियों से अलग-थलग किया जा सके ।


चावला के अनुसार श्री सत्यपाल डांग, कामरेड हरकिशन सिंह सुरजीत और श्री अश्विनी कुमार ने पंजाब समस्या के विभिन्न पहलुओं को जोरदार ढंग से पेश किया । उन्होंने सरकारी नीतियों की कड़ी आलोचना की । श्री डांग ने मुख्य ग्रंथियों की रिहाई की आलोचना करते हुए कहा कि यदि जोधपुर बंदियों को रिहा ही करना था तो यह पहले ही किया जा सकता था । उन्होंने 1984 के दंगों पर मिश्रा

## उग्रवादियों के खिलाफ़ कार्रवाई में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिया । गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने बैठक को बताया कि सीमा पर चौकसी बढ़ाने के बारे में

के अलावा ज्यादांतर लोगों का पुनर्वास हो चुका है । पंजाब के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने का भी सुझाव भी दिया गया । परन्तु प्रधानमंत्री ने कहा कि इसकी उपयोगिता पर सोचना होगा क्योंकि अधिकांश दलों की राय निश्चित है । गांव स्तर पर



*जिला अमृतसर के सरहाली क्षेत्र में स्थित गांव जौड़ा मदान में मारे गए एक ही परिवार के दस सदस्य और एक घायल (1 से 4) छोटे बच्चे लक्खा, राज, भोली और गुड्डी के शव । (5) घायल दिलबाग सिंह, (6 से 9) कश्मीर कौर, गुरनाम कौर, दलबीर कौर, हरजिन्दर कौर और जसवंत सिंह के शव, (10 से 14) शोकाकुल निकट संबंधी, (15 से 17) जहां बिस्तरों पर सोए पड़े 4 बच्चों और 1 वृद्धा को मारा गया, बिस्तरों पर बिखरा खून, (18 से 21) मकान के सेहन में बिखरा खून, चप्पलें और टूटी चूड़ियां, यहां 3 महिलाओं और 2 पुरुषों को गोलियों से मारा गया, (22) रसोई जहां एक मृतका खाना बना रही थी, (23) घर जहां वारदात हुई, (24) घर रह गए पशु जिन्हें चारा डालने वाला भी कोई नहीं बचा, (25) जिस हवेली में वारदात हुई उसके बाहर का दृश्य, (26-27) सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क घटना स्थल का निरीक्षण करते तथा घटना के बारे में पूछताछ करते हुये ।*

*(छाया : ओम भंडारी)*

Punjabi Sanatani




जिला गुरदासपुर के थाना सदर बटाला के गांव घोगा में गत रात्रि उग्रवादियों ने घात लगा कर बी.एस.एफ. के एक गश्ती ट्रक पर राकेटों से हमला करके ट्रक को नष्ट कर दिया तथा बी.एस.एफ. के 9 जवानों और ड्राइवर को घायल कर दिया । चित्रों में (1) बुरी तरह क्षति ग्रस्त ट्रक, (2) घटना स्थल से मिली 3 अलग-अलग किस्म की राकेट टेल्स, (3) घायल अब्दल हमीद, (4) जिला सिंह नायक, (5) सब-इंस्पैक्टर अमरनाथ, (6) सरदार सिंह नायक, (7) लांस नायक पुटिन, (8) सिपाही एम. मथुरा, (9) सिपाही श्री पाल सिंह, (10) ट्रक ड्राईवर महेंद्र सिंह, (11) रामजी झा, (12) हरपाल सिंह (अंतिम दो अमृतसर के अस्पताल में दाखिल हैं) ।

(छाया : कोछड़, रवि भंडारी)



(1 से 18) जिला अमृतसर के थाना हरिके के गांव थेह राझरा में उग्रवादियों द्वारा वीरवार रात को मारे गए एक ही परिवार के 18 सदस्यों के शव, (19, 20) चारों ओर बिखरे शवों के पास स्थिति का जायजा लेते सुरक्षा अधिकारी, (21 से 23) प्रियजनों के शवों के पास बिलख रहे रिश्तेदार, (24) वह मकान जहां वारदात हुई ।

(छाया : रवि भंडारी)



Punjabi Sanatani

जिला अमृतसर में थाना मेहता के गांव पल्लाह के पास खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा मारे गए दो उग्रवादियों (1) चरण सिंह चन्ना और (2) सुक्खा (गांव मेहता) के शव (छाया : प्रेम मेहरा), इसी जिलेके थाना जंडियाला के गांव जोधोनगरी के सूए की पुली पर मारे गए चार उग्रवादियों (3) इन्द्रजीत सिंह, (4) निर्मल सिंह, (5) जसबीर सिंह और (6) दलजीत सिंह के शव, (7) गांव जोधो नगरी के पास वह जगह जहां ये चारों मारे गए । (इन्सैट) शवों के पास पड़ा मिला वह स्कूटर जिसके बारे में विश्वास है कि वह किसी से छीना गया था । (छाया : जसपाल रैय्या)

मगवा ग्राम में दो लोगों की हत्या का जिम्मेदार था ।

**मृतकों की शिनाख्त**

पुलिस द्वारा दी गई सूचना के अनुसार गत रात अमृतसर के थाना घरिंडा के रणगढ़ गांव में आतंकवादियों के हमले में छः व्यक्तियों के मारे जाने की खबर रेडियो पर सुन कर वह मृतकों के नाम जानने 'पंजाब केसरी' कार्यालय आया था ।



(1) पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे रविवार को राजा सांसी हवाई अड्डे (अमृतसर) पर उन (2-3) शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए, जो सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों से अभी हाल ही में पकड़े हैं ।

(छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanatani

# देवी लाल द्वारा राजीव को सुझाव "पंजाब में चुनाव करा दें : समस्या हल हो जाएगी"

नई दिल्ली, 3 अप्रैल (वि.प्र.): हरियाणा के मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल ने प्रधान मंत्री राजीव गांधी को सुझाव दिया है कि पंजाब विधानसभा के चुनाव करा दें, आतंकवाद की समस्या अपने आप हल हो जाएगी । चौ. देवी लाल ने आरोप लगाया कि राजीव गांधी और उनके दरबारी अपनी अदूरदर्शिता से पंजाब को आग में धकेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या ऐसी नहीं है जिसका समाधान नहीं

इन सब बातों पर विचार किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि किसी भी जिले अथवा वर्ग से अन्याय नहीं होने दूंगा ।

उन्होंने कहा राज्य में किसी भी कांग्रेसी को अकारण परेशान नहीं किया जा रहा । केवल वही कांग्रेसी चिल्ला रहे हैं जिन्होंने कर्जा देना है । उन्होंने कहा ऐसे व्यक्तियों से ऋण हर कीमत पर वसूला जाएगा । उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश



(1 से 6) थाना घरेंडा जिला अमृतसर के गांव रणगढ़ में उग्रवादियों द्वारा मारे गए व्यक्तियों के शव, (7) गांव मेहता मोए के निर्मल सिंह, (8) कत्थू-नंगल गांव के प्यारा सिंह के शव, (9-10) गांव रणगढ़ में मारे गए व्यक्तियों के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए। (छाया : रवि भंडारी)

(6) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 4 अप्रैल, 1988



जिला गुरदासपुर में धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव अखलासपुर में आतंकवादियों के हाथों मारा गया विश्वामित्र । (छाया : विनोद)

## सीमा सील

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस सूत्रों के अनुसार धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव अखलासपुर और सगराला के 7 मजदूर धारीवाल मिल में रात्रि ड्यूटी पर साइकिलों पर आ रहे थे । जब वे धारीवाल और अखलासपुर के मध्य लगभग 10.40 पर पहुंचे तो खेतों से निकल कर अचानक 4 अज्ञात आतंकवादी उनके सामने खड़े हो गए और उन सभी से नाम आदि पूछे । इन सात में से 4 क्रिश्चियन, 2 सिख और एक विश्वामित्र नाम का ब्राह्मण था । आतंकवादियों ने इस सभी को मिल द्वारा जारी शिनाख्ती कार्ड भी देखे और 4 क्रिश्चियन और 2 सिख मजदूरों को भगा कर विश्वामित्र (32) को गोली मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई । बाकी मजदूरों ने भाग कर अखलासपुर गांव में बी.एस.एफ. चौकी पर इसकी सूचना दी । गुरदासपुर अस्पताल से मृतक का पोस्टमार्टम करवा लाश वारिसों को दे दी गई । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी के अनुसार इस संबंध में 4 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

### हत्या

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार आज रात्रि उग्रवादियों ने घास गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रात्रि धारीवाल थाना क्षेत्र के मल्लेवाली ग्राम में 3 उग्रवादियों ने फायरिंग करके प्रेम राज नामक युवक को घायल कर दिया ।

### सीमा सील

**जम्मू (वार्ता):** सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर से आतंकवादियों के प्रवेश को रोकने के लिये कठुआ से लेकर छम्ब तक की पूरी तरह सीमा और कालीधार से पुंछ तक वास्तविक नियंत्रण रेखा सील कर दी है ।

शीर्षस्थ सरकारी सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई कल दिल्ली में प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय मीटिंग के बाद की गई है । केंद्रीय गृह मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार सीमावर्ती गांवों में शिनाख्ती कार्ड जारी करने की योजना बना रही है । इस बीच राज्य पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा और वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ लगते गांवों में सभी वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी है ।

### छापे, 3 हिरासत में

**फगवाड़ा (खोसला)** : कल रात सदर पुलिस ने निकटवर्ती गांव नरूड़ व पांछटा में छापे मारे व घर-घर की तलाशी ली । पुलिस ने 3 व्यक्तियों को हिरासत में लिया ।

### मोटर साइकल छीना

**पटियाला (भूषण):** आज दोपहर यहां से 25 किलोमीटर दूर राजपुरा टाऊनशिप में एक व्यक्ति विपिन कुमार से दो अज्ञात व्यक्ति उसका हीरो होंडा मोटर साइकल छीन कर ले गए ।

जालन्धर के भोगपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोगा के पास दो उग्रवादियों ने हुसन लाल नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर नम्बर पी.ए.क्यू. 9609 छीन लिया ।

## उग्रवाद के विरुद्ध कोई भाषण देने न आया

धारोवाली (गुरदासपुर), 3 अप्रैल (ह.स.): डेरा बाबा नानक सैक्टर के सीमा क्षेत्र में स्थित गांव धारोवाली में सरकार द्वारा प्रायोजित लोकशक्ति समागम में भाषण देने के लिए आमंत्रित किए गए सभी 12 सरपंचों और पंचों ने पुलिस, बी.एस.एफ. और मुख्य सचिव पी.एच. वैष्णव सहित नागरिक अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद उग्रवादियों द्वारा बदला लिए जाने के भय से भाषण देने से इन्कार कर दिया । आमंत्रित सभी पंच और सरपंच मंच पर गए लेकिन घोषणा की, "मैं कुछ नहीं बोलना चाहता क्योंकि मैं अपने और अपने परिवार के लिए उग्रवादियों से डरता हूं ।" कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की कि गांवों में सुरक्षा बलों की कोई गश्त नहीं होती लेकिन जिले के पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. बिरदी और बी.एस. एफ. के कमांडैंट श्री एम.सी. शाह ने इसका खंडन किया । श्री वैष्णव ने जनसमूह को सम्बोधित करते हुए स्वीकार किया कि लोगों में भय व्याप्त है, इसी कारण समारोह में बहुत कम लोग आए ।




Punjabi Sanatani

अपितु तलाशी भी लेते हैं, उस समय वहां कोई जवान नजर नहीं आ रहा था । 'गोली चल गई' की अफवाह उड़ने पर भी कोई खबर लेने के लिए नहीं पहुंचा । सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक से भेंट की ।

जालन्धर छावनी पुलिस ने विंगा ग्राम के सतनाम सिंह के घर से एक रिवाल्वर व तीन कारतूस बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया । सतनाम सिंह ने यह रिवाल्वर एक व्यक्ति से छीनी थी ।

**रिवाल्वर छीन लिया**

दो स्कूटर सवार उग्रवादी थाना गोराया के अन्तर्गत गांव कोटली में सोहन सिंह से एक भरा हुआ .32 बोर का रिवाल्वर छीन कर ले गए ।

**मृत आतंकवादी सुक्खा था**

जालन्धर पुलिस ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है


# ड विज्ञापन

**रोज़गार**

**सरकारी नौकरी/रोज़गार** के इच्छुक अपनी योग्यता/आयु लिखें : Rozgar Guidance Institute, 6865/4, Ambala City.

**हकलाना**

हकलाना/तुतलाना लाईलाज़ नहीं है । औषधि व सर्जरी के बगैर पक्का ईलाज़ करवाएं—आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाज पुल, हिसार (हरियाणा) ।

**प्रवेश सूचना**

**सैंट्रल माडल** हाई स्कूल (रजिस्टर्ड) दोमोरिया पुल लुधियाना, नए वर्ष का प्रवेश आरम्भ, आठवीं/नौवीं, फेल दसवीं (पंजाब बोर्ड) करें ।

**गुमशुदा**

**मेरा काले** रंग का बैग जिसमें कार रजिस्ट्रेशन PCE 3844 व अन्य कागज़ात हैं लुधियाना बस स्टैंड के पास गुम हो गया है । सूचना देने वाले को 1000/- रुपया दिया जाएगा । कुलदीप सिंह आहूजा, 31-प्रीतनगर, फिरोज़पुर । फोन : 3844.

**पोल्ट्री**

**NECC Delhi** Egg rate for 6.4.88, 48/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.60/- per Dozen.

**Contact for** new egg trays competitive rates. Paradise Moulding Industries, G.T. Road, Umri (Kurukshetra) Phone : Resi.-1068; Off.-541.

**व्यापार**

**चमत्कार ! धार्मिक स्थानों** हेतु 4x3 सातरंगे मारबल में समाधि लिये संत फकीर के प्राकृतिक चित्र तथा अन्य बढ़िया मारबल, चिप्स, करेज़ी आदि हेतु अग्रवाल मारबल उद्योग, बैंक कालोनी (पुलिस लाईन के पीछे), अमृतसर । दूरभाष : 63979.

**Opportunity to** start side business. Enhance your income through side-business of hire-purchase. Start it with 10,000/- or more. Contact—Anand Pratyabhoot Vit Nigam Limited, Pratyabhoot Minar, Main Road, West Patel


(नवांशहर), दलविंदर सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र चन[...] गांव घलेता (गोराया), कुलविंदर पुत्र सबरन[...] (घुलेता) को पकड़ा है जबकि इनका एक अन्य साथ[ी] हंस राज गांव तरखान मजारा फरार है जिसक[ी] तलाश की जा रही है । इनके कब्जे में से डी.ए.वी[.] कालेज फिल्लौर तथा डबलरोटी वाली फैक्टरी [से] लूटा 229 थैला सीमैंट, दो क्विंटल सरिया, [...] चुगाठें, एक मोटर बिजली की बरामद की है, ज[ो] उन्होंने पिछले दिनों दो अलग-अलग वारदातों [में] लूटी थीं, इनके कब्जे में से एक 12 बोर की दुनाल[ी] बंदूक लाईसैंसी भी बरामद की है जिसकी नोक प[र] यह लूटमार करते थे । इनके विरुद्ध धार[ा] 458/380 I.P.C. तथा 25/54/59 असल[ा] एक्ट के अधीन केस दर्ज कर लिया गया है । इ[न] सभी को अदालत में पेश करके रिमांड प्राप्त क[र] लिया गया है ।

**बैंक लूट लिया**

**करतारपुर (साहनी):** आज सुबह लगभ[ग] 9.30 बजे थाना करतारपुर के गांव पत्तड़कलां [में] तीन आतंकवादियों द्वारा इंडियन ओवरसीज बैंक क[ी] शाखा से 93659 रुपए लूट कर ले जाने क[ा] समाचार प्राप्त हुआ है ।

बताया जाता है कि बैंक का गनमैन अभ[ी] दरवाजा खोल ही रहा था कि तीन अज्ञात व्यक्ति, ज[ो] कि पिस्तौलों से लैस थे, जबरदस्ती बैंक में घुस आ[ए] तथा गनमैन को धमकी देकर एक तरफ खड़ा क[र] दिया । थोड़ी देर बाद जब बैंक का कैशियर आय[ा] तो उसको मारने की धमकी देकर उससे सेफ क[ी] चाबी ले ली तथा 93659 रु.,जो उस समय वह[ां] थे, लूट कर बैंक के ही एक कर्मचारी के स्कूटर न[ं.] पी.बी.के. 798 पर फरार हो गए ।

**शव मिला**

**फिरोजपुर (धीमान):** थाना मल्लांवाला क्षेत्र मे[ं] गांव वंडाला में बी.एस.एफ. की एक गश्ती पार्टी ने गत रात एक निहंग दर्शन सिंह का शव बरामद किया । बताया जाता है कि शव पर गोलियों के निशान हैं । पुलिस को इस वारदात की सूचना आज प्रात: मिली ।

**3 आतंकवादी गिरफ्तार**

**लुधियाना (ह.स.):** बब्बर खालसा संगठन से सम्बन्धित तीन संदिग्ध आतंकवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने आज यहां यह सूचना देते हुए बताया कि आतंकवादियों के पास से एक 'बैबले स्टाक' सहित दो रिवाल्वर, कारतूस और एक चोरी का स्कूटर बरामद हुआ । इनकी कई आतंकवादी अपराधों के सिलसिले में तलाश थी ।

एरिया मैजिस्ट्रेट ने तीनों आतंकवादियों सतनाम सिंह, महेन्द्र सिंह और सुदामा सिंह को कल तक पुलिस हिरासत में रखने के आदेश दिए हैं ।

**मारुति कार छीनी**

आज शाम लुधियाना में दो आतंकवादी एक कार ड्राइवर राजकुमार को गोली मार कर घायल करने के बाद उससे मारुति कार छीन कर फरार हो गये । कार का मालिक माडल टाउन में अपने भाई से मिलने के लिये उसके बंगले में गया था । दो आतंकवादी रिक्शा में आये, उन्होंने ड्राइवर को घसीट कर बाहर निकाला और उस पर गोली चलाई । ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे स्थानीय ब्राऊन मैमोरियल अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

Punjabi Sanjhi

# 2 किसानों, महंत, सुरक्षा समिति सदस्य सहित 5 हत्याएं : गोलियों से छलनी 3 शव मिले

## जीप पर सवार होकर फायरिंग करने वाले उग्रवादियों को पत्थर मार कर भगा दिया

# सीमा पर 8 घुसपैठिए मरे, उनके साथी फरार

चंडीगढ़, 7 अप्रैल (वि.प्र., ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने आज अमृतसर नगर में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के एक नेता, जिला अमृतसर में एक किसान, जिला गुरदासपुर में एक गुरुद्वारे के महंत और जिला फिरोजपुर में एक किसान की हत्या कर दी । जिला अमृतसर में गोलियों से छलनी तीन शव बरामद किए गए हैं । जिला अमृतसर, गुरदासपुर और श्रीगंगानगर क्षेत्र से भारत में घुसने की कोशिश में 7 उग्रवादी मारे गए । जिला गुरदासपुर में तीन चोर उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं । फगवाड़ा में जीप सवार फायरिंग कर रहे उग्रवादियों को किसान और उसके नौकर ने भारी पथराव करके उग्रवादियों को भगा दिया । नकोदर में डेरे पर फायरिंग करने वाले उग्रवादियों को निहंग ने खदेड़ दिया । लुधियाना में सी.आर.पी.एफ. के कैम्प के निकट से एक बम बरामद हुआ । राज्य के कई स्थानों से उग्रवादियों द्वारा शस्त्र लूटने की सूचनाएं मिली हैं ।

पंजाब हिंदू शिव सेना ने भी श्री जीवन प्रकाश की हत्या के विरुद्ध कल अमृतसर बंद का आह्वान किया है ।

### राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेता की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): आज बाद दोपहर लगभग दो बजे उग्रवादियों ने नगर के आंतरिक बाजार दाल मंडी में गोलियां चलाकर राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के सचिव श्री जीवन प्रकाश की हत्या कर दी । यह क्षेत्र स्वर्ण मन्दिर परिसर के पीछे स्थित है । श्री जीवन प्रकाश भीड़-भाड़ भरे इस क्षेत्र में दुकान करते थे । उक्त हत्या के सम्बन्ध में सूचना देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान डा. बलदेव राज चावला ने बताया कि मृतक श्री जीवन प्रकाश पर कुछ समय पूर्व भी उग्रवादियों ने घातक हमला किया था लेकिन श्री जीवन प्रकाश उस हमले से बच निकलने में सफल रहे थे लेकिन आज का हमला उनके लिए जानलेवा सिद्ध हुआ । डाक्टर चावला ने अपने वक्तव्य में कहा कि हत्याकांड के विरुद्ध रोष-स्वरूप समिति ने 8 अप्रैल को अमृतसर बंद का आह्वान किया है । उन्होंने इस आह्वान के साथ लोगों से परस्पर भाईचारा रखकर बंद में योगदान देने की अपील की ।

### गोलियों से छलनी 3 शव मिले

जिला अमृतसर की पुलिस ने वल्टोहा थाना के कोटलीवस्वा सिंह गांव, छहर्टा थाना के कोटलीनसीब खान गांव तथा अजनाला थाना के अलीवाल गांव में कल रात गोलियों से छलनी तीन शव बरामद किए । शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है । तीनों मृतक अधेड़ आयु के हैं । ये शव गश्ती पुलिस की एक पार्टी ने देखे थे ।

### घुसपैठिया मारा गया

अमृतसर पुलिस सूत्रों के अनुसार सीमा सुरक्षा बल के एक दल ने पाकिस्तान से भारत की ओर आए दो व्यक्तियों को ललकारा । जवाबी कार्रवाई में एक व्यक्ति मारा गया, जबकि दूसरा भागने में कामयाब हो गया । सीमा सुरक्षा बल का कोई जवान हताहत नहीं हुआ ।

### किसान की हत्या, पुत्र घायल

रैय्या से जसपाल के अनुसार गत रात्रि लगभग साढ़े 11 बजे यहां से 25 किलो मीटर दूर थाना जंडियाला के गांव रसूलपुर कलां में संदिग्ध व्यक्तियों ने एक किसान की फायरिंग करके हत्या कर दी और उसके पुत्र को घायल कर दिया । बताया जाता है कि पांच संदिग्ध व्यक्ति, जिन्होंने अपने चेहरे ढांपे हुए थे, रात्रि को 55 वर्षीय किसान चरण सिंह के घर में आए । उन्होंने उसको आंगन में सोते हुए जगाया और अन्दर जाकर उसके दो लड़कों हरजिंद्र सिंह (32) और जसबीर सिंह (25) को भी उठाकर आंगन में ले आए । इसके बाद उन्होंने चाय बनवा कर पी । चाय पीने के पश्चात वे यह कह कर तीनों पिता व पुत्रों को अपने साथ बाहर ले गए कि मार्ग में सम्भवतया सी.आर.पी.एफ. ने नाका लगाया हो, इसलिए वे उनको निकलवा दें । थोड़ी दूर जाकर उन्होंने तीनों पर फायरिंग कर दी, जिससे चरण सिंह मौके पर ही मर गया, जबकि हरजिंद्र सिंह गम्भीर रूप में घायल हो गया । जसबीर सिंह वहां से किसी प्रकार बचकर भाग निकलने में सफल हो गया । वारदात के पश्चात संदिग्ध व्यक्ति फरार हो गए ।

### सहानुभूति का बदला

बाद में चरण सिंह की पत्नी स्वर्ण कौर ने बताया कि वारदात करने से पूर्व संदिग्ध व्यक्तियों ने चरण सिंह और उसके दोनों लड़कों को कहा कि कुछ दिन पूर्व गांव के निकट सी.आर.पी.एफ. की एक गाड़ी कीचड़ में फंस गई थी, उसको तुमने ट्रैक्टर की सहायता से बाहर निकाला था तथा इस प्रकार आपने सी.आर.पी.एफ. वालों के साथ सहानुभूति व्यक्त की । इसीलिए हम आपको सोधने के लिए आए हैं । घायल हरजिंद्र सिंह को अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । चरण सिंह का शव पोस्टमार्टम के बाद वारिसों के हवाले कर दिया गया है । वारदात वाले स्थान से 9 एम.एम. और थामसन गन के 15 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

### गोली मार कर घायल कर दिया

उग्रवादियों ने आज रात्रि रणजीत एवेन्यू अमृतसर में एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । श्री महेन्द्र सिंह की दशा गम्भीर बताई जाती है क्योंकि उनके सिर और पेट में गोलियां लगी हैं ।

### कच्चे मार्ग पर ले जाकर मारा

थाना मेहता के सी.आई.डी. सैल में तैनात एक सिपाही बलजिंद्र सिंह, जिसकी गत रात्रि उग्रवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी, की हत्या के सम्बन्ध में और विवरण मिला है । पता चला है कि मृतक बलजिंद्र सिंह सायं लगभग 6.30 बजे के बाद निकटवर्ती सरकारी हायर सैकेंडरी स्कूल मेहता नंगल के मैदान में दूसरे खिलाड़ियों के साथ हाकी खेल रहा था । इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों ने आकर उसको आवाज मारी और कोई बात करने के बहाने उसको मैदान के बाहर कच्चे मार्ग पर ले गए । एक संदिग्ध व्यक्ति ने उससे हाथ मिलाया और दूसरे ने गोली चला दी । इससे बलजिंद्र सिंह


(शेष पृष्ठ 8 पर)







*(1) अमृतसर के दाल मंडी क्षेत्र में उग्रवादियों के हाथों मारे गए जीवन प्रकाश का शव, (2) बिलखता हुआ उनका परिवार, (3) घटना के बाद बंद बाजार । (छाया : रवि भंडारी)*



थाना जंडियाला गुरु जिला अमृतसर के गांव सूलपुरकलां में बुधवार की रात्रि को उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक किसान चरण सिंह की हत्या कर दी और उसके पुत्र हरजिन्द्र सिंह को घायल कर दिया । (1) वह स्थान जहां पिता और पुत्र को गोली मारी गई, (2) घर की स्त्रियां विलाप करते हुए (इन्सैट चरण सिंह और हरजिन्द्र सिंह के पुराने चित्र), (3) थाना मेहता के गांव ऊधोनंगल में उग्रवादियों ने सी.आई.डी. के एक सिपाही बलविन्द्र सिंह की हत्या कर दी । उसके परिजन विलाप करते हुए (इन्सैट बलजिन्द्र सिंह का पुराना चित्र) ।
(छाया : जसपाल)

# कत्याल के हत्यारे उग्रवादियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला

### बम बरामद

**लुधियाना (ह.स.):** सुरक्षा बलों ने आज यहां हंबड़ी रोड पर सी.आर.पी. के कैम्प के बिल्कुल निकट से एक कारामद 19 एम.एम. का बम बरामद किया है । सेना के विशेषज्ञों ने आकर बम को निष्क्रिय किया ।

### बादल का साथी घायल

'धीमान' के अनुसार एकीकृत अकाली दल के एक प्रमुख नेता और स. प्रकाश सिंह बादल के दाएं हाथ समझे जाने वाले ज्ञानी अर्जुन सिंह को आज रात्रि कार सवार उग्रवादियों ने उस समय गोली मार कर घायल कर दिया, जब वे अपनी दुकान बंद करके घर जा रहे थे । जब उन्होंने मोड़ काटा, तभी उन पर गोली चलाई गई ।

### स्कूटर बरामद

**करतारपुर (साहनी):** गत दिवस थाना करतारपुर के गांव पत्तड़कलां में आतंकवादी बैंक लूटने के बाद जो स्कूटर नं. पी.बी.के. 798 छीन कर ले गए थे, वह स्कूटर आज पुलिस को गांव दहली साहब के निकट के खेतों में पड़ा हुआ मिला ।

### उग्रवादी पत्थर मार कर भगा दिए

**फगवाड़ा (राकेश):** कल रात्रि लगभग 11 बजे फगवाड़ा से 12 किलो मीटर दूर स्थित गांव कलियानी में जीप में सवार कुछ उग्रवादियों ने गांव के एक किसान जीत सिंह के घर पर जाकर फायरिंग की । इस पर किसान और उसके नौकर ने जोरदार पथराव करके उग्रवादियों को भगा दिया । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने 7-8 हवाई फायर किए । इस वारदात से क्षेत्र में आतंक पाया जाता है ।

### निहंग ने उग्रवादी भगा दिए

**जालन्धर (ह.स.):** उग्रवादियों ने गत रात्रि थाना नकोदर के गांव अंगा पीरी में एक निहंग परिवार की हत्या करने की असफल कोशिश की । पुलिस सूत्रों के अनुसार अज्ञात संख्या में उग्रवादियों ने निहंग चैन सिंह के डेरे पर हमला कर दिया और फायरिंग शुरू कर दी । निहंग ने भी डेरे के अन्दर से अपनी लाइसैंसी राइफल से फायरिंग की । फायरिंग लगभग 15 मिनट तक चली और उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग खड़े हुए । पुलिस ने घटनास्थल से पांच खाली कारतूस बरामद किए हैं । बताया जाता है कि निहंग उग्रवादियों की हिटलिस्ट में शामिल है और उसे धमकीपूर्ण पत्र मिलते रहे हैं, जिसमें उसे पुलिस का मुखबिर कहा जाता है ।

एक स्टेनगन, एक थ्री.सी.ओ.आर., तीन घड़ियां और 41 ग्राम स्वर्णाभूषण बरामद किए हैं । यह गिरोह जालन्धर, फिरोज़पुर, लुधियाना और भटिंडा जिलों में सक्रिय था । आज सायं जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में एक गिरोह के सदस्यों की सतनाम सिंह, उज्जल सिंह, हरबंस सिंह और राजकुमार के रूप में शिनाख्त की गई है । उपरोक्त सारा माल इसी गिरोह से बरामद किया गया है । चोरों के दूसरे गिरोह से यद्यपि अभी तक कोई भी वस्तु बरामद नहीं हुई । इस गिरोह के सदस्यों के नाम कुलविंद्र सिंह, बलविंद्र, मोहन और बहादुर बताए गए हैं ।

### उग्रवादी गिरफ्तार

जालंधर पुलिस ने एक कट्टर उग्रवादी गुरमीत लाल उर्फ सोढी, जो जिला कपूरथला के गांव भुलत्थ का रहने वाला है, को गिरफ्तार करने का दावा किया है । उग्रवादी ने कई अपराधों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

### बंगा में हत्या

थाना बंगा जिला जालंधर के गांव घुम्मन में आज रात्रि उग्रवादियों ने एक व्यक्ति मेजर सिंह और उसके लड़के को गोली मार कर घायल कर दिया । अभियुक्त भाग निकले । घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाने के लिए ले जाया जा रहा था कि मेजर सिंह की मृत्यु हो गई ।

### स्कूटर छीन लिया

थाना शाहकोट के गांव पंडोरी के निकट एक व्यक्ति राम गोपाल से उग्रवादियों ने आज सायं स्कूटर छीन लिया । राम गोपाल उस समय अपने गांव सैखोवाल जा रहा था । अभियुक्त उसी स्कूटर पर भाग निकले ।

### खालिस्तान समर्थक नारे

**पटियाला (भूषण):** कल यहां नौवें गुरु के प्रकाशोत्सव के सम्बन्ध में निकाले गए जलूस में लगभग दो दर्जन उग्रवादियों के जत्थे ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए । गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब से शुरू यह जलूस गुरुद्वारा मोती बाग में जाकर समाप्त हुआ, जहां इस जत्थे के सात समस्यों ने तलवारें लहराईं । एक स्थान पर पुलिस के फोटोग्राफर ने इन लोगों का चित्र खींचने का प्रत्यन किया, लेकिन उसका कैमरा छीन लिया गया ।

### फैड. महिला विंग की प्रधान गिरफ्तार

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (महिला) विंग की जिला पटियाला की प्रधान बीबी पुपिंद्र कौर को आज गिरफ्तार कर लिया गया ।

उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक किसान करतार सिंह के घर से 12 बोर की दोनाली बंदूक, एक पिस्तौल, दस तोले सोना और कुछ नगदी लूट ली । इन वस्तुओं का मूल्य एक लाख से अधिक बताया जाता है । सूचना मिलते ही पुलिस एवं सी.आर.पी.एफ. के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

### बेअंत सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

यदि वे अभी भी राज्य पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन करना चाहते हैं तो उन्हें पंजाब इंका की अध्यक्षता करने के लिए उसी नेता को भेजना होगा जो राज्य को इस हालत में लाने के लिए जिम्मेदार है । उन्होंने दोनों उच्च नेताओं का नाम न लेते हुए प्रधानमंत्री को इतना इशारा जरूर कर दिया जिससे वे समझ जाएं कि बात किसके बारे में की जा रही है ।

दूसरे उच्च नेता के बारे में कहा गया कि वह इतना महत्वाकांक्षी है कि उसने खुद प्रधानमंत्री बनने के लिए ज्ञानी जैल सिंह तक पहुंच की थी । उन्होंने कहा कि ये दूसरे नेता न तो पार्टी के प्रति ईमानदार हैं और न इसके नेता के प्रति । श्री बेअंत सिंह के विरोध में व उनके समर्थन में किया जा रहा अभियान पंजाब की राजनीति में चर्चा का विषय बन चुका है ।

**लुधियाना (जोशी):** पंजाब प्रदेश कांग्रेस के महासचिव श्री सेवा राम अरोड़ा ने बताया कि इन अफवाहों में कोई दम नहीं जो गत कई दिनों से सूरज की पहली किरण के साथ समाचार पत्रों में पंजाब कांग्रेस के प्रधान सरदार बेअंत सिंह को उनके प्रधान पद से हटाने के बारे पढ़ने को मिलती हैं । उन्होंने कहा कि यह सारा खेल एक सोचे-समझे षड्यंत्र के अधीन चलाया जा रहा है और यह उन तत्वों की शरारत है जो अकालियों के दमछल्ले बने हुए हैं और उग्रवादियों के विरुद्ध कुछ भी न कर सकने के कारण बौखलाहट में अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं ।

## कुलदीप नैय्यर को हल्दी घाटी पुरस्कार

नई दिल्ली, 7 अप्रैल : प्रसिद्ध स्तम्भ लेखक श्री कुलदीप नैय्यर को पत्रकारिता के माध्यम से समाज की सेवाओं के लिए हल्दी घाटी पुरस्कार के लिए चुना गया है । यह उन्हें 10 अप्रैल को दिया जाएगा ।


आज ही पढ़िए मई 1988 अंक

पारिवारिक फिल्म मासिक

रंगभूमि

■ विनोद खन्ना : अब हमेशा यहीं रहूंगा।

■ डिम्पल कपाड़िया : हम दोनों के बीच भी यही सच्चाई है।




## निविदा सूचना संशोधन

स्टील री-रोलरों से एम.एस. बिल्लेटस को बदलने सम्बन्धी विज्ञापन में अवधि "15 अप्रैल से" की बजाए "20 अप्रैल-88 से" और निविदाओं की प्राप्ति की तिथि 10 अप्रैल-1988 की बजाए **15 अप्रैल, 1988** को दोपहर 2 बजे पढ़ें ।


**मैनेजिंग डायरैक्टर,**
**हरियाणा कनकास्ट लिमिटिड,**
**पी.ओ. सतरोद, हिसार (हरियाणा)**


अमृतसर और चंडीगढ़ में तड़तका मनाने के




कोट सूरसिंह, भिखीविंड एरिया, जिला अमृतसर से पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने भारी मात्रा में हथियार आदि बरामद किए (1) सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री विर्क हथियारों का निरीक्षण करते हुए, (2) डी.आई.जी. पुलिस श्री सिद्दीकी पत्रकारों को विवरण देते हुए, (3) नए माडल की तीन स्पैशल चीनी कार्बाइन और एक 9 एम.एम. कार्बाइन, (4) 6 ए.के. 47 राइफलें, (5) आठ पिस्तौल और रिवाल्वर, (6) 16 मैगेजीन, (7) चार हथगोले, 6 बारूदी बम, (8) विस्फोटक पदार्थ, (9) भारी मात्रा में गोली-सिक्का और (10) बारूद को उड़ाने के लिए तारें ।

(छाया : भंडारी)



*अमृतसर में गत दिवस आतंकवादियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेता जीवन प्रकाश की हत्या कर दी (1) दुर्ग्याणा मंदिर श्मशान घाट के बाहर भारी भीड़ और (इन्सैट में) जीवन प्रकाश का शव, (2-3) सम्बन्धी रोते-बिलखते हुए और धार्मिक एवं राजनीतिक नेता श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ।*

*(छाया : रवि भंडारी)*

## हथियार बरामद

(पृष्ठ 1 का शेष)

शव यात्रा के साथ थे । सुरक्षा बलों ने श्री दुर्ग्याना श्मशान घाट के चारों ओर लोहगढ़ व हाथी गेट के गिर्द सभी रास्तों पर नाकाबंदी की हुई थी । शहर में छुरेजनी के दो केस हुए और दो युवक घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाए गए । शहर में दुकानें बंद कराने के लिए कुछ हुल्लड़बाजी और तोड़-फोड़ भी हुई ।

'नारंग' के अनुसार युवकों ने 'शहीद जीवन प्रकाश' अमर रहे 'राजीव गांधी मुर्दाबाद' 'राजीव गांधी हाय-हाय' के नारे लगाए । कोई भी डंका नेता श्मशानघाट में नजर नहीं आया । शहर में भारी तनाव बना हुआ है ।

### राजनीतिक लाभ न उठाएं

अमृतसर के उपायुक्त श्री सरबजीत सिंह ने बताया कि पराने शहर में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है । वरिष्ठ जिला और पुलिस अधिकारियों ने सिटी पुलिस स्टेशन में बैठक की और ताजा हालात बारे विचार-विमर्श किया । बैठक में छुरेबाजी की वारदात पर चिंता व्यक्त की गई । उपायुक्त ने कहा कि किसी को भी ऐसी नाजुक स्थिति का राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहिए । उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों व संगठनों से कहा कि वे किसी भी बंद के आह्वान से पूर्व जिला प्रशासन को विश्वास में लें । श्री सिंह ने कहा कि ऐसे बंद के आह्वान से स्थिति अधिक तनावपूर्ण होती है ।

बैठक में भाग लेने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी साथी पार्टियों से अपील की कि बंद के आह्वान बारे अकेले कोई भी निर्णय न लेकर सभी पार्टियों को विश्वास में लें ।

बैठक में बंद के आह्वान बारे आचार-संहिता बनाने और महल्ला शांति समितियों को पुनः सक्रिय

क्वार्टरों के निकट दो संदिग्ध आतंकवादियों ने सुखदेव सिंह नामक आदमी से पिस्तौल दिखा कर उसका स्कूटर नम्बर पी.ए.एक्स. 9194 छीन लिया ।

जिला जालंधर के गांव बिलगा के निकट उग्रवादियों ने दर्शन कुमार अरोड़ा नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

### 4 गिरफ्तार

जिला पुलिस ने 4 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक देसी पिस्तौल, कुछ कारतूस व दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए । यह जानकारी पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में दी । उक्त गिरफ्तार आतंकवादियों में पलविन्दर सिंह, अरविन्दर सिंह व जसविन्दर सिंह शामिल हैं । ये पुलिस को हत्याओं व लूटमार के मामलों में वांछित थे । पुलिस के अनुसार अरविंदर व जसविन्दर खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित हैं । इनके अतिरिक्त एक उग्रवादी सेवा सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है ।

### शरण देने पर बैंक मैनेजर गिरफ्तार

**होशियारपुर (प्रद्युम्न):** आज यहां एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि होशियारपुर में एक बैंक की सब्जी मंडी ब्रांच के मैनेजर बलदेव सिंह सहोता और मसीत पलकोट के कुलदीप सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर लिया गया है । उन्होंने बताया कि सहोता के ससुर श्री आसा सिंह, जिन्हें जालन्धर पुलिस ने नवम्बर 1987 को गिरफ्तार किया था और जिसके पास से वे हथकड़ियां बरामद की गई थीं, जो कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह को छुड़वाने के बाद काटी गई थीं, ने भी सहोता के बारे बताया कि उसके पास

समाप्त होने के कारण यहीं सो गया था ।

इस गोली कांड का पता आज प्रातः उस समय चला जब एक श्रद्धालु पांच बजे दूध लेकर मस्जिद में गया । घटनास्थल से पुलिस को ए.के. 47 राइफल के 30 खाली और जीवित कारतूस मिले हैं । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 10 के लगभग थी । उग्रवादियों ने बहुत निकट से गोलियां चलाईं । पूछताछ के लिए पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है ।

### ठेकेदार की हत्या

**संगरूर (गोयल) :** कल रात साढ़े आठ बजे तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने थाना संगरूर के गांव डूगां में शराब के एक ठेकेदार मदन लाल की हत्या कर दी और फरार हो गए । संगरूर के पुलिस अधीक्षक श्री परमजीत सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादी उसके ठेके पर बैठे शराब पी रहे थे । दो उग्रवादी अंदर आ गए जबकि एक स्कूटर पर बैठा रहा । उन्होंने आते ही ठेकेदार से पानी का जग मांगा और फिर पूछा कि मदन लाल कहां है और जब मदन लाल बाहर आया तो उग्रवादियों ने उस पर रिवाल्वरों से गोलियां चलाईं जिससे वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया । जाते हुए वह ठेके के गल्ले से सारा कैश भी लूट कर ले गए जो 1400 रुपए के लगभग था ।

### स्टेशन लूट कर जला लिया

**सुनाम (नागपाल, ह.स.) :** गत रात्रि यहां से 35 किलोमीटर दूर गोरने रेलेवे स्टेशन को एक बजे के लगभग चार नकाबपोश उग्रवादियों ने लूटने के बाद आग लगा दी । बताया जाता है कि इन उग्रवादियों के पास पिस्तौल था । वह पैदल आए और आते ही टैलीफोन की तारें काट दीं और ए.एस.एम. और स्टाफ के आध दर्जन कर्मियों को पिस्तौल की नोक पर एक कमरे में बंद कर दिया । फिर कैश की चाबियां छीन कर उन्होंने उसमें से 395 रुपए निकाल लिए और स्टेशन के अंदर के सामान को आग लगा कर पैदल ही फरार हो गए । यह क्रासिंग स्टेशन है । बाद में पुलिस अधीक्षक श्री परमजीत संधु अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश के लिए कई स्थानों पर छापे मारे हैं ।

### चंद्रभान स्टेशन को आग

इस बीच रेलवे सूत्रों ने बताया कि चार आतंकवादियों ने फिरोजपुर-भटिंडा खंड पर चंद्रभान रेलवे स्टेशन में आग लगा दी । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने रेलवे संचार तारों को काट दिया जिससे फिरोजपुर तथा भटिंडा स्थित नियंत्रण कक्षों से चंद्रभान रेलवे स्टेशन का सम्पर्क टूट गया ।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने सहायक स्टेशन मास्टर (ए.एस.एम.) तथा तीन अन्य कर्मचारियों को कोई क्षति नहीं पहुंचाई । आग से ए.एस.एम. कार्यालय राख हो गया और सभी फर्नीचर, दस्तावेज तथा टिकट नष्ट हो गए ।

### रुपए बच गए

उग्रवादियों ने सहायक स्टेशन मास्टर से कहा कि उनकी लड़ाई सरकार से है, किसी अन्य से नहीं । स्टेशन में आग से रिकार्ड इत्यादि तो जल गया परन्तु स्टील की अलमारी में पड़े 1600 रुपए बच गए ।

### टिकटें जलाईं

भटिंडा से प्राप्त समाचार के अनुसार कुछ

लूट कर फरार होने की सूचना मिली है । पुलिस सूत्रों के अनुसार आज सुबह लगभग साढ़े दस बजे तीन स्कूटर सवार बैंक के खुलते ही कुछ समय बाद तुरंत बैंक में दाखिल हो गए । उन्होंने बैंक मैनेजर व अन्य स्टाफ को स्टेनगन और रिवाल्वर आदि दिखा कर हाथ खड़े करवा दिए और उक्त नकद राशि उनके हवाले करने को कहा । उक्त राशि लेने के बाद वे फरार हो गए ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौका पर पहुंच गए और उन्होंने इर्द-गिर्द के सभी थानों को चौकस कर दिया परन्तु अभी तक दहशत पसंदों का कोई पता नहीं चला ।

**डाक घर लूटा**

कुछ उग्रवादियों ने आज सायं गांव दोसांझ कलां के डाक घर से नकदी लूट ली ।

बाद में प्राप्त समाचार के अनुसार उग्रवादियों ने डाकघर से 2299 रुपए और एक कर्मचारी की कलाई की घड़ी छीन ली ।

'गोराया से 'सीहरा' के अनुसार स्कूटर पर आए दो उग्रवादियों में से एक स्कूटर पर खड़ा रहा, दूसरा गेट के पास और तीसरा उग्रवादी डाक घर के अन्दर गया । वहां उसने एक कर्मचारी प्रमोद कुमार से पिस्तौल की नोक पर उससे घड़ी और 300 रुपए तथा डाक घर से 1989 रुपए लूट लिए । जाने से पूर्व उग्रवादियों ने धमकी दी कि यदि एक घंटे तक कोई डाक घर से बाहर निकला तो उसे खत्म कर दिया जाएगा ।

**2 गिरफ्तार**

गोराया बस स्टैंड से आज दोपहर लगभग डेढ़ बजे एक बस में सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को लोगों ने पकड़ कर सुरक्षा बलों के हवाले कर दिया । उनके कब्जे से एक एयरगन व एक नकली पिस्तौल बरामद हुआ है । उनकी शिनाख्त बलबीर और जसबीर के रूप में की गई है । दोनों होशियारपुर के मुहल्ला फतेहगढ़ के निवासी हैं । पता चला है कि बस में किसी सवारी ने उनमें से एक की जेब में पिस्तौल जैसी कोई वस्तु देखी और उसने शोर मचा दिया । इससे यात्रियों में भगदड़ मच गई और संदिग्ध लोगों को पकड़ लिया गया ।

**रिवाल्वर छीना**

इसी थाना के गांव दादूवाल से गुरमीत सिंह नामी व्यक्ति के घर दो आतंकवादी आए और गुरमीत सिंह से उसका 32 बोर का रिवाल्वर छीन कर ले गए और फरार हो गए ।

**स्कूटर छीने**

इसी तरह गत रात जालन्धर शहर रेलवे

पहली बार
अप
कैप्सूल
हीरा मोती व सोने से युक्त
नकारी मुफ्त मंगवाने के लिए लिखें—
स नं. 446, लुधियाना-141001.

दल के जिला प्रधान गुरमीत सिंह के घर पर छापा मारा ताकि उसके लड़के भूपिंदर सिंह को गिरफ्तार किया जा सके, जो कि एस.एस.पी. के अनुसार भगौड़ा है, परन्तु वह हाथ नहीं आया ।

**सरपंच की हत्या**

'अश्विनी' के अनुसार गत दिवस बलाचौर के निकटवर्ती गांव थेह के पास सरपंच शेर सिंह की हत्या और लगभग आधा दर्जन व्यक्तियों कुलदीप सिंह, अजायब सिंह, काका सिंह और रौनकी राम इत्यादि को घायल कर दिए जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि रौनकी राम, जिसके नाम सरकार ने जमीन अलाट कर रखी थी, अपनी पत्नी के साथ गेहूं काट रहा था कि मलकीयत सिंह और अजमेर सिंह अपने साथियों सहित खेतों में आए और फसाद के लिए तत्पर हो गए, जिसकी सूचना रौनक राम ने सरपंच शेर सिंह को दी । शेर सिंह ने अभियुक्तों के साथ बातचीत करनी चाही मगर अभियुक्तों ने जो गंडासों और पिस्तौल आदि से लैस थे, उन पर हमला कर दिया । सरपंच घटनास्थल पर ही मारा गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी ।

**महंत की हत्या**

गुरदासपुर (ह.स.): आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिले में श्रीहरगोबिन्दपुर थाने के मुन्हें गांव में कल रात महंत शिव सिंह की उनके डेरे पर तेज हथियार से हत्या कर दी ।

**6 गिरफ्तार**

गुरदासपुर जिला पुलिस ने 6 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं ।

**मुठभेड़**

गत रात काहनूंवान पुलिस स्टेशन के गांव ढिलवां गोरियां के निकट सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में मुठभेड़ हुई । दोनों ओर से चली गोलियों में कोई घायल नहीं हुआ । उग्रवादी फरार होने में सफल हो गए । बाद में प्राप्त समाचार के अनुसार गांव के लोगों और सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को भगा दिया ।

**महिला सहित 5 की हत्या**

**बाघा पुराना (मित्तल)** : आज प्रातः लगभग तीन बजे यहां से 17 किलोमीटर दूर गांव घोलियां खुर्द में उग्रवादियों ने एक मस्जिद में अंधाधुंध फायरिंग करके एक महिला सहित 5 लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में मस्जिद का प्रमुख 60 वर्षीय बहादर शाह उर्फ साईं, उसका शिष्य 30 वर्षीय पलंगी, एक ग्रामीण 60 वर्षीय करनैल पुरी, एक वर्कशाप का मालिक 30 वर्षीय बलविन्दर सिंह उर्फ बिल्लू और 70 वर्षीय महिला धन्नी शामिल हैं ।

पुलिस के अनुसार ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफलों से लैस उग्रवादी मस्जिद में दाखिल हुए और आंगन में सो रहे इन लोगों पर गोलियां चलाईं जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । इस मस्जिद का कोई दरवाजा नहीं और गांव के बाहर गुरुद्वारे के पास ही स्थित है ।

बहादुर शाह गत 20 वर्ष से यहां रह रहा था और हर वीरवार रात को 'चौकी' भरता था । महिला धन्नी रामूआना गांव की रहने वाली है और वह यहां 'चौकी' भरने आई हुई थी । बलविंदर सिंह उर्फ बिल्लू किसी अन्य गांव का रहने वाला था और वह यहां वर्कशाप चलाता था । करनैल पुरी इसी गांव का रहने वाला था और रात 'चौकी' देर से

# पंजाब में उग्रवादियों द्वारा हैड-कांस्टेबल सहित 8 लोगों की हत्या

## कपड़ा व्यापारी से 80 हजार रुपए लूटे : भारत प्रवेश करते 2 घुसपैठिए मरे

## फरीदकोट, गुरदासपुर में 11 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 9 अप्रैल (ह.स.): उग्रवादियों ने आज पंजाब के विभिन्न स्थानों पर पुलिस के एक हैडकांस्टेबल सहित 8 लोगों की हत्या कर दी । एक कपड़ा व्यापारी से 80 हजार रुपए के अतिरिक्त एक अन्य व्यक्ति से 1600 रुपए लूट लिए । तीन स्कूटर छीन लिए जबकि भटिंडा अनाज मंडी में लोगों ने एक उग्रवादी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । फगवाड़ा क्षेत्र में सी.आर.पी. ने मुठभेड़ के बाद उग्रवादियों द्वारा फरार होने से पूर्व छोड़ा गया भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का पकड़ा । जिला गुरदासपुर और फरीदकोट से 11 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । जिला अमृतसर में सीमा पार करते हुए दो घुसपैठिए सुरक्षा बलों की गोली से मारे गए ।

**तीन की हत्या**

गुरदासपुर (विनोद, कोछड़): गत रात जिले में तीन विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । इन तीनों ही घटनाओं की सूचना पुलिस को आज प्रातः दी गई ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात 9 बजे के करीब थाना कलानौर के गांव नूरोवाली में दो अज्ञात व्यक्तियों ने हमीद मसीह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसे गोली मार दी । आतंकवादियों की धमकी के कारण सारी रात कोई गांव वासी हमीद मसीह के घर नहीं गया तथा उसके घर वालों ने भी प्रातः आठ बजे पुलिस को घटना की सूचना दी ।

जिला गुरदासपुर पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार पुलिस थाना सदर बटाला के गांव हस्सनपुरा खुर्द में गत रात दो अज्ञात युवकों ने अपने आंगन में सो रहे एक सीधे सादे 20 वर्षीय युवक सुलखन सिंह की ए.के. 47 असाल्ट राईफल से गोलियां चला कर हत्या कर दी । पुलिस व सुरक्षा बलों को घटना स्थल से 12 चले कारतूस मिले हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड के लिए खालिस्तान कमांडो फोर्स के जोगिन्द्र सिंह जिन्द्री मल्लू द्वारा व एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है ।

अधिकारिक सूत्रों ने आगे कहा कि आतंकवादी किसी अन्य व्यक्ति काला की हत्या के लिये आए थे लेकिन वह गलती से इस सीधे युवक की हत्या कर गए । पोस्टमार्टम के बाद शव वारिसों को दे दिया गया ।

गत रात पुलिस थाना श्री हरगोबिन्दपुर की पुलिस चौकी घुमान के गांव सैरोवाल में दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति संत पूर्ण सिंह (75) की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात देर के समय अज्ञात युवक इसके घर आए और घर से बाहर बुला कर इसकी हत्या कर गये । मृतक जादू टोने किया करता था ।

**दो गिरफ्तार**

जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया है कि फतहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने मरादके निवासी साधु सिंह तथा गुरदासपुर सदर पुलिस ने पाहड़ा निवासी गुरमीत सिंह को देश द्रोह एवं आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

**फोटोग्राफर का अंतिम संस्कार**

लुधियाना (हस): कल रात आतंकवादियों ने जिस 23 वर्षीय फोटो ग्राफर रमेश कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, आज उसका सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया । उसके शोक में आज जनकपुरी में पूर्ण हड़ताल रही तथा पुलिस विरोधी नारे लगाये गये । शहर के फोटोग्राफरों ने भी हड़ताल रखी ।

बताया जाता है कि आतंकवादी पहले नरेंद्र कुमार के शराब के ठेका पर आये । वहां उन्होंने एक बैग छीना जिसमें 1100 रुपये थे । शोर मच गया और लोगों ने उनका एक मील तक पीछा किया लेकिन पुलिस नहीं पहुंची । फिर वे जनकपुरी में चले गये । दर्जी की दुकान पर एक लड़का उपेंद्र कुमार नाप दे रहा था । उन्होंने उस पर गोली चला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया । वह अस्पताल में दाखिल है । फिर वे जनकपुरी की दूसरी गली में गये । वहां रमेश कुमार स्कूटर पर जा रहा था । उसने आतंकवादियों को रोका और उनके साथ गुत्थमगुत्था हो गया । उसने एक को पकड़ लिया परन्तु दूसरे आतंकवादी ने उसे गोली मार दी ।

**रुपये व स्कूटर छीना**

आज प्रातः फोकल प्वाइंट लुधियाना में 2 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से 1600 रुपये नकद व स्कूटर छीन लिया ।

**शराब ले गये**

अशोक नगर लुधियाना में एक व्यक्ति सुधीर वालिया के शराब के ठेके से संदिग्ध आतंकवादी डरा धमका कर 6000 बोतलें शराब लेकर फरार हो गए ।

**गोली-सिक्का बरामद**

फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): फगवाड़ा, होशियारपुर व जालन्धर क्षेत्रों में काफी समय से सक्रिय उग्रवादियों के विभिन्न गिरोहों की तलाश में 78 बटालियन केन्द्रीय आरक्षण बल के कमांडैंट श्री वी.एस. यादव व सहायक कमांडर श्री दिनेश कुमार के नेतृत्व में सी.आर.पी. के विभिन्न दलों ने गत रात्रि आठ बजे से आज तड़के तक लगभग एक दर्जन गांवों में तलाशी ली व अचानक छापे मारे ।

गत रात्रि लगभग 12.10 बजे यहां से बीस किलो मीटर दूर गांव भविगाना-डमैली लिंक सड़क पर चार खूंखार उग्रवादियों व सी.आर.पी. के सब इंस्पैक्टर श्री ए.जी. सामी जो आठ जवानों के साथ वाहन दूर अंधेरे में छोड़, गश्त अ[illegible]यान पर थे, के मध्य लगभग 16 मिनट तक फायरिंग हुई जिसमें सम्भवतः कुछ उग्रवादी घायल हो गए व काफी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का छोड़कर भाग निकले ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)




*जिला गुरदासपुर के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव सैरोवाल का (ऊपर) संत पूर्ण सिंह और थाना सदर बटाला के गांव हसनपुरा खुर्द का युवक (नीचे) सुलखन सिंह जिसकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।* (छाया : कोछड़)

## आचार्य सुशील मुनि स्वयं बिना सुरक्षा के गांवों में जाकर देखें : सेवा दास

पटियाला, 9 अप्रैल (भूषण): शिरोमणि फेरूमान अकाली दल के प्रधान महंत सेवा दास सिंह ने आज यहां पंजाब के राज्यपाल के उग्रवाद से निपटने के निश्चय की प्रशंसा की और कहा कि अमृतसर और गुरदासपुर जिलों के गांवों में स्थिति इतनी गम्भीर हो गई है कि यह समय अब बयान

प्रशंसा की है, पर टिप्पणी करते हुए महंत सेवा दास ने कहा कि आचार्य सुशील मुनि सीमावर्ती जिलों के गांवों में और दरबार साहब परिसर में बिना सुरक्षा कर्मचारियों के स्वयं जाकर हालात देखें ।

महंत सेवा दास ने कहा कि उग्रवादियों और







*लुधियाना के फोटोग्राफर (1) रमेश कुमार उर्फ टिंकू का शव (इन्सैट) टिंकू की एक पुरानी फोटो (2) टिंकू के शोकाकुल पिता (3) माता व परिवार के अन्य सदस्य विलाप करते हुए । (छाया : कम्बोज)*

Punjabi Sanatan

# पलायनकर्त्ताओं का एक जगह जमा होना हानिकारक : खन्ना

गुरदासपुर, 9 अप्रैल (विनोद): पठानकोट में कल पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए श्री तेजेन्द्र खन्ना, वित्तीय आयुक्त (राजस्व) ने यह बात विशेष रूप से कही कि अमृतसर, गुरदासपुर, बटाला व पठानकोट में पलायनकर्त्ताओं के लिये राहत शिविर नहीं खोले जाएंगे । उन्होंने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के दृष्टिगत पलायनकर्त्ताओं का एक जगह जमा होना हानिकारक है । उन्होंने कहा कि

पंजाब सरकार द्वारा घोषित नई नीति के बावजूद उनमें असुरक्षा व अनिश्चितता की भावना बढ़ती जा रही है । आतंकवादी हिंसा में वृद्धि होने के कारण इस जिले में एक ही समुदाय के लोग पलायन करके निकटवर्ती कस्बों व शहरों में आ रहे हैं । पठानकोट उपमंडल व बटाला शहर में ऐसे 900 पलायनकर्त्ता परिवारों सहित 100 परिवार कादियां में आ गए हैं ।

# 2 भाइयों सहित 16 व्यक्तियों की हत्या : सी. आर. पी. का कांस्टेबल घायल

## बंडाला गांव में मुठभेड़ के बाद 2 भरे हुए पिस्तौल व अन्य हथियार बरामद

## सोई हुई महिला पर फायरिंग, कई जगह लूटपाट

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने अपनी हिंसक कार्रवाइयां जारी रखते हुए 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी। इनमें से 6 लोगों की हत्या जिला गुरदासपुर में की गई । जिला अमृतसर में सी.आर.पी. तथा आतंकवादियों के मध्य हुई भिड़ंत में एक कांस्टेबल घायल हो गया । नकोदर सब-डिवीजन के कुछ गांवों में खालिस्तान के नक्शे चिपके पाए गए । कुछ स्थानों पर लूट-पाट व छीना-झपटी की वारदातें हुईं ।

### 6 व्यक्तियों की हत्या

गुरदासपुर (कोछड़, विनोद): जिला गुरदासपुर में आतंकवादियों ने जिले के तीन अलग-अलग गांवों में 6 लोगों की हत्या कर दी जिसमें से 2 लोगों को वृक्ष के साथ बांध कर मिट्टी का तेल डाल कर जीवित जला दिया गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार आज प्रातः 3 बजे बटाला सदर के गांव चौधरीवाल में 4 अज्ञात आतंकवादियों ने पहले गुरमेज सिंह के घर में घुसकर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । बाद में यह आतंकवादी इसी गांव के लखविन्दर सिंह, दिलीप सिंह उर्फ बट्टू को पकड़ कर अपने साथ ले गये और गांव के बाहर एक वृक्ष से बांध कर उन पर मिट्टी का तेल छिड़क कर जिन्दा जला दिया । घटना स्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स के सुखदेव सिंह झामका के हाथ का लिखा पत्र मिला है जिसमें लिखा गया है कि मृतक अमृतधारी होने के बावजूद शराब बेचते थे और पीते थे । इस घटना से गांव चौधरीवाल में आतंक का वातावरण बना है ।

दूसरी घटना में 4 अज्ञात आतंकवादी ने कल रात लगभग 10 बजे डेरा बाबा नानक के गांव शामपुर के निवासी किशन चंद के घर आये और घर के एक कमरे का दरवाजा तोड कर वहां से किशनचंद के दोनों लड़कों कस्तूरी लाल (36) और पविन्दर नाथ (26) को बाहर ले आए तथा उनसे पैसों की मांग की जिस पर उन्होंने 3 हजार रुपए नकद व दो घड़ियां उनको सौंप दीं, परन्तु आतंकवादियों जो ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, जाते समय कस्तूरी लाल और पविन्दर कुमार को गोली मार गये जिससे दोनों की तत्काल मृत्यु हो गई । घटनास्थल से भिडरांवाला टाइगर फोर्स का मानोचाहल का लिखा पत्र मिला है जिसमें लिखा है कि जब तक सुरक्षा बलों द्वारा उग्रवादी मारे जाएंगे तब तक हिन्दू समुदाय के लोगों की हत्याएं जारी रहेंगी । घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के 7 चले हुये कारतूस मिले हैं ।

जिला गुरदासपुर में भिडरांवाला टाइगर फोर्स द्वारा किया गया यह पहला हत्याकांड है ।

तीसरी घटना में 3 अज्ञात आतंकवादियों ने आज प्रातः बटाला सदर के गांव हंगरावा निवासी प्रीतम सिंह के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी । प्रीतम सिंह की हत्या करके उग्रवादी उसके पुत्र तरसेम सिंह को भी खोजते रहे पर वह वहां नहीं था । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का सुखदेव सिंह झामका का पत्र मिला है, जिसमें प्रीतम सिंह और उसके पुत्र पर पुलिस का मुखबिर होने का संदेह किया गया है ।

### स्कूटर छीना

गत शाम दो अज्ञात आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर हरपुरा गांव के निवासी जगीर सिंह से गांव धड़ीवाल के पास उसका स्कूटर पी.जे.क्यू. 3757 छीन लिया ।

### मंत्रणा

हत्याकांड वाले तीनों स्थलों का आज जिलाधीश गुरदासपुर श्री डी.एस. कल्हा, डी.आई.जी. बी.एस.एफ. श्री चमन लाल व पुलिस के एस.पी. आप्रेशन ने निरीक्षण किया और अन्य पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारियों से मंत्रणा की ।

### सरपंच गिरफ्तार

थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव बोपाराय के पाकिस्तान से लौटे सरपंच को श्री हरगोबिन्दपुर के बी.डी.ओ. को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । सरपंच अजमेर सिंह जो कि आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद पाकिस्तान भाग गया था, को 1986 में आत्मसमर्पण करने के बाद पुलिस ने रिहा कर दिया था । वह फिर भूमिगत हो गया था और अब उसने बी.डी.ओ. को धमकी थी ।

### ग्रामीण की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के थाना लोपोके के गांव ख्याला में कुछ आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दर्शन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक की आयु 24 वर्ष बताई गई है ।

### महिला घायल

बताया जाता है कि दर्शन सिंह की हत्या करने के बाद यह आतंकवादी इसी गांव के अन्य घर में घुसे तथा एक महिला शीला रानी (40) जो कि सोई हुई थी, पर गोलियां बरसाईं जोकि उसके पेट तथा टांग में लगीं । उसे अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । बताया जाता है कि शीला के घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं था जो सभी आतंकित होकर घर छोड़ कर अन्यत्र चले गये हैं ।

एक अन्य समाचार में कहा गया है कि मृतक का नाम दर्शन लाल था और घायल होने वाली महिला उसकी बहन है ।

### सुरक्षा बलों पर फायरिंग


अमृतसर के सिविल अस्पताल में गत रात 10 बजे एस.एस. नेगी नामक एक सी.आर.पी. कांस्टेबल को दाखिल कराया गया जिसके कंधे पर गोली का एक घाव है । प्राप्त सूचना के अनुसार सुरक्षा कर्मियों की एक गश्ती टुकड़ी बंडाला चौकी से शाम को चली थी और जब वह टुकड़ी बंडाला गांव की गश्त समाप्त करके रात 9 बजे के लगभग वापस जा रही थी तो गांव में से एक घर के अंदर से उस पर फायरिंग हुई और इस फायरिंग से पार्टी में सबसे आगे चल रहा कांस्टेबल नेगी घायल हो गया । सुरक्षा कर्मियों ने तुरन्त पोज़ीशनें सम्भाल लीं और उस घर की ओर जिधर से फायरिंग हो रही थी, एल.एम.जी. से फायरिंग की । आतंकवादियों तथा सुरक्षा कर्मियों के मध्य यह मुठभेड़ 5 मिनट तक चली लेकिन सुरक्षा बलों की फायरिंग के आगे आतंकवादी टिक न सके तथा अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले ।

बाद में सुरक्षा बलों द्वारा उस घर की तलाशी लिये जाने पर वहां से दो .32 बोर के विदेशी पिस्तौल मिले जिन पर 'मेड इन खालिस्तान' लिखा था । दोनों पिस्तौल पूरे भरे हुये थे । इसके अलावा एक एच.ई. 36 हथगोला, ए.के. 47 चीनी राइफल के तीन भरे हुये मैगजीन, ए.के. 47 राइफल की लगभग 200 गोलियां व खालिस्तान कमांडो फोर्स के कुछ लैटर पैड भी मिले हैं ।


### खंडन

अमृतसर के जिला पुलिस अधिकारियों ने कुछ समाचारपत्रों में छपी इन खबरों का आज खंडन किया कि पंजाब के आतंकवादियों ने अमरीका में निर्मित 'स्ट्रिंगर' प्रक्षेपास्त्र हासिल कर लिये हैं । इस समाचार के प्रकाशन पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये पुलिस अधीक्षक (गुप्तचर) राजेंद्र सिंह ने इस समाचार को 'भ्रांतिपूर्ण', झूठा और बेबुनियाद बताया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)





थाना सदर बटाला के गांव चौधरी वाल में आतंकवादियों की गोलियों से मारा गया (1) गुरमीत सिंह, (2) लखविंदर सिंह और (3) दलजीत सिंह जिन्हें मारने के बाद मिट्टी का तेल डालकर जला दिया गया, (4) गांव संगरावां में मारा गया प्रीतम सिंह, (5) सिविल अस्पताल बटाला के बाहर लाशों को देखते रिश्तेदार और अन्य (छाया : कोछड़), (6) थाना कलानौर के गांव नूरोवाली में मारा गया हमीद मसीहा (छाया : विनोद)













शाहाबाद मारकंडा के कम्युनिस्ट विधायक हरनाम सिंह के घर पर शनिवार रात को उग्रवादियों के हमले में मारे गए उनके (1) लड़के खुशदेव सिंह, (2) पुत्र-वधु गुरप्रीत कौर और (3) एक युवक गुरदीप सिंह के शव, (4) इसी हमले के दौरान अपने ही साथियों की गोली से मारे गए उग्रवादी का शव (छाया : जोशी) । (5) जिला गुरदासपुर के थाना डेरा बाबा नानक के गांव शामपुरा में उग्रवादियों द्वारा मारे गए कस्तूरी लाल तथा उसके भाई (6) पविन्द्र नाथ के शव । (छाया : विनोद)









शाहाबाद मारकंडा में कम्युनिस्ट नेता और विधायक डा. हरनाम सिंह के परिवार पर आतंकवादियों के हमले में (1) घायल डा. हरनाम सिंह, (2) उनकी पत्नी श्रीमती जसवन्त कौर जिन्हें गम्भीर अवस्था में पी.जी.आई. चंडीगढ़ लाया गया, (3) कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय नेता घायलों बारे पूछताछ करते हुए, (4) उग्रवादियों को पकड़ने का प्रयास करने में घायल सोमनाथ जो डा. हरनाम सिंह का पड़ौसी है । (छाया : पुरी)

# कार सेवा के ट्रकों द्वारा स्वर्ण मन्दिर में बड़ी मात्रा में हथियार पहुंचे, सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक मोर्चे बंदी

अमृतसर, 10 अप्रैल : पंजाब में आतंकवाद से सख्ती से निपटने के नए निर्देशों के तहत सुरक्षा सेनाओं ने स्वर्ण मंदिर के आसपास और आतंकवाद से प्रभावित दूसरे इलाकों में मोर्चा-बंदी कर ली है ।। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का मत है कि स्वर्ण मंदिर में चीनी ए.के.-47 राइफलों, थामसन कार्बाइनों, बमों और दूसरे आधुनिकतम हथियारों का बहुत बड़ा जखीरा मौजद है । ये हथियार सम्भवत: तख्त की कार सेवा के लिए निर्माण सामग्री से भरे ट्रकों में मंदिर के भीतर पहुंचे हैं ।

पिछले 48 घंटों के दौरान स्वर्ण मंदिर के आसपास के इलाकों में दूर तक बड़े पैमाने पर हथियार बंद सुरक्षा कर्मी फैल गए हैं । स्वर्ण मंदिर में मौजूद आतंकवादियों की घेरेबंदी कर ली गई है । मंदिर के चारों ओर छोटे-छोटे बुर्ज बना कर मोर्चे बंदी भी कर ली गई है ।

सुरक्षा बलों को पहले यह आदेश था कि जब तक उन पर हमला न हो वे भी गोलियां न चलाएं । नए हालात में इन आदेशों में थोड़ी छूट दे दी गई है । अब स्वर्ण मंदिर से बाहर निकलने वाले किसी

# पाक के सैनिक शस्त्र डिपो में विस्फोट से 100 मरे, 1000 घायल

